वर्ष : 31 | अंक :67
प्रतापगढ़ | बुधवार , 8 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# दिल्ली में चुनावी दंगल का आगाज

## ● 5 फरवरी को होगी वोटिंग, 8 को आएंगे नतीजे

### आचार संहिता लागू



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आज चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान कर दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि दिल्ली में एक चरण में वोट डाले जाएंगे। दिल्ली में वोट डालने की तारीख 5 फरवरी होगी जबकि नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। इसके साथ ही दिल्ली में आचार संहिता लागू हो गई है। दिल्ली में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच है। हालांकि कांग्रेस भी पूरी ताकत के साथ इस चुनाव में उतरने जा रही है। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है और नए सदन के गठन के लिए उससे पहले चुनाव होने हैं। दिल्ली में पारंपरिक रूप से एक ही चरण में विधानसभा चुनाव होते रहे हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रही सत्तारूढ़ आप की नजर हैट्रिक पर होगी। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने 2015 और 2020 के चुनावों में क्रमशः 67 और 62 सीटों के साथ जीत हासिल की।पिछले दो चुनावों में केवल एक अंक तक सिमट गई भाजपा 26 साल के अंतराल के बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही है। कभी 15 साल तक दिल्ली पर शासन करने वाली कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए,क्कके साथ गठबंधन करने के बाद अकेले चुनाव लड़ेगी। 2025 के पहले चुनाव को तीनों पार्टियों के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले साल, केजरीवाल ने शराब नीति मामले में जमानत के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और कहा था कि जब दिल्ली के लोग उन पर भरोसा जताएंगे तो वह दोबारा मुख्यमंत्री बनेंगे। इस बार, पार्टी सत्ता विरोधी लहर और अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देने के लिए महिलाओं और बुजुर्गों को लक्ष्य करते हुए कई कल्याणकारी योजनाओं पर भरोसा कर रही है।

### अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर भी उपचुनाव का ऐलान



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर बहुप्रतीक्षित उपचुनाव दिल्ली चुनाव के साथ 5 फरवरी को होंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। जून में फैजाबाद लोकसभा सीट से मौजूदा सपा विधायक अवधेश प्रसाद के जीतने के बाद मिल्कीपुर विधानसभा सीट खाली हो गई थी। नवंबर में नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में बीजेपी ने बड़ी जीत हासिल की थी। नवंबर में जिन नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए उनमें मुजफ्फरनगर की सीसामऊ, कटेहरी, कुंदरकी, करहल, खैर, फूलपुर, गाजियाबाद, मंझवा और मीरापुर शामिल थे।मिल्कीपुर उपचुनाव पहले नवंबर 2024 में नौ अन्य विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव के साथ होना था। चुनाव आयोग ने अदालत में लंबित मामले के कारण मिल्कीपुर उपचुनाव स्थगित कर दिया था। समाजवादी पार्टी ने पहले ही मिल्कीपुर से अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को अपना आधिकारिक उम्मीदवार घोषित कर दिया था। भाजपा ने छह मंत्रियों को चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतारा है। मिल्कीपुर पर सभी की नजर है। यह अयोध्या की पास की सीट है। अवधेश प्रसाद बड़ा उलटफेर करते हुए लोकसभा चुनाव में फैजाबाद सीट पर जीत हासिल की था।

---बीपीएससी परीक्षा---

## परीक्षा रद्द करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

### ▶▶ हाईकोर्ट जाने की दी सलाह




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।**सुप्रीम कोर्ट ने 7 जनवरी, 2025 को कथित पेपर लीक को लेकर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा आयोजित 70वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (प्रारंभिक) को चुनौती देने वाली एक रिट याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को राहत के लिए संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत पटना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की सलाह दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि सर्वोच्च न्यायालय प्रथम दृष्टया अदालत के रूप में काम नहीं कर सकता है, खासकर जब उच्च न्यायालय में कोई पूर्व याचिका दायर नहीं की गई हो।

मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने सुनवाई के दौरान कहा कि यह उचित और अधिक शीघ्र होगा कि याचिकाकर्ता अनुच्छेद 226 के तहत एक याचिका के माध्यम से पटना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाए। इसलिए हम वर्तमान रिट याचिका पर विचार करने से इनकार करते हैं। आनंद लीगल एड फोरम ट्रस्ट द्वारा दायर याचिका में परीक्षा रद्द करने और कथित कदाचार की जांच के लिए एक विशेष जांच बोर्ड के गठन की मांग की गई है। याचिकाकर्ता के वकील अभिजीत आनंद ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में पेपर लीक के बार-बार आने वाले मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए कहा, ÷यह एक दिनचर्या बन गई है, जिस तरह से पेपर लीक हो रहे हैं।÷

यह विवाद 13 दिसंबर, 2024 को 900 केंद्रों पर आयोजित प्रारंभिक परीक्षाओं से उपजा है, जिसमें 5 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया था। आरोप लगे कि प्रश्न कोचिंग संस्थानों के मॉडल पेपर के समान थे, जिसके बाद जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया, जिन्होंने 2 जनवरी, 2025 को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने बापू परीक्षा परिसर से केवल 12,000 उम्मीदवारों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित करने के बीपीएससी के फैसले की आलोचना की है, जहां कथित लीक हुई थी। वे निष्पक्षता और पारदर्शिता संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए पूरी परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं।

## फुल प्रूफ डिवाइस है ईवीएम चुनाव आयोग ने किया साफ, टेम्परिंग के आरोप बेबुनियाद




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।**चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली में आप और भाजपा सहित विभिन्न दलों द्वारा लगाए गए चुनावी हेरफेर के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि राजनीतिक दलों के साथ घनिष्ठ समन्वय और पूरी पारदर्शिता के साथ की गई व्यापक प्रक्रियाओं के कारण इस तरह की हेरफेर असंभव है। चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर यह मेरी आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस है। उन्होंने कहा कि कुछ प्रकार की चिंताएँ थीं जो राजनीतिक दलों द्वारा उठाई गईं। कहा गया कि मतदाता सूची में गलत तरीके से नाम जोड़े और हटाए गए। यह भी कहा गया कि कुछ समूहों को निशाना बनाया गया और उनके नाम हटा दिए गए। ईवीएम को लेकर भी जवाब देते हुए कहा गया कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है।राजीव कुमार ने कहा कि भारतीय मतदाता बेहद जागरूक हैं। मतदाता सूची को लेकर अब भी कहानियां चल रही हैं। लगभग 70 चरण हैं। जिनमें राजनीतिक दल और उम्मीदवार हमारे साथ रहते हैं। जो भी दावे और आपत्तियां आती हैं - उन्हें सभी राजनीतिक दलों के साथ साझा किया जाता है। प्रपत्र 7 के बिना कोई भी विलोपन नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने आगे कहा कि यहां ईवीएम में अविश्वसनीयता या किसी खामी का कोई सबूत नहीं है। ईवीएम में वायरस या बग लाने का कोई सवाल ही नहीं है। ईवीएम में अवैध वोट का कोई सवाल ही नहीं है। कोई हेराफेरी संभव नहीं है।उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट लगातार अलग-अलग फैसलों में यह बात कह रहे हैं... और क्या कहा जा सकता है? ईवीएम गिनती के लिए अचूक उपकरण हैं। टेंपरिंग के आरोप निराधार हैं। हम अभी बोल रहे हैं क्योंकि जब चुनाव होते हैं तो हम नहीं बोलते। उन्होंने कहा कि मतदाता मतदान का प्रतिशत बदलना असंभव है। कुछ मतदान दल आधी रात या अगले दिन रिपोर्ट करते हैं। गिनती से पहले फॉर्म 17सी का मिलान किया जाता है। ऐसा कुछ भी नहीं है जो वीटीआर समझा न सके।

## बर्फीली परिस्थितियों के कारण जम्मू और कश्मीर में बाद में उपचुनाव करवाये जायेंगे-ईसीआई

**श्रीनगर, (हि.स.)।** भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि वह बर्फीली परिस्थितियों के कारण जम्मू और कश्मीर में बाद में उपचुनाव कराएगा। ईसीआई ने कहा कि उनके पास चुनाव कराने के लिए अभी भी समय है।मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वे क्षेत्र में बर्फीली परिस्थितियों के कारण आज बडगाम और नगरोटा में उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा नहीं कर रहे हैं। सीईसी ने उल्लेख किया कि उनके पास चुनाव कराने के लिए 20 अप्रैल तक का समय है।

## इस बार काम और गाली गलौज की राजनीति के बीच मुकाबला

### ▶▶ दिल्ली में चुनावी तारीखों के ऐलान पर बोले केजरीवाल




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत से काम करने का आग्रह किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केजरीवाल ने कहा कि ये चुनाव काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा कि चुनाव की तारीख़ का एलान हो चुका है। सभी कार्यकर्ता पूरी ताक़त और जोश के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार हो जाएं। आपके जुनून के आगे इनके बड़े-बड़े तंत्र फ़ेल हो जाते हैं। आप ही हमारी सबसे बड़ी ताक़त हैं। आप प्रमुख ने कहा कि ये चुनाव काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होगा। दिल्ली की जनता का विश्वास हमारी काम की राजनीति के साथ ही होगा। हम ज़रूर जीतेंगे। मनीष सिसोदिया ने लिखा कि दिल्ली की जनता को बधाई। एक बार फिर चुनें- अपने बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा, परिवार के लिए अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था, 24 घंटे बिजली, जीरो बिजली बिल, तीर्थ यात्रा, फ्री बस यात्रा, हर महिला को सम्मान में हर महीना 2100/-, हर बुज़ुर्ग का मुफ्त इलाज हर पुजारी-ग्रंथी को सम्मान में प्रतिमाह 18000/- । पाँच फ़रवरी का दिन होगा, झाड़ू चुनाव चिह्न होगा। फिर लाएँगे केजरीवाल। देश की राजधानी दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती तीन दिन बाद आठ फरवरी को की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को यहां चुनाव की तारीखों का ऐलान किया।

दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं जिसमें से 58 सामान्य श्रेणी की जबकि 12 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दिल्ली में कुल 1.55 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं और इनमें 83.49 लाख पुरुष तथा 71.74 लाख महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि युवा मतदाताओं (20 से 21 वर्ष के) की संख्या 28.89 लाख है जबकि पहली बार मतदान के पात्र युवाओं की संख्या 2.08 लाख है।

## तिब्बत में भूकंप से सैकड़ों लोगों की मौत मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका



**गंगटोक,(हि.स.)।** तिब्बत में आए शक्तिशाली भूकंप से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। अब तक कम से कम 95 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि सैकड़ों घर ढह गए हैं। मंगलवार सुबह तिब्बत के शिगात्से में 7.1 तीव्रता के भूकंप से चीन के साथ-साथ नेपाल, भारत, भूटान और बांग्लादेश हिल गया।बीबीसी न्यूज ने चीनी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि शक्तिशाली भूकंप के कारण तिब्बत क्षेत्र में कम से कम 95 लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों घर नष्ट हो गए हैं। भूकंप के बाद कई झटके महसूस किए गए, जिसका केंद्र नेपाल-चीन सीमा पर एवरेस्ट क्षेत्र के पास था। चीनी अधिकारियों ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 6.8 थी। चीनी अधिकारियों ने पुष्टि की कि भूकंप के बाद तिब्बत के शहर शिगात्से में सैकड़ों इमारतें ढह गईं और 130 से अधिक लोग घायल हो गए। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। चीनी सेना बचाव कार्य में लगी हुई है। माउंट एवरेस्ट के पास दूरदराज के इलाकों में मानव रहित ड्रोन तैनात किए हैं।विभिन्न स्थानों से प्राप्त वीडियो में बचावकर्मियों को मलबे में खोज करते और प्रभावित लोगों को कठोर सर्दी से बचाने के लिए कंबल वितरित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दक्षिण-पश्चिम चीन में भूकंप अक्सर आते रहते हैं। 2008 में सिचुआन प्रांत में आए भीषण भूकंप में लगभग 70,000 लोग मारे गए थे। चीन के सीसीटीवी के अनुसार मंगलवार के भूकंप से पहले पिछले पांच वर्षों में शिगात्से के आसपास 200 किलोमीटर के क्षेत्र में 3 या उससे अधिक तीव्रता के 29 भूकंप दर्ज किए गए थे।

## मुझे फिर मुख्यमंत्री आवास से निकाला गया

### ▶▶ आतिशी ने केंद्र की मोदी सरकार पर लगाया आरोप

**● पीडब्ल्यूडी का इनकार**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** भारतीय चुनाव आयोग द्वारा मंगलवार को दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद आम आदमी पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बीजेपी पर जमकर हमला बोला। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने उनके तीन महीने के कार्यकाल में दूसरी बार कल रात उन्हें आधिकारिक आवास से बेदखल कर दिया। हालाँकि, क्कष्ठ ने दावों का खंडन किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि आज आगामी विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की गई है। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने मुझे तीन महीने में दूसरी बार मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकाल दिया है।आतिशी ने आगे कहा कि वह किसी भी कीमत पर दिल्ली के लोगों के लिए काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सोचती है कि वे हमारे घर छीनकर, हमें गाली देकर और मेरे परिवार के बारे में बुरा बोलकर हमें काम करने से रोक देंगे। वे हमारे घर छीन सकते हैं, हमारा काम बंद कर सकते हैं लेकिन दिल्ली के लोगों के लिए काम करने के हमारे जुनून को नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो मैं दिल्ली की जनता के घर आकर रहूंगा और दिल्ली की जनता के लिए काम करता रहूंगा। कालकाजी की प्रत्याशी ने कहा कि तीन महीने पहले भी मेरा सामान सड़क पर फेंक दिया गया था। उन्होंने कहा कि बीजेपी को याद रखना चाहिए, आज जब उन्होंने मुझे फिर से मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकाल दिया है, तो मैं शपथ लेती हूं कि मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि दिल्ली की हर पुजारी और ग्रंथी को 18,000 रुपये की सम्मान राशि मिले और हर बुजुर्ग को संजीवनी योजना के तहत मुफ्त इलाज मिले। हालांकि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने दावों का खंडन करते हुए कहा है कि सीएम आतिशी ने 6 फ्लैग स्टाफ रोड (सीएम आवास) पर भौतिक कब्जा नहीं किया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि बार-बार याद दिलाने के बाद भी आतिशी घर में शिफ्ट नहीं हुई। इसके अलावा, आतिशी के अनुरोध पर घर में बदलाव किए गए, लेकिन वह घर में शिफ्ट नहीं हुई, जिसके बाद घर का आवंटन रद्द कर दिया गया, विभाग ने कहा। विभाग ने आगे दावा किया कि नियमों के अनुसार, यदि आवंटित घर रहने योग्य होने का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पांच दिनों के भीतर आवंटी घर में स्थानांतरित नहीं होता है, तो घर का आवंटन स्वचालित रूप से रद्द हो जाता है। इस बीच आप सांसद संजय सिंह ने %शीशमहल% दावे पर बीजेपी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि सच्चाई सामने आनी चाहिए। बीजेपी का दावा है कि दिल्ली सीएम के आवास के अंदर एक स्विमिंग पूल है। मैं चुनौती देता हूं। कल सुबह 11 बजे हम मीडिया के साथ दिल्ली सीएम के आवास पर जाएंगे और सोने से बने शौचालय और स्विमिंग पूल की तलाश करेंगे। उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास की तुलना प्रधानमंत्री आवास से भी की।

## जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा के प्रधानमंत्री पद से दिया इस्तीफा



**ओटावा,(हि.स.)।** कई दिनों से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार रात सत्ताधारी लिबरल पार्टी के नेता और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्र को संबोधित करते हुए ट्रूडो ने कहा, ÷कार्यालय में सेवा करने के लिए आभारी हूं। हालांकि मैं अगले चुनाव के लिए सबसे अच्छा विकल्प नहीं हूं÷। उन्होंने कहा कि सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद संसद एक महीने तक ठप रही, लेकिन वह एक योद्धा हैं जो देश की परवाह करते हैं।कनाडाई न्यूज सीबीसी ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि ट्रूडो प्रधानमंत्री के पद पर तब तक बने रहेंगे जब तक उनका उत्तराधिकारी चुन नहीं लिया जाता। ट्रूडो के इस्तीफे के बाद ऐसा माना जा रहा है कि तय समय से पहले चुनाव की मांग हो सकती है।कनाडाई नागरिकों को संबोधित करते हुए 53 वर्षीय ट्रूडो ने कहा, ÷सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद संसद एक महीने तक ठप रही, लेकिन वह एक योद्धा हैं जो देश की परवाह करते हैं। मैं अपने देश की बेहतरी के लिए लड़ता रहा हूं। ये लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।÷ उन्होंने कहा कि लिबरल पार्टी के भीतर आंतरिक लड़ाइयां थीं, जिसके कारण उन्हें पार्टी प्रमुख और कनाडा के प्रधानमंत्री पद छोड़ने का फैसला लेना पड़ा।जस्टिन ट्रूडो ने कहा, ÷मैंने गवर्नर जनरल को सलाह दी थी कि हमें संसद के एक नए सत्र की आवश्यकता है। मेरे अनुरोध को स्वीकार कर लिया गया है और सदन का 24 मार्च तक के लिए सत्रावसान होगा।बतादें कि अपने पद से हटने के बढ़ते दबाव के बाद जस्टिन ट्रूडो ने इस्तीफे की घोषणा की है।

## आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने पर सहमत हुए भारत और मलेशिया



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** भारत और मलेशिया ने आधिकारिक स्तर की पहली सुरक्षा वार्ता में आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने के लिए सहमति जताई है। यहां मंगलवार को सुरक्षा वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और मलेशिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महानिदेशक राजा दातो नुशीरवान बिन जैनल आबिदीन ने की।विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि सुरक्षा वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा वातावरण पर विचारों का आदान-प्रदान किया और सुरक्षा, रक्षा और समुद्री क्षेत्रों में चल रहे द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। दोनों पक्ष आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने, साइबर सुरक्षा, रक्षा उद्योग और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को बढ़ाने पर सहमत हुए। उन्होंने महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी में सहयोग बढ़ाने के तरीकों की भी खोज की। वार्षिक बैठकें आयोजित करके वार्ता को संस्थागत बनाने पर सहमति बनी।दरअसल, यह सुरक्षा वार्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर अगस्त 2024 में मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर इब्राहिम की भारत यात्रा का परिणाम है। इस यात्रा के दौरान भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया तथा दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।उल्लेखनीय है कि पिछले साल अगस्त में मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर इब्राहिम पहली बार भारत यात्रा पर आए थे। उस समय जब वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मिले थे, तब उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार और क्षेत्रीय सहयोग पर चर्चा की।

## लोगों पर डाला जा रहा दबाव, झूठे मुकदमे में फंसाये जा रहे

**● संभल को लेकर अखिलेश यादव का बड़ा आरोप**



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** समाजवादी पार्टी के मुखिया और सांसद अखिलेश यादव ने एक बार फिर से संभल की घटना को लेकर योगी सरकार और भाजपा पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल संभल जाकर लोगों से बात करना चाहता था। सरकार ने हमें इजाजत नहीं दी। वे दिल्ली और लखनऊ से तैयार हुए, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। लेकिन जब उन्होंने दूसरी बार जाना चाहा तो पुलिस ने उन्हें इजाजत दे दी। उन्होंने सवाल किया कि सरकार पहली बार में क्या छिपाना चाहती थी? सपा प्रमुख ने दावा किया कि वहां लोगों पर दबाव डाला जा रहा है, झूठे मुकदमे फंसाये जा रहे हैं। पूरी घटना सरकार द्वारा मनगढ़ंत बनाई गई है। उन्होंने कहा कि जब हमारे पास पहले से ही पूजा स्थल अधिनियम, 1991 है तो सर्वेक्षण की जल्दी क्यों थी? इसके अनुसार सर्वे नहीं कराया जा सकता। लेकिन इसे एक साजिश के तहत अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि ये दंगे नहीं थे, प्रशासन द्वारा गोलियां चलाने से लोगों की जान चली गयी। उन्होंने सवाल किया कि अधिकारियों पर ऐसा क्या दबाव है कि वे अलोकतांत्रिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं? जेल जाने वाले लोगों को इतना पीटा गया कि वे लगभग मर ही सकते थे। उन पर सरकार के मुताबिक बयान देने का दबाव बनाया जाता है। हमारे प्रतिनिधिमंडल से मिलने के बाद अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया और निलंबन भी जाति के आधार पर किया गया। इससे पहले समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने संभल का दौरा किया और 24 नवंबर को संभल में हुई घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये का चेक सौंपा था। संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान बर्क ने कहा कि संभल ही नहीं पूरा प्रदेश और देश शर्मसार है। हिंदुओं और मुसलमानों के बीच कुछ विवाद थे लेकिन अब यह मामला ख़त्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि यहां लोग शांति से रह रहे थे लेकिन इसे अशांत कर दिया गया। हमारे पांच लोग मारे गए। हमने संभल के लोगों की आवाज उठाई। सपा सांसद ने सवाल करते हुए कहा कि यह कैसा न्याय है कि हमारे लोगों को मार दिया गया और हम पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया?

# दिव्य, भव्य और स्वच्छ महाकुम्भ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकाली गई स्वच्छता रथ यात्रा

## नगर निगम के सभी पार्षद, सफाई कर्मी और मेयर भी हुए शामिल



### नुक्कड़ नाटक और स्वच्छता संगीत बैंड से भी दिया गया संदेश

**प्रयागराज।** शहर के कोतवाली चौक से यह स्वच्छता रथ यात्रा नगर निगम प्रयागराज की तरफ से निकाली गई। इसमें एक विशाल स्वच्छ रथ में मां गंगा की भव्य मूर्ति के साथ पेड़ पौधों से सुसज्जित महाकुम्भ के प्रतीक साधुओं के स्कल्पचर तैयार किया गया था। इसे शहर के विभिन्न मार्गो में घुमाया गया। रथ यात्रा का समापन राम भवन चौराहे पर हुआ। इस स्वच्छता रथ यात्रा में रथ के आगे आगे विभिन्न रंगों के डस्टबिन लेकर नुक्कड़ नाटक करने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देते हुए लोगों से सूखे और गीले कूड़े को अलग रंग के डस्टबिन का इस्तेमाल करने का संदेश दे रहे थे। रथ यात्रा जहां जहां से गुजरी उसका स्वागत किया गया। रथ यात्रा में बड़ी संख्या में सफाई मित्र और नगर निगम के कर्मी भी मौजूद रहे।

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के दिव्य, भव्य और स्वच्छ महाकुम्भ के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सरकारी एजेंसियों , जन प्रतिनिधि से लेकर शहर के सभी नगरवासी प्रयास कर रहे हैं। स्वच्छ महाकुम्भ का संदेश लेकर शहर में स्वच्छ रथ यात्रा का आयोजन इसी का हिस्सा है जिसमें बड़ी संख्या में जन सहभागिता देखने को मिली।

महाकुम्भ नगर का रास्ता प्रयागराज शहर से होकर गुजरता है। ऐसे में महाकुम्भ आने वाले सभी श्रद्धालु और पर्यटक जब शहर के बीच से गुजरेंगे तब उन्हें स्वच्छ प्रयागराज की झलक भी देखने को मिले इसी संकल्प को लेकर शहर में स्वच्छ रथ यात्रा निकाली गई। स्वच्छ महाकुम्भ का संदेश देने के लिए निकाली गई इस यात्रा को नगर निगम प्रयागराज के महापौर उमेश चंद गणेश केशरवानी ने हरी झंड़ी दिखाकर चौक कोतवाली से रवाना किया।

मेयर गणेश केशरवानी का कहना है कि मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वच्छ महाकुम्भ के संकल्प को लेकर स्वच्छता रथ निकाला गया है। प्रयागराज स्वच्छ , स्वस्थ और अनुशासित हो इसके लिए यह जन जागरण यात्रा निकाली गई है। लोगों से अपील की जा रही है कि इधर-उधर कूड़ा न फेंके, डस्टबिन का उपयोग करें, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। इसमें स्थानीय नागरिकों का बढ़ चढ़कर सहयोग मिल रहा है।

# पटेल नगर से देवरख तक सड़क की हालत जर्जर

**नैनी( प्रयागराज) ।** नैनी क्षेत्र के पटेल नगर चौराहे से देवरख की तरफ जाने वाली सड़क की दशा काफी खराब हो गई है। इस पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इस गड्ढे युक्त सड़क पर दुपहिया वाहन चालकों का चलना तो दूर रहा, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। और विभागीय अधिकारी बेखबर बने हुए हैं।बताया जाता है, कि क्षेत्र के पटेल नगर चौराहे से देवरख गांव की तरफ जाने वाली सड़क की दशा काफी खराब हो गई है। इस पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं । सड़क पर की गिट्टियां पूरी तरीके से उखड़ कर गायब हो चुकी है। डामर का तो कहीं अता-पता नहीं रह गया है । सड़क पर के यह गड्ढे धीरे-धीरे खाई के रूप में तब्दील होते जा रहे हैं। इस गड्ढेयुक्त सड़क पर दुपहिया वाहन चालक आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं।मालूम हो, कि इसी सड़क से होकर देवरख, चकिया, मवैया, पड़ान, सोमेश्वर नाथ समेत कई गांव के लोगों का आना-जाना चौबीसो घंटे बराबर बना रहता है। इतना ही नहीं इसी रोड पर कई विद्यालय हैं, जहां पर हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं का आना-जाना होता है।

# रंगारंग कार्यक्रम ने मोहा लोगों का मन

## ग्लोबल आयुष एक्सपो आयुष महाकुंभ 2025 के पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** संजीवनी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित ग्लोबल आयुष एक्सपो या आयुष महाकुंभ 2025 के पांच दिवसीय कार्यक्रम उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।

आयुष कांफ्रेंस के बाद एस डब्लू एस आर्ट डायरेक्टर साकिब सिद्दीकी द्वारा 04 और 06 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी कराया गया। जिसमें बहुत सी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों द्वारा छोटे बच्चों ने बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन करके सभी का मनमोह लिया।

प्रयागराज संजीवनी वेलफेयर सोसाइटी और एस डब्लू एस आर्ट्स की तरफ से एनसीजेडसीसी के शिल्प हॉट में आयोजित आयुष महाकुंभ का समापन हुआ। इस अवसर पर एस डब्लू एस आर्ट्स की ओर से रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।!जिसमें करीब एक दर्जन से ज्यादा कलाकारों ने किसी ने शिव तांडव स्तोत्र, कत्थक एवं विभिन्न बेहतरीन संगीत पर उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुत किया। बाल कलाकारों में पूजा साहनी, अंजलि पाल, पारुल मिश्रा, रिद्धि तिवारी, उत्कर्ष, दक्षिता शर्मा, कीर्ति तिवारी, इन सभी लोगो ने अपने डान्स से आये हुए लोगों को मन्त्र मुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीनियर ऐक्टर अशोक कुमार गुप्ता और संजीवनी के सचिव श्रवण शुक्ला रहे। रंगारंग कार्यक्रम से पहले डॉक्टर राहुल शुक्ल साहिल की ÷सफलता की यात्रा÷ किताब का विमोचन मुख्य अतिथि के हाथों हुआ। जिसके बाद बच्चों ने एक से बढ़ कर एक गानों पर डांस परफॉर्मेंस किया। डांस परफॉर्मेंस के बाद सभी बच्चों को स्मृति चिन्ह (ट्राफी) द्वारा सम्मनित किया गया।

एस डब्लू एस आर्ट्स के डायरेक्टर साकिब सिद्दीकी ने बताया की इस तरह के प्रोग्राम एस डब्लू एस आर्ट्स हमेशा आयोजित करते हैं जिससे कलाकारों को मंच और सम्मान मिले। कार्यक्रम में डॉ. राहुल शुक्ला, डॉ. पंकज कुमार, कांति प्रभा शुक्ला, अन्नू विश्वकर्मा, अर्चिता सोनकर, श्रेया मेहता, तान्या सिंह, संजीवनी के अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार द्विवेदी, प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. एस. के.शुक्ला, डॉ. एस. एन. मिश्रा, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. आर.के. मिश्रा, डॉ. राहुल शुक्ला, संजीवनी के सचिव श्रवण शुक्ल, आर्ट्स के डेरेक्टर साकिब सिद्दीकी, तनुज शर्मा,सरजीत गौतम,डॉ. स्वेता कुमारी,आशीष हेमकर, आशु पाण्डेय, रचना सोनकर, श्रेया मेहता तान्या सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जौनपुर, रीवा-बांदा और वाराणसी मार्ग से सबसे ज्यादा ट्रैफिक आने का अनुमान

## जौनपुर मार्ग से 21 प्रतिशत, रीवा-बांदा मार्ग से 18 प्रतिशत ट्रैफिक का अनुमान

➪वाराणसी मार्ग से 16, कानपुर से 14 और मिर्जापुर मार्ग से 12 प्रतिशत तक आ सकता है ट्रैफिक

### मेला क्षेत्र में पैदल यात्रियों के लिए एकल मार्गों का निर्धारण

**प्रयागराज।** सामान्य दिनों के लिए सभी प्रमुख 7 मार्गों की अलग-अलग यातायात योजना तैयार की गई है। बड़े एवं छोटे वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थलों का निर्धारण किया गया है। सामान्य दिनों में पैदल यातायात पर शहर क्षेत्र में किसी प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा, लेकिन मेला क्षेत्र में एकल दिशा मार्गों का प्रयोग होगा। साथ ही साथ अगर सामान्य दिनों में भीड़ अत्यधिक होती है तो एसएसपी कुम्भ मेला द्वारा मौके की स्थिति के अनुसार डायवर्जन का निर्णय लिया जाएगा।

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 में यातायात को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। यातायात पुलिस ने प्रमुख स्नान पर्व और सामान्य दिनों के लिए यातायात योजना तैयार कर ली है। प्रयागराज आने वाले सभी 7 प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रबंधन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। ऐसा अनुमान है कि जौनपुर, रीवा-बांदा और वाराणसी मार्गों से सर्वाधिक ट्रैफिक आ सकता है, जबकि कानपुर और मिर्जापुर मार्ग से भी बड़े पैमाने पर लोगों के आने का अनुमान है। ऐसे में आने वाले लोगों को बिना किसी असुविधा के पावन स्नान कराने के लिए यातायात को सुदृढ़ किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस बार महाकुम्भ में 40 करोड़ से ज्यादा लोगों के आने की संभावना है और यातायात पुलिस सभी के स्वागत को तैयार है।

यातायात पुलिस के द्वारा तैयार की गई यातायात योजना के अनुसार विभिन्न दिशाओं से महाकुम्भ मेला और कमिश्नरेट क्षेत्र में आने के 7 प्रमुख मार्ग हैं। इनमें जौनपुर मार्ग, वाराणसी मार्ग, मिर्जापुर मार्ग, रीवा/बांदा मार्ग, कानपुर मार्ग, लखनऊ मार्ग और प्रतापगढ़ मार्ग शामिल हैं। अनमानित यातायात के अनुसार सर्वाधिक 21 प्रतिशत यातायात जौनपुर मार्ग से होने की संभावना है, जबकि रीवां/बांदा मार्ग से 18 प्रतिशत लोगों के आने का अनुमान है। इसी तरह, वाराणसी मार्ग से 16 प्रतिशत, कानपुर मार्ग से 14 प्रतिशत, मिर्जापुर मार्ग से 12 प्रतिशत लोग आ सकते हैं। वहीं, लखनऊ मार्ग से 10 प्रतिशत और प्रतापगढ़ मार्ग से 9 प्रतिशत लोगों के आने की संभावना है।

# स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालयः एमआरआई मशीन ने बदली हजारों की जिंदगी



**प्रयागराज।** मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग (एमआरआई) चिकित्सा विज्ञान की एक उन्नत तकनीक है, जो शरीर के आंतरिक अंगों और संरचनाओं का सटीक चित्रण करती है। यह तकनीक चुंबकीय क्षेत्र और रेडियो तरंगों का उपयोग करते हुए मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी, मांसपेशियों, जोड़ों और अन्य अंगों की बीमारियों का निदान करने में सहायक है। एमआरआई की खासियत यह है कि यह बिना किसी हानिकारक विकिरण के बीमारी का सटीक पता लगाती है, जिससे चिकित्सा क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव आया है।

2016 के अंत में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में स्थापित की गई एमआरआई मशीन अब तक लगभग 20,000 मरीजों की जांच कर चुकी है। सीमित संसाधनों के बावजूद, यह मशीन अपनी क्षमता से अधिक सेवा देकर मरीजों को नई जिंदगी दे रही है। रेडियो-डायग्नोसिस विभाग की अध्यक्ष डॉ.अर्जुमंद ने बताया कि इस मशीन की मदद से सटीक निदान और उपचार में तेजी आई है। हमारा लक्ष्य मरीजों को बेहतर से बेहतरीन सेवा प्रदान करना है।

न्यूरोफिजिशियन डॉ.कमलेश सोनकर ने कहा कि एमआरआई से मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी जटिल बीमारियों का पता आसानी से लग पाता है। इससे बीमारी के उपचार में भी काफी सुधार हुआ है।

मेडिकल कालेज की प्रधानाचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा ने एमआरआई मशीन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मशीन हमारे अस्पताल की प्रमुख उपलब्धियों में से एक है। इसकी वजह से हजारों मरीजों को सटीक और समय पर इलाज मिल सका है। मीडिया प्रभारी डॉ. संतोष सिंह ने कहा कि हम मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि जनता को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जा सकें।

# मानवाधिकार विषय पर सर्टिफिकेट कोर्स का समापन



**प्रयागराज।** जगत तारन महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ने आज मानवाधिकार विषय पर सर्टिफिकेट कोर्स के समापन समारोह का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो॰ आशिमा घोष ने की। अतिथि वक्ता के रूप में डॉ अंगीरा सेन सरमा, एसिस्टेंट प्रोफेसर, सेंटर फॉर ग्लोबलाइज़ेशन एंड डेवलपमेंटल स्टडीज़ ने अपना वक्तव्य ÷मानवाधिकार और सतत विकास÷ विषय पर दिया।

नवंबर से दिसंबर तक चले सर्टिफिकेट कोर्स की आख्या, डॉ अंजलि शिवहरे द्वारा प्रस्तुत की गई। विभाग की समन्वयक प्रो॰ नीलिमा मिश्रा ने अतिथि का औपचारिक स्वागत किया एवम् कार्यक्रम का संचालन कु॰ शेफाली दास, अतिथि प्रवक्ता द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन विभाग की इंचार्ज डॉ कस्तूरी भारद्वाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कोर्स की 28 प्रतिभागियों को, जिन्होंने सफलतापूर्वक कार्यक्रम पूर्ण किया उन्हें प्रमाणपत्र अतिथि द्वारा प्रदान किए गये। 4 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। प्रोजेक्ट लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।प्रो काजल देब, डॉ फ़ातिमा नूरी, डॉ अनुज वर्मा एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्रतिभाग़ किया।

# दिगंबर अनी अखाड़ा के स्टोर रूम में आग से अफरातफरी

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला स्थित सेक्टर 20 में दिगंबर अनी अखाड़े के स्टोर रूम में सोमवार की देर रात आग लग गई। हालांकि लपटें उठने से पहले काबू पा लिया गया। हालांकि साधु-संतों में खलबली मची रही। फायरकर्मियों ने गैस सिलेंडर को बाहर निकालकर आग को कंट्रोल कर लिया। तीन फायर टेंडर की मदद से करीब दस मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। हर सेक्टर में फायर सर्विस के इंतजाम की वजह से आग पर तत्काल काबू हो सका।

अचानक से दिगंबर अनी अखाड़े के स्टोर रूम से धुआं उठने लगा। धुएं की वजह से मय रहने आग के बारे में पता चल गया। सूचना मिलते ही फायरकर्मी पहुंच गए। स्टोर रूम में रखे एक सिलेंडर में आग लगी थी। फायरकर्मी विवेक सिंह, चंदन सिंह व गुलजारी सिंह चौहान स्टोर रूम में दाखिल हो गए और आग लगे सिलेंडर को बाहर निकाल लाए। टेंट का कूछ सामान जला लेकिन फायर कर्मियों ने स्टोर रूम से गैस सिलेंडर को बाहर निकाल दिया। अखाड़े में मौजूद साधु-संतों ने बताया कि स्टोर रूम में रखे पुआल, तार व अन्य कुछ सामान जला है। फायरकर्मी समय रहते आग पर काबू न पाए होते तो बड़ी क्षति होती। सीएफओ महाकुंभ प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग किन कारणों से लगी इसे लेकर पूछताछ की जा रही है।

# कुम्भ मेला 2025: स्पेशल गाइड्स की भौतिक यात्रा शुरू

## श्रद्धालु और पर्यटकों को मिलेगी धार्मिक स्थलों की जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** पर्यटन विभाग द्वारा संचालित टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण शुरू हो गया है। एक होटल में पांच दिन का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया जिसके उपरांत स्पेशल गाइड लाइन की टीम गठित कर उस पर जोर दिया गया।महाकुम्भ मेला जनवरी 2025 में शुरू होने जा रहे है। जिसमे करोड़ों श्रद्धालुओं के साथ ही देश-विदेश से भी पर्यटक आएंगे।

पर्यटकों को प्रयागराज के धार्मिक पौराणिक महत्व के साथ ही दार्शनिक स्थलों के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए विशेष गाइड तैयार किए जा रहे हैं। प्रशिक्षित गाइड बनाने के लिए स्थानीय लोगों को भी गाइड की ट्रेनिंग दी गयी है। पर्यटन विभाग की तरफ से महाकुम्भ मेले की शुरुआत से पहले विशेष गाइड तैयार किये जा रहे हैं। जिसके लिए चरणवार तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

पर्यटन विभाग द्वारा संचालित एक होटल में पांच दिन का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और एमकेआईटीएम की तरफ से लगभग एक हजार तक लोगों को ट्रेंनिंग दी गयी। विभाग की तरफ से ड्रेस, गाइड किट और प्रमाण पत्र मिलेगा।

# स्टेडियम रॉकर, रेलवे और सेवेन स्ट्राइकर्स ने जीते मैच



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** स्टेडियम रॉकर, रेलवे रिक्रिएशन क्लब और सेवेन स्ट्राइकर्स बीएचएस ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर उत्तर मध्य रेलवे मंडल खेलकूद संघ के तत्वावधान में फाइव साइड पुरुष डे-नाइट फुटबाल प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया।डीएसए मैदान पर सोमवार रात शुरू प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर मध्य रेलवे के क्रीड़ाधिकारी आशुतोष शर्मा ने किया।

पहले मैच में स्टेडियम रॉकर ने सदर एफसी को 2-0 से हराया। दोनों गोल फ्रेंकी ने किये। फ्रेंकी को ही मैन ऑफ द मैच चुना गया।दूसरे मैच में रेलवे रिक्रिएशन क्लब ने एनएफए को 8-2 से हराया। विजेता टीम के आशीष पाल ने चार, मोहम्मद हुसैन ने दो तथा शाहिद और सतीष ने एक-एक गोल किया। एनएफए के प्रशांत व हर्ष ने गोल किया।

तीसरे मैच में सेवेन स्ट्राइकर्स बीएचएस ने एयू ब्वॉयज सीनियर को 3-1 से हराया। विजेता टीम के पीटर ने दो और अंकित चौधरी ने एक गोल किया। पराजित टीम के अच्यतम ने गोल किया।

अंकित चौधरी को वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता वीरेंद्र वर्मा ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। उत्तर मध्य रेलवे मंडल खेल सचिव धर्मेंद्र कुमार निषाद ने अतिथियों का स्वागत और सह सचिव राकेश मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# अवि का शतक, रुद्र, कार्तिकेय, अवनीश और चंद्रशेखर भी चमके




**प्रयागराज।** अवि कुमार के शतक (124 रन नाबाद, 91 गेंद, 19 चौके), रुद्र प्रताप (73 नाबाद, 43 गेंद, 12 चौके एवं एक विकेट), कार्तिकेय सिंह (73 रन, 64 गेंद 13 चौके एवं एक विकेट) और अवनीश सिंह (7-2-23-4) एवं चंद्रशेखर (7-0-44-4) के प्रदर्शन से विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने भवम क्लब को 119 रन से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने मंगलवार को अपने मैदान पर 35 ओवर में तीन विकेट पर 304 रन (अवि कुमार 124 नाबाद, रुद्र प्रताप 73 नाबाद, कार्तिकेय सिंह 73, आयुष त्रिपाठी 1/42, प्रांजल यादव 1/51, इस्माइल 1/71) बनाकर भवम क्लब को 33 ओवर में 185 रन (अखिलेश यादव 47, ऋषभ श्रीवास्तव 42, अवनीश सिंह 4/23, चंद्रशेखर 4/44, कार्तिकेय सिंह 1/25, रुद्र प्रताप 1/42) पर समेट दिया। मैच में अरुण कुमार व तौसीफ शेख अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे।

# मनकामेश्वर मंदिर पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, हुआ भव्य स्वागत



**प्रयागराज।** ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज आज मनकामेश्वर मंदिर पहुंचे। अंदावा मोड़ पर ब्रम्हचारी मुकुन्दानन्द के नेतृत्व में अगुवानी करते हुए भव्य स्वागत किया गया। मनकामेश्वर मंदिर पहुंचने पर वहां के महंत श्रीधरानन्द जी ने वहां पर स्वागत किया। शंकराचार्य जी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार उपस्थित रहे। कल 8 जनवरी को सुबह जगद्गुरु शंकराचार्य जी तीर्थ राज प्रयागराज की त्रिशक्ति महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती स्वरूपा भगवती कल्याणी देवी भगवती ललिता देवी, भगवती अलोपशंकरी देवी जी और साथ ही भगवान वेणीमाधव के दर्शन करेगें। 9 जनवरी को शंकराचार्य कुम्भ क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। उक्त जानकारी शंकराचार्य के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार ने दी है।

# अली की गेंदबाजी से चौधरी नौनिहाल क्लब को मिले पूर्ण अंक




**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब ने कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित कायस्थ पाठशाला क्रिकेट प्रतियोगिता में विराट स्पोर्ट्स क्लब को छह विकेट से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। चौधरी क्लब के मो. अली खान की उम्दा गेंदबाजी ( 8 - 1 - 29 - 3 ) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। मंगलवार को केपी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट स्पोर्ट्स क्लब की पूरी टीम 36.2 ओवर में 153 रन (आदित्य पाल 43, सौम्य तिवारी 27, सूर्य प्रकाश सिंह 26, प्रमोद यादव 18 रन, मो. अली खान 3/29, अपोहन प्रकाश 2/18, अभिनव तिवारी 2/30, अमृतेश शुक्ला 2/32, सत्येंद्र यादव 1/01 ) पर सिमट गईं। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब की टीम ने 24.4 ओवर में चार विकेट पर 154 रन ( शशांक 53 नाबाद, बृजेन्द्र त्रिपाठी 52 अविजित रन, राम शाक्य 2/33, सौरभ प्रताप सिंह 1/18, विनोद पाण्डेय 1/20 ) पर बना लिए। मैच में अजय कुमार व प्रितेश सोनकर ने अंपायरिंग और अंकित पाण्डेय से स्कारिंग की। मैच के बाद विराट स्पोर्ट्स क्लब के कोच विवेक बाजपेई ने मो अली खान को मैन ऑफ डी मैच का पुरुस्कार दिया। प्रतियोगिता में बुधवार को चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब व श्री सहायक क्रिकेट क्लब के बीच सुबह साढ़े नौ बजे से खेला जाएगा।

# क्षेत्र पंचायत होलागढ़ की बैठक आज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** क्षेत्र पंचायत होलागढ़ की एक आवश्यक बैठक कल 8 जनवरी यानी बुधवार को 11 बजे दिन से ब्लाक कैंपस मे ब्लाक प्रमुख राम फकीर की अध्यक्षता में होगी। बीडीओ होलागढ़ ने बताया कि बैठक में गत वर्ष के कार्यवाही की पुष्टि, कृषि, स्वस्थ्य, पशु पालन, बेसिक शिक्षा सम्बन्धी विशेष चर्चा/ योजना एव वर्ष 2025-26 हेतु कार्य योजना आदि पर निर्णय लिया जायेगा। बताया गया कि सभी सदस्य यात्रा व्यय हेतु बैंक पास बुक की फोटो कापी अवश्य लायें। बैठक में बीडीसी सदस्य, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, विधायक, सांसद आदि भी मौजूद रहेंगे।

# प्रधान कल्याणपुर ने जलवाया अलाव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** इलाके मे पड़ रही विकराल ठंढ के मद्देनजर ग्राम प्रधान कल्याणपुर अर्चना देवी पत्नी रबीन्द्र राजा ने कल्याणपुर तिराहा के पास अलाव जलवाया। इस मौके पर प्रधान पति रबीन्द्र राजा ने कहा कि यह अलाव जब तक शीत लहर रहे सदैव जलना चाहिए। लकड़ी की व्यवस्था की जाएगी। जनता और राहगीर को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर प्रधान बभनपुर सज्जन कुमार, शशांक शर्मा, सुजीत निर्मल आदि रहे।



# मदरसा जामिया इमदादुल उलूम में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का मनाया गया उर्स

लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** कस्बा करारी स्थित मदरसा जामिया इमदादुल उलूम मे ख्वाजा मोइनुद्दीन चितश्ती का 813 वाँ सालाना उर्स बड़े धूमधाम से मनाया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी मोहम्मद इमरान प्रधानाचार्य ने की तथा शुभारंभ पवित्र कुरान से हाफिज फुरकान वारिस ने किया। इस अवसर पर मौलाना मेराज अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती बचपन में ही अनाथ हो गए थे वरासत में उन्हें एक बाग और पनचक्की मिली थी, वह अपने बाग की रखवाली कर रहे थे तभी बाग में इब्राहिम कंदोजी नामक एक संत आए उनका ख्वाजा साहब ने स्वागत किया तथा अतिथि सत्कार के तौर पर अंगूर भेंट किया, इब्राहिम कंदोजी ने अंगूर खा लिए इसके बाद उन्होंने ख्वाजा साहब को अपने झोले से रोटी का टुकड़ा निकाल कर दिया



जिसे ख्वाजा साहब ने खा लिया। रोटी खाते ही आपके दिल की दुनिया बदल गई आपने बाग और पनचक्की खुदा की राह में खैरात कर दिया और आध्यात्मिक गुरु की तलाश में निकल पड़े । आप निशापुर पहुंचे वहां ख्वाजा उस्मान हारुनी से मुलाकात हुई आप उनके मुरीद बन उनकी खिदमत में कई साल गुजारे, उसके बाद अपने गुरु के साथ हज करने गए मदीना पहुंचे। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की मजार पर हाजिर हुए, एक दिन मजार से आवाज आई की मोइनुद्दीन हिंदुस्तान जाओ और वहां दीन फैलाओ पैगंबर का हुक्म पाकर आप भारत आए और यहां मानवता की सेवा की, आप धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठकर मानव जाति की सेवा करते रहे, यही वजह है कि आज हर धर्म और संप्रदाय के लोग आपकी चौखट पर हाजिरी देते हैं। उन्होंने अंत में आह्वान किया कि ख्वाजा साहब के पदचिन्हों पर चलकर शांति और उन्नति की स्थापना की जा सकती है। इस अवसर पर हाफिज नदीम, हाफिज साकिब, मौलवी अख्तर, ममनून ,अली हसनैन, मास्टर शहंशाह, मौलवी जावेद आदि ने कलाम पेश किया। अंत में सलाम पढ़ा गया तथा कुल शरीफ की रस्म अदा की गई, और शीरिनी बाँटी गई, इस मौके पर अमन और चौन के लिए दुआ मांगी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से हाफिज इस्माईल, हाफिज सिफअत, सैकन, हाफिज इसराइल आदि मौजूद रहें।

## फर्जी आईडी व चोरी की बाइक के साथ प्रतापगढ़ का युवक गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली पुलिस ने फर्जी ईडी व चोरी बाइक के साथ प्रतापगढ़ के एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पकडा गया शातिर कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से लोगों के साथ ठगी करता था।

सिराथू चौकी इंचार्ज मनोज तोमर सोमवार की शाम नगियामई मोड़ के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति बाइक के साथ दिखा जिसे रोककर तलाशी लेने पर उसके पास से कई फर्जी एटीएम कार्ड और आधार कार्ड मिले है। पकड़ा गया आरोपी प्रतापगढ़ निवासी शहबान खान पुत्र तजम्मुल खान है। पुलिस ने बताया पकड़े गए आरोपों के खिलाफ कई जिलों में गैंगस्टर सहित अन्य गंभीर धाराओं में पहले से ही कई मुकदमे दर्ज है। जिसे पूछताछ के बाद मंगलवार को जेल भेजा गया है।

# चोरी की मोटर साइकिल, एटीएम कार्ड व कूटरचित आधार कार्ड के साथ आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक मनोज कुमार तोमर मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर आरोपी शहबान खान निवासी ग्राम पूरे हुडहा कोतवाली व जनपद प्रतापगढ़ को नगियामई मोड के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 04 अदद एटीएम कार्ड, 04 अदद कूटरचित आधार कार्ड, 1000 रू0 नगद, 01 अदद एण्ड्रायड मोबाइल फेन व चोरी का 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया।



## 10 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक श्रवण कुमार शुक्लाम मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखिया सरोज निवासी सरसवां थाना महेवाघाट को 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 122 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## मारपीट के दो आरोपियों को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना कोखराज पर पंजीकृत एनसीआर जवाहर लाल पासी, अरुण कुमार पासी निवासीगण गिरधरपुर थाना कोखराज को न्यायालय एसीजेएम कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक आरोपी को 500-500 रूपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## नहर की पटरी टूटने से 20 बीघे गेहूं की फसल जलमग्न



लोकमित्र ब्यूरो

**तिल्हापुर मोड़, (कौशाम्बी)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के बीरोभीट मजरा औधन गांव में सोमवार की रात नहर में पानी का बहाव अधिक होने से पटरी टूट गई। इससे दर्जनों किसानों की 20 बीघे गेंहू की फसल पानी में डूब गई। नहर टूटने की सूचना पर सिंचाई विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच मरम्मत कार्य में जुट गए हैं।सिंचाई विभाग किशुनपुर एकडला पंप कैनाल से फसलों की सिंचाई के लिए नहर में पानी छोड़ा है। तिल्हापुर माइनर में नहर का पानी आने पर जलालपुर घोसी के रास्ते में पड़ने वाले दुर्गापुर, लोधौर, गिठूरा, औधन, सेवढा, दूलापुर, नसीरपुर और चंद्रसेन समेत दो दर्जन से अधिक गांवों के किसान अपनी फसल की सिंचाई करते हैं। सोमवार की रात नहर में पानी का बहाव अधिक होने के चलते औधन गांव के मजरा पीलीभीत के समीप नहर की पटरी टूट गई। खेतों में पानी भरने से किसान नन्हें बाबू, अजय दुबे, अशोक कुमार, मान सिंह, बिट्टन देवी, राजकुमार और सरयू प्रसाद की तकरीबन 20 बीघा गेंहू की फसल डूब गई। किसानों ने बताया कि खराब मौसम और धूप न निकलने से फसल नष्ट होने की आशंका है। पानी का बहाव तेज होने से बगीचे में भी जलभराव हो गया है। किसानों ने मामले की सूचना नहर विभाग समेत चायल एसडीएम योगेश कुमार गौड़ को दी है। सूचना पाकर पहुंचे कर्मचारी नहर की मरम्मत में जुट गए हैं।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जाकर, थाना मो0पुर पंइसा पुलिस टीम द्वारा ग्राम मो0पुर पइंसा में भ्रमणशील रहकर, थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा ग्राम गड़वा में भ्रमणशील रहकर, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर,

थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर, थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा ग्राम चकसैनी व थुलगुलामें जाकर, थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा कस्बा भरवारी मे जाकर, महिला थाना द्वारा क्षेत्र में जाकर तथा थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा कसिया मलाक मोहद्दीनपुर मे भ्रमणशील रहते हुए, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन,

181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## सपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ अझुवा पहुंचकर दिव्यांग समेत कई को बांटा कम्बल



लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अजुहा क्षेत्र के गरीबों को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दयाशंकर सिंह यादव कार्यकर्ताओं शहनवाज अहमद, पप्पू यादव, नवनीत यादव, वाजिद अहमद, विक्की केशरवानी, राजू यादव, मनोज यादव के साथ अजुहा पहुंचकर दिव्यांग लवकुश मौर्य सहित तमाम लोगो को मंगलवार को कड़कडाती ठंड से बचाव के लिए कम्बल वितरण किया। जिलाध्यक्ष के हाथों ठंड से बचाव के गर्म कम्बल मिलने पर सभी गरीबों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सभी ने खुले मन से जिलाध्यक्ष को आशिर्वाद दिया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दयाशंकर सिंह यादव कड़ाके की ठंड के दौरा प्रति वर्ष गरीबों को कम्बल वितरण करते चले आ रहे हैं। पूर्व की भांति इस वर्ष भी उन्होने कड़ा क्षेत्र के कई स्थानों पर भ्रमण कर हाड़ कंपा देने वाली ठंड से थिठुर रहे गरीब तबके के लोगों को निःशुल्क कंबल का वितरण किया। कड़ाके की ठंड में कांप रहे गरीब जिलाध्यक्ष के हाथों कंबल पाया तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

# हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान- धर्मराज मौर्य




**भाजपा पार्टी कार्यालय में आयोजित हुआ संविधान गौरव अभियान**

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संविधान गौरव अभियान की आयोजित जिला कार्यशाला को बतौर मुख्यातिथ काशी क्षेत्र से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता ने संबोधित करते हुए संविधान गौरव अभियान से जुड़ी बातों को विस्तार से बताया साथ ही जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत के संविधान को निर्मित हुए 75 वर्ष हो रहे हैं इस अवसर पर संविधान के महत्वपूर्ण गौरव अभियान को एक उत्सव के रूप में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों का जन जन तक लेकर जाना है। संविधान महोत्सव के इस अभियान के द्वारा बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर को याद करके उनको श्रद्धासुमन अर्पित करना है। साथ ही 11 से 25 जनवरी 2025 तक सभी केंद्रों में अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर गोष्ठियों का आयोजन किया जाना है व 18 से 25 जनवरी युवा मोर्चा द्वारा अनुसूचित जाति छात्रावासो एवं कॉलेज संपर्क के माध्यम से युवाओं में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के योगदान और भाजपा की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को प्रचारित किया जाना है। अनुसूचित जाति समाज के इन्फ्लुसर्स प्रभावशाली लोगों से संपर्क करते हुए हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान तथा डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व पर एवं मोदी सरकार द्वारा इस संबंध में किए गए ऐतिहासिक कार्यों के कंटेंट को पोस्ट करना है। ऐसी तमाम बातों को विस्तार से बताया गया

इस मौके पर जिला चुनाव अधिकारी शिवशंकर सिंह,कार्यक्रम के संयोजक व जिलाउपध्यक्ष अरविंद द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष आशीष केसरवानी, चक्रेश मिश्रा,जिला महामंत्री संजय जायसवाल, दीप चंद्र दिवाकर, राकेश पाण्डेय, राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमति प्रतिभा कुशवाहा,शिवप्रताप मौर्य, शिवमूरत पासी, योगेंद्र सिंह, भोलेशंर कुशवाहा, कोषाध्यक्ष अशोक केसरवानी,कविता पासी, नीतू कनौजिया, जिला सह मीडिया प्रभारी ज्ञानेन्द्र साहू, आईटी संयोजक सत्यम केसरवानी,व सभी मण्डल अध्यक्षगण मण्डल महामंत्रीगण कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## अलाव जलाए जाने की मांग को लेकर अपर जिला पंचायत राज अधिकारी को सकिपा ने सौंपा ज्ञापन



**● गांव गांव और बाजारों में अलाव जलाए जाए- अजय सोनी**

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में मंगलवार को अपर जिला पंचायत राज अधिकारी कौशांबी अजय सिंह को एक ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में गांव गांव और बाजारों में अलाव जलाए जाने की मांग की गई।

मंगलवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी अपने कार्यकर्ताओं के साथ अपर जिला पंचायतराज अधिकारी अजय सिंह से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में संपूर्ण जनपद के सभी गांवों एवं बाजारों में तत्काल अलाव जलाए जाने की मांग की गई। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि गांव गांव अलाव न जलाए जाने से भयंकर ठंड से लोग ठिठुर रहे हैं जिससे लोग परेशान हैं। इसी तरह गांवो से जुड़े बाजारों में भी अलाव न जलाए जाने से यात्रा करने वाले लोगों को भारी दिक्कत हो रही है। रोज की भारी ठंड से जन जीवन भारी अस्त व्यस्त हैं और अलाव की गांवस्तर पर कोई व्यवस्था नहीं है। आगे कहा कि हम जिला पंचायतराज से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द गांव गांव और बाजारों में अलाव जलाए जाएं। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, अखिलेश तिवारी, राजकुमार मौर्य, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों की चेकिंग कर लोगों को दिलाया सुरक्षा का एहसास



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** महाकुम्भ- 2025 को सुरक्षित एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु समय-समय पर शासन, पुलिस मुख्यालय स्तर से निर्गत निर्देशों के क्रम में बृजेश कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में आज अपर पुलिस अधीक्षक एवं समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा समस्त थाना क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर बैरियर लगाकर सघन चेंकिग अभियान चलाया गया, जिसमें संदिग्ध वाहनोंध्संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर गहनता से चेकिंग की गयी। अवगत कराना है कि महाकुम्भ पर्व के अवसर पर भारी संख्या में प्रमुख मार्गों से होकर श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सकुशल आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कौशाम्बी पुलिस पूर्णतः मुस्तैद है, जिसके क्रम में प्रमुख चौराहों एवं मार्गो पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी लगायी गयी है। श्रद्धालुओं को आवागमन के दौरान कोई असुविधा न हो इसलिए उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति संवेदनशील रहते हुये कौशाम्बी पुलिस द्वारा अपेक्षित तैयारी की गयी है। चेकिंग अभियान के दौरान श्रद्धालुओं की प्रतिष्ठा एवं सम्मान का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि चेकिंग से श्रद्धालुगण असहज महसूस न करें अपितु उन्हे सुरक्षा का एहसास हो। महाकुम्भ-2025 के अवसर पर प्रयागराज में आयोजित मेला क्षेत्र में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जनपद के प्रमुख मार्गो पर पुलिस की पेट्रोल, गस्त पार्टी भी लगायी गयी है जो निरन्तर गस्त एवं पेट्रोलिंग करते हुये संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखे हुए है। इसी क्रम में जनपद कौशाम्बी सीमा के अन्तर्गत गंगा नदी एवं यमुना नदी के रास्ते से अवांछनीय तत्वों के आवागमन को रोकने एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये रिवर पेट्रोल पार्टिया भी लगायी गयी है जो लगातार नाव से रिवर पेट्रोलिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखे हुए है। जनपद के ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्तियों, आम जनमानस एवं मीडिया कर्मियों से सम्पर्क कर कौशाम्बी पुलिस द्वारा बनाये गये व्हाट्सएप चैनल में जोड़कर महाकुम्भ की तैयारियों के बारे में प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है ताकि आम जनमानस, श्रद्धालुओं को पुलिस द्वारा उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं से अवगत होकर लाभ प्राप्त कर सकें। उपरोक्त चैनल में अधिक से अधिक लोगों को जुडने हेतु प्रेरित किया जा रहा हैं।

# 48 घंटे बाद भी नहीं मिला गंगा नदी में डूबे दो लोग



**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कड़ा धाम स्थित बाजार घाट में शुद्धि क्रिया के लिए गए दो लोगों का 48 घंटे बाद भी पता नहीं चल सका है हालांकि गोताखोर दूसरे दिन भी गंगा नदी में डूबे लोगों को पूरे दिन तलाशती रही वही परिजन पूरे दिन घाट किनारे अपनो को देखने के लिए टकटकी निगाह से इंतजार करते रहे।कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दारानगर निवासी रिटायर्ड फौजी जय जनार्दन मिश्रा रविवार को अपने पिता स्व मनमोहन मिश्रा के दसवां कर्मकांड के लिए अपने पुत्र ऋषभ मिश्रा व भाई जय कृष्ण मिश्रा एवं भतीजे शिखर मिश्रा के साथ कड़ा के बाजार घाट गए थे जहां गोताखोरों ने जयकृष्ण व शिखर को गंगा नदी से बाहर निकाल लिया था जिसमें जय कृष्ण की मौत हो गई थी वहीं शिखर सुरक्षित बच गया था लेकिन जाय जनार्दन व ऋषभ का 48 घंटे बाद भी पता नहीं चल सका। सोमवार को कस्बे के रहने वाले परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने एनडीआरएफ टीम और पुलिस के साथ मिलकर बचाव कार्य में मदद की, लेकिन अभी तक दोनों लोगों का पता नहीं लगाया जा सका है।पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बचाव कार्य जारी है और एनडीआरएफटीम के साथ मिलकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है ताकि दोनों लोगों का पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि वे बचाव कार्य में और अधिक संसाधनों का उपयोग करें ताकि दोनों लोगों का पता जल्द से जल्द लगाया जा सके।

# नियम विरुद्ध फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य कराए जाने से आक्रोशित सचिवों ने मुख्यालय में किया प्रदर्शन

**▶▶ लामबद्ध सचिवों ने समस्या से निजात हेतु डीएम को सौंपा ज्ञापन**

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** फॉर्मर रजिस्ट्री तैयार करने में सचिवों से नियम विरुद्ध कार्य कराए जाने को लेकर आक्रोशित सचिवों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए डीएम कौशांबी को ज्ञापन देकर समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है ।



ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति कौशांबी के तत्वाधान में संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह व पुरन चंद्र एवं महामंत्री सुरेश चंद्र मौर्य के नेतृत्व ने संघ के लोगों ने मंगलवार को जिलाधिकारी कौशाम्बी मधुसूदन हुल्गी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वर्तमान में चल रहे फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य को लेकर जनपद के सचिवों से नियम विरुद्ध मनमाने ढंग से कार्य कराया जा रहा है । फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य कराने हेतु शीत ऋतु में प्रातः चार बजे विकास खंड स्तर के सभी कार्मिकों को क्षेत्र में उपस्थित होकर अमानवीय दबाव बनाया जा रहा है जिससे रात के घने कोहरे में कार्मिकों के साथ अनहोनी हो सकती है , साथ ही ग्राम पंचायत स्तर के विकास कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है एवं फैमिली आईडी , जन्म मृत्यु , प्रधानमंत्री आवास , परिवार रजिस्टर की नकल, आवास सर्वे आदि कार्यों की प्रगति खराब है। आक्रोशित सचिवों ने तीन दिनों के अंदर शासनादेश के मुताबिक कार्य कराए जाने हेतु डीएम से मांग करते हुए बताया कि समस्या का निराकरण न होने पर जनपद के सचिव कार्य बहिष्कार के लिए बाध्य होंगे जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व जिला प्रशासन का होगा। इस मौके पर अरविंद सिंह, सुरेश चंद्र मौर्य, पुरन चंद्र, बृजेश सिंह, राहुल सिंह, राजमणि भारतीय , प्रदीप सरोज, प्रदीप प्रजापति, दीक्षा शिवहरे, रूपम शुक्ला, प्रियंका सिंह, सत्य प्रकाश पांडे, आफ्ताब आलम, ताज मोहम्मद, शरद श्रीवास्तव, अजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, सोहन लाल, निखिल सिंह, रमेश सोनकर, मनोज त्रिपाठी, विनय चौधरी, रामसखा , राम गोविंद सहित बड़ी संख्या में सचिव मौजूद रहें।

संक्षिप्त खबरें

## रेलवे लाइन किनारे मिला किशोर को क्षत-विक्षत शव

**चायल, (कौशाम्बी)।** चरवा थाने के दालियानपुर गांव के समीप मंगलवार शाम रेलवे लाइन किनारे किशोर का क्षत-विक्षत शव मिला। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव शिनाख्त कराकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलने के बाद परिजन बदहवास हालत में घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।दालियानपुर गांव निवासी यशवंत पासी मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। मंगलवार शाम उसका 16 वर्षीय बेटा आकाश पासी का शव संदिग्ध दशा में गांव के सामने न्यू रेलवे लाइन की पटरी के किनारे क्षत-विक्षत मिला। लाइन की तरफ गए लोगों ने शव पड़ा देखा तो इलाके के लोग मौके पर जमा हो गए। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची सैयद सरांवा चौकी पुलिस ने शव शिनाख्त कराकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते बदहवास हालत में घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन इस बाबत कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं। इस सम्बंध में चौकी प्रभारी विपलेश कुमार का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया हे। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## चार सौ गरीबों को कंबल बांटा

**कनैली, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के नंदौली ग्रामसभा में प्रधान अंजनी कुशवाहा के प्रतिनिधि संजय मौर्य ने मंगलवार को कड़ाके की ठंड को देखते हुए चार सौ जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया। इस दौरान उन्होंने गांव के असहायों, गरीबों, विधवाओं व दिव्यांगजनों को कंबल दिया। ग्राम प्रधान के इस कार्य की लोगों ने सराहना की।

## दो मिनट का मौन रखकर दी गई श्रंद्धाजलि



**कौशाम्बी।** विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के जिला विद्यार्थी संपर्क प्रमुख के मृतक परिजन के लिए भाजपा कार्यालय में दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संविधान गौरव अभियान की आयोजित कार्यशाला के पहले वीर शहीद कमांडेंट सौरभ यादव व गंगा स्नान के समय मृतकों के लिए मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधानसभा सिराथू के कड़ाधाम में पिता के मरणोपरांत शुद्धि कार्यक्रम के दौरान जय श्री कृष्ण मिश्रा पुत्र मनमोहन मिश्रा मृतक व दो अन्य पारिवारिक लोग जय जनार्दन मिश्रा पुत्र मनमोहन मिश्रा, ऋषभ दीप मिश्रा पुत्र जनार्दन मिश्रा जो अभी तक लापता है व शिखर मिश्रा पुत्र जय कृष्ण मिश्रा को नाविकों ने बचा लिया मृतको के लिए भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में बैठक से पहले दो मिनट का मौन रखकर श्रंद्धाजलि अर्पित कर नमन किया इस मौके पर जिला के सभी जिला पदाधिकारीगण, मण्डल अध्यक्षगण,मण्डल महामंत्रीगण, कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## कस्तूरबा विद्यालयों में महिला होमगार्ड की होगी तैनाती, रात में पुलिस करेगी गश्त

**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** जिले में संचालित आठों कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों बेहतर सुरक्षा व व्यवस्था के लिए अब मजिस्ट्रेट के नेतृत्व वाली तीन सदस्यीय टीम पर्यवेक्षण कर व्यवस्था देखेगी। सभी विद्यालयों में महिला होमगार्ड तैनात होंगी और रात में भी पुलिस गश्त होगी। ताकि इन विद्यालयों में किसी तरह की कोई दुर्घटना व अव्यवस्था न हो। बेसिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव ने डीएम मधुसूदन हुल्गी को पत्र भेजकर कहा है कि वार्डन व सभी स्टाफ के व्यवहार व आचरण को लेकर सभी छात्राओं से फीडबैक भी लिया जाए। किसी तरह के संदेह पर त्वरित कार्रवाई करें। वार्डन की छुट्टी व अन्य कार्य से बाहर जाने पर पूर्णकालिक शिक्षिकाएं विद्यालय में उपस्थित रहें। विद्यालय में आने-जाने वालों का पूरा पूरा ब्योरा दर्ज होना चाहिए।दीवारों पर सभी प्रमुख अधिकारियों के नंबर भी लिखाने के निर्देश दिए गए हैं। हर शनिवार को मीना मंच की बैठक में सेफटच, बैड टच, आदि के प्रति छात्राओं को जागरूक करने को कहा गया है। प्रमुख सचिव ने यह भी निर्देश दिया है कि विद्यालयों के चपरासी, चौकीदार व सुरक्षा गार्ड का छात्राओं के शौचालय व स्नानागार में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। वे गार्ड रूम में ही रहेंगे। सीसीटीवी पूरी तरह से क्रियाशील हों।

## रजिस्ट्री आफिस में पिता पुत्र के बीच विवाद में पहुंची पुलिस



**सिराथू, (कौशाम्बी)।** पैतृक भूमि का बेटियों के नाम बैनामा करने पहुंचे सिराथू रजिस्ट्री ऑफिस में पिता पुत्र के बीच जमकर विवाद हुआ। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को पकड कर थाने ले गए है। विवाद के दौरान उपनिबंधक कार्यालय में अफरा तफरी मच गई। बताया जाता है कि सिराथू तहसील क्षेत्र के सेलरहा पश्चिम का मजरा धर्मुहापुर गांव निवासी सोहनलाल मंगलवार को इकलौते बेटे मनीष से नाराज होकर बेटी कौशल्या देवी व उषा देवी को पैतृक पांच बीघा भूमि का बैनामा करने के लिए उपनिबंधक कार्यालय सिराथू पहुंचे। इस दौरान जानकारी होने पर मौके पर बेटा मनीष पहुंकर विवाद करने लगा। जिस पर कार्यालय में कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को समझा बुझाने के बाद दोनों को पड़ककर सैनी कोतवाली ले गई है।

## पेयजल सप्लाई पाइप लाइन फटने से प्रमुख मार्ग पर बहता है पानी

**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के म्योहर गाँव की सड़क पर पेयजल सप्लाई पाइप लाइन फटने से प्रमुख मार्ग पर पानी बहता है। बताया जाता है कि मंझनपुर तहसील के म्योहर गाँव के प्रमुख मार्ग पर विगत लगभग चार माह से पेयजल सप्लाई पाइप लाइन फटने के कारण सपलाई होते ही सडको पर हजारों लीटर पानी बेकार में ही बहने लगता है तथा इस ओर से संबंधित विभाग के कानों में जू तक नहीं रेंग रहीं है। जिसके कारण कभी कदापि इसी मार्ग पर जरा सी असावधानी के चलते अक्सर दो पहिया वाहन फिसल कर गिर जाया करते हैं तथा चोटिहल हो जाया करते हैं, तथा यदि विभाग का यही रैवया रहा तो किसी न किसी दिन मार्ग पर दुखद घटना घटने को नहीं कहा जा सकता है।

# मोबाइल टैबलेट के नशे से दूर करने के लिए ,शिक्षक होंगे प्रशिक्षित

लोकमित्र ब्यूरो

**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** माध्यमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले 14 से 18 वर्ष के छात्र-छात्राओं को डिजिटल लत से दूर रखने के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है। छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन, कंप्यूटर, टैबलेट, टीवी और सोशल मीडिया से एक निश्चित दूरी रखने के लिए माध्यमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उसके बाद ये शिक्षक कक्षाओं में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को रचनात्मकता की ओर प्रेरित करेंगे। इसके लिए चार प्रकार की गतिविधियों पर कार्य किया जाएगा। पहली गतिविधि के अंतर्गत शिक्षक विद्यार्थियों को स्कूल मैदान का भ्रमण कराएंगे ताकि वह प्रकृति से निकटता महसूस कर सकें। उनसे गमलों में पौधे लगवाएंगे और कुछ दल बनाकर पूरे साल निश्चित संख्या में पौधों की देखरेख का प्रोजेक्ट देंगे। अच्छे तरीके से देखभाल करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन के रूप में प्रमाणपत्र वगैरह भी दे सकते हैं। दूसरी गतिविधि में सबसे पहले शिक्षक ब्लैकबोर्ड पर कैंची, गोंद, कागज, सुतली, दफ्ती और रंग के नाम लिखेंगे। उसके बाद विद्यार्थियों से पूछेंगे कि आंख बंद करके मन को एकाग्र करते हुए चिंतन करें कि इन चीजों का उपयोग करके वह क्राफ्ट से जुड़ी कौन कौन सी ची बना सकते हैं। उसके बाद उन्हें सामग्री देकर वस्तुएं बनवाएंगे और अपनी बनाई चीजों का प्रदर्शन करेंगे। इस गतिविधि में दूसरों और स्वयं की बनाई चीजों की सराहना करना सीखेंगे।

तीसरी गतिविधि के अंतर्गत शिक्षक छात्र-छात्राओं को लाइब्रेरी में ले जाएंगे और उन्हें अपनी रुचि के अनुसार पुस्तक, पत्रिका या अखबार चुनने को कहें। प्रत्येक विद्यार्थी को प्रेरित करें कि कम से कम एक कहानी या लेख ध्यानपूर्वक पढ़ें। अगले दिन विद्यार्थी से पढ़े हुए लेख या कहानी को सुनाने को कहें। शिक्षक विद्यार्थियों को प्रतिदिन अखबार पढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। इसी प्रकार चौथी गतिविधि में शिक्षक विद्यार्थियों को कुछ समय आंख बंद करके शांति की मुद्रा में बैठने के लिए कहेंगे। उसके बाद सादा कागज वितरित कर लिखने को कहेंगे कि प्रतिदिन कितना समय स्क्रीन अर्थात सोशल मीडिया पर व्यतीत करते हैं। थोड़ा समय देकर उनके नॉन डिजिटल शौक या रुचि का कक्षा में प्रदर्शन भी कराएंगे। उनसे पूछेंगे कि मनपसंद काम करके कैसा लगा और स्क्रीन से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक डा.सच्चिदानंद यादव ने बताया कि डिजिटल डिटॉक्स को लेकर विभागीय स्तर पर रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस सम्बंध में अभी लिखित आदेश नही आया है।उच्चाधिकारियों का निर्देश प्राप्त होते ही विभागीय नियामानुसार शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## ट्रेन से कटने गई महिला को राहगीरों ने बचाया, पुलिस को सौंपा

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के मनौरी रेलवे लाइन पर मंगलवार शाम एक महिला गृह कलेश के चलते ट्रेन से कटने के लिए पहुंच गई। मौके पर खड़े राहगीरों ने महिला को दबोच लिया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना चायल चौकी पुलिस को दी। लोगों की सूचना पर पुलिस ने महिला को समझाया और परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन उसे समझा बुझाकर घर बुला ले गए। चरवा थाने के सटई मजरा जलालपुर शाना गांव निवासी अंजनी कुमार मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। अंजनी के तीन बच्चे हैं। मंगलवार दोपहर किसी बात को लेकर पत्नी मालती देवी (32) से विवाद हो गया। नाराज होकर महिला पिपरी थाने के मनौरी रेलवे लाइन पर ट्रेन से कटने के लिए पहुंच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने महिला को रेलवे लाइन पर देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने भागकर महिला को खींचकर ट्रैक से बाहर निकाला। गनीमत रही कि महिला के निकलते ही ट्रेन आ गई। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। चायल चौकी प्रभारी अजीत कुमार सिंह, कांस्टेबल नरेंद्र पाल और जीतेंद्र सिंह मौके पर पुहंचे। उन्होंने महिला को काफी समझा बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने मामले की सूचना महिला के परिजनों को दी। पीड़ित महिला ने इस दौरान पुलिस को बताया कि पति आए दिन मारपीट करता है। जिससे परेशान होकर वह ट्रेन से कटने आई है। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजन महिला को समझा बुझाकर घर बुला ले गए।

## गंगा में डूबे पिता-पुत्र की सात स्टीमर-पांच नाव से दिनभर तलाश

▶▶ कड़ा के कुबरी घाट पर सोमवार सुबह हुई थी घटना
▶▶ दसवीं संस्कार करने गंगा किनारे गया था परिवार

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** शक्ति पीठ कड़ा धाम के बाजार घाट पर सोमवार सुबह गंगा में डूबे पिता-पुत्र का मंगलवार को दूसरे दिन भी सुराग नहीं लग सका। इनकी तलाश के लिए सात स्टीमर और पांच नाव लेकर स्थानीय गोताखोरों की टीम लगी रही। एसडीआरएफटीम पर खानापूर्ति करने का आरोप लगाया गया है। उधर, घटना के बाद से परिवारवालों की रो-रोकर हालत खराब है।

कड़ा के दारानगर निवासी मनमोहन मिश्रा का 10 दिन पहले निधन हो गया था। सोमवार की सुबह परिवार दसवीं संस्कार करने बाजार घाट गया था। संस्कार से पहले स्नान के दौरान दिवंगत का 16 वर्षीय नाती ऋषभ पैर फिसलने के कारण गंगा में डूबने लगा। ऋषभ को बचाने में उसके पिता 52 वर्षीय जय जनार्दन मिश्रा, 55 वर्षीय बड़े पिता जय कृष्ण मिश्रा व 25 वर्षीय शिखर मिश्रा पुत्र जय कृष्ण मिश्रा भी गहरे पानी में डूबने लगे।

शिखर मिश्रा व उसके पिता जय कृष्ण मिश्रा को गंगा से बाहर निकाल लिया गया था। बाद में जय कृष्ण मिश्रा ने इस्माइलपुर सीएचसी में दम तोड़ दिया था। ऋषभ और उसके पिता जय जनार्दन मिश्रा की तलाश के लिए मंगलवार की सुबह आठ बजे एसडीआरएफ की टीम घाट पर पहुंची। इस बीच सात स्टीमर व पांच नाव लेकर करीब 15 स्थानीय गोताखोर भी पहुंच गए। गंगा में बाजार घाट से लेकर गुजराती घाट, अकबरपुर घाट और जहांगीराबाद घाट तक करीब चार किलोमीटर के दायरे में तलाश की गई, लेकिन पिता-पुत्र का सुराग नहीं लग सका।

## अपना दल एस जिला संगठन की मासिक बैठक सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो



**कौशाम्बी।** अपना दल एस जिला संगठन की मासिक बैठक कार्यवाहक जिलाध्यक्ष देवनारायण सिंह पटेल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय मंझनपुर में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव भानु प्रताप सिंह पटेल मौजूद रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव भागीरथी सिंह पटेल मौजूद रहें। संचालन जिला उपाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ल ने किया। बैठक में 24 जनवरी 2025 को कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह को भव्य रूप से मनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को इकट्ठा करने के लिए निर्देशित किया गया तथा आगामी पंचायत चुनाव के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा करते हुए पूरे जिले में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष रूप से निर्देशित किया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष डॉ चन्द्र भवन पाल, जिला उपाध्यक्ष रामहित आर्या, जिला कोषाध्यक्ष सूबेदार सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष चिकित्सा मंच डॉ0 अजमेर पटेल, जिला उपाध्यक्ष शिव सागर पटेल, राममिलन पटेल, जिला अध्यक्ष आई टी सेल शिव भवन सिंह पटेल सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## पशुपालन विभाग में अपर निदेशक पद पर सीवीओ प्रोन्नत

**कौशाम्बी।** जिले में बतौर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सेवा दे रहे डॉ. अरविंद कुमार सागर को अपर निदेशक ग्रेड टू पद पर प्रोन्नत कर दिया गया है। प्रमुख सचिव के. रवींद्र नाइक ने पत्र जारी किया है। पत्र में प्रमुख सचिव ने बताया है कि उन्हें प्रोन्नति दे दी गई है। फिलहाल अभी उन्हें अग्रिम आदेश तक बतौर सीवीओ तैनाती वाले स्थल पर कार्य करना होगा। अग्रिम आदेश जारी होने के बाद ही उन्हें प्रोन्नत हुए पद पर तैनाती दी जाएगी। मंगलवार को कार्यालय पहुंचने पर कर्मचारियों ने स्वागत किया।

## सैनी-लेहदरी मार्ग के किनारे पेड़ों पर लगा लगाया रेडियम स्टीकर

● घने कोहरे में कभी भी हो सकता है हादसा
● महाकुम्भ में बड़ी संख्या में लोग इसी मार्ग से गुजरेंगे

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी से जिले की सीमा लेहदरी तक रायबरेली, लखनऊ प्रमुख मार्ग पर कोहरे के दौरान कभी भी बड़ा हादसा किनारे स्थित पेड़ों से हो सकता है। पीडब्ल्यूडी ने इस मार्ग पर पड़ने वाले एक भी पेड़ पर रेडियम स्टीकर लगवाने की जहमत नहीं उठाई है। महाकुम्भ के दौरान इस मार्ग पर वाहनों की संख्या और बढ़ जाएगी।

लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर समेत दर्जनभर जिले के लोग धार्मिक नगरी कौशाम्बी व चित्रकूट जाने के लिए इसी मार्ग से गुजरते हैं।

इसके अलावा जिले के लोगों को लखनऊ, रायबरेली, सुल्तानपुर समेत अन्यत्र जाने के लिए यह मार्ग सुगम है। सैनी से लेहदरी तक जिले की सीमा तक जाने वाले इस मार्ग में सड़क किनारे बड़ी संख्या में पेड़ हैं। इन पेड़ों में पीडब्ल्यूडी द्वारा रेडियम स्टीकर नहीं लगवाया गया है। प्रयागराज में महाकुम्भ का आयोजन भी 13 जनवरी से शुरू हो रहा है। ऐसे में इस मार्ग पर यातायात और बढ़ जाएगा। सड़क किनारे स्थित इन पेड़ों में रेडियम स्टीकर नहीं लगवाये जाने के चलते रात में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

सैनी से लेहदरी मार्ग के किनारे पड़ने वाले पेड़ों पर रेडियम स्टीकर नहीं लगे हैं तो इसकी जांच कराई जाएगी। जो पेड़ सड़क से सटे हुए हैं उनमें हर हाल में रेडियम स्टीकर लगवा दिया जाएगा।

**हरवंश सिंह, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी**

## ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने कंबल वितरण किया



**कनैली, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल नंदौली ग्राम सभा के ग्राम प्रधान अंजनी कुशवाहा प्रधान प्रतिनिधि संजय मौर्य ने इस जनवरी में कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीब असहाय विकलांग और विधवा औरतों व जरूरतमंद लोगों में चार सौ कंबल अपने ग्राम सभा में वितरण कर ठंड से राहत दिलाने का कार्य किया ग्राम प्रधान के इस कार्य को लोगों ने खूब सराहा और खुशी भी जाहिर की। इस मौके पर दिनेश मौर्य, छविराम मौर्य, निखिल, आशीष, सुनील, विमलेश मौर्य कंबल वितरण कार्यक्रम में ग्राम सभा के सैकड़ो लोग उपस्थित रहें।

# पिता को पीटने पर मां ने बेटे के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** पिता को पीटने पर मां ने बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के अषाढ़ा गांव की सखी देवी ने बताया कि 21 दिसम्बर को बेटे कुलदीप सरोज ने खेत में पानी लगाने के दौरान मामूली बात पर पति राम आसरे की पिटाई की थी। घटना की तहरीर तभी स्थानीय पुलिस को दी गई थी। कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता ने एसपी से शिकायत की। एसपी के निर्देश पर सोमवार को पुलिस ने आरोपी पुत्र के खिलाफकेस दर्ज कर लिया।

### ▶▶ मारपीट के मामले में क्रास केस दर्ज

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र में दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने क्रास केस दर्ज किया है। बालकमऊ निवासी सूरज पांडेय पुत्र श्री कृष्ण पांडेय ने बताया कि उसने इलाके के मधुबन तिराहे पर बिजली के सामानों की दुकान खोल रखी है। चरवा थाना के काजू गांव निवासी धर्मेंद्र शुक्ला ने अक्तूबर 2024 में उसकी दुकान से 70 हजार रुपये का सामान खरीदा था। 60 हजार रुपये दे दिया था। बाकी रकम पांच जनवरी को देने की बात कही थी। पांच जनवरी को तकादा करने पर वह नाराज हो गया। पांच साथियों के साथ आया और दुकान में घुसकर पिटाई की।

मोबाइल फोन तोड़ दिया। कोखराज इंस्पेक्टर सीबी मौर्य ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

वहीं, दूसरे पक्ष के धर्मेंद्र शुक्ला का कहना है कि विपक्षी सूरज पांडेय व उसके भाई शरन पांडेय ने अपने दो साथियों के साथ उसको पीटा है। इसकी तहरीर पर भी केस दर्ज कर लिया गया है।

## दोआबा की लाल की कप्तानी में भारत ने नेपाल को हराया




लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** दोआबा के लाल ने अपनी कप्तानी में कबड्डी में सातवें इंडो नेपाल अंतराष्ट्रीय मैच के फाइनल में नेपाल को हराकर भारत को जीत की ट्रॉफी दिलाई है। सिराथू तहसील क्षेत्र के बम्हरौली गांव का राज कौशांबी पब्लिक स्कूल विदनपुर ककोढा में इंटर का छात्र है। खाली समय में वह प्रयागराज के कमलेश विद्या मंदिर कबड्डी का खेल सीखता है। भारतीय शांति खेल महासंघ ने सातवीं इंडो नेपाल अंतराष्ट्रीय ट्राफी के लिए उसे भारत की तरफ से कबड्डी टीम का कप्तान नियुक्त किया। इसके साथ ही चायल तहसील के इमामगंज के सक्षम सिंह का भी टीम में चयन हुआ। राज ने बताया कि 29 दिसंबर से तीन जनवरी के बीच नेपाल के पोखरा में कबड्डी के मैच हुए। जिसमें फाइनल मुकाबले में भारत की टीम ने नेपाल की टीम को 30-24 के अंतर से हराते हुए ट्राफी पर कब्जा कर लिया।

## भाजपा नेता रमेश विधूडी के बयान पर भड़के कांग्रेसी, चौराहे पर फूंका पुतला



लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, (कौशाम्बी)।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के निर्देश पर छात्र संगठन एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सैफ मंसूरी के नेतृत्व में करारी चौराहे पर भाजपा नेता का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान छात्र संगठन एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ने कहा कि भाजपा नेता रमेश विधूडी के द्वारा प्रियंका गांधी पर दिए बयान का हम पुरजोर विरोध करते हैं। कांग्रेस के छात्र संगठन छैन्प् के जिला अध्यक्ष सैफ मंसूरी ने कहा कि अपने नेता प्रियंका गांधी का अपमान हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे कौशाम्बी कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता अपने नेता के सम्मान में सड़क पर उतरेगा और जब तक भाजपा के नेता रमेश विधूडी की गिरफ्तारी नहीं हो जाती है तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनजीत कुमार,सौरभ कुशवाहा,आदिल कैफ मंसूरी, आदित्य नारायण,हितेश यादव रमेश चौधरी, उस्मान अली, सफीर अहमद, महेंद्र पाण्डेय, करण पासी, संतोष अग्रहरी, विनय द्विवेदी, विनोद रैदास आदि छैन्प् कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## थाना प्रभारी ने एसडीएम से सैनी में टेम्पो टैक्सी की पार्किंग की भूमि चिन्हित कराने की मांग

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कस्बे में कोतवाली के पास ओवरब्रिज के नीचे टेम्पो टैक्सी चालकों की मनमानी के कारण आएदिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है वही टेम्पो टैक्सी चालक द्वारा आड़े तिरछे वाहन खड़ा करने से दुर्घटनाएं होती रहती है जिसके चलते थाना प्रभारी सैनी बृजेश कुमार करवरिया ने एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह को पत्र देकर बताया कि सैनी कोतवाली के सामने ओवरब्रिज के नीचे बेतरतीब ढंग से टेम्पो, टैक्सी , ई रिक्शा व अन्य वाहन खड़े रहते है जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है साथ ही जाम के कारण आवागमन बाधित होने के चलते दुर्घटना होने की आशंका रहती है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व में टेम्पो टैक्सी की पार्किंग हेतु भूमि चिन्हित भी की गई थी लेकिन उसका अनुपालन नहीं किया गया , थाना प्रभारी ने एसडीएम से ओवरब्रिज के नीचे प्रवर्तन की कार्यवाही कराते हुए टेम्पो टैक्सी की पार्किंग चिन्हित भूमि पर कराते हुए जाम की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करने की मांग की

## जुलाई माह से नही आया कोई सफाई कर्मी गांव में फैली गंदगी जिम्मेदार मौन



▶▶ ग्राम प्रधान की शिकायतों के बाद भी नही हो रही साफ सफाई

लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** करारी मंझनपुर ब्लॉक के लहना ग्राम पंचायत में भैया लाल सफाई कर्मी कई वर्षों से तैनात था जुलाई माह में उसने घरेलू कलह के चलते फांसी लगाकर जान देती उसके बाद से आज तक कोई भी सफाई कर्मी नियुक्त नहीं किया गया। एक सफाई कर्मी सारधा प्रसाद की नियुक्ति लहना ग्राम पंचायत में की गई लेकिन व सफाई कर्मचारी गांव में साफ सफाई नहीं कर रहा है जिससे गांव में नाली व सड़के बज बजा रही हैं लोगों का जीना दूभर है मामले की शिकायत ग्राम प्रधान ने कई बार जिम्मेदारों से की लेकिन उसके बाद भी कोई सफाई कर्मी ना तो नियुक्त किया जा रहा है और ना ही टीम गठित कर गांव की साफ सफाई कराई जा रही है इस मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है यदि समय रहते गांव की नाली और सड़के साफसफाई नहीं कराई गई तो मामले की शिकायत जल्द ही जिला अधिकारी से की जाएगी। ग्राम पंचायत लहना के सफाई कर्मी की एडिओ पंचायत कमलाकांत से जानकारी मांगी गई है यदि सफाई कर्मी काम नहीं कर रहा है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। - अनिल कुमार डीपी आर ओ।


## विद्यालय के हॉस्टल इंचार्ज ने कर्मचारी पर दर्ज कराया चोरी का मुकदमा

**सैनी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में स्थित एक विद्यालय के हॉस्टल इंचार्ज ने विद्यालय के एक कर्मचारी को चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया जिसके बाद इंचार्ज ने कोखराज पुलिस को तहरीर देकर कर्मचारी पर कार्यवाही की मांग की थी , पुलिस ने कर्मचारी के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।लखनऊ के गोमती नगर विनम्र खंड निवासी सौरभ कुमार सिंह पुत्र विनय कुमार सिंह ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह भरवारी कस्बे में स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल का सहायक अध्यापक व हॉस्टल इंचार्ज है । सौरभ सिंह का आरोप है कि विद्यालय में तैनात एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा रात्रि में लोहे का सामान चोरी कर जा रहा था , जिसको पकड़कर पूछताछ के बाद पता चला कि विद्यालय में पिछले दो माह से कर्मचारी द्वारा चोरी की जा रही है साथ ही गौशाला से प्रतिदिन बीस लीटर दूध चोरी कर डेयरी में बेचता था।

## सम्पादकीय

# होंडा और निसान के विलय

होंडा और निसान के विलय का फैसला विश्व कार बाजार के तेजी से बदले रूप की एक मिसाल है। बदलाव के कारण हैः कार उपभोक्ताओं के बीच ईवी की बढ़ी मांग और ईवी के बाजार में चीनी कंपनियों का छा जाना।कभी होंडा और निसान कंपनियां कार बाजार का ज्यादा हिस्सा हासिल करने के लिए एक दूसरे से होड़ करती थीं। लेकिन अब इन दोनों जापानी कंपनियों ने आपस में विलय का एलान किया है। यह असाधारण घटना है। असल में यह विश्व कार बाजार के तेजी से बदले रूप की एक मिसाल है। इस परिवर्तन के दो प्रमुख आयाम हैः कार उपभोक्ताओं के बीच इलेक्ट्रिक से चलने वाली कारों (ईवी) की तेजी से बढ़ी मांग और ईवी के बाजार में चीन की कंपनियों- खासकर बीवाईडी का छा जाना।पांच साल पहले शायद ही ये कोई सोचता था कि निम्न श्रेणी की मैनुफैक्चरिंग से आगे बढ़ते हुए चीन कार के बाजार पर भी अपना दबदबा बनने लगेगा। लेकिन आज ऐसा हो चुका है। इससे जर्मनी और जापान की कार निर्माता तमाम बड़ी कंपनियां अपने को दबाव में महसूस कर रही हैं। इन कंपनियों की महारत पेट्रोल/ डीजल/ गैस से चलने वाली कारों के निर्माण में रही है। मगर विश्व बाजार में ऐसी कारों की मांग तेजी से घटी है। ईवी के क्षेत्र में इन कंपनियों ने प्रगति की है, लेकिन कीमत के मोर्चे पर वे पिट रही हैं। चीनी कारें उनकी तुलना में इतनी सस्ती हैं कि स्वाभाविक रूप से खरीदार उनकी तरफ खिंच जाते हैं। नतीजतन, जर्मनी की कंपनी फॉक्सवागन की मुसीबत की खबरें सुर्खियों में रही हैं।यही हाल जापान और दक्षिण कोरियाई कंपनियों का है। चीन का बड़ा बाजार तेजी से उनके हाथ से निकला है। अमेरिका और यूरोप में आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी कर सरकारों ने उन कंपनियों की मदद की है, लेकिन यह काफी साबित नहीं हुआ है। विलय की रणनीति भी शायद नाकाफी ही हो। होंडा ने कहा है कि विलय का लाभ 2030 से पहले नहीं मिलेगा। लेकिन तब तक तकनीक और आगे निकल चुकी होगी। असल सवाल यह है कि मूल्य प्रतिस्पर्धा में चीनी कंपनियों को मिले लाभ का जवाब जब तक ये कंपनियां नहीं ढूंढतीं, ऐसे उपाय अपर्याप्त बने रहेंगे। अभी तो विलय प्रस्ताव को शेयर धारकों से मंजूरी दिलाने और विलय के परिणामस्वरूप श्रमिकों की छंटनी आदि जैसी बड़ी चुनौतियों से निपटना ही बाकी है।




# नक्सलवाद को समाप्त करने के साथ उन्हें बढ़ावा देने वालों पर भी हो नज़र



**अशोक भाटिया**

2 वर्ष के बाद फिर छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने दोबारा सर उठाया है। नक्सलियों द्वारा किए जाने वाले बड़े हमलों में अंतिम बार छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 26 अप्रैल, 2023 को 10 जवान मारे गए थे। इसके बाद सोमवार दोपहर नक्सलियों द्वारा किये गए अब यह दूसरा और इस साल का पहला सबसे बड़ा हमला है जिसमें बीजापुर के आईईडी ब्लास्ट में आठ जिला रिजर्व गार्ड और एक ड्राइवर की मौत हो जाने के तुरंत बाद इस संवेदनशील मामले में उच्च स्तरीय मीटिंग जारी है । मामले को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ पुलिस के डीजीपी और अन्य संबंधित फोर्स के चीफ भी सक्रीय हो गए है । अब सुरक्षाबल इसका जवाब देने की तैयारी कर रहे हैं।यह ठीक है कि केंद्र सरकार ने यह संकल्प ले रखा है कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा, लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति को सुनिश्चित करते हुए यह भी देखा जाना जरूरी है कि आखिर नक्सलियों को आधुनिक हथियार और विस्फोटक कहां से मिल रहे हैं? गत दिवस उन्होंने जिस विस्फोटक का इस्तेमाल कर डीआरजी की गाड़ी को निशाना बनाया, वह इतना शक्तिशाली था कि जवानों के चिथड़े उड़ गए और वाहन के परखच्चे उड़कर पेड़ पर जा टंगे।यदि यह मान लिया जाए कि नक्सली उगाही और वन संपदा के दोहन के जरिये पैसा जुटा लेते हैं, तो भी प्रश्न यह उठता है कि आखिर वे आधुनिक हथियार कहां से हासिल कर ले रहे हैं? यह तो सामने आता ही नहीं कि उन्हें घातक हथियारों की आपूर्ति कौन करता है? आखिर क्या कारण है कि तमाम नक्सलियों को मार गिराने और उनके गढ़ माने जाने वाले इलाकों में विकास के तमाम कार्यक्रम संचालित किए जाने के बाद भी उनकी ताकत कम होने का नाम नहीं ले रही है? नक्सली अपने खिलाफ जारी अभियान के बीच जिस तरह रह-रहकर सुरक्षा बलों को निशाना बनाने और उन्हें क्षति पहुंचाने में समर्थ हो जाते हैं, वह चिंता का कारण है। नक्सली गुटों में भर्ती होने वालों की उल्लेखनीय कमी न आने से यह भी लगता है कि आदिवासियों और अन्य ग्रामीणों के बीच उनकी पकड़ अभी इतनी ढीली नहीं पड़ी है कि उनकी जड़ें उखड़ती दिखें।

ऐसे में उनके खिलाफ सुरक्षा बलों के अभियान को और धार देने के साथ ही उन कारणों का पता लगाकर उनका निवारण करना भी जरूरी है, जिनके चलते वे लोगों का समर्थन हासिल करने में समर्थ हैं। निःसंदेह नक्सलवाद एक विषैली-विजातीय विचारधारा है, लेकिन नक्सलियों को जड़-मूल से समाप्त करने के लिए उनसे विचारधारा के स्तर पर भी लड़ा जाना आवश्यक है। इससे ही नक्सलियों और उन्हें वैचारिक खुराक देने वालों के इस झूठ का पर्दाफाश किया जा सकता है कि वे वंचितों के उन अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं, जो उनसे छीने जा रहे हैं। इस झूठ को बेनकाब करने के लिए यह भी जरूरी है कि आदिवासियों के नैसर्गिक अधिकार बाधित न होने पाएं। इससे ही उनका भरोसा हासिल किया जा सकता है और उन्हें नक्सलियों से दूर किया जा सकता है।गौरतलब है कि देश के कुछ राज्यों में नक्सलवाद की समस्या नासूर बन चुका है।खासकर छत्तीसगढ़ । छत्तीसगढ़ का बस्तर जिला प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर माना जाता है । बस्तर के लोग अपनी संस्कृति और विशेष परंपराओं के निर्वहन के लिए जाने जाते हैं।कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने खुशहाल जीवन जीने के लिए स्वयं को प्रकृति के अनुकूल बनाए रखा, अपने को संभाले रखा, लेकिन पिछले कुछ दशक पहले उनके खुशहाल जीवन को नक्सलियों की नजर लग गई, नाच-गाना बंद हो गया, मांदर की थाप मंद पड़ गई, सड़कें सूनी हो गई और स्कूल बंद होने लगे।स्थानीय हाट बाजार भी बंद हो गए, बस्तर के वनवासियों की जिंदगी धीरे-धीरे बेरंग हो गई। पिछले कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार में यहां के लोगों के बीच एक उम्मीद जगी है कि अब नक्सलवाद खत्म होगा।दरअसल, केंद्र और राज्य सरकार ने नक्सलवाद के खात्मे का संकल्प लेकर काम शुरू किया है। इससे लगने लगा कि बस्तर में अब धीरे-धीरे लोग हिंसा से मुक्ति पा रहे हैं। ये सच भी लगने लगा था क्योंकि पिछले 13 महीने की सरकार में नक्सली बैकफुट पर ही रहे। जवान नक्सलियों पर भारी पड़ते रहे।इसका जश्न भी बस्तर में देखने को मिला ,मगर नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना हरकत करते बीजापुर में आठ जवानों को धात लगाकर मार दिया। इस बीच रक्षा विशेषज्ञ मान रहे हैं कि नक्सलियों पर नियंत्रण पाना उतना सरल नहीं है, जितना कि इसके लिए लक्ष्य का निर्धारण मार्च 2026 तक आसानी से कर लिया गया है।ऐसे में सरकार को नक्सलियों को जड़ से उखाड़ने के लिए रणनीति में और बदलाव करने होंगे। इसके लिए दो रास्तों पर बराबर जोर देना होगा, या तो उनसे प्यार बातचीत का रास्ता प्रशस्त किया जाए या फिर वार से ही आर-पार की लड़ाई लड़कर निपटा जाए।विशेषज्ञों का मानना है कि नक्सलियों को मुख्य धारा में लाकर उनके लिए लागू होने जा रही पुनर्वास नीति के सफल क्रियान्वयन से नक्सलवाद को खुद हद तक समाप्त किया जा सकता है।ऐसा नहीं है कि इसके लिए पहले कभी प्रयास नहीं हुए हैं। इसके पहले भी सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद भी थोड़े-थोड़े समय पर ही नक्सली सक्रिय होकर सुरक्षा बलों को चुनौती देते रहे हैं, मगर कुछ न कुछ चूक की वजह से मिशन पूरा नहीं हो पाया है।पिछले वर्षों में भी सुरक्षाबलों, राजनेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों और ग्रामीणों की हत्या करने का रिकार्ड नक्सलियों ने बना रखा है। ऐसे में नक्सलियों से पूरी तरह से निपटना अभी भी चुनौती बना हुआ है।हालांकि इस बात से गुरेज नहीं किया जा सकता है कि प्रदेश में पिछले 13 महीने की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के नाम नक्सलवाद के खिलाफ चले अभियान में एतिहासिक उपलब्धि दर्ज हो चुकी है। इस समयावधि में विष्णु सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में उल्लेखनीय प्रगति की है।इस दौरान 221 नक्सली मारे गए हैं, 925 नक्सलियों की गिरफ्तारियां हुई हैं और 738 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। यह कह सकते हैं कि नक्सली क्षेत्र में सक्रिय 1800 से अधिक नक्सली ठिकाने लग चुके हैं। ये निस्संदेह सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी कही जा सकती है कि नक्सलियों को योजनाएं अंजाम देने से पहले ही मार गिराया गया, परन्तु अभी भी नक्सलियों के मनोबल को तोड़ने के लिए काम करने की दरकार है।बीजापुर की घटना इसकी तस्दीक कर रही है कि खूफिया तंत्र भी नक्सलियों के मूवमेंट पर सटीक जानकारी जुटाने में फेल साबित हुआ है। अभी भी प्रदेश में लगभग एक हजार नक्सलियों के सक्रिय होने की जानकारी है।खूफिया सूत्रों के अनुसार इन नक्सलियों का आत्मसमर्पण कराने, गिरफ्तार करने के बाद ही नक्सलवाद की लड़ाई जीती जा सकेगी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मार्च 2026 तक नक्सलियों का सफाया करने का लक्ष्य पूरा हो सकेगा।रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि नक्सली क्षेत्र में एक भी नक्सली नेता केंद्र और राज्य सरकार के नक्सल विरोधी मुहिम के लिए घातक हो सकता है, इसलिए हर नक्सली का खात्मा जरूरी है, ताकि नक्सलियों के संगठन को पूरी तरह से तोड़ा जा सके।बस्तर के आदिवासी युवा नक्सलियों के प्रति आकर्षित न हों, इसके लिए उतनी ही लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है जितनी की नक्सलियों से बंदूक की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। नक्सली आदिवासी समूहों को यह कहकर अपनी ओर आकर्षित करते हैं कि सरकारें उनके संसाधनों पर पूंजीपतियों को कब्जा दिलाने का प्रयास करती हैं।ऐसे में राज्य सरकार को चाहिए कि आदिवासी समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए वहां औद्योगिक इकाइयों का विस्तार करे। यहां के युवाओं को नौकरी दे ताकि वह नक्सलियों के चंगुल में न फंस सकें। हालांकि हाल में ही राज्य सरकार ने बस्तर ओलिंपिक का आयोजन करके बस्तर के आदिवासियों युवाओं को जोड़ने का काम किया है।इस आयोजन का जिक्र देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी किया था। इसके बाद से यहां के युवाओं और जवानों में नए उत्साह का संचार हुआ है। इस तरह के आयोजन इस क्षेत्र में निरंतर होते रहना चाहिए। वहीं नक्सलियों को अत्याधुनिक सूचना प्रणाली, हेलीकाप्टर आदि के जरिए उन पर नकेल कसने की कोशिश निरंतर होनी चाहिए।नक्सलियों पर पुलिसिया कार्यवाही के अलावा फंडिंग स्रोतों को भी तोड़ने की जरुरत है । फंडिंग स्रोतों के बारे में जिक्र होने पर उद्योगों से जबरन वसूली पर चर्चा होती रही है। बिहार और झारखंड में पिछले एक दशक के दौरान माओवादी संगठन के लोगों की गिरफ्तारियों के बाद यह बार बार दोहराया गया कि माओवाद प्रभावित इलाकों में जो कॉर्पोरेट बिज़नेस करते हैं, उनसे जबरन वसूली माओवादी संगठनों का बड़ा फंडिंग सोर्स रहा है। कॉर्पोरेट से भी ज्यादा अहम उद्योग माइनिंग यानी उत्खनन का रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में यह कारोबार नक्सलियों को %टैक्स% दिए बगैर नहीं चलता। यही नहीं, यहां अवैध उत्खनन में भी नक्सलियों की बड़ी दखलंदाज़ी रही है। मार्च 2010 में संसद में केंद्रीय खनन मंत्री हांडीक ने बताया था कि देश भर में 1,61,040 अवैध माइन्स थीं, जिनमें से बड़ी संख्या छत्तीसगढ़, झारखंड व ओडिशा के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में थीं। समझा जा सकता है कि नक्सलियों की ज़बरदस्त फंडिंग का राज़ क्या रहा। ताज़ा जानकारियों की बात करें तो 2018 के आखिरी महीनों में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी एनआईए ने बड़े खुलासे करते हुए बताया था कि छोटे और मझोले किस्म के नक्सली नेता अपने इलाकों के लोगों से भी जबरन वसूली करते रहे। यही नहीं, ये लोग को ऑपरेटिव सोसायटी और म्यूचुअल फंड्स में निवेश भी करते रहे। एनआईए के मुताबिक एक गिरफ्तार माओवादी के मामले में करीब 12 लाख रुपये का निवेश सहारा क्रेडिट को ऑपरेटिव सोसायटी में होना पाया गया था।

## सरोकार

# क्यों भारत को चाहिए सैकड़ों डॉ. तितियाल और दर्जनों एम्स

डॉ. आर.के. सिन्हा

अभी बीते कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियों बहुत वायरल हो रहा था , जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह तितियाल अपनी सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद अपने साथियों और रोगियों के साथ घिरे हुए हैं। उनकी आंखें नम है। दरअसल प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तितियाल नेत्र चिकित्सा में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण भाव से अपने मरीजों की देखभाल के लिए जाने जाते रहे। वे लगभग साढ़े चार दशकों तक एम्स से जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने हजारों रोगियों का इलाज किया और वे लगभग इतने ही छात्रों के गुरु भी रहे। अगर एम्स को देश का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाता है, तो उसे इस मुकाम पर लेकर जाने में डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टरों का भी अहम रोल रहा है। डॉ. तितियाल के मार्गदर्शन में कई युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने उच्च स्तर की सफलता हासिल की है।देखिए , किसी भी सफल डॉक्टर को अपने क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों को लेकर अपडेट तो होना ही चाहिए। उन्हें नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान, उपचार और तकनीकों के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए। इस लिहाज से ड़ॉ तितियाल बेजोड़ रहे। डॉ. तितियाल सही ढंग से रोग का निदान करने और उपयुक्त उपचार योजना बनाने में भी सक्षम हैं। इसमें रोगी के लक्षणों, चिकित्सा इतिहास और परीक्षण परिणामों का विश्लेषण करना शामिल है। डॉक्टर को मरीजों को उनकी बीमारी और उपचार विकल्पों को स्पष्ट और सरल तरीके से समझाने में सक्षम होना चाहिए। डॉ. तितियाल एम्स के मरीजों को ध्यान से सुनते थे और उनकी चिंताओं और सवालों को गहराई से समझते थे। उनसे मिलकर रोगी आश्वस्त महसूस करता था। वे सभी मरीजों के साथ सम्मान और गरिमा पूर्ण व्यवहार रखते थे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। डॉ. तितियाल मोतियाबिंद सर्जरी में विशेषज्ञ हैं, जिसमें फेकोइमल्सीफिकेशन और इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने कई जटिल मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की। वे कॉर्निया प्रत्यारोपण, टेरिगियम सर्जरी और अपवर्तक सर्जरी (जैसे लेसिक ) में भी कुशल हैं। उनकी विशेषज्ञता कॉर्निया से संबंधित विभिन्न बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. तितियाल ग्लूकोमा के निदान और उपचार में भी अनुभवी हैं, जिसमें दवाओं, लेजर उपचार और सर्जरी का उपयोग शामिल है। इसके अलावा, वे सामान्य नेत्र रोगों जैसे कि कंजंक्टिवाइटिस, ड्राई आई सिंड्रोम, और अन्य नेत्र संक्रमणों का इलाज करने में भी सक्षम हैं।

वे नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। उनके शोध प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं, जो उनके वैज्ञानिक योगदान को दर्शाते हैं। वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नेत्र विज्ञान सम्मेलनों में नियमित रूप से भाग लेते हैं और अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करते हैं। डॉ. तितियाल अपने मरीजों के प्रति समर्पित हैं और उनकी हर समस्या को ध्यान से सुनते हैं। वे व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने में विश्वास रखते हैं। वे मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करते रहे। वे नवीनतम तकनीकों और उपचार विधियों का उपयोग करके मरीजों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करते रहे। उम्मीद करनी चाहिए कि वे आगे भी अपनी सेवाएं देते रहेंगे। डॉ. तितियाल ने जटिल मोतियाबिंद के मामलों के प्रबंधन पर भी महत्वपूर्ण शोध किया है, जैसे कि वे मामले जिनमें पुतली सिकुड़ी हुई है या लेंस का विस्थापन हुआ है। उनके शोध ने ऐसे रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं।डॉ. तितियाल ने ग्लूकोमा के शुरुआती निदान के लिए नई तकनीकों का अध्ययन किया है। उन्होंने ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (ह्र्ष्टञ्ज) और अन्य इमेजिंग तकनीकों का उपयोग करके ग्लूकोमा से प्रभावित तंत्रिका फाइबर परत में होने वाले सूक्ष्म परिवर्तनों का अध्ययन किया है। उन्होंने ग्लूकोमा के इलाज के लिए नए चिकित्सीय तरीकों की खोज में भी योगदान दिया है। उनके शोध में विभिन्न प्रकार की दवाइयों और शल्य चिकित्सा विकल्पों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया है। उन्होंने ग्लूकोमा की प्रगति की निगरानी के लिए नए तरीकों का अध्ययन किया है।

उनके शोध से चिकित्सकों को ग्लूकोमा के रोगियों में दृष्टि हानि को रोकने में मदद मिली है। डॉ. तितियाल ने कॉर्निया प्रत्यारोपण में उपयोग की जाने वाली नवीन तकनीकों का विकास किया है। उन्होंने एंडोथेलियल केराटोप्लास्टी जैसी तकनीकों का अध्ययन किया है, जो कॉर्निया प्रत्यारोपण के बाद जटिलताओं को कम करने में मदद करती हैं।उन्होंने सूखी आंख के कारणों और उपचार पर भी शोध किया है। उनके शोध ने सूखी आंख से पीड़ित रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने कॉर्नियल संक्रमणों के प्रबंधन पर भी शोध किया है। उनके शोध ने इन संक्रमणों के लिए प्रभावी एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य उपचारों की पहचान करने में मदद की है।

डॉ. तितियाल का शोध नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रहा है। उनके शोध ने मोतियाबिंद सर्जरी को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने में मदद की है, ग्लूकोमा के शुरुआती निदान और उपचार को बेहतर बनाया है, और कॉर्नियल बीमारियों के इलाज के लिए नए विकल्प प्रदान किए हैं। उन्होंने रेटिना रोगों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. तितियाल की तरह एम्स से ना जाने कितने डॉक्टर एमबीबीएस, एमएस,एमडी वगैरह करने के बाद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर के रूप में स्थापित हुए। एम्स अपने यहां पढ़े विद्यार्थियों को लगातार शोध करने और मानवीय बने रहने के लिए प्रशिक्षित करता है। यहां के डॉक्टरों में मानव सेवा का गजब का जज्बा देखने को मिलता है। विश्व विख्यात लेखक और मोटिवेशन गुरु डॉ.दीपक चोपड़ा,शिकागो यूनिवर्सिटी के पैथोलिजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार, गंगा राम अस्पताल के मशहूर लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अरविंदर सिंह सोईन, एम्स के मौजूदा डायरेक्टर डॉ.रणदीप गुलेरिया,ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.रमेश डेका, डॉ. पी.वेणुगोपाल,डॉ. सिद्धार्थ तानचुंग, यूरोलोजिस्ट डॉ. राजीव सूद जैसे सैकड़ों चोटी के डॉक्टरों ने एम्स में ही शिक्षा ग्रहण की और फिर इधर सेवाएं भी दीं। डॉ. राजीव सूद ने कुछ सालों तक एम्स में सेवा देने के बाद राजधानी के राममनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) को ज्वाइन किया और फिर इसके डीन भी रहे। वे कहते हैं कि एम्स की तासीर में सेवा है। जो एक बार एम्स रह लिया वह फिर मानव सेवा के प्रति समर्पित रहेगा।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### कहाँ हो भगवान

तुझे ढूँढ रहा हूँ, कहाँ हो आप भगवान
तेरा पता मालूम नहीं,ढूँढा सारा जहान।
मथुरा, वृंदावन और ढूँढने गए थें काशी
राहगीर कहते हैं मुझे, बावरा बनवासी।
जीवन व्यर्थ है मेरा,आपके बिना दर्शन
मैं आपको कर दिया हूँ,खुद को अर्पण।
हे भगवान,अब पूर्ण करो मेरा विश्वास
देखो जग वाले कर रहे हैं, मेरा उपहास।
साधु कहते हैं,तुम हो सात समन्दर पार
मैं हूँ अधम अज्ञानी,कैसे आऊँ सरकार
माया रूपी महाजाल की,पैर में कड़ी है
हे राम काट दो जाल,जो पैरों में पड़ी है।
नयन ज्योत बुझने वाली है, हे भगवान
दिव्य ज्योत नहीं है,क्योंकि मैं हूँ इंसान।
मैं तो धर्म कर्म हीन हूँ, पापी कहाता हूँ
जात पात के नाम पर,मैं भेद करता हूँ।
तेरे लिए रोता हूँ मैं, तेरा बालक नादान
दर्शन दे दो अब,कहो *कहाँ हो भगवान* ।




**श्रीमती देवन्ती देवी चंद्रवंशी**
**धनबाद झारखंड**

### एहसास ए चाय

इन तारीखों में कुछ तो खास है ना,चाय पर हुई उन मुलाकातों का एहसास तुम्हारे भी पास है ना
इन तारीखों में कुछ तो खास ...
वो तुम्हारा लहराते बालों में आना
स्कूटी की चाबी गुस्से से पटकना,और मुझे लेट लतीफ बताना
वो अपने काम गिनवाना,
अपने आप को बहुत व्यस्त बताना
जल्दी में चाय मेरे हाथ पर गिराना
फिर चुन्नी से हाथ पोछना और आसू बहाना
ये एहसास अब भी तुम्हारे पास है ना
उन तारीखों में कुछ तो खास है ना
बच्चों की छुट्टी कर के आई हूं, ऐसा मुझे जताना
फिर उन बच्चों को शाम को पढ़ाना।
हर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे पर सर झुकाना, सिर्फ मेरे लिए दुआ करना
और मुस्कुराना
ऐसे कुछ पल तुम्हारे भी पास हैं ना
इन तारीखों में ....
वो सुबह जल्दी उठना,आलू के पराठे बनाना
वो अपने स्टूडेंट्स से मुझे भिजवाना
वो लड़ना झगड़ना फिर सॉरी बोलकर मुस्कुराना
उन खट्टी मिट्ठी यादों के झरोखे अब भी तुम्हारे पास है ना
उन तारीखों में कुछ तो खास है ना।



**आकाश आरसी शर्मा**
**शामली, उत्तर प्रदेश**




## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा आज आपका मन शांत रहेगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेंगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके नए दोस्त बनेंगे। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत कर रहे लोग सफल होंगे। |
| वृष | आज का दिन आपके लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए, जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। |
| मिथुन | आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को पढ़ाई में मन लगाने की जरूरत है। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा। |
| कर्क | आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दांपत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे। आज कॉम्पटीटिव परीक्षा की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स पढ़ाई व काम के बीच संतुलन बनाकर |
| सिंह | आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढ़ाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा। |
| कन्या | आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं, जीवन में आनंद बढ़ेगा। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। |
| तुला | आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। |
| वश्चिक | आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज नया काम करने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद लेंगे। रिश्ते में हो रही परेशानियों से आपको छुटकारा मिलेगा। |
| धनु | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। प्राइवेट नौकरी कर रहे कर्मचारियों की सैलरी में इंक्रीमेंट होगा। किसी अच्छे कॉलेज से जॉब का प्रपोजल आयेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए आपको शांत रहने की जरूरत है। |
| मकर | आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी। |
| कुम्भ | आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। आलस छोड़ें और अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाए। निश्चित ही आपको सुखद परिणाम मिलेंगे। राजनीतिक लोगों से मुलाकात आपकी लोकप्रियता को बढ़ाएगी। साथ ही जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। |
| मीन | आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर देर तक बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा। |

# राजस्व वसूली के कार्य में किसी भी तरह की शिथिलता क्षम्य नही होगी-जिलाधिकारी

## ▶▶ जिलाधिकारी ने राजस्व प्रशासन एवं कर-करेत्तर राजस्व संग्रह की समीक्षा की



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में राजस्व प्रशासन एवं कर-करेत्तर राजस्व संग्रह की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने खनन, आबकारी, परिवहन विभाग, स्टाम्प एवं रजिस्टेऊशन, विद्युत, मण्डी, वन विभाग, वाणिज्य कर सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान पाया गया कि वाणिज्य कर, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन व खनन विभाग के लक्ष्य की प्रगति धीमी पायी जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया प्रगति को बढ़ाये। बैठक के दौरान वन विभाग की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष ठीक नही मिली और बैठक में डीएफओ अनुपस्थित पाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने डीएफओ से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु एडीएम को निर्देशित किया। उन्होने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली के कार्य में किसी भी तरह की शिथिलता क्षम्य नही होगी, सभी जिम्मेदार अधिकारी शासन की ओर से निर्धारित लक्ष्यों को तय समय सीमा में प्राप्त करें। बैठक में वन विभाग के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पेड़ कटने की शिकायते प्राप्त हो रही है इसको गहनता से दिखवाया जाये, यदि पेड़ काटने की शिकायत मिले तो कार्यवाही की जाये। विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ओटीएस योजना का प्रचार प्रसार करें जिससे लोगों को लाभ मिल सके और सभी सरकारी कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाने की कार्यवाही की जाये। मण्डी सचिव को निर्देशित किया गया कि मण्डी में कायाकल्प की आवश्यकता है उसको दिखवा लिया जाये और पेड़-पौधे लगवाये जाये। बैठक के दौरान नगर पंचायतों के राजस्व वसूली, अतिक्रमण आदि की समीक्षा की गयी, बैठक में ईओ नगर पंचायत पट्टी अनुपस्थित पाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ नगर पंचायत पट्टी के विरूद्ध कार्यवाही हेतु एडीएम को निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि नामान्तरण, पैमाइश, वरासत के प्रकरणों को लम्बित न रहें उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये।

आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें, शिकायते डिफाल्टर श्रेणी में कदापि न जाने पाये। बैठक में जिलाधिकारी ने न्यायालय में लम्बित वादों की समीक्षा की और निर्देशित किया कि जिन न्यायालय में मानक के अनुरूप लम्बित वाद का निस्तारण नही हुआ है उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाये, न्यायालय में लम्बित वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये।

जिलाधिकारी के समक्ष जिन तहसीलों की जो भी शिकायते है उन शिकायतों का निस्तारण यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करायें। फार्मर रजिस्ट्री के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें तहसील लालगंज की प्रगति ठीक नही पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार लालगंज को स्पष्टीकरण हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भू-माफिआओं द्वारा यदि कहीं पर अतिक्रमण किया गया हो तो उन पर कार्यवाही की जाये, चारागाह की जमीनों पर हुये अतिक्रमण को हटवाकर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को स्थानान्तरित कर उस पर हरे चारे की बुवाई करायी जाये। अंश निर्धारण का प्रचार प्रसार किया जाये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत ठण्ड व शीतलहर को देखते हुये अलाव जलने वाले स्थलों का निरीक्षण करते रहे, जहां पर गरीबों एवं असहायों को कम्बल की आवश्यकता हो उन्हें उपलब्ध करायें। बैठक चकबन्दी, राजस्व विभाग के अन्य कार्य जिसमें स्वामित्व योजना, घरौनी, आडिट आपत्ति सहित अन्य कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अन्त में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि अपने-अपने कार्यो एवं दायित्वों का सम्यक निर्वहन करें, लापरवाही कदापि न बरते, अन्यथा की स्थिति में आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# सपा की बैठक में विधान सभाओं में आयोजित जन पंचायत कार्यक्रमो की हुई चर्चा



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर आज मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य एजेंडा 27 जनवरी से होने वाली जनपद की सभी विधानसभाओं में सेक्टरवार पी.डी.ए. जनपंचायत कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा करके सभी विधानसभा अध्यक्षों से सुझाव मांगे गए। साथ ही चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण में पोलिंग बूथों पर मतदाता सूची में नाम बढ़वाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी एवं कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही समाजवादी छात्र सभा व लोहिया वाहिनी संगठन का विस्तार भी किया गया।अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष भईयाराम पटेल, अनिल यादव, गुलफाम खान, जिला उपाध्यक्ष वासिक खान, राजकुमार यादव, अरूण पाल, रमेश पाठक, संदीप यादव, अश्वनी सोनी, जितेन्द्र सिंह, डॉ.रामबहादुर पटेल, अहमद अली, आरके भीम, रामधन यादव, विजय पाल, शेर बहादुर यादव, भागीरथी यादव, सांसद मीडिया प्रभारी वकार अहमद, महिमा गुप्ता उर्मिला यादव , फैजान, जीशान, जितेन्द्र पटेल, विमल सिंह यादव, अब्दुल खालिक, , प्रदीप यादव, अभिषेक यादव, सिकंदर खान, प्रमोद कुमार वर्मा, मो.अदनान, लाल बहादुर पटेल व मनीष पाल %जिलाध्यक्ष%पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

## महिला ने पड़ोसी पर लगाया छेड़खानी का आरोप

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** फतनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह मंगलवार को सुबह लगभग 9 बजे दुकान पर सामान लेने गई थी इसी बीच पड़ोसी ने उसके दरवाजे पर आकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगा और विरोध करने पर कपड़े फाड़ डालें। पीड़िता ने मामले की शिकायत फतनपुर पुलिस से की है। इस संबंध में एसओ फतनपुर राकेश कुमार राय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी छेड़छाड़ की बात गलत है।

# एनटी ने शिकायतकर्ता को ही अपने आवास से धक्का देकर भगाया

### ▶▶ बंजर जमीन के अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ किया था शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** अपनी शिकायत के संबंध में जानकारी करने गए, शिकायतकर्ता को ही नायब तहसीलदार ने अपने आवास से धक्का देकर भगा दिया। हथिगवां थाना क्षेत्र व कुंडा ब्लॉक के सरैया प्रवेशपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश पांडेय ने गत माह संपूर्ण समाधान दिवस में जिला अधिकारी को शिकायती पत्र दिया था। शिकायत पत्र में आरोप लगाया था कि हमारी ग्रामसभा में बंजर जमीन पर कई लोगों ने अवैध रूप से कब्जा किया है। जिसमें गांव के एक फर्जी लेखपाल की संदिग्ध भूमिका है। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार अजय सिंह को जांच सौंपी थी। जांच अधिकारी ने क्षेत्रीय लेखपाल हरिश्चंद्र से रिपोर्ट तलब की। उसी के संबंध में लेखपाल से मिलकर शिकायतकर्ता जानकारी चाहता था। लेखपाल ने शिकायतकर्ता को बताया कि जांच करके पत्रावली नायब तहसीलदार को भेज दी गई है। नायब तहसीलदार से उनके आवास पर मिलने गए शिकायतकर्ता दिनेश पांडेय को धक्के देकर भगा दिया। पीड़ित शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी संजीव रंजन को अपने साथ हुई दुर्व्यवहार की जानकारी देकर विधिक करवाई की मांग की है।

इस संबंध में उप जिलाधिकारी तथा तहसीलदार से जानकारी के लिए टेलिफोनिक वार्ता का प्रयास किया गया, परंतु दोनों अधिकारियों का फोन रिसीव नहीं हुआ।

# दिव्यांग छात्रों की खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समेकित शिक्षा के अंतर्गत आज मंगलवार को खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के प्रांगण में आयोजित की गई। इसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

इस दौरान प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने 50मीटर दौड़, कुर्सी दौड़ रस्सा कसी,ट्राई साइकिल दौड़ में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायन वादन तथा नृत्य में प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसमें छात्र छात्राओं ने कठिन स्पर्धा करते हुए प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सह जिला



विद्यालय निरीक्षक आर पी सरोज तथा संयोजन प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज कुलश्रेष्ठ तिवारी एवं संचालन संतोष कुमार मिश्रा प्रवक्ता ने किया। इस अवसर पर रंजन प्रताप ,बृजेश कुमार मिश्रा ,अशोक कुमार मौर्य, गंगासागर उपाध्यक्ष, संदीप त्रिपाठी, रमाकांत, प्रियंका तिवारी,अजय कुमार ,माला सिंह ,लक्ष्मीकांत, रामविलास कनौजिया, गयासुद्दीन ,नुसरत अली, आदि सभी अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आर पी सरोज सह जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह दिव्यांग बच्चे दृढ़ इच्छा शक्ति वाले है, निश्चित रूप से यह अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

## शारदा सहायक की लघु सिंचाई नहर टूटने से खेती जलमग्न, किसान चिंतित

**पट्टी प्रतापगढ़।** बीरापुर क्षेत्र अंतर्गत नाहरपुर धनऊपुर, जगदीशपुर ,बीरापुर के तमाम किसानों की खेती नहर के टूटने से फसल पूर्ण रूप जलामग्न हो गई।क्षेत्र के किसानों के अनुसार हाल में ही नहर की सफाई कराई गई थी। कुछ जगहों पर सफाई करते समय लापरवाही के कारण नहर की दोनों पटरिया को मजबूत नहीं किया गया। जिसके कारण नहर में पानी आते ही नहर की पटरी तोड़ते हुए करीब 30 से 35 बीघा खेती की फसल जलमग्न हो गई।जलमग्न खेती के किसानों ने नहर विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को जिम्मेदार बताते हुए भरपाई कराए जाने की मांग भी किया है।जलमग्न खेती काश्तकार अमरनाथ यादव सोमनाथ कालूराम सरोज विनोद सरोज ललित पांडे रामखेलावन राजबहादुर इंदल गुप्ता बद्री प्रसाद सरोज कृष्ण कुमार सरोज की फसलें नष्ट हो गई।

# पति की प्रताड़ना से तंग महिला ने एसपी से की शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

**पट्टी प्रतापगढ़।** पति की प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। दिए गए शिकायती पत्र में पति वा उसके बड़े भाई पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के खंगाल रामपुर गांव निवासी रंजीता पाठक ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी शादी वर्ष 2009 में जौनपुर जनपद के महाराजगंज थाना अंतर्गत बिझवट गांव निवासी रविंद्र पाठक के साथ संपन्न हुई थी। उसे दो बच्चे हैं। बीते 3 वर्ष से उसका पति नशे का आदी हो गया। उसे प्रताड़ित करने के साथ ही पैसे की मांग करता है। आरोप है कि बीते रविवार की रात करीब 11 बजे पति शराब के नशे में धुत होकर घर आया। वह गाली देने के साथ ही उसे घर से बाहर कुछ दूर पर खाना लाने के लिए कहा। वहां उसका बड़ा भाई और अन्य लोग मौजूद थे। उसने अपनी इज्जत की दुहाई दी और वहां जाने से इनकार कर दिया। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर पति ने अपने बड़े भाई के साथ मिलकर मारपीट करके घर से भगा दिया। पीड़ित महिला अपने मायके रामपुर खंगाल आई। जहां मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी पति व उसके भाई के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने पट्टी थाने को मामले की जांच करके कार्रवाई का निर्देश दिया। एसपी के आदेश पर पट्टी पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल सीएससी पट्टी में कराया है और अन्य कार्यवाहियों में लगी हुई है।

## अहंकार ही होता है विनाश का मूल कारण - आचार्य करुणेश जी महाराज



**लीलापुर प्रतापगढ़।** जब जब धर्म की हानि हुई, पाप व अधर्म अहंकार बढ़ा, तब तब अधर्म पाप व पापाचारियों का विनाश करने के लिए नारायण ने इस धरा पर अवतरित होकर पाप व पापाचारियों का अन्त किया। उक्त बातें चंद्रिका धाम में चल रही संगीतमयी शतचंडी महायज्ञ एवं हनुमत कथा के सातवें दिन कथा ब्यास आचार्य करुणेश जी महाराज ने कही । आगे श्री महाराज जी ने बताया कि जहां पर संतो का अपमान होता है, वहां पर विपदा अवश्य आती है। कथा विस्तार करते हुए व्यास जी ने बताया कि विभीषण ने रावण को समझाने का बहुत प्रयास किया परन्तु रावण ने विभीषण को लात मारकर लंका से निकाल दिया। इस मौके पर डाक्टर राकेश सिंह , पूर्व प्रधान राम सिंह,वद्री प्रसाद तिवारी , धर्मेन्द्र तिवारी,ललित पाल , अभिमन्यु सिंह,राजनरायन पाण्डेय, अनुज ओझा अरविन्द,संजय पांडे, धर्मेन्द्र पाण्डेय, पीयूष कृष्ण शास्त्री, राजेश पाण्डेय, कमलेश सिंह,गोविन्द सिंह, बृजेन्द्र सिंह बबलू , अनुज ओझा, विमलेश मिश्र , सुनील पांडेय आदि भक्तों ने अमृत कथा का रसपान किया। आयोजन समिति ने बताया कि 8 जानवरी बुधवार को विशाल भण्डारा आयोजित होगा।

## मकर संक्रांति तक 10 बजे खुलेंगे नौ से 12 तक के स्कूल

**प्रयागराज।** प्रदेश में अत्यधिक ठंड और शीतलहर के कारण मकर संक्रांति पर्व तक सभी बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नौ से 12 तक का समय सुबह 9=30 से दोपहर 3=30 बजे के स्थान पर सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को उक्त निर्देश का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा है। गौरतलब है कि जिलाधिकारी के आदेश पर कक्षा एक से आठ तक के स्कूल गुरुवार तक पहले से बंद हैं।

# वक्फ की जमीन का दावा करने वाले मौलाना की मानसिक स्थिति ठीक नहीं- मुखिया महंत दुर्गादास

### अखिल भारतीय अखाडा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुखिया महंत दुर्गादास ने कुम्भ मेला क्षेत्र मे वक्फ बोर्ड की भूमि बताने वाले मौलाना को चेताया

### ➪बढ़ता जा रहा मेला की जमीन को वक्फ की बताने पर संतों में आक्रोश

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** महाकुम्भ मेला क्षेत्र मे वक्फ बोर्ड की भूमि बताने वाले मौलाना कों अखिल भारतीय अखाडा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुखिया महंत दुर्गादास ने कहा की मौलाना जिस 55 बीघा जमीन को लेकर दावा कर रहे हैं वह जमीन ना कभी उनकी थी और ना होगी। क्योंकि आदि अनादि काल से महाकुंभ मेला उक्त भूमि पर लगता चला आ रहा है और आज मौलाना जमीन पर अपना हक जाता रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर मौलाना के पास उस भूमि के दस्तावेज हैं जो प्रमाणित कर सके की भूमि वक्फ बोर्ड की हैं तो हम भी मान लेंगे की भूमि वक्फ बोर्ड की हैं। उन्होंने कहा कि बिना किसी दस्तावेज़ के या बिना किसी प्रमाण के इस तरह की बातें करना उन्हें शोभा नहीं देता है।

उन्होंने कहा कि मौलाना को किसी भी



तरह का बयान देने से पहले इन विषयों पर अच्छे से विचार कर लेना चाहिए नहीं तो उनके लिए सही नहीं होगा। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद माहौल को खराब करने वालों और ऐसी ओछी राजनीति करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेले कों 20 सेक्टरो में विभाजित किया गया है। जिनमे सुरक्षा व्यवस्थाओं को चाकचौबंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 13 अखाड़े के पास सबसे बड़ी फौज सनातन धर्म के नागा संन्यासियों की है जो सनातन की रक्षा के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि मौलाना का दिमाग सही काम नहीं कर रहा है उनकी मानसिक स्थिति सही तरह से काम नहीं कर रही है। उन्हें अपना इलाज कराना चाहिए नहीं तो हमारे 13 अखाडो में बड़े-बड़े संत महापुरुष मौजूद हैं जो उनका दिमाग सही कर देंगे।अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कुंभ मेला क्षेत्र और उसकी भूमि झूसी से दारागंज तक फैली है और मौलाना कहते हैं कि यह भूमि वक्फ बोर्ड की है। उन्होंने कहा कि मौलाना अपनी राजनीति कर अपने आप कों चमकाने के साथ मुस्लिम समाज के नेता बनना चाहते हैं, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री महंत दुर्गादास ने चेताते हुए कहा कि वो राजनीति न करें। हम साधु संत हैं हम तपोनिष्ट और धर्मनिष्ट हैं। इसलिए हम उनसे कहना चाहते हैं कि हमसे राजनीति न करें और कोई काम ऐसा ना करें जिससे विवाद की स्थिति पैदा हो और माहौल खराब हो ऐसा कोई प्रयास न करें ऐसा करने से कहीं ऐसा ना हो की कुंभ स्नान की जगह कोई दूसरा कुंभ हो जाए। क्योंकि संत शास्त्र और शस्त्र दोनों का ज्ञान भली-भांति जानते हैं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अखिल भारतीय अखाडा परिषद के13अखाड़ों के संत महापुरुषों के साथ महाकुम्भ कों दिव्य और भव्यता के साथ सम्पन्न कराएँगे।

उन्होंने कहा की महाकुंभ मेला हमारी भारतीय संस्कृति की अद्भुत पहचान है और सभी संत महापुरुषों के आशीर्वाद से यह महा कुंभ मेला सहकुशल संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि कुछ तथा कथित राजनेता अपनी ओछी राजनीति चमकाने के लिए महाकुंभ मेले में संत महापुरुषों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। या तो वह अपनी भाषा शैली पर संयम बरतें नहीं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के लिए हम स्वतंत्र हैं, और जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। महाकुंभ मेला करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र और पर्व भी है। ऐसे समय में इस तरह के आलोचनात्मक बयान देकर माहौल को खराब करने का प्रयास ना करें। क्योंकि साधु संत इस तरह के बयान बाजी को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस अवसर पर अखाड़े के सचिव श्री महंत राम रतन गिरी,आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी , मुखिया महंत दुर्गादास जी , महंत दिनेश गिरी, श्री महंत राधे गिरी, महंत राजगीरी, महंत ओमकार गिरी, महामंडलेश्वर साध्वी विशिष्वरानंद गिरी, स्वामी आदियोगी, महंत प्रकाशानंद आदि के साथ अनेक संत महापुरुष मौजूद रहे।

## सराय अकिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान का लगेगा शिविर

**सराय अकिल (कौशांबी)।** सराय अकिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। बता दे सराय अकिल कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जो 8 जनवरी बुधवार को सुबह 11=00 बजे से दोपहर 3=00 बजे तक आयोजित होगा इस शिविर के मुख्य अतिथि कौशांबी के जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी होंगे। उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजय कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे सीएचसी सराय अकिल के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। ब्लड स्टोरेज सुविधा से युक्त सीएचसी में यह कैंप जिले में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है डॉ. तिवारी ने आम नागरिकों से इस शिविर में भाग लेने और रक्तदान करके समाजसेवा में योगदान देने की अपील की शिविर में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे आइए, रक्तदान करें और जीवन बचाने में योगदान दें

# बसपा जिलाध्यक्ष और उनके पुत्र पर मुकदमा हुआ दर्ज

**प्रयागराज।** विगत जुलाई माह से सतत थाने से लेकर पुलिस आयुक्त प्रयागराज के यहां प्रार्थना पत्र दे देकर थक चुका पीड़ित गुलाब चन्द्र धैर्य जब मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने की सूचना खुफिया विभाग को दी तो पुलिस प्रशासन हरकत में आया और पीड़ित गुलाब चन्द्र धैर्य को रात्रि 04 बजे लखनऊ जाने से मना कर मंगलवार को थाना सिविल लाइन बुलाया। जहां बसपा जिलाध्यक्ष त्रिभुवन नाथ जैसल, उनके पुत्र अभिषेक जैसल और शैलेन्द्र मिश्र के विरुद्ध मुकदमा संख्या 012 सन 2025 अन्तर्गत धारा 316 (2) विश्वासघात और 351(2) जान से मारने की धमकी का मुकदमा सिविल लाइन थाने में पंजीकृत किया गया। बता दें कि थाना मेजा के अन्तर्गत आने वाली ग्रामसभा दिघिया निवासी अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाला पीड़ित गुलाब चन्द्र धैर्य का वर्तमान बसपा जिलाध्यक्ष टीएन जैसल पर आरोप था कि वो अपने निजी उपयोग हेतु एक गाड़ी खरीदना चाहता था। जिसके लिए वह त्रिभुवन नाथ जैसल जो वर्तमान में बसपा के जिलाध्यक्ष है, पुरानी गाड़ियां खरीदने व बेचने और फाइनेंस कराने का काम करते है से मिला। त्रिभुवन नाथ जैसल ने गुलाब धैर्य को सिविल लाईन थाना अन्तर्गत स्थित अदानी पेट्रोल पम्प के सामने स्थित तुलसियानी ऑफिस बुलाया और काले रंग की एक फॉर्च्यूनर यूपी 65 बी डब्ल्यू 5454 गाड़ी दिखाई और गाड़ी के लिए 13, 20000/- तेरह लाख बीस हजार की कीमत तय हुई। दिनांक 09.05.2024 से 16 .05.2024 के बीच गुलाब धैर्य ने बसपा जिलाध्यक्ष टीएन जैसल की बातों पर विश्वास कर 124000/- एक लाख चौबीस हजार यूपीआई के माध्यम से शैलेंद्र मिश्रा मोबाइल नंबर 6394 59 2266 के खाते में ट्रांसफर कर दिया और रुपया 500000/- पांच लाख नगद त्रिभुवन नाथ जैसल को दे दिये। शेष राशि गाड़ी फाइनेंस करने के बाद गाड़ी सुपुर्द करने के समय देने की बात तय हुई। दिनांक 01.07.2024 को त्रिभुवन नाथ जैसल ने गुलाब धैर्य को प्रयागराज बुलाया और बताया कि पार्टी उपलब्ध नहीं है। जब 10.07.2024 को गुलाब धैर्य को ज्ञात हुआ कि त्रिभुवन नाथ जैसल फ्राड करके गाड़ी अपने पुत्र अभिषेक जैसल के नाम ट्रांसफर करा ली है तो गुलाब धैर्य जैसल को तुलसियानी ऑफिस बुलाकर अपनी ठगी के बारे में बात की तो जैसल ने स्वीकार किया और गुलाब धैर्य को कुल 6 24 000/- छ लाख चौबीस हजार रुपया जो लिया है उसे 15 दिनों के भीतर लौटाने का वादा किया। गुलाब धैर्य का आरोप है कि बसपा जिलाध्यक्ष टीएन जैसल काले रंग की जिस फार्च्यूनर से चलते है वो उनके नाम से फाइनेंस हुआ और जैसल ठगी और फ्राड करके अपने पुत्र अभिषेक के नाम ट्रान्सफर करा लिया

## गंगा नदी में अधेड़ की लाश मिलने से हडकंप

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के लीलापुर गंगा नदी में एक अधेड़ की लाश मिलने से क्षेत्र में हडकंप मच गया। परिजनों का कहना हैं कि मृतक कल शाम से ही घर से निकला था। सरायइनायत थाना क्षेत्र के दक्षिणी कोटवा निवासी चन्द्रभान सिंह उम्र 48 वर्ष पुत्र स्व0 लाल प्रताप सिंह कल शाम को अपने घर से निकला आज उसकी लाश लीलापुर गंगा नदी में उतरती मिली। मौके पर पहुंची सरायइनायत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक नशे का आदी था कुछ साल पूर्व उसकी पत्नी की मौत हो चुकी हैं। सोमवार की शाम वह अपने घर से निकला हैं जिसकी लाश आज गंगा में उतरती मिली हैं। मृत्यु के सम्बन्ध में परिजनों ने किसी से दुश्मनी नहीं बता रहे हैं, पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु का कारण पता चल सकता हैं क्योंकि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं हैं।

# कन्तित उर्स मेले में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के प्लान आफ एक्शन के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में कंतित शरीफ उर्स मेला में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव विनय आर्या ने शिविर का उद्घाटन किया तथा मुख्य अतिथि का स्वागत हाजी अमानुल्लाह अन्सारी वरिष्ठ अधिवक्ता / मध्यस्थ ने बैच से अलंकृत कर स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम भेंट कर किया।

मुख्य अतिथि ने शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि कंतित शरीफ हजरत ख्वाजा इस्माईल चिस्ती साहब की मजार गंगा जमुनी तहजीब का सन्देश देती है। उन्होंने आगे कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है यह बात सूफी सन्त भी कहते हैं और न्याय पालिका भी इस बात को मानती है। हमे इनका सम्मान और हिफाजत करना चाहिए। उन्होने न्याय एवं मुकदमों के अम्बार पर प्रकाश डालते



हुए कहा कि मुकदमों के अम्बार को कम करने के लिए मध्यस्थता को अपनाना होगा। सुलह-समझौता के आधार पर मुकदमों का त्वरित निस्तारण कराने से किसी भी पक्षकार की हार जीत नहीं होती है बल्कि पक्षकारों की जीत ही जीत होती है और न्यायालयों में लम्बित मुकदमों का बोझ कम होने में सहायता मिलती है। उन्होंने बताया कि माह मार्च में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। वादकारी चेक बाउन्स, बटवारा, विद्युत अधिनियम, शमनीय दाण्डिक वादों के मुकदमों का निस्तारण कराने के लिए न्यायालयों में पंजीकृत करा सकते है। यह भी बताया कि असहाय गरीब जनता जिनकी आय 3 लाख रूपये से कम हो उनके मुकदमें में पैरवी करने के लिए निःशुल्क सरकारी अधिवक्ता उपलब्ध है और प्री-लिटिगेशन मामलों के निस्तारण की सम्पूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से बताये साथ ही जागो ग्राहक जागों उपभोक्ता फोरम, स्थायी लोक अदालत के कार्यप्रणाली एवं प्रक्रिया को विस्तार से समझाये। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जी लाल ने उपस्थित जनों को बताया कि स्वच्छ भारत की परिकल्पना को बनाये रखने के लिए संकल्प लिया गया है कि ख्वाजा साहब के मजार के साथ-साथ पूरे शहर गली व नगर और कालोनियों को स्वच्छ बनाया जायेगा। इस स्वच्छ अभियान में हम सबको एक साथ मिल कर आगे बढ़ना है।

शिविर में कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डाक्टर व स्टाफ जागरूकता शिविर में वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश कुमार त्रिपाठी, विमला शंकर दूबे, महबूब आलम, मध्यस्थ विनोद कुमार सिंह, विष्णु सिंह, संजय कुमार यादव, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, मो. आजम, मो. एख्लाख अहमद, आजाद आलम आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।

शिविर में वरिष्ठ सहायक दीपक श्रीवास्तव, रंजीत कुमार, पी.एल.वी. जे.पी.सरोज, कल्पना यादव, रेखा कुमारी, कुसूम गुप्ता, प्रीति सिंह, ओम प्रकाश कसेरा, कृष्णकुमार, अमरेन्द्र सिंह आदि ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## बाल कृष्ण त्रिपाठी अब नए मंडलायुक्त



**मीरजापुर।** उ.प्र.शासन ने विन्ध्याचल मंडल के आयुक्त डा. मुथुकुमार स्वामी बी. का स्थानांतरण शासन में सचिव पद पर कर इस पद पर चित्रकूट धाम के आयुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी की तैनाती की है। नई तैनाती का स्वागत करते हुए अधिवक्ताओं ने शासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है और नए आयुक्त से अपेक्षा की है कि मण्डल की हर सार्थक गतिविधि को गति प्रदान करेंगे। अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव ने कहा है कि यह अधिवक्ताओं की नैतिक विजय है कि निवर्तमान मंडलायुक्त के मनमाने रवैये के कारण महीनों से उनके न्यायालय का बहिष्कार चल रहा था। वादकारी परेशान थे, देर से ही सही किन्तु अब जाकर गतिरोध समाप्त हुआ।

# भाजपा ने प्रारम्भ किया संविधान गौरव अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** भाजपा जिला कार्यालय के सभागार में संविधान गौरव अभियान की जिला कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी श्रीमती सरोज कुशवाहा ने कहा कि भारत के संविधान को निर्मित हुए 75 वर्ष हो रहे हैं। इस अवसर पर संविधान के महत्वपूर्ण गौरव अभियान को एक उत्सव के रूप में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाया जा रहा है ।

अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन ङ्क जन तक लेकर जाना है । संविधान महोत्सव के इस अभियान के द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को याद करके उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करना है । उन्होंने भाजपा अनुसूचित मोर्चा, युवा मोर्चा और महिला मोर्चा का आह्वान करते हुए कहा कि संवैधानिक मूल्यों, भाजपा की उपलब्धियों और बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की विरासत का सम्मान करने की प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति समूह के प्रबुद्धजन एवं




विशिष्ट जन की सूची तैयार करते हुए सभी जिला केंद्रों में हमारा संविधान ङ्क हमारा स्वाभिमान पर गोष्ठियों तथा स्कूल, कॉलेज इत्यादि शैक्षणिक संस्थानों में उक्त विषय पर क्विज, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा तथा अनुसूचित जाति छात्रावासों एवं कॉलेज संपर्क के माध्यम से युवाओं में भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के योगदान और भाजपा की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को प्रचारित किया जायेगा । बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ता 25 जनवरी को सामूहिक रूप से आमजन के साथ एकत्रित होकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना एवं नीति निर्देशक तत्व को पढ़ेंगे व इस पर चर्चा करेंगे। उक्त कार्यशाला की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी ने किया तथा आभार जिला उपाध्यक्ष एवं अभियान संयोजक अमित कुमार पाण्डेय ने किया।

उक्त अवसर पर विधायक नगर रत्नाकर मिश्रा, चेयरमैन डीसीएफ विजय कुमार वर्मा, जिला महामंत्री दिनेश वर्मा, पूर्व महामंत्री भाजपा महेन्द्र प्रताप सिंह, अभियान सह संयोजक राजेश कुमार, आभा पटेल, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा रामकुमार विश्वकर्मा, प्रिंस अहमद, प्रणेश प्रताप सिंह, ज्ञान प्रकाश दूबे, सुनीता शर्मा, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, बीना सिंह, विरेन्द्र कुमार मौर्य, दीपक वर्मा, मुजम्मिल अहमद, शनि सिंह के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला चुनाव अधिकारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल की देखरेख में आज जिलाध्यक्ष पद के लिए होगा नामांकन

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** -भारतीय जनता पार्टी में जिलाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए बुधवार को नामाकंन दाखिल किए जाएंगे। पार्टी के जिला चुनाव अधिकारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल की मौजूदगी में होने वाली चुनाव प्रक्रिया में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक नामांकन लिए जाएंगे।जिले में भारतीय जनता पार्टी के आठ मंडलों पर मंडल अध्यक्ष पद की घोषणा के बाद जिलाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरु होने जा रही है। यहां चुनाव संपन्न कराने के लिए पार्टी ने बनारस के पूर्व महापौर कौशलेन्द्र सिंह पटेल को चुनाव अधिकारी बनाया है, जो अखिल भारतीय



विद्यार्थी परिषद में काम करने के बाद भाजपा में आए है। साथ ही जिले में मंडल अध्यक्षों में जातिगत समीकरणों को साधते हुए पार्टी के मूल कार्यकर्ताओं को अवसर देकर उन्होंने साफ कर दिया है कि संगठन में निष्ठावान लोगों को ही महत्व मिलेगा। नामांकन के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार जिला मुख्यालय स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में प्रातः 10 से 12 बजे तक नामांकन होगा। इसके बाद एक बजे तक नाम वापसी और शेष बचे प्रत्याशियों के नामांकन की जांच दो बजे तक होगी। शाम पांच बजे तक पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से संगठन चुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष पद के दावेदारों ने अपने खेमें में कार्यकर्ताओं को लाने के लिए अच्छी खासी तैयारी की है। खासतौर से हाल ही में मंडल अध्यक्षों के साथ बनाए गए जिला प्रतिनिधियों पर भी जिलाध्यक्ष पद के दावेदारों ने अपना समर्थन मांगा है।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में सगे भाईयों समेत चार को सजा

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - गैर इरादतन हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी पिता-पुत्र समेत चार लोगों को सात-सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 11,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।सहायक शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती 17 मार्च 2014 को रामभवन यादव ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने बताया था कि शराब के नशे में उसके गांव गोंडा मजरा नंदू के पुरवा निवासी चिड़िया उर्फ रामगोपाल यादव ने अपने भाई बाबूलाल यादव व बेटे सुरेश कुमार और दल्ले उर्फ प्रभूराम के साथ मिलकर उसके पिता गया प्रसाद, चाचा रामप्यारे व चचेरे भाई जगदीश पर हमला कर दिया था। जिसमें इलाज के दौरान उसके चाचा रामप्यारे की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को अपर जिला जज प्रथम अनुराग कुरील ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी चिड़िया उर्फ रामगोपाल यादव, बाबूलाल यादव, सुरेश कुमार व दल्ले उर्फ प्रभूराम को सात-सात के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक आरोपी को 11,500 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया।

# न्यायालय ने सुनाई चोरी के आरोपी का सजा

**मानिकपुर, चित्रकूट-** चोरी के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को आठ दिन के कारावास और 3,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।एपीओ सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि मानिकपुर जीआरपी थाने में प्रयागराज जिले के बारा थाने के लोहगरा गांव के जज्जी का पुरवा निवासी सलमान नाथ के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज था। जिसके पास से चोरी का माल भी बरामद हुआ था। मानिकपुर जीआरपी टीम ने इस मामले में प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय में समय से गवाहों को पेश कराया था। साथ ही आरोपी ने इस मामले में जुर्म स्वीकार कर लिया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद मानिकपुर ग्राम न्यायालय की न्यायाधिकारी खुशबू चन्द्र ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी को सलमान नाथ को जेल में बिताई गई अवधि के साथ आठ दिन के कारावास और 3500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# पंचमुखी हनुमान की अष्टधातु की प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**राजापुर, चित्रकूट-** महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर के तुलसी स्मारक में चल रही श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन मंगलवार को सब्जी मंडी स्थित शिवालय में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ पंचमुखी हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापना की गई है।मंगलवार को सब्जी मंडी स्थित शिवालय में विद्वानों ने संकट मोचन हनुमान की पंचमुखी प्रतिमा को अभिमंत्रित करते हुए स्थापना कराई। मंदिर के पुजारी ने बताया कि तुलसी जन्मभूमि में अष्टधातु की प्रतिमा इसके पूर्व मंदिरों में नहीं देखी गई। पंचमुखी हनुमान प्रतिमा की स्थापना के बाद दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। भागवत कथा वाचक प्रकाश चैतन्य महराज ने कहा कि श्रीरामभक्त हनुमान को साहस और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। पंचमुखी हनुमान सभी दिशाओं में सुरक्षा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। माना जाता है कि पांचमुखी हनुमान की पूजा करने से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और घर में सुख शांति बनी रहती है। इस दौरान तुलसी स्मारक प्रांगण में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

जिसमें क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर समाजसेवी प्रमोद द्विवेदी, देवी दयाल, मंदिर के प्रबंधक संतोष रूपौलिहा, मनोज द्विवेदी, मधुरेंद्र प्रताप सिंह, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, रामप्रसाद शुक्ला, वीरेन्द्र पाण्डेय, कुलदीप मिश्रा, रामचिन्तन द्विवेदी, रामजी द्विवेदी, सुनील तिवारी, शिवबाबू द्विवेदी, राजकुमार प्रजापति, बच्चा द्विवेदी, मोनू मिश्रा, घनश्याम सोनी, मोनू मिश्रा, हर्ष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# तगादा करने को लेकर दुकानदार और ग्राहक में हुई मारपीट

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के करारी रोड में दुकानदार ने बेचे गए सामान के पैसे मांगने पर ग्राहक से मारपीट हो गई, वही दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर के वॉर्ड तीन गौतम बुद्ध नगर के बालकमऊ निवासी सूरज पांडेय पुत्र कृष्ण पांडेय ने बताया कि उसने भरवारी कस्बे के करारी रोड में मधुबन तिराहे पर इलेक्ट्रानिक की दुकान खोल रखी है। चरवा थाना के काजू गांव निवासी धर्मेंद्र शुक्ला ने अक्तूबर 2024 में उसकी दुकान से 70 हजार रुपये का सामान खरीदा था। 60 हजार रुपये दे दिया था। बाकी रकम पांच जनवरी को देने की बात कही थी। पांच जनवरी को तकादा करने पर वह नाराज हो गया। पांच साथियों के साथ आया और दुकान में घुसकर पिटाई की। मोबाइल फोन तोड़ दिया। वहीं दूसरे पक्ष के धर्मेंद्र शुक्ला का कहना है कि विपक्षी सूरज पांडेय व उसके भाई शरन पांडेय ने अपने दो साथियों के साथ उसको पीटा है। उसने मारपीट की लिखित तहरीर पुलिस को दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी कोखराज चंद्रभूषण मौर्य ने बताया कि पीड़ित की एक पक्ष की तहरीर पर एक नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वहीं, दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी केस दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्यवाही की जा रही।

# ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स के मौके पर लंगर का हुआ आयोजन



**कड़ा, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के देवीगंज कस्बे में मंगलवार को ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स के अवसर पर लंगर का आयोजन किया गया।उर्दू चांद के रजब महीने में राजस्थान के अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स का आयोजन होता है। उन्हें मानने वाले उनकी याद में अकीदत व एहतेराम के साथ लंगर का आयोजन करते हैं।इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मोमिन अंसारी की अगुवाई में राहगीरों को गरमागरम काफी का वितरण कर मुल्क में अमन चौन की दुआ मांगी गई।इस मौके पर हसनैन अंसारी, जिया उल्ला, मूलचन्द्र विश्वकर्मा, रामप्रसाद निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत राम वनगमन मार्ग के चल रहे निर्माण कार्य के सबंध कार्यदाई संस्थाओं एवं संबंधित अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत राम वनगमन मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से संबंधित चल रहे निर्माण कार्य के सम्बन्ध में शासकीय विभागों के कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता, एन0एच0आई0 को निर्देशित किया कि राम वनगमन मार्ग में जहॉ-जहॉ पर भी डायवर्जन किया गया है, वहॉ पर रिफ्लेक्टरध्साइनेज,सकेंतक बोर्ड अवश्य लगवाये जायें। उन्होंने कहा कि रोड सेफ्टी एक्शन प्लॉन तैयार किये जाने के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।

उन्होंने कहा कि रामवनगमन मार्ग में जहॉ-जहॉ पर मलवा पडा है, उसको हटाया जाय एवं जहॉ-जहॉ वाहनों के चलने पर धूल उड़ रही है, वहॉ पर पानी का छिडकाव कराए, जिसेसे श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या ना हो है। उन्होने कहा है कि निर्माण कार्य में जो भी वाहन लगाए गए हैं ,

उन वाहनों पर कोहरे के दृष्टिगत रेडियम एवं रिफ्लेक्टर्स अवश्य लगवायें जाय, जिससे सामने से आने वाले लोगों को उसके बारे में पता चल सकें एवं होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री प्रबुद्ध सिंह,अधिशाषी अभियन्ता, रामवनगमन मार्ग, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पैनकार्ड में पिता का नाम लिपिकीय त्रुटि से बीर बहादुर सिंह अंकित हो गया है जबकि मेरे पिता का सही नाम राम बहादुर सिंह है। मुझको रंजना सिंह पुत्री राम बहादुर सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाये।

रंजना सिंह
पुत्री राम बहादुर सिंह
निवासिनी ग्राम भुवालपुर किला
कटरा मेदनीगंज
थाना कोतवाली देहात पर0तह0
सदर जिला प्रतापगढ़

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 517/2016
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन चन्द्र प्रकाश बनाम श्रीमती सुधा
बनाम .
श्रीमती सुधा पत्नी चन्द्र प्रकाश उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी ग्राम भंगवा पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ हालपता ग्राम मंसाराम का पुरवा मजरे सण्डिला पर0तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
अं0धारा 13 हि0वि0अधि0
तारीख पेशी 09.01.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 09.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# झांसी को हराकर बनारस ने जीता महिला क्रिकेट मैच

**चित्रकूट ब्यूरो-** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वें सुभाष चैलेंज कप 2024-25 में आयोजित 12वें राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रदर्शनी मैच मंगलवार को बनारस और झांसी के बीच खेला गया। जिसमें बनारस की टीम ने बिना कोई विकेट गवाएं मैच को जीत लिया।आयोजकों ने बताया कि यह मैच बनारस और मेरठ की टीम के बीच खेला जाना था, लेकिन खराब मौसम के चलते मेरठ टीम के ना आ पाने के कारण बनारस की टीम को वॉक ओवर दे कर विजेता बना दिया। इसके बाद बनारस फाइनल में प्रवेश कर गई। इसके बाद मंगलवार को प्रदर्शनी मैच बनारस और झांसी के बीच खेला गया। जिसमें झांसी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया तथा निर्धारित 15 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 72 रन बनाए। जिसमें झांसी की आकांक्षा के 27 और सौम्या के 20 रन शामिल रहे। झांसी की गेंदबाज अंतिमा ने दो और ममता ने एक विकेट लिया। 73 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बनारस की टीम की टीम ने बिना किसी विकेट के नुकसान के 8.2 ओवर में 73 रन बनाकर मैच को जीत लिया। जिसमें पीयूषी के 37 और संध्या के 17 रन शामिल रहे। बनारस की अन्तिमा मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई। मैच में दीपक मिश्रा और अनुराग अंपायर की भूमिका में रहे। इस मौके पर मोशू खान, संदीप कुमार श्रीवास्तव, अनिल, गोलू गुप्ता, राहुल गुप्ता, अशोक गुप्ता, सर्वजीत सिंह, अशोक कुमार, सौरभ नाहर, लोकेश सिंह, फिरोज अंसारी, रानू आदि मौजूद रहे।

# टिकरिया नाले में लघु सिंचाई घटिया सामग्री से बनवा रहा चेकडैम

**मानिकपुर, चित्रकूट-** तहसील क्षेत्र के टिकरिया जमुनिहाई गांव के टिकरिया नाले में लघु सिंचाई विभाग से बनाए जा रहे चेकडैम के निर्माण के लिए गुणवत्ता विहीन सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।मानिकपुर क्षेत्र के सुरेश कुमार, राधेष्याम, बद्रविशाल आदि ग्रामीणों ने बताया कि निर्माणाधीन चेकडैम में दिखाने के लिए लाल बालू तो रखी गई है, लेकिन निर्माण में क्रेसर डस्ट और सीमेंट के मिश्रण से बेस तैयार किया जा रहा है। भ्रष्टाचार की नींव पर खड़े हो रहे इस चकडैम के टिके रहने पर सवाल खड़े हो रहे है, लेकिन जिम्मेदारों को इसकी भनक तक नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष इसी इलाके में चेकडैम का निर्माण किया गया था, जिसका निर्माण घटिया सामग्री से किया गया था। विरोध करने पर जिम्मेदारों ने उनकी बात नहीं सुनी। अब उसी चेकडैम में लीकेज होने के कारण जल संग्रह नहीं होता और लोगों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। कहा कि कुछ ऐसा ही हाल इस निर्माणाधीन चेकडैम का भी रहेगा। बताया निर्माण कार्य में शुरू से ही जंगल के पत्थर, गिट्टी और बालू का प्रयोग हो रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य की जांच कर ठेकेदार के ऊपर कार्यवाही करने की मांग की है।

# 15 फरवरी तक शिक्षक कर सकेंगे राज्य पुरस्कार के लिये आवेदन

लोकमित्र ब्यूरो

**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए राज्य अध्यापक पुरस्कार के ऑनलाइन आवेदन एक जनवरी से शुरू हो रहे हैं। बीएसए डा.कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

इसके अनुसार प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल में तैनात शिक्षक शिक्षिकाएं इसके लिए आवेदन करेंगे। आवेदन एक जनवरी से 15 फरवरी के बीच होंगे। जिला स्तरीय चयन समिति आवेदन का परीक्षण कर तीन श्रेष्ठ शिक्षकों के प्रमाणपत्र व उनके आवेदनपत्रों को ऑनलाइन राज्य स्तरीय समिति को 16 फरवरी से 31 मार्च के बीच भेजेंगे। बीएसए कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि जिला स्तरीय चयन समिति से भेजे गए शिक्षकों के ऑनलाइन आवेदनपत्रों को एक से 30 अप्रैल के बीच राज्य स्तरीय चयन समिति देखेगी और प्रक्रिया पूरी करेगी। जिला स्तर पर डायट प्राचार्य की अध्यक्षता वाली व राज्य स्तर पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा की अध्यक्षता वाली समिति इन आवेदनों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करेगी। इसमें ऐसे शिक्षक जिनके खिलाफ सतर्कता जांच न चल रही हो, 15 साल की सेवा पूरी कर ली हो,

सेवानिवृत्त होने में पांच साल की सेवाएं बची हो आवेदन करेंगे। इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालयों में 150 से कम, उच्च प्राथमिक विद्यालय में 105 से कम व कंपोजिट विद्यालय में 255 से कम छात्र-छात्राओं के नामांकन हैं तो वहां के शिक्षक आवेदक नहीं कर सकेंगे।

जिन शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही चल रही है या दंड दिया गया है, वह आवेदक नहीं होंगे। राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए हर जिले का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा।

# चक हिंगुई प्रा.वि.में चोर घुस कर चोरी करने का किया प्रयास

**करारी, कौशाम्बी।** चक हिंगुई प्रा.वि.में बीती रात चोरी करने की नियत से गेट के दरवाजा को ग्लैण्डर मशीन से ताला को काट दिया जिससे इसीतरह सभी कमरे के दरवाजा को उसी मशीन के जरिए काट कर हर कमरे की छान बीन की लेकिन चोर कुछ भी समान नहीं ले गए। जबकि दफ्तर के कमरे में घुसे और दस्तावेज की काफी खोज बीन की लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। चोरी करने के हुनर से यह व्यतीत होरहा है कि चोरों को समान की जरूरत नहीं थी बल्कि कुछ कागज की जरूरत थी जो उनके लिए अहम था लेकिन शायद वह कागज भी उन्हें हाथ नहीं लगा ।और स्कूल के अंदर रखी कुर्सी ,मेज,आदि सामान सुरक्षित होने से चोरों का मंशा कुछ समझ नहीं आया हालाँकि स्कूल के प्रधानाध्यापक ने थाने में तहरीर देदी है। वहीं ग्राम प्रधान मेराज बानो ने तुरंत टूटे ताला व कुण्डी को जुड़वा दी है। बता दें कि स्कूल की छुट्टी चलरही है जिसका फायदा उठाने में चोर अच्छा मौका समझ रहे थे।

# वीबीपी स्कूल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दिया गया कंबल



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** वीबीपी स्कूल काजीपुर में मंगलवार को उत्थान संस्था की ओर से प्रधानाचार्या प्रीति मिश्रा ने ड्राइवर और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को शीतकाल की विभीषिका को देखते हुए कंबल वितरण करवाया।कंबल पाकर कर्मचारियों में उत्साह और सुकून का माहौल दिखा। इसके लिए उन्होंने संस्था का आभार ज्ञापित किया।

इसके लिए संस्था के सचिव डॉक्टर केके तिवारी, अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार और डायरेक्टर अभिषेक तिवारी ने शीतकाल से बचने के लिए संस्था के इस कार्य की सराहना की। कंबल वितरण के अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक राकेश मालवीय, आरपी ओझा, रिकी यादव, अतुल पांडे, कुमार सौरभ, अभिनंदन पांडे, बलदाऊ पांडेय और रवीन्द्र उपाध्याय सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# संचार क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एनटीपीसी ऊंचाहार को मिले कई नेशनल अवार्ड

## उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ अरुण साव द्वारा जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा को प्रदान किए गए पुरस्कार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** विद्युत उत्पादन, कार्य निष्पादन एवं सामुदायिक क्षेत्र में कीर्तिमानों के झंडे गाढ़ने के साथ-साथ एनटीपीसी ऊंचाहार ने संचार क्षेत्र में भी विभिन्न कार्यकलापों में राष्ट्रीय स्तर के कई पुरस्कारों को हासिल करके अपनी समग्र गुणवत्ता का शानदार परिचय दिया है।हाल ही में आयोजित पब्लिक रिलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया ने मैंगलूरू में आयोजित कार्यक्रम में एनटीपीसी ऊंचाहार को पब्लिक सर्विस एडवर्टीजमेंट, इंटर्नल चौनल, डिजिटल पब्लिशिंग व रूरल कम्यूनिकेशन कैम्पेन के पुरस्कारों को जीता। पब्लिक रिलेशन सोसाएटी ऑफ इंडिया ने रायपुर में आयोजित ग्लोबल कम्यूनिकेशन कॉन्कलेव के




दौरान एनटीपीसी ऊंचाहार को बेस्ट हाऊस जर्नल व बेस्ट स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अवार्ड से नवाजा।

उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ अरुण साव द्वारा जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा को प्रदान किए गए।अवार्ड हासिल होने पर परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें इसकी निरंतरता बनाए रखनी है और भारत सरकार के मिशन आत्मनिर्भर भारत की भावना को सभी क्षेत्रों में साकार करना है। अवार्ड हासिल होने से जहां टीम का उत्साह बढ़ता है वहीं और अच्छा प्रदर्शन करने की भावना सुदृढ़ होती है।मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने अवार्डो की प्रासंगिकता तथा उनके महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि मानव संसाधन विभाग अपने कार्यक्षेत्र के सभी मापदंडों पर खरा उतरने के प्रति संकल्पित है। परियोजना में आयोजित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. दिशा अवस्थी ने इन पुरस्कारों को परियोजना प्रमुख को सौंपा।

# बंदर को किया दफन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** बंदर की मौत पर ग्रामीणों ने उसके शव को मंदिर परिसर में गड्ढ़ा बनाकर गाड़ते हुए अंतिम संस्कार किया। शाहपुर गांव में पूर्वान्ह लगभग 11 बजे ग्रामीणों ने काले मुंह वाले बंदर को गांव के अंदर मृत अवस्था में पड़ा देखा। मृत बंदर को एक दर्जन से अधिक बंदरों ने घेर रखा था, बड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने बंदरों को भगाया। तब जाकर उसका अंतिम संस्कार किया गया।ग्रामीणों का कहना है कि ठंड के चलते बंदर की मौत हुइ है। गांव के ही युवकों सोनू, राहुल, बउवा, नंदलाल, अनुज आदि ने बंदर को गांव में ही स्थितरूद्रशाह बाबा मंदिर परिसर में विधि विधान के साथ गाड़कर अंतिम संस्कार किया।

# भागवत कथा सुनने से मन में पवित्रता और निर्मलता का होता है भाव:आचार्य अखिलेश जी महाराज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के खड़गपुर सौतना गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन व्यास गद्दी पर विराजमान पंडित अखिलेश जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से मन में पवित्रता और निर्मलता का अनुभव होता है।मस्तिष्क ,मन और हृदय पवित्र हो जाते हैं। भागवत कथा श्रवण मात्र से जन्म विकार नष्ट होते हैं और मानव का आध्यात्मिक विकास होताहै। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में भागवत कथा सुनने का बड़ा महत्व है। कलियुग में भागवत कथा सुनने से निश्चित रूप से मानव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा के समापन अवसर पर भागवताचार्य ने श्री कृष्ण के द्वारा कंस वध की कथा सुनाई गई और श्री कृष्ण सुदामा प्रसंग का भी भावपूर्णढंग से वर्णन किया गया। आचार्य वर ने कहा कि श्री



कृष्ण सुदामा जैसी दोस्ती अब कहीं मिलती नहीं है। योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने जरूरत पड़ने पर सुदामा की हर तरह से सहायता की और उनसे मिलने के लिए द्वार पर नंगे पैर ही पहुंच गए थे ।ऐसी श्री कृष्ण और सुदामा की दोस्तीथी। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती विद्या देवी ने बताया कि आज बुधवार को हवन और गुरुवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा नेता जेपी सिंह और भाजपा विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने आचार्य वर को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर पूर्व प्रधान उमेश सिंह, भाजपा नेता जेपी सिंह, सुशील शुक्ला, राम सुमेर लोधी, चंदन त्रिवेदी, हनुमान सिंह, विक्रमाजीत सिंह ,मोनू सिंह ,राम अवतार प्रजापति, अनिल सिंह, भगवान दीन आदि सैकड़ो भक्तगण मौजूद रहे।

# महाकुंभ के भक्तों की स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए एम्स रायबरेली के चिकित्साकर्मियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** बेसिक लाइफ सपोर्ट, ट्राइएज, आपदा प्रबंधन, अपातकाल प्रबंधन और व्यावहारिक चिकित्सकीय कौशल पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण आज एम्स दिल्ली और रायबरेली की टीम द्वारा पूरा किया गया। यूपी स्वास्थ्य विभाग और डब्ल्यूएचओ के समन्वय में यह प्रशिक्षण दिया गया। मेडिकल कॉलेज के सभी चिकित्सा अधिकारियों, पैरामेडिकल स्टाफ और आपातकालीन कर्मचारियों को महाकुंभ में आने वाली स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की तैयारी और सीपीआर पर प्रशिक्षित किया गया। एम्स दिल्ली के प्रशिक्षण प्रमुख डॉ. तेज प्रकाश और एम्स रायबरेली के डॉ. सुयश सिंह ने भीड़ प्रबंधन और महाकुंभ में सामने आने वाली महत्वपूर्ण आपात स्थितियों के महत्व पर प्रकाश डाला।

एम्स रायबरेली महाकुंभ के सेक्टर 20 में टेली- मॉनिटरिंग डिवाइस और सभी आपातकालीन देखभाल सुविधाओं के साथ एक आईसीयू सुविधा चला रहा है। एम्स रायबरेली टेली-ओपीडी, भौतिक ओपीडी, घाव प्रबंधन क्लिनिक, आईपीडी और एबीजी सुविधाएं भी प्रदान कर रहा है।

# सरकारी चिकित्सा व्यवस्था हुई पंगु, भगवान भरोसे मरीज-इं0 वीरेन्द्र यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट रायबरेली में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा राज में सरकारी चिकित्सा की व्यवस्था पंगु हो गयी है गरीब, मजदूरों, किसानों का ठण्ड में बीमारी के कारण सरकारी चिकित्सालयों खासकर ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों एवं स्टाफ की अनुपस्थिति एवं गैर जिम्मेदारी से इलाज नहीं हो पा रहा है। उन्होने उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि संगठन की मजबूती हेतु आगामी 27 जनवरी से होने वाली पी0डी0ए0 बैठकों के माध्यम से आमजनमानस में भाजपा सरकार की जनविरोधी कार्यो को बताना है। बैठक में



विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सपा कार्यकर्ता जनपद के बूथ-बूथ पर जाकर पी0डी0ए0 जनचर्चा के माध्यम से बाबा साहब अम्बेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। विधायक राहुल लोधी ने उपस्थित लोगों से कहा कि किसानों की डी0ए0पी0, यूरिया खाद समितियों से नदारद है जिम्मेदार अधिकारी कर्तव्य से विमुख है। बैठक को प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव शिव मूर्ति सिंह राना, चौ0 मोहसिन, ओ0पी0 यादव, मुनेश्वर पासी, श्रवण चौधरी, रज्जू खां, राजेन्द्र यादव, मो0 अरशद खान, शुभम लोहिया, जगदेव यादव, चौ0 सुरेश निर्मल, हसीन अहमद, ब्रजेन्द्र चौधरी, पुत्तन सिह यादव, डा0 युसुफ मंसूरी, नदीम कासिम, आलोक यादव, सरफराज राईनी, नरेन्द्र कुमार, विन्देश्वरी पासी, सुरजीत सिंह, विनायक सोनकर, रामनेवाज यादव, शिव नारायण सोनकर, बुधेन्द्र सिंह, मो0 मुशीर, भानू पटेल, अविनाश यादव, रमेश मौर्य, नीलेश यादव, अरूण प्रताप, संदीप शुक्ला आदि ने संबोधित किया।

इस अवसर पर सजय शुक्ला, रेहान कजियाना, मोहित यादव, शकील मंसूरी, राम किशोर पुजारी, मो0 सईद, विनोद यादव, आदर्श यादव, घनश्याम, आशुतोष यादव, अमित त्रिपाठी, समर बहादुर, राम खेलावन प्रजापति, महमूदुल हसन, वीरेन्द्र बहादुर, कमलेश मौर्य, महेश नारायण, सर्वजीत, चन्द्र प्रकाश आजाद, बलराज राना, देवतादीन पासी, कमलाकर विक्रमादित्य, बृजेश यादव, जसवन्त, सियाराम, विनय कुमार, संजय सिंह, अमरेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे। बैठक के बाद सपा विधायक राहुल लोधी के साथ पदाधिकारियों ने मुंशीगंज शहीद स्मारक पहुंच कर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद किसानों को श्रद्धांजलि दी।

# असनी गांव में विशाल कंबल वितरण का किया गया आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** कांग्रेस पार्टी ने हमेशा गरीबों दलितों और लाचारों के हर संभव सहयोग में हमेशा कांग्रेस पार्टी अग्रणी रहती है, तथा समय-समय पर लोगों को ठंड से निजात दिलाने हेतु कंबल वितरण का भी आयोजन करती है। आज लोगों को ठंड से राहत दिलाते हुए विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है यह उद्गार आज महराजगंज विकासखंड के असनी गांव में आयोजित विशाल कंबल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए जम्मू कश्मीर व लद्दाख के प्रभारी व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज यादव उपस्थित जन सैलाब को संबोधित करते हुए व्यक्त कर रहे थ ।

बताते चले की विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनवरी माह के दिन मंगलवार को महराजगंज विकासखंड के कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप



चौधरी के असनी गांव स्थित आवास पर आज विकासखंड के 108 बूथों के लगभग 400 गरीब बेसहारा व निराश्रित लोगों को कंबल वितरण कर ठंड से राहत पहुंचाई गई ,तो वहीं कार्यक्रम में पधारे कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व लद्दाख प्रभारी मनोज यादव ने उपस्थित माताओं बहनों व बुजुर्गो को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल से लेकर से अब तक पार्टी द्वारा हर वर्ष गरीब बेसहारा लोगों को कंबल वितरण का आयोजन किया जाता रहा है। जिसके तहत आज यह कार्यक्रम किया गया है और कांग्रेस पार्टी द्वारा समय-समय पर लोगों के लिए अनेक प्रकार की सुविधा दी जाती रही है और दी जाती रहेंगी। वहीं कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने आए हुए कांग्रेस के पदाधिकारीयों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उपस्थित लोगों को कांग्रेस पार्टी द्वारा कंबल देकर ठंड से राहत दिलाने का कार्य किया। इस मौके पर बछरावां को ऑर्डिनेटर मनोज यादव, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल, जिला सचिव कृपा शंकर शर्मा, अखिलेश शुक्ला भारत मिश्रा सच्चिदानंद त्रिपाठी, राजकरन सिंह, रामचंद्र सिंह, दिनेश शुक्ला हौसिला प्रसाद तिवारी, दिनेश यादव सहित संगठन के अनेकों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मुंशीगंज शहीद स्मारक पर मंत्री दिनेश प्रताप सिंह व गणमान्य जनों द्वारा शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

## हमें अपने पूर्वजों द्वारा दिये गये बलिदान का सम्मान करना चाहिएः मा0 मंत्री

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उ0प्र0 सरकार दिनेश प्रताप सिंह ने मुंशीगंज स्थल शहीद स्मारक में आयोजित शहीद श्रद्धांजलि समारोह के अवसर शहीदों के प्रति शहीद स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम 07 जनवरी 1921 को हुए किसान आन्दोलन के शहीदों की याद में आयोजित किया जाता है। मा0 मंत्री ने कहा कि सई नदी के पुनीत तट पर अंग्रेजों की नीतियों के खिलाफ किसानों ने एक बड़ा आन्दोलन किया जिसमें कई किसान शहीद हुए। उन्होंने कहा कि यह आजादी हमारे पूर्वजों के अथक संघर्षो के बाद मिली है। हम सभी को इसका महत्व समझना चाहिए। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को



पूर्ण निष्ठा के साथ पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी की कीमत हम सबको समझनी चाहिए। हमें अपने पूर्वजों द्वारा दिये गये बलिदान का सम्मान करना चाहिए।मा0 मंत्री ने कहा कि किसानों ने अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों का बलिदान किया, पीढ़ियों तक हमें उनका बलिदान प्रेरणा देता रहेगा, यह बलिदान साधारण बलिदान नहीं इसको हमे भुलना नही चाहिए। हमे आपनी आने वाली पीढ़ियों को भी बताना होगा जिससे वह भी प्रेरणा ले और शहीदों को नमन कर अपनी अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी अवगत करायें। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के परिवारिकजनों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल भी लगाए गए, जिसका प्रतिभागियों द्वारा अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली गई।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अमृता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, अध्यक्ष जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अनिल कुमार मिश्र सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारी आदि लोगों उपस्थित रहें।

# गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा-अतुल सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सांसद राहुल गाँधी द्वारा भेजे गए कंबल का वितरण कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं ऊंचाहार विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह द्वारा जगतपुर में विभिन्न गांव के सैकड़ों जरूरतमंदों को किया गया।इस अवसर पर अतुल सिंह ने कहा कि हम सबके सांसद राहुल ने आप सबके लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ठंडी में जरूरतमंदों को कंबल भेजा है।रायबरेली के अभूतपूर्व विकास में सिर्फ और सिर्फ गांधी परिवार का योगदान रहा है।



गांव,गरीब,किसान का विकास सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है,मौजूदा भाजपा सरकार ने सिर्फ योजनाओं के नाम बदलने का काम किया है। शोषित एवं वंचितों के नेता राहुल गाँधी है,देश का हर तबका राहुल गाँधी के साथ है।

श्री सिंह ने कहा कि भाजपा नेता रमेश विधूड़ी द्वारा हम सबकी नेता श्रीमती प्रियंका गाँधी पर अभद्र टिप्पणी की जितनी निंदा की जाये,कम है।इस बयान से केवल श्रीमती प्रियंका गांधी का अपमान नहीं हुआ वरन देश की हर महिला का अपमान हुआ है।यह हर उन महिलाओं का अपमान हैं,जो सामाजिक क्षेत्र में काम करती हैं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप कोआर्डिनेटर छत्रेश टांक,जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना,ब्लाक अध्यक्ष ओमदत्त त्रिवेदी,ब्लॉक प्रभारी शैलेन्द्र सिंह, मोहम्मद फारुखी,रामदत्त पांडेय,समर सिंह, आशापाल सिंह, छतरपाल यादव, देवनाथ यादव, राजकुमार पाल, रवी सिंह,रामराज लोधी, राम लाल निर्मल, प्रेम नारायण पटेल, शिवम् कुमार,अजीत सिंह, संतोष गौतम आदि लोग सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# ट्रांसफार्मर जलने से अंधेरे में डूबे एक सैकड़ा घर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के अस्पताल रोड़ पर बैसवारा इंटर कालेज के पास रखा ट्रांसफार्मर अचानक धूं धूं कर जलने लगा। सड़क किनारे होने के चलते किसी हादसे की आशंका से सड़क के दोनो ओर वाहन चालक खड़े हो गए। इसी बीच वहां एम्बुलेंस भी पहुंच गयी जो आग बुझने तक खड़ी रही। ट्रांसफार्मर जलने से लगभग एक सैकड़ा घरों समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अंधेरा फैला गया।सुबह लोगो को पानी की समस्या से भी दो चार होना



पड़ा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व बैसवारा इंटर कालेज के मध्य 400 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। रात लगभग नौ बजे अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग गयी। ट्रांसफार्मर से आग की तेज लपटे देख राहगीर उसके सामने से निकलने की हिम्मत नही जुटा सके। लगभग एक घंटे तक ट्रांसफार्मर जलता रहा। मामले की जानकारी बिजली विभाग समेत अग्निशमन विभाग को दी गयी। फायर बिग्रेड टीम ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर जलने से चमनगंज, आलमपुर रोड़,सीएचसी, मेन रोड के लगभग एक सैकड़ा आवासो की बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी। रात भर घरों में अंधेरा फैला रहा। सुबह लोगों को पेयजल की समस्या से भी दो चार होना पड़ा।हालांकि बिजली विभाग ने तेजी दिखाते हुए मंगलवार की दोपहर में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जिससे शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल हो गयी।

# शहीद किसानों को "जय किसान आंदोलन" के पदाधिकारियों ने दिया श्रद्धांजलि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** 7 जनवरी 1921 को मुंशीगंज सई नदी के पुल पर अंग्रेजी हुकूमत द्वारा हजारों निर्दोष किसानों को गोली मार कर शहीद कर दिया गया था शहीदों की याद में बने स्मारक पर प्रति वर्ष इस दिन लोग शहीद किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। जय किसान आंदोलन के पदाधिकारियों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीद किसानों की शहादत के प्रति भाव समर्पित किया। जय किसान आंदोलन के जिलाध्यक्ष शिव प्रताप ने कहा कि किसानों की शहादत हमेशा याद किया जाएगा। स्वराज इंडिया पार्टी के जिलाध्यक्ष राम विलास यादव ने कहा कि देश के लिए शहीद हुए किसान आज भी हम सभी के प्रेरणास्रोत हैं और शहीद किसानों ने हमें सिखाया कि मातृ भूमि की रक्षा के लिए हमें प्राणों की बाजी भी लगानी पड़े तो पीछे नहीं हटना चाहिए। स्वराज अभियान की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना श्रीवास्तव ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे पूर्वजों ने अंग्रेजो की बर्बरता का मुंह तोड़ जवाब दिया और सीने पर गोली खा कर हम सभी के लिए आजादी का मार्ग प्रशस्त किया था। इस अवसर पर एडवोकेट पुष्कर पाल, एडवोकेट संजय यादव, इंद्रेश कुमार, संतोष कुमार, सीमा देवी, ललित कुमार इत्यादि ने भी शहीदों को नमन किया।

# जनपदों में नवीन मल्टीप्लेक्स निर्माण एवं सिनेमाघर मल्टीप्लेक्स के उच्चीकरण हेतु समेकित प्रोत्साहन योजना जारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सहायक आयुक्त राज्य कर खंड-1/प्रभारी पूर्व मनोरंजन कर रायबरेली अमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि प्रमुख सचिव उत्तर-प्रदेश शासन, राज्य कर अनुभाग-5, के शासनादेश के क्रम में प्रदेश में बन्द पड़े अथवा घाटे में चल रहे छविगृहों को पूर्ण रूप से तोड़कर उसके स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त लघु क्षमता के सिनेमा हाल सहित व्यवसायिक कॉम्पलेक्स के निर्माण, पुराने बंद पड़े एवं संचालित सिनेमाघरों के भवन की आन्तरिक संरचना में परिवर्तन (रिमॉडल) कर पुनः संचालित होने वाले सिनेमाघरों, प्रदेश में बंद पड़े एकल सिनेमाघरों को बिना किसी आन्तरिक संरचना में परिवर्तन किये यथास्थिति में पुनः संचालित करने वाले सिनेमाघरों, व्यावसायिक गतिविधियों सहित रहित न्यूनतम 75 आशन क्षमता के एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण जिन जनपदों में एक भी मल्टीफ्लेक्स निर्मित/संचालित नहीं है वहीं मल्टीप्लेक्स खुलवाने, जिन जनपदों में मल्टीफ्लेक्स निर्मित संचालित है उन जनपदों में नवीन मल्टीप्लेक्स निर्माण एवं सिनेमाघर मल्टीप्लेक्स के उच्चीकरण हेतु समेकित प्रोत्साहन योजना जारी की गई है।

उन्होंने समस्त को सूचित किया है कि सभी बंद छविगृह स्वामी / लाइसेंसी/ प्रबंधक/संचालक या अन्य इच्छुक व्यक्ति/फ र्म/कम्पनी उपरोक्त शासनादेश का लाभ उठायें एवं अन्य सहयोग व सहायता के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उपायुक्त राज्य कर (पूर्व मनोरंजन कर), जनपद रायबरेली में सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

# वीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में मनाया गया शहादत दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** शहीद स्मारक डिग्री कॉलेज चौराहे पर शहादत दिवस के रुप में जिला पंचायत सदस्य डलमऊ और एआईसीसी वीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में मनाया गया। क्योंकि आज ही के दिन 7 जनवरी 1921 में अंग्रेजों द्वारा शाहिद स्मारक मुंशीगंज में एकत्र हुए किसानों के ऊपर ताबड़तोड़ फयरिंग करके उन्हें शहीद कर दिया गया और अंग्रेजों ने जलियावाला बाग हत्याकांड को दोहरा दिया। आज का दिन हम सबके जीवन में एक काले दिन के रूप में इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। आज उन सभी अमर शहीद किसनों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उपस्थित सभी साथियों द्वारा शहीद किसानों के लिए मोमबत्ती जलाकर उन्हें याद किया और शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्री वी.के. शुक्ला, शीतांशु मौर्य, अखिलेश यादव, अभिषेक मौर्य शिवचरित्र मौर्य, नितिन कुमार शिवा यादव, शिवांश कुमार, विनय मौर्य राम सिंह अभिषेक त्रिवेदी प्रशांत कुमार सोनू मिश्रा सचिन कुमार सुरेंद्र कुमार मनीष यादव आदि सम्मानित साथी उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों के चलते पहाड़ों का अस्तित्व खतरे में

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** पर्वती के अबैध उत्खनन से कोरांव स्थित पहाड़ों के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो चला है । इसके दोहन से जहां क्षेत्र में प्राकृतिक संतुलन को खतरा है । वहीं दूसरी ओर राजस्व के घाटे से प्रशासन को भी काफी क्षति उठानी पड़ रही है । हालांकि अबैध उत्खनन की जानकारी अधिकारियों के संज्ञान में है । लेकिन उत्खनन विभाग सहित आला प्रशासनिक अधिकारी इस मुद्दे पर खामोश है ।पर्वतों का फैलाव उत्तर प्रदेश सहित मध्य प्रदेश की सरहदों तक है । इनके सहारे - सहारे विशाल भू-भाग पर वनों का जमावड़ा है । यहां कीमती लकड़ियों का और पहाड़ों के उत्खनन के गोरखधंधा का कारोबार जोरों पर है । क्षेत्र में अबैध आरा मशीनों का कारोबार भी फल - फूल रहा है।ज्ञात हो कि खनन का कार्य विभाग द्वारा लीज पर कराया जाता है । इसके लिए पट्टाधारकों को एक विशेष भू खंड अधिकृत किया जाता है । इससे सरकार को राजस्व के रूप में अच्छी खासी रकम का संग्रह किया जाता है । इधर पट्टाधारकों के अधिकृत जमीन के अतिरिक्त भाग अपना कब्जा कर उस पर अबैध उत्खनन का कार्य प्रारंभ कर दिया है । इस प्रकार का विशेष करोबार करह, कोहड़ार, चमटीपुर, खरका, गड़री, बैजला, धनेष्ठा, धधुआ, पिपरिया, पिपरहटा, पिपरांव, कोटर, रेगा, पथरपुर, लोहरा , महुली आदि पहाड़ी क्षेत्रों पर फैला हुआ है । यहां हुए उत्खनन का राजस्व सरकारी कोष में नहीं पहुंचता है । इसकी वजह पट्टा सरकारी रूप से अधिकृत नहीं किया गया है । इसका लाभ पट्टाधारकों और अधिकारियों द्वारा डकार लिया जाता है ।

इस समस्या का दूसरा पहलू यहाँ के मजदूरों की हालत से जुड़े हैं । पट्टेधारकों की दबंगई और मजदूरों की रोजी-रोटी की फिक्र ने इनकी स्थिति को निरीह बना दिया है । दिन - रात मजदूरी करने के बावजूद भी इनकी माली हालत ज्यों की त्यों बनी हुई है । इससे इनके शोषण का अंदाजा लगाया जा सकता है । उल्लेखनीय है कि इस कार्य में लगे श्रमिकों की जीवन प्रत्याशी उम्र कम हो जाती है । वजह पत्थर के कण इनके फेफड़े और श्वास नलियों संक्रमित होने के कारण क्षतिग्रस्त हो जाती है । सरकारी उदासीनता ने इस कार्य को और भी बढ़वा दिया है । श्रम कानूनों के साथ-साथ यहाँ मानवीय संवेदनाओं की धज्जियां उड़ रही है ।

## क्षेत्र में कृषि व्यवसाय चौपट हुआ

पहाड़ों के उत्खनन से क्षेत्र में व्याप्त प्रदुषण का खामियाजा किसानों को भी भुगतना पड़ रहा है । किसानी ही इनके रोजी - रोटी का जरिया है । ऐसी स्थिति में इनकी फसल चौपट होने से इनके लिए पेट के ही लाले पड़ जाते है । इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है । बोई हुई फसल प्रदुषण से नष्ट हो जाती है । इसको फूलने और फलने का अवसर नहीं मिल पाता है । इन्हीं फसलों के साथ इनके पूरे मनोरथ नष्ट हो जाते हैं ।

# चौकी इंचार्ज को दी अश्रुपूर्ण विदाई

**फूलपुर।** थाना फूलपुर के चौकी इंचार्ज आकाश सचान जो 10 दिसंबर 2023 को फूलपुर थाने में चौकी इंचार्ज के पद पर कार्यभार ग्रहण किए थे। उन्हें 7 जनवरी 2025 को भावभीनी विदाई थाना प्रांगण में दी गई। इस अवसर पर थाने के समस्त स्टाफ प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार गौतम की अगुवाई में आकाश सचान को फूल माला से लादते हुए उन्हें विदाई दी बता दे कि 10 दिसंबर 2023 से 7 जनवरी 2025 तक इनका कार्यकाल सराहनीय रहा। कस्बा फूलपुर में सब ठीक-ठाक रहा। विदाई समारोह में पारसनाथ यादव, बिंद्रेश यादव, अमीरुद्दीन, अनूप वर्मा, मनोज यादव, गौतम कुमार, जगत पाल सिंह, दद्दन, मुंशी शिवशरन, उपनिरीक्षक काजल पटेल, विभा, उपमा, मिताली आदि मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता होते हैं पार्टी की रीढ़- राजेश पटेल

## बैठक में आगामी पंचायत चुनाव के लिए बनी रणनीति

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** राष्ट्रीय सचिव अपना दल एस राजेश पटेल बुलबुल ने शंकर लाल कॉन्वेंट स्कूल जगौती करछना में मासिक बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि आप पार्टी की रीढ़ है। आप सब जीत-हार के नायक हैं।हमे अपने कार्यकर्ताओं पर गर्व है।प्रयागराज यमुनापार अपना दल (एस) की मंगलवार को मासिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राम मनोहर पटेल जिला अध्यक्ष व संचालन चंद्र बहादुर पटेल ने की।



बतौर मुख्य अथिति राजेश पटेल बुलबुल राष्ट्रीय सचिव ने नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए पंचायती राज चुनाव के मद्देनजर हर बूथ पर 15 यूथ तैयार कर पँचायत के विभिन्न पदों के चुनाव में सक्रियता से लग जाने के लिए कहा है। जिससे ज़्यादा से ज़्यादा जिला पंचायत सदस्य और प्रधान जिता कर पार्टी को बड़ा तोहफा दे सकते हैं।

जिला अध्यक्ष राम मनोहर पटेल ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी समस्त पदाधिकारियों की है। कार्यक्रम संयोजक रामकरन पटेल रहे।बैठक में कन्हैया लाल पटेल जिला उपाध्यक्ष, परमानंद पटेल, मनोज पटेल, रमेश पटेल, इंद्रजीत पटेल, अर्पित जायसवाल, कुलदीप पटेल, विकास पटेल, चंद्रजीत पटेल, शुभम पटेल, अनीश पटेल, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, रीता पटेल, गुलाब कली, राजकली सहित कई लोग मौजूद रहे।

# आचार्य कुणाल किशोर का अस्थि कलश संगम में विसर्जित

## अयोध्या रामजन्म भूमि वाद के पक्षकार रहे कुणाल किशोर





**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** प्रयागराज के संगम तट पर मंगलवार की सुबह आचार्य कुणाल किशोर का अस्थि कलश उनके पौत्र आकाश कुमार ने वैदिक विधि विधान से विसर्जित किया।

कुणाल किशोर अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि वाद में छठे पक्षकार रहे। उनके द्वारा संचालित अस्पतालों में लोगों का निशुल्क इलाज किया जाता है। आचार्य कुणाल किशोर ने अंतिम सांस तक समाज सेवा का एक मानक स्थापित किया है। वह गुजरात कैडर के आई पी एस अधिकारी रहे। कुणाल किशोर राम जन्मभूमि में छठे पक्षकार थे।वह पटना के निवासी रहे। उन्होंने चंपारण में विश्व के सबसे बड़े मंदिर का निर्माण कराया है। उनके द्वारा संचालित कैंसर अस्पताल सहित कुल 9 हॉस्पिटल का संचालन निः शुल्क किया जा रहा है। अयोध्या धाम अमाँवा मंदिर में राम रसोई उन्हीं के द्वारा संचालित किया जाता रहा है, जिसमें प्रति दिन हजारों दर्शनार्थी निःशुल्क भोजन करते हैं।कुणाल किशोर बीत 29 दिसंबर 2024 को वह गोलोक वासी हो गए। आचार्य कुणाल किशोर का अस्थि कलश रिश्ते में उनके पौत्र आकाश कुमार के द्वारा संगम में विसर्जित किया गया है। विसर्जन के दौरान अमावां राम मंदिर अयोध्या के व्यवस्थापक पंकज दास जी महाराज, विश्व हिंदू राष्ट्रीय रक्षा परिषद के राष्ट्रीय मंत्री शशिकांत मिश्र उर्फ नीरज, शीतला सिंह, राम प्रवेश राय डी.सी.पी., पंकज प्रधान, सुधीर शर्मा, ज्ञान प्रकाश शर्मा, गुत्तेशर राय, मुक्तेश्वर सिंह मन्टू, कवीन्द्र राय, बच्चा गुप्ता मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शर्मा (अधिवक्ता) सहित दर्जनों की संख्या में उनके सहयोगी उपस्थित रहे।

# भारतीय सांस्कृतिक प्रबुद्ध संस्थान ने किया पूर्व विधायक का अभिनंदन

## करवरिया ने संस्थान को हर सहयोग का दिया भरोसा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** भारतीय सांस्कृतिक प्रबुद्ध संस्थान ने मंगलवार को पूर्व विधायक उदय भान करवरिया को उनके आवास कल्याणी देवी में सम्मानित किया है।

समारोह में संस्थान के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि उदयभान करवरिया का योगदान प्रबुद्ध वर्ग के लिए सदैव ही रहा है। उनके सहयोग और योगदान का वरीयता देते हुए प्रबुद्ध संस्थान मंगलवार को पूर्व विधायक को सम्मानित किया है। संस्थान के संयुक्त मंत्री मनीष तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष दिसंबर माह में संस्थान का वार्षिक अधिवेशन होता है जिसमे पूर्व विधायक नीलम करवरिया का पूरा समय संस्थान को मिलता रहा है। इस बार भी संस्थान का वार्षिक अधिवेशन हुआ, जिसमें प्रबुद्ध वर्ग के कई विशिष्ट लोग उपस्थित रहे और इस बार उदयभान करवरिया को सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक उदयभान करवरिया शहर से बाहर रहने पर अधिवेशन में सम्मिलित नही हों पाये जिससे उनका



सम्मान मंगलवार किया गया। प्रबुद्धजनो के विशेष योगदान के लिए संस्थान प्रबुद्ध जनों को सम्मानित करता रहा है। उदयभान करवरिया का शिक्षक और प्रबुद्धजनों से मिलकर अभिनन्दन किया है। पूर्व विधायक ने उपस्थित सभी शिक्षको व प्रबुद्ध पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि भारतीय सांस्कृतिक प्रबुद्ध संस्थान की पत्रिका द्वारा मुझे संस्थान के विषय मे सारी जानकारी और गतिविधियों के बारे में जानकारी है मैं हमेशा इस संस्थान के सहयोग के लिए सदैव उपलब्ध रहूंगा।

इस अवसर पर उरुवा शिक्षक संघ अध्यक्ष विनोद शुक्ल, इंद्रेश तिवारी, शिव उपाध्याय, सास्वत उपाध्याय, सचिन तिवारी, धीरज द्विवेदी, भारतेंदु त्रिपाठी, दिनेश मिश्र, अखिलेश मिश्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मुरली कोट गांव में लगा समस्याओं का अंबार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी( प्रयागराज )।** क्षेत्र के मुरली कोट गांव में विभिन्न समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यहां के लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। और जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं।बताया जाता है, कि मुरली कोट गांव में जाने के लिए विगत कई साल पहले सड़क का निर्माण कराया गया था। जो इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। इस पर जगह जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। सड़क पर के यह गड्ढे धीरे धीरे खाई के रूप में तब्दील हो गया है। इस गड्ढेयुक्त सड़क पर लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। गांव में बनी नालियों की नियमित सफाई न कराए जाने से बजबजा रही है। नालियां पूरी तरीके से कूड़ा करकट से पट चुका है। गांव में सफाई व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। सफाई कर्मियों का कहीं भी अता पता नहीं रहता है। जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। जिससे उठ रही दुर्गंध से यहां का वातावरण काफी प्रदूषित हो गया है। लोगों को शुद्ध हवा मिलना मुश्किल हो गया है। गांव में विगत कई साल पहले जो भी हैंडपंप लगाए गए थे। वह मरम्मत के अभाव में खराब हो गए हैं। वह मात्र शोपीस बनकर खड़े हैं। गांव में बिजली की व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। बिजली कब आएगी, और कब जाएगी, इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है, कि इस गांव में मामा भांजा का तालाब पावर हाउस से बिजली की सप्लाई की जाती है। पावर हाउस पर तैनात विद्युत कर्मियों की मनमानी तानाशाही रवैया के चलते आए दिन बिजली काट दी जाती है। रात में बिजली कटौती किए जाने से मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। जिसके चलते लोगों को नींद हराम हो जाती है । बिजली के खंभों पर खींचे गए तार काफी जर्जर हो चुके हैं, जो आए दिन टूट कर जमीन पर गिर जाते हैं। इस गांव में जल निगम ट्यूबवेल के द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है। जल निगम कर्मियों की लापरवाही के चलते यहां के लोगों को पेयजल की समस्या से भी जूझना पड़ता है।

# हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि सिंचाई के अभाव में चौपट, सरकारी नलकूप नहीं

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज )।** क्षेत्र के गड़री, किहुंनी, महुली, लेड़ियारी गांव स्थित हजारों एकड़ से अधिक उपजाऊ भूमि में खेती करने वाले किसानों के फसलों की सिंचाई के लिए कोई राजकीय नलकूप न होने से क्षेत्रीय किसानों को परेशानी हो रही हैं ।

विकास खंड कोरांव के लेड़ियारी, गड़री, किहुंनी कला, किहुंनी खुर्द, नीबी गांव के किसान सब्जी सहित विभिन्न प्रकार के अन्य फसलों का उत्पादन करते हैं । लेकिन बोई गई फसलों की सिंचाई के लिए एक भी सरकारी नलकूप न होने से किसान डीजल पंप सेट या समरसेबुल के माध्यम से सिंचाई करने के लिए विवश है । क्योंकि बिजली न रहने से समय-समय पर खेतों में पानी न मिलने पर कीमती बीज भी नुकसान हो जाता है । इन दिनो साधनों से फसलों की सिंचाई करना किसानों को मंहगा साबित होता है । बरसात न होने से सैकड़ों बीघा खेत परती पड़ जाने की संभावना जताई जा रही है ।जिससे किसानों के सामने चिंता की लकीरें साफ दिखाई पड़ रही है ।क्षेत्र के किसान विनोद कुमार दुबे, संतोष कुमार द्विवेदी , सुनील कुमार कुशवाहा , शंकर दयाल तिवारी , तेज बहादुर सिंह, सत्य प्रकाश सिंह , आशीष कुमार मिश्रा , गौरव द्विवेदी, शांति प्रसाद सिंह पटेल, विष्णु प्रताप सिंह, राम बली बिंद , राकेश कुमार कुशवाहा, सुशील सिंह , राजेन्द्र प्रसाद केशरी, श्याम नारायण बिंद ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से किसानों के फसलों की सिंचाई के लिए सुविधाजनक राजकीय नलकूप लगाए जाने की मांग की है ।

# अवारा पशुओं के सामने लाचार अन्नदाता, जिम्मेदारों ने उठाए हाथ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेडियारी( प्रयागराज)।** अवारा पशुओं ने किसानों की नाक में दम कर दिया है। किसानों के लिए यह समस्या लाइलाज बीमारी बन चुकी है। शासन प्रशासन से कोई मदद न मिलते देख अब उनके समझ मे नही आ रहा है कि आखिर करें भी तो क्या करें।बता दें कि तहसील क्षेत्र कोरांव के दर्जनों गांवों में इन दिनों अवारा पशुओं के आतंक से पूरी तरह खौफजदा है। थाना दिवस और संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत के लेकर दर्जनों की संख्या में पहुंचे । किसानों का कहना है कि उनका क्षेत्र एक तरफ तो सूखे का दंश झेल रहा है, वहीं दूसरी ओर अवारा पशु उनके खून और पसीने से तैयार की गई सब्जी की खेती गेहूं , चना बोआई किए गए फसल पर निशाना साधे बैठे है। ग्रामीणों का कहना है कि बोई गई सब्जी की पहरेदारी में कोई चूक हुई नहीं कि महज कुछ ही मिनटों में ये अवारा पशु पूरी तरह से साफ कर देते है। ग्रामीणों ने पूर्व में भी उपजिलाधिकारी कोरांव के यहां मामले की शिकायत की थी। जिस पर उन्होंने बीडीओ कोरांव को मामले का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया था। ग्रामीणों ने जब समस्या के बावत बीडीओ कोरांव से मुलाकात की तो उन्होंने बताया कि विकास खंड क्षेत्र कोरांव के सभी पशु आश्रय स्थल भरे पड़े है। समस्या का उपचार उनके बस की बात नही है। जिम्मेदारों द्वारा अपनी जिम्मेदारी से मुकरने के कारण ग्रामीणों के सामने अजीबोगरीब हालात पैदा हो गए है। मंहगे खाद और बीज से पोषित तथा सूखे की विभीषिका से किसी तरह बचाई गई । उनकी सब्जी प्रशासनिक अक्षमता के कारण अवारा पशुओं की भेंट चढ़ने वाली है। हताश और लाचार किसानों का कहना है। डीही खुर्द न्याय पंचायत एक भी गौवंश आश्रय स्थल नहीं है । जिससे दिन में सड़कों पर रात में खेतों में पहुंच कर नुकसान कर रहे हैं ।

# खुले में रखा ट्रांसफार्मर, हादसे की आशंका



**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** सब स्टेशन के कैथवल गांव मजरा कटनहवा में विद्युत विभाग ने जमीन से कुछ फिट की ऊंचाई पर ट्रांसफार्मर लगा दिया है। जो हादसे को दावत दे रहा है। दुर्घटना को दावत दे रहे इस ट्रांसफार्मर की ऊंचाई करने की मांग कई बार ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से की है । लेकिन इसको लेकर विभाग ने अब तक पहल नहीं की है । कैथवल गांव के मजरा कटनहवा में विद्युत विभाग ने जमीन से कुछ फिट की ऊंचाई पर विद्युत ट्रांसफार्मर लगा दिया है । ट्रांसफार्मर के सामने स्टेट राजमार्ग है । यहां से प्रतिदिन गांव के लोगों शौच के लिए और राजगीर आते - जाते रहते हैं । इसके साथ ही बगल में नाला और मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है । यदि किसी दिन मवेशी या फिर कोई ग्रामीण करंट की चपेट में आ जाए तो बड़ी घटना हो सकती है` । इसकी आशंका जताते हुए गांव के राकेश कुमार कुशवाहा , जनेश्वर प्रसाद चौबे , आजाद अली , मनीष कुमार , कृष्ण कुमार , शांति प्रसाद सिंह पटेल , अंकज केशरी आदि ने बताया कि ट्रांसफार्मर की ऊंचाई को बढ़ाकर व उसके चारों ओर दीवार खड़ी कर विभाग लोगों की सुरक्षा बढ़ा सकता है । लेकिन कई बार शिकायत के बाद भी अब तक इसको लेकर पहल नहीं हो सकी । अब ग्रामीणों ने इसको लेकर विरोध की योजना बनाई है । ग्रामीणों की माने तो यह लेड़ियारी सब स्टेशन के घेराव की योजना बना रहे हैं । जल्द निराकरण न होने पर विरोध करेंगे।

वहीं अवर अभियंता मार्कण्ड यादव ने बताया कि इस प्रकार जमीन से कुछ ऊंचाई पर ट्रांसफार्मर होने की जानकारी नहीं है। इसको लेकर निदान किया जाएगा।

# मेजा ऊर्जा निगम ने महाकुंभ में स्वच्छता के लिए किया 1 करोड़ का योगदान

## आयोजन को सुरक्षित व पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाने के लिए की गई पहल




**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** मेजा ऊर्जा निगम (एनटीपीसी एवं यूपीआरवीयूएन का संयुक्त उपक्रम) ने 6 जनवरी को महाकुंभ में एकीकृत शौचालयों के निर्माण के लिए अपने नैगम सामाजिक दायित्व फंड से 1 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण को प्राथमिकता देते हुए, इस पहल का उद्देश्य इस तरह के बड़े पैमाने के समारोहों के पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को कम करना है। महाकुम्भ आयोजन में भाग लेने वाले लाखों तीर्थयात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करना है। मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशेष कुमार चट्टोपाध्याय द्वारा 1 करोड़ रुपये का योगदान मेला अधिकारी विजय किरणआनंद को प्रस्तुत किया गया। आधुनिक शौचालयों का निर्माण करके, मेजा ऊर्जा निगम सार्वजनिक स्वास्थ्य की आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है और सामाजिक जिम्मेदारी का एक मानक भी स्थापित कर रहा है, जो सतत विकास और सामुदायिक कल्याण के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता दर्शाता है। मेजा ऊर्जा निगम का यह योगदान महाकुंभ आयोजन को सुरक्षित और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। शौचालयों का निर्माण न केवल स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, बल्कि यह लाखों तीर्थयात्रियों के बेहतर स्वास्थ्य को भी सुनिश्चित करेगा।

# सड़क के खराब होने से राहगीर परेशान

## जनता की शिकायत का कोई असर नहीं हैं जनप्रतिनिधियों पर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** विकास खंड बहरिया के धमौर ईदगाह से सरायगनी गांव की लिंक सड़क जो मेंन सड़क बहरिया-करनाईपुर को जोड़ती है । यह सड़क काफी दिनों से गड्ढा युक्त है और बारिश के समय ताल तलैया जैसे बनी रहती हैं। इस रोड से हजारो लोग रोज गुजरते है । सबसे बड़ी बात यह है कि सरायगनी गांव में एक काफी पुराना दवाखाना है जहां दूर दराज से सैकड़ों की संख्या में मरीज दवाइयां लेने के लिये आते हैं ।

उक्त सड़क की दशा खराब होने से मरीजों व अन्य राहगीरों का चलना दूभर हो गया है । वही पूर्व प्रधान मलिक शोएब सुल्तान , मानसिंह यादव प्रधान धमौर व अनिल यादव आदि लोगों का कहा कहना है कि हम लोगों ने कई बार इस सड़क के सम्बंध में जनप्रतिनिधियों को लिखित रूप से शिकायत की और मौखिक रुप से भी कहा गया किन्तु आज तक किसी ने इस सड़क की ओर ध्यान नही दिया ।

सड़क की दशा अत्यंत दयनीय हैं सब से ज्यादा समस्या बरसात के समय होती हैं जहां सड़कों पर जलजमाव होने के कारण राहगीर गिर कर घायल हो जाते हैं हर हाल में सड़क बनना चाहिये



**मान सिंह यादव**
**ग्राम प्रधान धमौर**



सड़क बनना बहुत ही जरूरी है क्योंकि आये दिन राहगीर गाड़ी सहित गिर कर चोटिल हो रहे हैं लोगों के बार बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का कोई निराकरण नहीं हो रहा हैं

**अनिल कुमार**
**धमौर समाजसेवी**

# पिटाई से युवक घायल, मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बनकटा टावर के पास स्थित रिलायंस मार्ट के सामने 15 दिन पूर्व बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मरणासन्न स्थिति में छोड़कर अज्ञात नकाबपोश बदमाश फरार हो गए थे। घटना के 15 दिन बाद पुलिस युवक के निशानदेही पर एक नामजद अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज मामले के तफ्तीश में जुट गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ज्ञानचन्द्र पुत्र गुलाब सिंह निवासी बुखारी लाल बगिया कोहना झूंसी 23 दिसंबर को देर शाम शहर से अपनी इलेक्ट्रिक मोपेड बाइक से घर लौट रह थे। भुक्तभोगी जैसे ही रिलायंस मार्ट से सौ मीटर आगे पहुंचा इसी दौरान तीन नकाबपोश बुलेट पर सवार हो कर उसे घेर लिया। भुक्तभोगी द्वारा इसका विरोध करने पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने उसे लात घुसों व लोहे की रॉड तथा अन्य वस्तुओं से पीटने लगे जिससे उसके सिर व शरीर में गंभीर चोटे आई। हमलावर मृत समझ कर वहां से भाग गए। हमलावरों ने भगाते हुए कहा कि जिंदा रहा तो दोबारा फिर इसे जान से मार दूंगा। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने 15 दिन बाद मुकदमा दर्ज कर मामले के तफ्तीश में जुट गई।

# चोरों ने बंद पड़े दो घरों को बनाया निशाना

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** बंद मकानों का ताला तोड़कर चोरों ने घर में रखे कीमती सामान पार कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की । बहरिया के गोपालापुर गांव में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने बंद पड़े दो घरों को खंगाल डाला। गांव के कृष्णदेव त्रिपाठी व उनके अन्य दो भाई परिवार सहित बाहर रहते हैं। इन लोगों का पैतृक निवास गोपालापुर में है। अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर टीबी, बर्तन, कपड़ा व बक्से में रखे जेवरात आदि सामानों को घर से उठा ले गये । घर का ताला टूटा देख पड़ोसियों ने इसकी जानकारी कृष्ण देव त्रिपाठी को दी । सूचना पर गांव



पहुंचे कृष्ण देव ने चोरी की घटना की जानकारी डायल 112 को देते हुए बहरिया थाने में लिखित प्रार्थना पत्र दिया । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भयंकर शीत लहरी में लोगों का जीवन अस्त व्यस्त, नहीं जलाये गये अलाव

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** इस समय प्रयागराज भयंकर शीतलहरी की चपेट में है। जिससे लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। 5 बजे शाम के बाद सड़कों पर सन्नाटा देखा गया। बहुत जरूरी कार्य के लिए लोग बाहर निकल रहे हैं। लेकिन मुख्य बाजारों में और मलिन बस्तियों में सरकार द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं की गई। क्षेत्र के चांदोपारा, भवानीपुर, आराकलां, चकिया, बलीपुर, नागनाथपुर,



जलालपुर, सिठौली आदि सैकड़ो गांव में इस समय बहुत भयंकर ठंड पड़ रही है। लोग घरों में दुबके हैं। बहुत ही जरूरी कार्य से लोग बाहर निकल रहे हैं। न तो इन गांव में अभी तक अलाव की व्यवस्था की गई है न तो सरकार द्वारा गरीबों को कंबल वितरित किया गया है। सभी दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। जिम्मेदार लोग कुंभहैणी निद्रा में सोए हुए हैं। 5 -6 बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा देखा जा सकता है। सबसे ज्यादा मलिन बस्तियों में गरीबों को इस हाड़ तोड़ ठंड में परेशानी उठानी पड़ रही है। उनके सहक्ष आर्थिक संकट भी है। भयंकर शीतलहरी में अलाव के सहारे रात काटना उनकी मजबूरी बन गई है।

# थाना प्रभारी ने दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की दी नोटिस


**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव (प्रयागराज)।** नगर पंचायत कोरांव में स्टेट हाईवे पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को दो दिन में हटा लेने की नोटिस थाना प्रभारी नितेंद्र कुमार शुक्ल ने दिलवाई है। मंगलवार को सायं 4=30 बजे के आसपास थाना प्रभारी नितेंद्र कुमार शुक्ल ने पुलिस दल बल के साथ बाजार के सभी व्यापारियों को दो दिन में अतिक्रमण हटा लेने की जहां नोटिस दी, वहीं महाकुंभ 2025 में जाने वाले तीर्थ यात्रियों व श्रद्धालुओं को आवागमन के दौरान यातायात में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसको लेकर दुकानदारों को दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान पुलिस ने बाजार में सघन वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया जहां आने जाने वाले प्रत्येक वाहनों की तलाशी भी ली गई। महाकुंभ में जाने वाले तीर्थ यात्रियों व श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसके लिए पुलिस सतर्क हो गई है। थाना प्रभारी नितेंद्र शुक्ल ने बताया कि प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। कोई संदिग्ध व्यक्ति अथवा अवैध वस्तुओं व मादक सामग्रियों का परिवहन करते अथवा ले जाते पकड़ा जाएगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों को दी गई नोटिस में लिखा गया है कि जिस भी दुकान अथवा मकान के सामने अवैध अतिक्रमण किया गया है। जिससे यातायात व आवागमन बाधित हो रहा है।

# केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने भारतपोल पोर्टल किया लॉन्च

## ▶▶ कहा-अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ना होगा आसान

● प्रत्येक भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल के साथ जुड़ सकेंगी

● भारतपोल पोर्टल 195 देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्री मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारतपोल पोर्टल को देश की अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए एक नए युग में जाने की शुरुआत बताते हुए कहा कि अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि देश की प्रत्येक एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस इंटरपोल से जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी।केंद्रीय गृह मंत्री दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने 35 सीबीआई अधिकारियों, कर्मचारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया।भारत में अपराध कर विदेश भाग जाने वाले अपराधियों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कई सारे अपराधियों ने दुनिया के अलग-अलग देशों में बैठकर भारत में अपराध को अंजाम दिया है या फिर अपराध करके विदेश में भाग गये हैं जिसके कारण वह हमारे कानून की पहुंच से बाहर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब आधुनिक व्यवस्थाओं का उपयोग करके कानून की पहुंच से बाहर रहे विदेश में बैठे अपराधियों और भारत में अपराध करके विदेश भागे अपराधियों को भारतपोल के माध्यम से देश वापस लाना और उन पर कानूनी कार्रवाई करना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली में ट्रायल इन एब्सेंसिया (अनुपस्थिति में मुकदमा) का एक नया प्रावधान जोड़ा है। इसके माध्यम से एक न्यायिक प्रक्रिया के बाद इसको पूरा करके कोर्ट के आदेश के साथ उनकी अनुपस्थिति में इन पर ट्रायल चलाना सरल हो जाएगा। यदि उन्हें सजा मिलने पर विदेशों से भारत लाने में आसानी होगी।केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारतपोल हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने की शुरुआत है। अभी तक सीबीआई एकमात्र एजेंसी थी जो इंटरपोल के साथ काम करती थी, लेकिन अब भारतपोल के शुभारंभ के साथ प्रत्येक भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल के साथ जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी। उन्होंने कहा कि हम अंतराल को पाटने और अपराध को नियंत्रित करने के लिए कुशलतापूर्वक काम करने में सक्षम होंगे।

उन्होंने कहा कि भारतपोल में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक की मदद से हम इस अंतर को पाट सकेंगे। हमें कई ऐसी जानकारियां मिल सकेंगी जो अंतरराष्ट्रीय अपराधों का विश्लेषण करने में मदद करेंगी और बदले में हमें अपराधों को होने से पहले ही रोकने के लिए एक ढांचा स्थापित करने में मदद करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि एजेंसी तो बाद में सीबीआई ही रहेगी लेकिन इस तकनीक के आधार पर खड़ी की गई व्यवस्था के माध्यम से ढेरी सारी दूरियों को मिटा पाएंगे, ढेर सारी सूचनाओं को हम प्राप्त कर पाएंगे। इस तरह से सटीकता के साथ अनेक प्रकार के दुनिया के क्राइम को विश्लेषण करके हमारे यहां क्राइम होने से पहले उसे रोकने की संरचना भी खड़ी कर पाएंगे।उन्होंने कहा कि भारतपोल पोर्टल जांच एजेंसियों और हर राज्य की पुलिस को 195 देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा। साथ ही संवाद को सरल और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि भारतपोल पोर्टल के पांच प्रमुख मॉड्यूल हैं और यह सभी प्रवर्तन एजेंसियों को सहायता देंगे। उन्होंने कहा कि देश जब 2047 में आजादी की शताब्दी मनाएगा तब भारत हर क्षेत्र में सर्वप्रथम होगा और हम प्रत्येक क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहे होंगे। उन्होंने कहा कि इस संकल्प को सिद्ध करने के लिए कई पड़ाव हैं। उसमें 2027 तक भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया गया है। वहीं से एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने का पहला कदम उठेगा।गृह मंत्रालय के अनुसार भारतपोल पोर्टल, भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को वास्तविक समय में सूचना साझा करने में सक्षम बनाएगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग तक तेजी से पहुंच संभव होगी। भारत में इंटरपोल के लिए राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी-नई दिल्ली) के रूप में सीबीआई, कानून प्रवर्तन एजेंसियों सहित देश भर की विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर आपराधिक मामलों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की सुविधा प्रदान करती है। केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्तर पर, यह समन्वय इंटरपोल संपर्क अधिकारियों (आईएलओ) के माध्यम से किया जाता है, जो अपने-अपने संगठनों के भीतर पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों और शाखा प्रमुखों के स्तर पर इकाई अधिकारियों (यूओ) से जुड़े होते हैं। वर्तमान में, सीबीआई, आईएलओ और यूओ के बीच संचार मुख्य रूप से पत्रों, ईमेल और फैक्स पर निर्भर करता है।साइबर अपराध, वित्तीय अपराध, ऑनलाइन कट्टरपंथ, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी आदि सहित अंतरराष्ट्रीय अपराधों के बढ़ते प्रभाव के कारण आपराधिक जांच में तेजी से और वास्तविक समय पर अंतरराष्ट्रीय सहायता की आवश्यकता है। इस चुनौती से निपटने के लिए सीबीआई ने भारतपोल पोर्टल विकसित किया है, जो इसकी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से सुलभ है, जो सभी हितधारकों को एक साझा मंच पर लाएगा।भारतपोल पोर्टल, इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों की प्रक्रिया को सरल बनाएगा, जिसमें रेड नोटिस और अन्य रंग-कोडित इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल है। भारतपोल पोर्टल, क्षेत्र-स्तरीय पुलिस अधिकारियों के लिए एक परिवर्तनकारी उपकरण बन जाएगा, जिससे अपराधों और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में उनकी दक्षता बढ़ेगी। अंतरराष्ट्रीय सहायता तक आसान और तेज़ पहुंच की सुविधा प्रदान करके, यह अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में भारत के प्रयासों को मज़बूत करेगा।

## महाराष्ट्र के नागपुर में दो बच्चे एचएमपीवी वायरस से संक्रमित मिले

**नागपुर, (हि.स.)।** कर्नाटक और गुजरात के बाद अब महाराष्ट्र के नागपुर में चाइनीज वायरस एचएमपीवी के दो मामले सामने आए हैं।दोनों बच्चों के रक्त नमूने आगे की जांच के लिए पुणे में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) में भेजे गए हैं। नागपुर के जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर, एम्स के निदेशक डॉ. प्रशांत जोशी, जिला सर्जन डॉ. निवृत्ति राठौड़, नगर चिकित्सा अधिकारी दीपक सेलोकर ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दो बच्चों में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के मामले सामने आए हैं। बतौर विपीन इटनकर नागपुर



निवासी 17 वर्षीय किशोरी और 7 वर्षीय बालक को पिछले कुछ दिनों से सर्दी, खांसी और बुखार के कारण रामदासपेठ के एक निजी अस्पताल में इलाज किया गया था। दवा देने के बाद भी बीमारी ठीक नहीं होने पर मरीज के नमूने जांच के लिए नीरी की प्रयोगशाला में भेजे गए और रिपोर्ट मिली कि दोनों %एचएमपीवी% से संक्रमित थे। इस बारे में इटनकर ने कहा कि घबराने की कोई बात नहीं है। दोनों मरीज सामान्य स्थिति में हैं। दोनों बच्चों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए पुणे में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) में भेजे गए हैं। साथ ही वायरस के बारे में गहन जानकारी के लिए नमूने पुणे की %एनआईवी% प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। अगले 2 से 3 दिन में रिपोर्ट आने की संभावना है। इस बीमारी के मरीजों की संख्या बढ़ने की आशंका कम होने के बावजूद सरकारी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है।

## सांसद पप्पू यादव ने बीपीएससी परीक्षा में कथित गड़बड़ी की हाई कोर्ट के जज से जांच कराने की मांग की, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**पटना,(हि.स.)।** बिहार में पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने मंगलवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की और बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) उम्मीदवारों की चिंताओं को उजागर करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। पप्पू यादव ने राज्यपाल को बीपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितता की हाई कोर्ट के जज से जांच कराने की मांग की है।राज्यपाल से मुलाकात के बाद पप्पू यादव ने पत्रकारों से बातचीत में एक और बड़ा ऐलान किया। उन्होंने बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में 12 जनवरी को बिहार बंद बुलाया है।

## जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर की हालत स्थिर, ठंड में बैठने के कारण बिगड़ी तबीयत



**पटना, (हि.स.)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर दो जनवरी से आंदोलनरत जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर इस वक्त पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। सोमवार की रात तबीयत खराब होने पर उन्हें यहां एडमिड किया गया था।मेदांता अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर रविशंकर ने प्रशांत किशोर के हेल्थ रिपोर्ट के बारे में बताया कि आज पूरे दिन उनकी जांच की जाएगी, उनकी स्थिति अभी स्थिर है। शाम तक कुछ कहा जा सकता है कि उन्हें क्या हुआ है। मोटे तौर पर डॉक्टर ने बताया कि ठंड में बैठे थे, इसलिए तबियत बिगड़ी है। सभी तरह की जांच की जाएगी, फिर शाम में एक रिपोर्ट जारी किया जाएगा।प्रशांत किशोर पिछले दो जनवरी यानी 6 दिनों से गांधी मैदान में बीपीएससी की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों के साथ अनशन पर बैठे थे। सोमवार को प्रशासन की ओर से उन्हें अरेस्ट किया गया था और देर शाम होते-होते उन्हें छोड़ भी दिया गया था। रात में उनकी तबीयत बिगड़ गयी और उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल में एडमिड किया गया।

## कांग्रेस महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम करती है: दीपिका पांडेय

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** झारखंड सरकार की कैबिनेट मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कांग्रेस जुमले की नहीं, जरूरतमंदों की पार्टी है। जहां भी कांग्रेस या उसके गठबंधन वाली सरकार है, वह महिलाओं को केंद्र में रखते हुए उनके सशक्तिकरण के लिए काम कररही है। इस मामले में उन्होंने हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और झारखंड का उदाहरण दिया।झारखंड सरकार की कैबिनेट मंत्री दीपिका पांडेय सिंह मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर देश को %लाडली% शब्द से योजना देने वाली पहली मुख्यमंत्री शीला दीक्षित थीं। उन्होंने अपनी सरकार में यह सुनिश्चित किया था कि कोई भी बच्ची अगर अस्पताल में पैदा होती है, तो उसे सरकार की तरफ से 11 हजार रुपये और अगर अस्पताल में पैदा न हुई हो तो 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसी क्रम में उन्होंने 1 से लेकर 12वीं कक्षा तक लड़कियों की शिक्षा के लिए 25 हजार रुपये देने का ऐलान किया था। पांडेय ने कहा कि शीला



सरकार ने बुजुर्ग, दिव्यांग और एकल महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा के लिए 600 रुपये से शुरू कर 1500 रुपये तक दिए थे। ऐसे ही हिमाचल प्रदेश सरकार महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये की सहयोग राशि दे रही है।

कर्नाटक में भी कांग्रेस सरकार महिलाओं को प्रतिमाह दो हजार रुपये दे रही है। तेलंगाना सरकार भी महिलाओं को स्वतंत्र करने के लिए ट्रांसपोर्टेशन योजना और आवास दे रही है।उन्होंने दावा किया कि जहां भी कांग्रेस पार्टी और गठबंधन की सरकार है, वहां महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है, लेकिन आम आदमी पार्टी (आआपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सिर्फ वादे करती हैं, उन्हें पूरा नहीं करती हैं। आआपा और भाजपा को कटघरे में खड़ा करते हुए मंत्री ने कहा कि दिल्ली में बिहार, झारखंड यानि पूर्वांचल के लोग जब छठ पर्व पर यमुना तट पर जाते हैं तो पता चलता है कि हमारी आस्थाओं के साथ केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और दिल्ली में सत्तारूढ़ आआपा किस तरह खिलवाड़ कर रही हैं। मैली यमुना इसकी ताजा मिसाल है। यमुना दिल्ली में पहुंचते ही हजारों गुना अधिक प्रदूषित हो जाती है। दिल्ली आज कचरे के ढेर और वायु प्रदूषण की गिरफ्त में है।उन्होंने कहा कि आआपा ने 10 साल में यहां विकास के नाम पर जनता को सिर्फ ठगा है। उन्होंने आआपा संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा कि वो वादों, आंकड़ों और बयानों की जादूगरी करते हैं। महिलाओं को आर्थिक संबल देने के मामले में आआपा ने पंजाब और दिल्ली में अब तक क्या किया है, वह सबको मालूम है। महिलाएं उनके वादों पर भरोसा कर अब अपने को ठगी महसूस कर रही हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा जिस भी राज्य में चुनाव आते हैं, वहां भाजपा की ओर से बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं का मुद्दा जोरशोर से उठाया जाता है। चुनाव खत्म होने के बाद उनके लिए ये कोई मुद्दा नहीं रह जाता है।पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी नेता अमृता धवन ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होता। भाजपा और आआपा के लोग वादे जरूर करते हैं लेकिन उसे पूरा नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में महिलाओं के साथ दुष्कर्म और अपहरण के आंकड़े दिल दहलाने वाले हैं।

## खनोरी बॉर्डर पर धरना दे रहे किसान नेता डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ी

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब की सीमा पर धरना दे रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सोमवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। करीब तीन घंटे बाद वह सामान्य हुए। सोमवार को दिन के समय सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई पावर कमेटी के सदस्यों ने खनोरी का दौरा करके डल्लेवाल से बातचीत की थी।बताया जाता है कि रात करीब 12 बजे जगजीत सिंह डल्लेवाल की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उनकी पल्स रेट 42 और ब्लड प्रेशर की अपर रेंज 80 और लोअर रेंज 56 तक आ गई। वहां मौजूद डॉक्टरों की टीम ने उनके हाथ-पैर दबाए और पानी पिलाया। डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिलते ही मोर्चे पर मौजूद सभी किसान जाग गए। उन्होंने रात को ही डल्लेवाल की सेहत को लेकर सतनाम वाहेगुरु का जाप करना शुरू कर दिया।करीब तीन घंटे तक डाक्टरों ने डल्लेवाल की निगरानी की। इसके बाद उनकी हालत सामान्य हुई।

## दिल्ली विधानसभा चुनावों की घोषणा का नड्डा ने किया स्वागत

▶▶ कहा- पार्टी विकास के लिए कटिबद्ध



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किए जाने का स्वागत किया है। पार्टी ने दिल्ली वासियों से अपील की कि वे विकसित दिल्ली बनाने वाली सरकार चुनें।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ÷भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आज दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा का मैं स्वागत करता हूं। चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है। देश और प्रदेश के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और सुशासन को सुनिश्चित करने में इसकी अग्रणी भूमिका है। मैं यहां की जनता से %विकसित दिल्ली% बनाने और लोगों की उन्नति में योगदान देने वाली सरकार चुनने की अपील करता हूं।÷ उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा अंत्योदय के संकल्प के साथ दिल्ली के समग्र विकास के लिए कटिबद्ध है।गौरतलब है कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने सहयोगी चुनाव आयुक्तों के साथ मंगलवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली विधानसभा चुनावों का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि चुनाव की राजपत्र अधिसूचना 10 जनवरी को जारी की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 17 जनवरी होगी। नामांकन की जांच की तिथि 18 जनवरी रहेगी। 20 जनवरी तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकेगी। 05 फरवरी को मतदान होगा और मतगणना 8 फरवरी को होगी।दिल्ली विधानसभा के लिए 2020 में हुए चुनावों में आम आदमी पार्टी ने 70 में से 62 सीटें जीती थीं जबकि भाजपा सिर्फ 8 सीटें जीत सकी थी। करीब डेढ़ दशक तक दिल्ली की सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस पिछले दो विधानसभा चुनावों में अपना खाता खोलने में भी नकाम रही। इस बार आआपा सभी 70 सीटों पर उम्मीदवार उतार चुकी है। कांग्रेस अब तक कुल 48 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है जबकि भाजपा ने शनिवार को 29 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी।

### असम कोयला खदान हादसा

## 10 मजदूर बचाए गए, 11 अभी भी फंसे, बचाव अभियान जारी

▶▶ एनडीआरएफ, भारतीय सेना और असम राइफल्स के जवान बचाव अभियान में जुटे



**गुवाहाटी, (हि.स.)।** राज्य के उमरंगसू इलाके के कलामाटी में कोयला खदान में फंसे 10 मजदूरों को जिंदा बचा लिया गया है।खदान में अभी 11 मजदूरों के फंसे होने की सूचना है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), भारतीय सेना के इंजीनियर टास्क फोर्स और असम राइफल्स के जवान खदान में फंसे इन मजदूरों को निकालने के लिए बचाव अभियान चला रहे हैं। इसी बीच प्रशासन नेअब खदान में फंसे 11 में से 9 मजदूरों की शिनाख्त कर ली है।दरअसल, असम के पहाड़ी जिला डिमा हसाओ के उमरांग्सू से 25 किमी दूर असम-मेघालय के सीमावर्ती इलाके में सोमवार की सुबह एक कोयला खदान में पानी भर जाने से कई मजदूर फंस गए थे। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से सूचना मिलने पर एनडीआरएफ की प्रथम वाहिनी के जवान बचाव अभियान में जुट गया। बचाव कार्य में एनडीआरएफ, सेना के इंजीनियर टास्क फोर्स और भारतीय सेना के जवान भी जुटे हैं। बताया गया है कि सहायता के लिए विशाखापत्तनम से नौसेना के गहरे गोताखोरों को बुलाया गया है। भारतीय सेना ने बाढ़ग्रस्त खदान के अंदर खतरनाक परिस्थितियों से निपटने के लिए 32 असम राइफल्स पाथफाइंडर यूनिट और पैरा गोताखोरों सहित विशेष टीमों को भी तैनात किया है। कोयला खनन सुरंग में जल स्तर असामान्य रूप से बढ़ने से बचाव कार्य में काफी दिक्कतें आ रही हैं।

इस बीच पानी के ऊपर कुछ हैलमेट तैरते नजर आए।इस बचाव दल ने खदान में फंसे 10 मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया है। खदान में अभी भी 11 श्रमिक फंसे हुए हैं। इसी बीच लगभग 300 फीट गहरी कोयला खदान में फंसे नौ खनिकों की पहचान प्रशासन ने की है।

## पाकिस्तान से बाल सैनिक के रूप में युद्ध लड़ने वाले हवलदार बलदेव सिंह का निधन

▶▶ सेना में शामिल होकर पाकिस्तान से लड़े चार युद्ध

▶▶ सैन्य सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** देश के बंटवारे के समय 1947-48 में पाकिस्तान के साथ युद्ध में %बाल सैनिक% के रूप में शामिल होने वाले योद्धा 93 वर्षीय हवलदार बलदेव सिंह का निधन हो गया। अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके गांव में पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। सेना की व्हाइट नाइट कोर के जीओसी और सभी रैंक के अधिकारियों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। राष्ट्र के लिए उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और 2021 में नरेन्द्र मोदी ने उन्हें सम्मानित किया था।पाकिस्तान के खिलाफ चार युद्ध लड़ने वाले वयोवृद्ध सैनिक हवलदार (सेवानिवृत्त) बलदेव सिंह का 93 वर्ष की उम्र में जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के गृहनगर नौशेरा में सोमवार को उनके आवास पर निधन हो गया।

पाकिस्तान के साथ युद्ध के इस महान नायक का जन्म नौनिहाल गांव में 27 सितंबर, 1931 को हुआ था। महज 16 साल की उम्र में उन्होंने 1947-48 में नौशेरा और झंगर की लड़ाई के दौरान 50 पैरा ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर उस्मान के नेतृत्व में बाल सेना बल में शामिल होकर स्वेच्छा से काम किया था। बाल सेना 12 से 16 वर्ष की आयु के स्थानीय लड़कों का एक समूह था, जो पाकिस्तान के साथ युद्ध में भारतीय सेना के लिए %डिस्पैच रनर% के रूप में काम करता था।तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने युद्ध में शामिल होने वाले बाल सैनिकों में बलदेव सिंह को सम्मानित किया था। बाल सैनिक के रूप में भाग लेने के बाद वह 14 नवंबर, 1950 को भारतीय सेना में शामिल हो गए और 29 वर्षों तक वीरता के साथ सेवा की। इस दौरान वह 1961, 1962 और 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्धों में शामिल हुए।

सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि अक्टूबर, 1969 में हवलदार पद से सेवानिवृत्त होने के बावजूद सिंह को 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान वापस बुलाया गया और उन्होंने आठ महीने के लिए 11 जाट बटालियन (25 इन्फैंट्री डिवीजन) में सेवा की।

अपने पूरे करियर के दौरान सिंह को उनकी सेवा के लिए कई सम्मान मिले।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवंबर, 2021 में नौशेरा की अपनी यात्रा के दौरान हवलदार बलदेव सिंह (सेवानिवृत्त) से बातचीत की।

उन्होंने बताया कि युद्ध के दौरान बाल सैनिक के रूप में हताहतों को निकाला और अग्रिम चौकियों पर आपूर्ति में मदद की थी। बाद में उन्हें सिग्नल कोर में भर्ती किया गया और 1969 में अपनी सेवा पूरी करने के बाद हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए। मोदी ने नौशेरा के नायकों ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान और नायक जदुनाथ सिंह को श्रद्धांजलि दी थी, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। सेना की व्हाइट नाइट कोर के जीओसी और सभी रैंकों ने 93 वर्षीय योद्धा हवलदार बलदेव सिंह (सेवानिवृत्त) के दुखद निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## चीन में एचएमपीवी में उछाल संबंधी खबरों के बीच भारत में समीक्षा के बाद स्वास्थ्य सचिव का दावा- देश में सांस संबंधी बीमारियों में उछाल नहीं



**नई दिल्ली,(हि.स.)।**केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने मंगलवार को वर्चुअल मोड में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें भारत में श्वांस संबंधी बीमारियों की समीक्षा की गई। बैठक में चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) मामलों में उछाल की मीडिया रिपोर्टों के बाद एचएमपीवी मामलों की स्थिति और उनके प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की समीक्षा की गई। बैठक में डॉ. राजीव बहल, सचिव (डीएचआर); डॉ. (प्रो) अतुल गोयल, डीजीएचएस; राज्यों के स्वास्थ्य सचिव और अधिकारी, एनसीडीसी, आईडीएसपी, आईसीएमआर, एनआईवी और आईडीएसपी की राज्य निगरानी इकाइयों के विशेषज्ञ शामिल हुए।स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि एचएमपीवी से जनता के लिए चिंता का कोई कारण नहीं है। यह वायरस 2001 से वैश्विक स्तर पर मौजूद है। उन्होंने राज्यों को आईएलआई/एसएआरआई निगरानी को मजबूत करने और समीक्षा करने की सलाह दी। उन्होंने दोहराया कि आमतौर पर सर्दियों के महीनों में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि देखी जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि देश श्वसन संबंधी बीमारी के मामलों में किसी भी संभावित उछाल के लिए अच्छी तरह से तैयार है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) कई श्वसन वायरस में से एक है जो सभी उम्र के लोगों में विशेष रूप से सर्दियों और शुरुआती वसंत के महीनों में संक्रमण का कारण बन सकता है।ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) कई श्वसन वायरस में से एक है जो सभी उम्र के लोगों में विशेष रूप से सर्दियों और शुरुआती वसंत के महीनों के दौरान संक्रमण का कारण बन सकता है। वायरस का संक्रमण आमतौर पर हल्का और स्व-सीमित स्थिति होता है और अधिकांश मामले अपने आप ठीक हो जाते हैं। यह बताया गया कि आईसीएमआर-वीआरडीएल प्रयोगशालाओं के पास पर्याप्त नैदानिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।राज्यों को वायरस के संचरण की रोकथाम के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने की सलाह दी गई। इसमें साबुन और पानी से बार-बार हाथ धोना; बिना धुले हाथों से अपनी आँखें, नाक या मुँह को छूने से बचना; ऐसे लोगों के साथ निकट संपर्क से बचना जिनमें बीमारी के लक्षण दिख रहे

## रेल मंत्री ने भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर किया लॉन्च

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन ने मंगलवार को दिल्ली के रेल भवन में भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर लॉन्च किया। इस नए कैलेंडर में साल भर की महत्वपूर्ण तिथियां, कार्यक्रम हैं, जिससे नागरिकों को देश के राजनीतिक और प्रशासनिक एजेंडे के बारे में व्यापक जानकारी मिलेगी।इस अवसर पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष के कैलेंडर की थीम जनभागीदारी से जनकल्याण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ सबका विकास पर विश्वास करते हैं। प्रधानमंत्री के विजन और कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में जो बड़ा बदलाव आया है वह इस कैलेंडर में दिखाई पड़ता है। प्रौद्योगिकी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सांस्कृतिक विरासत, खिलाड़ियों, गरीब कल्याण, महिलाओं और गरीबों के लिए किये गये काम शामिल हैं।

## कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री को दिया महाकुंभ का निमंत्रण



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी तथा रामनाथ ठाकुर को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया। केंद्रीय मंत्रियों को अवगत कराया कि यह ऐतिहासिक आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसे दिव्य, भव्य और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। महाकुंभ 2025 को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में डेढ़ लाख से अधिक शौचालय बनाए गए हैं, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है, और पर्यावरण संरक्षण के लिए तीन लाख पौधे लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सात स्तरीय सुरक्षा चक्र, 2,750 सीसीटीवी कैमरे और अत्याधुनिक एआई आधारित निगरानी प्रणाली का उपयोग होगा।

स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत 100 बेड का अस्पताल और आईसीयू की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज को सजाने के लिए 'पेंट माई सिटी' अभियान चलाया गया है।

# भाजपा ने अफसरों के माध्यम से हिंसा करवाई

### सपा ने संभल हिंसा की रिपोर्ट रखी अखिलेश यादव का बड़ा आरोप

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने संभल में जानबूझकर अफसरों के माध्यम से हिंसा करवाई और मासूम लोगों पर अत्याचार किया। सपा का प्रतिनिधिमंडल जब संभल गया तो उसे रोका गया। वहां जाने नहीं दिया गया। आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के माध्यम का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा दरार वादी पार्टी है। इन लोगों का इंसानों के जीवन से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा हृदयहीन पार्टी है।

इसके पहले, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने संभल हिंसा से संबंधित रिपोर्ट मीडिया के सामने रखी। उन्होंने कहा कि संभल में मस्जिद का सर्वे कराने को लेकर जानबूझकर तनाव पैदा किया। सर्वे करने जाने वाली टीम में भाजपा के लोग शामिल थे और जब विवाद बढ़ गया तो भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल नहीं किया गया बल्कि सीधे गोली चला दी गई। इस घटना से प्रदेश का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया। अफसर मनमर्जी कर अन्याय की सभी सीमाएं पार कर रहे हैं

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के दो पहिये हैं एक अन्याय और दूसरा भ्रष्टाचार। ये लोग भ्रष्टाचार के मामलों को दबाने के लिए प्रदेश में जगह-जगह हिंसा कर रहे हैं। अधिकारी अन्याय की सभी सीमाओं को पार कर रहे हैं।

**... अखिर सनातनी मुख्यमंत्री क्या कर रहे हैं:** उन्होंने कहा कि भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि यूपी में हर दिन 50 हजार गायें काटी जा रही हैं और जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। भाजपा के यही विधायक कह रहे हैं कि आज अगर प्रदेश में भाजपा का मुख्यमंत्री न होता तो वो सीएम आवास में घुस जाते...। मैं यही कहूंगा कि योगी आदित्यनाथ भाजपा के नहीं हैं। मैं उनसे यही कहूंगा कि वो आएं और सीएम आवास में घुस जाएं।

मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर कसा तंज... वहां सबसे साफसुथरा चुनाव होने जा रहा है।

सपा अध्यक्ष ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मिल्कीपुर में सबसे साफसुथरा चुनाव होने जा रहा है। मीडिया के लोगों को भी वहां कैमरा लेकर जाना चाहिए ताकि पता चल सके कि वहां कैसे चुनाव हो होते हैं। अभी जब नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे तो देखा गया था कि प्रशासन की मदद से लोगों को वोट नहीं करने दिया गया। बूथों पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया और वोट नहीं करने दिया गया।

## 11 आईएएस अफसरों के तबादले

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने मंगलवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल कर दिया है। कई मंडलों के कमिश्नर समेत 11 वरिष्ठ आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया गया है। आजमगढ़, विंध्याचल, चित्रकूट और कानपुर के कमिश्नर इसके दायरे में आए हैं। इसके साथ ही कई प्रमुख सचिवों की जिम्मेदारियों में भी फेरबदल किया गया है। दो दिन पहले ही प्रमोशन पाने वाले आईएएस अफसरों को नई जिम्मेदारियां दी गई थीं।

इनमें कई आईएएस के पर भी कतरे गए थे। सीएम योगी के सबसे खास अफसर संजय प्रसाद को दोबारा प्रमुख सचिव गृह बनाया गया था।

आलोक कुमार द्वितीय से प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग की जिम्मेदारी ले ली गई है। इसी तरह श्रीमती लीना जौहरी से प्रमुख सचिव सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग का प्रभार ले लिया गया है। कानपुर के कमिश्नर अमित गुप्ता को प्रमुख सचिव स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के साथ ही महानिरीक्षक निबंधन की जिम्मेदारी दे दी गई है। आजमगढ़ के कमिश्नर मनीष चौहान अब प्रमुख सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। गृह विभाग में सचिव विवेक को आजमगढ़ का कमिश्नर बनाया गया है।

विन्ध्याचल मंडल के कमिश्नर डा0 मुथुकुमारस्वामी बी अब वित्त विभाग में सचिव होंगे। चित्रकूट मंडल के कमिश्नर बाल कृष्ण त्रिपाठी को विंध्याचल का कमिश्नर बनाया गया है। कृषि विभाग में सचिव अजीत कुमार को चित्रकूट मंडल के कमिश्नर बनाए गए हैं।

उद्योग विभाग के आयुक्त एवं निदेशक श्री के0 विजयेन्द्र पांडियन के पास कानपुर मंडल के कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार रहेगा।

डा0 रूपेश कुमार अभी तक महानिरीक्षक निबंधन के साथ ही प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड और प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड थे। इनसे महानिरीक्षण निबंधन का कार्यभार ले लिया गया है। सचिव नरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय को सचिव, नियोजन विभाग और महानिदेशक अर्थ एवं संख्या की जिम्मेदारी दी गई है।

## किसानों को माइक्रो क्लाइमेट और बाजार मूल्य इत्यादि के बारे में त्वरित और सटीक जानकारी होगी प्राप्त

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार और गूगल क्लाउड इंडिया ने लाखों किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए जेमिनी-संचालित और बेकन-सक्षम उत्तर प्रदेश ओपन नेटवर्क फॉर एग्रीकल्चर के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह और गूगल क्लाउड इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट श्री अनिल भंसाली ने हस्ताक्षर किए।

गूगल क्लाउड उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर जेमिनी-संचालित बेकन-सक्षम उत्तर प्रदेश ओपन नेटवर्क फॉर एग्रीकल्चर लॉन्च करेगा। यह ओपन नेटवर्क लाखों किसानों को सलाहकार सेवाओं, ऋण, मशीनीकरण और अपनी उपज बेचने के लिए बाजार संपर्क सहित आवश्यक सेवाओं तक वन-स्टॉप पहुंच प्रदान करेगा। अपने संबोधन में मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह समझौता उत्तर प्रदेश शासन के सुशासन और डिजिटल सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इससे किसानों को माइक्रो क्लाइमेट और बाजार मूल्य इत्यादि के बारे में त्वरित और सटीक जानकारी प्राप्त होगी। हर तहसील में वेदर स्टेशन लगभग लग चुके हैं इसको इंटीग्रेटे करने की जरुरत है।

उन्होंने कहा कि कृषि के लिए ओपन नेटवर्क उत्तर प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी करने के हमारे दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह डिजिटल डिवाइड की चुनौतियों को हल करने के लिए एआई का लाभ उठाने में सक्षम हैं। 21वीं सदी की आधुनिक कृषि व्यवस्था में किसानों को आवश्यक उपकरणों और संसाधनों से लैस करेगा। गूगल क्लाउड इंडिया में वाइस प्रेसिडेंट इंजीनियरिंग और भारत विकास केंद्र के प्रमुख श्री अनिल भंसाली ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि के लिए ओपन नेटवर्क के लॉन्च के साथ गूगल क्लाउड डीपीआई-इन-ए-बॉक्स समाधान को जीवंत होते देखकर बेहद उत्साहित हैं। डीपीआई सार्वजनिक क्षेत्र के डिजिटलीकरण की यात्रा के लिए एक सिद्ध दृष्टिकोण है।

## मायावती को दिल्ली चुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और घिनौने प्रचार की आशंका

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** चुनाव आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का मंगलवार को ऐलान कर दिया। अयोध्या की मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए भी दिल्ली के साथ ही चुनाव की घोषणा हुई है। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने पहले ही उपचुनावों से दूरी बनाने का फैसला किया था। आयोग की घोषणा के बाद दिल्ली चुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और सांप्रदायिक और घिनौने प्रचार की आशंका जताई है।

मायावती ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि निर्वाचन आयोग सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ ही चुनाव को साम्प्रदायिकता व अन्य घिनौने प्रचार से दूषित होने से बचाएगा।

बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव आगामी पांच फरवरी 2025 को एक चरण में होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा इस बारे में की गयी घोषणा का स्वागत। उन्होंने कहा कि बसपा यह चुनाव अपनी पूरी तैयारी व दमदारी के साथ अकेले अपने बलबूते पर लड़ रही है। उम्मीद है कि पार्टी इस चुनाव में जरूर बेहतर प्रदर्शन करेगी।

मायावती ने सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि चुनाव लोकतंत्र की रीढ़ है और बाहुबल व धनबल से दूर रहने वाली गरीबों-मजलूमों की पार्टी बसपा आयोग से यह उम्मीद रखती है कि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के क्रम में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ ही साम्प्रदायिकता व अन्य घिनौने प्रचार से चुनाव को दूषित होने से बचाएगा।

## दिव्यांग और पिछड़ा वर्ग सशक्तिकरण के लिए महाकुंभ में लगेंगे विशेष शिविर

मंत्री नरेंद्र कश्यप का योजनाओं के प्रचार-प्रसार और त्वरित क्रियान्वयन पर जोर

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा सचिवालय में महाकुंभ में विभाग की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में विभाग का शिविर लगाया जाए, जो दिव्यांगजनों और पिछड़े वर्ग के सशक्तिकरण का एक प्रमुख मंच बने। मंत्री ने कहा कि इस शिविर में विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ ऑन-द-स्पॉट उपलब्ध कराया जाए।श्री कश्यप ने शिविर में दिव्यांगजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मोबाइल कोर्ट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा कि इस शिविर के माध्यम से विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिकतम संख्या में लाभार्थी योजनाओं का लाभ उठा सकें। दिव्यांगजनों और पिछड़े वर्ग को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए टेबलेट वितरण की प्रक्रिया को शिविर का प्रमुख आकर्षण बनाया जाए। महाकुंभ के दौरान शिविर में दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। इसमें उनके आवागमन के लिए सहायक उपकरण, ऑन-द-स्पॉट आवेदन प्रक्रिया और स्थान पर ही त्वरित सहायता जैसी सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि यह शिविर न केवल दिव्यांगजनों और पिछड़े वर्ग की सहभागिता को बढ़ाएगा, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करने और उन्हें योजनाओं से जोड़ने में भी प्रभावी भूमिका निभाएगा।बैठक के दौरान मंत्री ने विभागीय योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लंबित आवेदनों का निस्तारण शीघ्रता से करने और पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि महाकुंभ 2025 को समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने का अवसर बनाना है।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विरुद्ध परिवाद दायर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी के सुल्तानपुर में मंगलवार को एमपी/एमएलए कोर्ट में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विरुद्ध परिवाद दायर हुआ है। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने याचिका पर 15 जनवरी को सुनवाई की तारीख नियत की है। यह परिवाद अमित शाह द्वारा संविधान रचयिता डॉ भीमराव आंबेडकर को लेकर की गई टिप्पणी पर किया गया है। यह परिवाद धम्मौर थाना क्षेत्र के बनकेपुर सरैया निवासी रामखेलावन ने कराया है। रामखेलावन ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 17 दिसंबर 2024 को सदन में डॉ. भीमराव आंबेडकर पर टिप्पणी की गई। कहा कि जिनकी बदौलत अमित शाह आज गृहमंत्री हैं, उन्हीं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की। जिनको करोड़ों गरीब मजदूर अपना भगवान मानते हैं, उससे करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। इससे मेरी भी भावना आहत हुई है।

बताया कि इसी को लेकर गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ परिवाद दायर किया है।

अधिवक्ता जयप्रकाश ने बताया कि अमित शाह ने लोकसभा में बाबा साहब आंबेडकर को लेकर अमर्यादित टिप्पणी किया था। उन्होंने बाबा साहब का अपमान किया। इसी बात को लेकर परिवादी राम खेलावन ने कोर्ट में परिवाद दायर किया है। परिवादी ने कोर्ट को बताया कि बीते 24 दिसंबर 2024 को बहुजन समाज पार्टी के साथ मिलकर पुलिस अधीक्षक को मिलकर दिया था। साथ ही उन्हें रजिस्टर डाक से भी कार्रवाई के लिए तहरीर भेजी थी। लेकिन, पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। तब हम न्याय के लिए कोर्ट आए हैं।

# पीजीआई लखनऊ के नैक में 'ए प्लस प्लस' ग्रेडिंग को लेकर की बैठक

### वर्ल्ड रैंकिंग की दिशा में काम करने के लिए किया प्रेरित

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज राजभवन में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ की नैक में 'ए प्लस प्लस' ग्रेडिंग प्राप्त करने के उपलक्ष्य में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने पीजीआई के निदेशक पूरी टीम और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नैक की तैयारी के दौरान पीजीआई लखनऊ की टीम ने एक परिवार की तरह मिलकर कार्य किया। उन्होंने निर्देश दिया अब पीजीआई को वर्ल्ड रैंकिंग के लिए कार्य करना चाहिए और अन्य विश्वविद्यालयों को नैक की तैयारी में मार्गदर्शन प्रदान करना चाहिए। टीम ने मरीजों की देखभाल के साथ नैक की तैयारियों को प्राथमिकता दी, जो मानवता और समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने निर्देश दिया कि ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए रोजगार सृजन और सामाजिक सम्मान की दिशा में काम किया जाए। साथ ही समर्थ पोर्टल पर डाटा अपलोड करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।पीजीआई के निदेशक पद्मश्री डॉ. राधाकृष्ण धीमान ने राज्यपाल और राजभवन टीम का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि यह सफलता राज्यपाल के सतत मार्गदर्शन और टीम के सभी सदस्यों की मेहनत का नतीजा है। राज्यपाल ने पीजीआई को अपनी सफलता की कहानी अन्य विश्वविद्यालयों तथा परिवार के साथ साझा करने का निर्देश दिया, ताकि यह प्रेरणा का स्रोत बने। उल्लेखनीय है कि पीजीआई संस्थान लखनऊ को नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) द्वारा 'ए प्लस प्लस' ग्रेड प्रदान किया गया है। वर्ष 2022 से अब तक राज्य के 8 विश्वविद्यालयों को 'ए प्लस प्लस' ग्रेड, 4 विश्वविद्यालयों को 'ए प्लस' ग्रेड तथा 1 विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धियां राज्य के शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता को दर्शाती हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ पंकज एल जानी, पीजीआई नैक टीम के सदस्यगण सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा ने किया हिंदू-मुस्लिम एकता को खत्म करने का काम



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आज पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर 12.30 बजे शुरू हुई। प्रेस कॉन्फ्रेंस अखिलेश यादव ने पार्टी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही प्रदेश की योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने भी भाजपा संभल हिंसा पर घेरते हुए कहा कि संभल में सपा की डेलिगेश टीम गई थी। वहां पर जाने के बाद पता चला कि सर्वे पहले होने के बाद दुबारा सर्वे के लिए भाजपा के कुछ लोग के दबाव में सर्वे किया गया।

भाजपा ने सुनियोजित तरीके से ये दंगा कराने काम किया है। मृतकों को पार्टी ने 5.5 लाख रुपये दिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि शाही जामा मस्जिद में बिना परमिशन के चौकी बनाने का काम किया गया। हिंदू मुस्लिम समरसता को समाप्त करने का काम भाजपा ने किया है।

## कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन के साथ सरकार बनाने में सफल होगी: अविनाश पांडे

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अविनाश पांडे ने मंगलवार को एक न्यूज एजेंसी से बातचीत के दौरान कहा, कांग्रेस दिल्ली विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के साथ सरकार का गठन करेगी। कांग्रेस नेता ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि दिल्ली में एक नया उत्साह है, और मेरा मानना है कि इससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में एक बेहतर संगठन के साथ-साथ अथक परिश्रम दिल्ली कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव कर रहे हैं। उनके प्रयासों से मुझे उम्मीद और विश्वास है कि हम विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इंडिया ब्लॉक के भविष्य पर उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक का भविष्य काफी अच्छा है। बीते 10 साल में भाजपा के तुगलकी राज में लोग आपातकालीन स्थिति महसूस कर रहे हैं। राजनीतिक पार्टियों के साथ संविधान को खत्म करने के पीछे भाजपा की साजिशों को खत्म करने के लिए इंडिया ब्लॉक का गठन किया गया है। मुझे लगता है कि इस गठबंधन में शामिल सभी घटक दल आगे भी साथ काम करेंगे। किसानों के आंदोलन पर उन्होंने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने किसान यात्रा का आयोजन किया है जो कि जल्द होने वाला है। अलग-अलग जगहों पर किसान सम्मेलन का आयोजन भी किया है। किसानों की समस्या जटिल है और मुझे लगता है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार किसानों की मांगों को अनदेखा कर रही है। किसानों की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी संघर्ष करेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस बहुत गंभीर है। 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पर विश्वास जताया। इससे निश्चित रूप से हमारा मनोबल बढ़ा है। हमारा लक्ष्य है कि 2027 के चुनाव में कांग्रेस महत्वपूर्ण भूमिका निभाए और हम मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए अपनी पूरी ताकत और शक्ति लगाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मायावती पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मायावती बहुत सम्मानित नेता हैं।

## उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति-हमारी पहचान

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** शास्त्रीय एवं लोक संगीत की विभिन्न विधाओं से जुड़े यूपी के सभी अंचलों के कलाकारों की पहचान कर उनकी योग्यता के अनुसार मंच प्रदान कर प्रोत्साहित एवं समृद्ध करने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग उ0प्र0 द्वारा 'उ0प्र0-हमारी संस्कृति हमारी पहचान' के अंतर्गत संस्कृति उत्सव का आयोजन 02 जनवरी से 20 जनवरी तक किया जा रहा है। इसका समापन समारोह उ0प्र0 दिवस के अवसर पर 24 जनवरी,को लखनऊ में किया जायेगा। इस महाकार्यक्रम के विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया जायेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संस्कृति उत्सव 2024-25 का मुख्य उद्देश्य भारतीय संगीत की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने एवं भावी पीढ़ी को हस्तान्तरित करके उनको अपनी गौरवशाली विरासत के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि संस्कृति उत्सव 2024-25 को उद्देश्य परक एवं सफल बनाने के लिए समस्त मण्डलायुक्तों एवं समस्त जिलाधिकारियों को शासन द्वारा पत्र भेजे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय संगीत, लोक संगीत तथा लोक नाटकीय विभिन्न विधाओं के मामले में अत्यन्त समृद्ध है। ग्रामीण अंचलों में प्रचलित लोक संगीत की परम्परा भी अत्यन्त प्रसिद्ध है।

## रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एफआईआर की मांग




लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के खिलाफ लगातार विरोध जारी है। प्रियंका गांधी पर विवादित टिप्पणी के बाद कांग्रेस महिला विंग की कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज कोतवाली में शिकायती पत्र दिया। कोतवाली में कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं ने रमेश बिधूड़ी मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। बयान के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश है। अलग-अलग तरीके से कार्यकर्ता अपना विरोध जता रहे हैं। कांग्रेस नेता शहला अहरारी ने कहा कि प्रियंका गांधी हमारी नेता हैं। किसी भी हाल में उनका अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने एडीसीपी सेंट्रल मनीष सिंह को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है। महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस महिला विंग पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। हमारी मांग है कि तत्काल रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और गिरफ्तार किया जाए कांग्रेस नेता शहला ने कहा कि इस बार महिला कांग्रेस उग्र रूप लेने के लिए तैयार है। भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में फर्क है। इनका चाल और चरित्र सब लोग जान रहे हैं। दोहरे मापदंड पर भारतीय जनता पार्टी राजनीति करती है। जिस स्तर का काम यह महिलाओं के खिलाफ कर रहे हैं, वह एनसीआरबी के आंकड़ों में बिल्कुल स्पष्ट है। महिला आधी आबादी है, अगर इनके जैसे लोग सत्ता में रहेंगे तो उनका जीना मुश्किल हो जाएगा। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को बाजार खाला थाने में तहरीर दी गई थी। रमेश बिधूड़ी के खिलाफ पब्लिक टॉयलेट में पोस्टर लगाए गए थे। पोस्टर में लिखा था हां, मैं बीजेपी का गटर छाप नेता हूं- रमेश बिधूड़ी।

संक्षिप्त खबरें

### लखनऊ से प्रयाग तक 12 से स्पेशल ट्रेन चलेगी

**लखनऊ।** महाकुंभ के दौरान लखनऊ से प्रयाग तक 12 जनवरी से स्पेशल ट्रेन चलेगी। 04292 लखनऊ-प्रयाग जंक्शन स्पेशल 12, 13, 27 व 28 जनवरी, 01, 02, 10, 11, 24 और 25 फरवरी को चलेगी। यह ट्रेन चारबाग से दोपहर 02 बजे रवाना होगी। उतरेठिया, मोहनलालगंज, बछरावां, रायबरेली, ऊंचाहार, परिवां, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज, फाफामऊ स्टेशनों पर दो-दो मिनट रुकते हुए शाम 07:55 बजे प्रयाग जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में इसको दूसरे रूट से चलाया जाएगा।

### काकोरी में ट्रांसफार्मर का तेल और कॉपर चुरा ले गए चोर

**लखनऊ।** लेसा के एफसीआई उपकेंद्र के अंतर्गत मंगलवार सुबह निजी प्लाटिंग साइट पर रखे 250 केवीए ट्रांसफार्मर को नीचे गिराकर अज्ञात चोर ट्रांसफार्मर का तेल और कॉपर चोरी कर फरार हो गए। जूनियर इंजीनियर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एफसीआई उपकेंद्र के उपखंड अधिकारी प्रशांत गिरी ने बताया कि रहमानखेड़ा फीडर अंतर्गत बिंदा प्लास्टिक के पास स्थित महेंद्र सिटी में रखे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने बिजली सप्लाई काटकर नीचे गिरा दिया और ट्रांसफार्मर खोलकर करीब 200 लीटर तेल और लगभग 50 किलो तक कॉपर चोरी कर लिया। ट्रांसफार्मर का ढांचा छोड़कर चोर फरार हो गए। सुबह 7.30 बजे उपभोक्ताओं ने बिजली सप्लाई ठप होने की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे लाइनमैन ने ट्रांसफार्मर का तेल व कॉपर चोरी की जानकारी दी। जेई नितिन कुमार ने अज्ञात चोरों पर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। फिलहाल ट्रॉली ट्रांसफार्मर रखकर बिजली सप्लाई बहाल की गई है। काकोरी थाने के इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि घटनास्थल से थोड़ी दूर स्थित मकान में लगे सीसीटीवी में एक संदिग्ध वाहन कैद हुआ है। मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी चेक कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### बीच सड़क मारपीट कर रहे दो मजदूर गिरफ्तार

**लखनऊ।** अलीगंज पुलिस ने सड़क पर मारपीट कर रहे दो मजूदरों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ शांतिभंग करने की धारा में कार्रवाई हुई है। इंस्पेक्टर अलीगंज के मुताबिक अहिबरनपुर निवासी विशाल राजपूत और किशोरीलाल गौतम सोमवार रात गल्ला मण्डी के पास मारपीट कर रहे थे। सूचना पर महिला एसआई अनामिका सिंह मौके पर पहुंची। मजदूरों को समझाने पर भी आरोपी मारपीट करते रहे। जिसके बाद दोनों के खिलाफ शांतिभंग करने की कार्रवाई की गई है।

### आलमबाग में युवक ने फांसी लगाई

**लखनऊ।** आलमबाग के मधुबन नगर में देवेन्द्र यादव उर्फ जीतू (35) ने फांसी लगा ली। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मधुबन नगर निवासी देवेंद्र यादव उर्फ जीतू सीसीटीवी लगाने का काम करते थे। चचेरे भाई वीरेंद्र ने बताया कि सोमवार दोपहर देवेंद्र की पत्नी रश्मि अपने दो बच्चों को लेकर पड़ोस में रह रही अपनी बहन के घर गई थी। शाम को रश्मि घर लौटी तो मेन गेट का दरवाजा अंदर से बंद था। वह अपने पास रखी दूसरी चाभी से दरवाजा खोलकर भीतर गई तो कमरे में देवेन्द्र दुपट्टे से पंखे के कंडे के सहारे लटके हुए थे। पति की हालत देख उनकी चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए। आनन-फानन में उन्हें फंदे से उतारकर लोकबंधु अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर आलमबाग के मुताबिक कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिवार वालों ने भी स्पष्ट कारण नहीं बताया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तिवारीगंज जाने वाले मार्ग पर कर लिया गया कब्जा

**लखनऊ।** लखनऊ-अयोध्या मुख्य मार्ग से तिवारीगंज जाने वाले मार्ग पर एक रसूखदार व्यापारी ने कब्जा कर लिया है, जिससे लोगों का उस मार्ग से आना-जाना बंद हो गया है। जिसके कारण स्थानीय लोगों को इमली बांध बाबा मंदिर आने-जाने में परेशानी हो रही है। वहां जाने के लिए फैजाबाद मार्ग पर ही काफी आगे से घूम कर जाना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने नगर आयुक्त को शिकायती पत्र देकर सार्वजनिक जमीन से अवैध कब्जा हटवाए जाने का अनुरोध किया है। उत्तरधौना निवासी विनोद सिंह, राहुल श्रीवास्तव और तिवारीगंज निवासी नरेंद्र सिंह ने नगर आयुक्त को दिए शिकायती पत्र के साथ अवैध कब्जा किए जाने वाले स्थान का नजरी नक्शा भी दिया है। बताया है कि भूमि खसरा संख्या 246, हेक्टेयर 0.0531 स्थित ग्राम उत्तरधौना परगना व तहसील जिला लखनऊ में सार्वजनिक रास्ते के नाम से अभिलेखों में दर्ज है। यह भूमि लखनऊ-अयोध्या मार्ग से ग्राम तिवारीगंज को जाने वाला मुख्य मार्ग है। पत्र में बताया है कि उक्त मार्ग को एक रसूखदार व्यापारी ने अपने निजी प्रयोग के लिए अवरुद्ध कर दिया है। जिसके कारण स्थानीय एवं अन्य आसपास के गांवों के निवासियों का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल इमली बांध बाबा मंदिर जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया है। वहां जाने के लिए फैजाबाद मार्ग पर ही काफी आगे से घूम कर जाना पड़ता है। जिसके कारण आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने नगर आयुक्त से सार्वजनिक मार्ग पर किए गए अवैध कब्जा को हटवाने का अनुरोध किया है।

### लिवर फेल मरीज को वेंटिलेटर से निकाल दी जिंदगी




**लखनऊ।** केजीएमयू के डॉक्टरों ने लिवर फेल मरीज को वेंटिलेटर से बाहर निकालकर जान बचाने में कामयाबी हासिल की है। गंभीर अवस्था में मरीज को निजी अस्पताल से केजीएमयू रेफर किया गया था। यहां ट्रॉमा वेंटिलेटर यूनिट (टीवीयू) के डॉक्टरों ने इलाज कर मरीजों को नई जिंदगी दी है। अमेठी निवासी 30 वर्षीय युवक की तबीयत बिगड़ी। सांस लेने में तकलीफ हुई। पेट में सूजन आ गई। परिवारीजन मरीज को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने जांच की। करीब डेढ़ माह मरीज को भर्ती रखा। तबीयत में सुधार न होने पर मरीज को केजीएमयू रेफर कर दिया। गंभीर अवस्था में परिवारीजन मरीज को लेकर केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। मरीज को टीवीयू में भर्ती किया गया। जांच में पता चला कि मरीज का लिवर फेल है। अल्टर्ड सेंसोरियम (होशोहवास खो जाना), दिमागी सूजन, प्लेटलेट्स की कमी और शरीर में इन्फेक्शन फैल गया था। इसकी वजह से ब्लड प्रेशर कम हो गया था। आनन-फानन मरीज को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। ट्रॉमा वेंटिलेटर यूनिट के इंचार्ज डॉ. जिया अरशद ने बताया मरीज की हालत बहुत गंभीर थी। उन्हें आईसीयू-वेंटिलेटर पर भर्ती किया गया। इलाज से मरीज की तबीयत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। मरीज अब वेंटिलेटर से बाहर है। मरीज की लिवर प्रोफाइल में सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि मरीज की तबीयत स्थिर है। आईसीयू के डॉ. रवि प्रकाश, डॉ. अभिषेक राजपूत, रेजिडेंट डॉ. अंकुर, डॉ. सृष्टि व डॉ. स्वाती ने मरीज की निगरानी और इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### कौशल विकास मिशन सेंटर खोलने का झांसा देकर हड़पे नौ लाख

**लखनऊ।** विभूतिखंड कोतवाली में राष्ट्रीय कौशल विकस मिशन सेंटर संचालन का झांसा देकर नौ लाख रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ। आरोपी ने पार्टनर बनाने का दावा कर रुपये लिए थे। विराज खंड-चार निवासी किरन बाला यादव की मुलाकात वर्ष 2023 में मऊ हलधरपुर निवासी मुनीब कुमार से हुई। आरोपी ने खुद को राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन संचालक बताया। किरन के मकान में कौशल विकास मिशन कार्यालय खोलने की बात कही। संस्थान में किरन को पार्टनर बनाने का दावा भी किया। जिसके गोमतीनगर विस्तार केनरा बैंक ब्रांच में ज्वाइंट अकाउंट खोला गया। एग्रीमेंट के बाद खाते में सिक्योरिटी के तौर पर 2.83 लाख और सदस्यता शुल्क 11 हजार रुपये जमा किया। आरोपी मुनीब ने बातों में उलझा कर छह लाख रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर करा लिए। मिशन कार्यालय नहीं खुलने पर पीड़िता ने रुपये लौटाने को कहा। जिस पर आरोपी ने धमकाना शुरू कर दिया। पीड़िता ने एसीपी विभूतिखंड से मुलाकात कर शिकायत की। शुरुआती जांच के दौरान विभूतिखंड पुलिस ने मुनीब कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और धमकी की रिपोर्ट दर्ज की है।

# सांसद एसपी सिंह से जमीन के नाम पर 1.60 करोड़ रुपये ऐंठे

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेज के प्रबंधक और प्रतापगढ़ से सपा सांसद डॉ. एसपी सिंह से एक महिला ने जमीन और दुकान के नाम पर 1.60 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के निर्देश पर आलमबाग पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। लखनऊ पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ. एसपी सिंह की ओर से आलमबाग थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे के अनुसार आनंद नगर स्थित स्कूल की शाखा के नाम पर एक जमीन है। इसमें भूमिका कक्कड़ और उसके चाचा विनोद कुमार हिस्सेदार थे। इन दोनों ने विद्यालय प्रधानाचार्य व अकाउंटेंट राजकुमार वर्मा के सामने अपने हिस्से की जमीन बेचने का प्रस्ताव रखा। डॉ. एसपी सिंह के मुकदमे के मुताबिक, उनके सामने बैठकर सौदा 2.40 करोड़ रुपये में तय



हुआ। दोनों हिस्सेदारों को अलग-अलग 1.20 करोड़ रुपये देकर 26 जुलाई 2023 को जमीन की रजिस्ट्री करवा ली। जमीन के एक हिस्से में दुकान बनी हुई थी। उसका आधा हिस्सा भी भूमिका कक्कड़ के नाम था। उसके बदले 40 लाख रुपये देकर दुकान की भी रजिस्ट्री करवा ली। भूमिका ने दुकान बेचने के बाद खाली करने के लिए एक-दो माह की मोहलत मांगी। इस बीच पता लगा कि दुकान पर दो लाख रुपये से अधिक का टैक्स बाकी है। इसलिए नगर निगम द्वारा उसे सील कर दिया गया। बकाया टैक्स का उनके द्वारा भुगतान करने के बाद नगर निगम ने दुकान की सील खोली। टैक्स देने के बाद पता चला कि भूमिका कक्कड़ ने जमीन बेचने से पहले ही 2019 में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की होम फाइनेंस शाखा स्टेशन रोड से लोन भी लिया था। इस लोन का भुगतान भी नहीं किया गया था। आरोप है कि भूमिका ने बंधक जमीन की रजिस्ट्री कर उनसे 1.60 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। डॉ. एसपी सिंह का आरोप है कि शिकायत पर भूमिका उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही हैं। इंस्पेक्टर आलमबाग कपिल गौतम के मुताबिक भूमिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। डॉ. एसपी सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है कि भूमिका कक्कड़ एक दुकान में शराब व मीट की दुकान चला रही हैं। शासनादेश है कि विद्यालय व मंदिर के पास शराब व मीट की दुकानें नहीं चलेंगी।

### लखनऊ में 10 जनवरी से अग्निवीरों की भर्ती

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 10 जनवरी से अग्निवीर भर्ती का आगाज हो गया है। 22 जनवरी तक चलने वाली इस भर्ती में 13 जिलों के 10 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उन्हें रैली के लिए प्रवेश पत्र उनके पंजीकृत ईमेल पर भेज दी गई है। सभी अभ्यर्थी जो एएमसी सेंटर एवं कॉलेज स्टेडियम, लखनऊ में रैली में भाग लेंगे, उन्हें रैली अधिसूचना में दिए गए अनुसार दौड़ और परीक्षणों का अभ्यास करने की सलाह दी गई है। अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रवेश पत्र और ऐसे सभी दस्तावेज मूल रूप में भर्ती स्थल पर ले जाने चाहिए। अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें और दलालों के शिकार न बनें या किसी अनुचित साधन का सहारा न लें।

## पत्नी के कमेंट पर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगाई

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के कैंट इलाके में गेस्ट हाउस के सामने एक युवक ने खुद को आग लगा ली। मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को बचाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। मौके से एक बोतल भी मिली है।

वहीं पूछताछ में युवक ने पुलिस को बताया कि वह कम पढ़ा लिखा है। पत्नी खुद को ओवर स्मार्ट समझती है। बात-बात पर कमेंट करती रहती है। जिससे परेशान होकर आत्महत्या की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया, युवक अपने साथ बोतल में पेट्रोल लेकर आया था। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले ही युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। कंबल डालकर युवक को बचाया गया, लेकिन युवक का चेहरा और दोनों हाथ झुलसा गया। मामले की जानकारी होते ही एडीसीपी ईस्ट पंकज सिंह टीम के साथ सिविल अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। एडीसीपी ईस्ट पंकज सिंह ने बताया, युवक की पहचान कैंट में रहने वाले दीपक के रूप में हुई है। युवक बेरोजगार है। पत्नी दीया भारती से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिससे गुस्से में पेट्रोल डालकर आग लगा ली। परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने बताया, दीपक का पहले पत्नी से घरेलू बात को लेकर विवाद हुआ। जब बात बढ़ गई तो घर से भागकर कैंट गेस्ट हाउस के पास पहुंचा और आत्महत्या करने की नीयत से खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। आस-पास के लोग जब तक बचाने पहुंचते तब तक युवक ने खुद को आग के हवाले कर दिया।

इस वजह से उसका हाथ और चेहरा बुरी तरह से झुलस गया। लोगों ने एम्बुलेंस से दीपक को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस से बातचीत में दीपक ने कहा कि पत्नी हर चीज को लेकर बहस करती है, खुद को बहुत ओवर स्मार्ट समझती है। उसको कहा कि मैं भी आठवीं पास हूं। उसको कहीं फॉर्म भरना होता था तो साथ में ही ले जाता था। मैं हर काम में साथ रहता हूं, फिर भी नहीं झगड़ा करती है। एक 8 साल की बेटी और 3 साल का बेटा है।

### डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जनपद शाखा लखनऊ का अवैध चुनाव हुआ स्थगित

**लखनऊ।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला शाखा के दुबारा होने जा रहे चुनाव को वर्तमान नवनिर्वाचित अध्यक्ष की शिकायत पर महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ रतन पाल सिंह सुमन द्वारा पत्र और सलंनक अभिलेखों को देखते हुए दिनांक 11-1-25 को होने वाले चुनाव को तत्काल स्थागित करते हुए अपर निदेशक लखनऊ मंडल लखनऊ को उच्च स्तरीय जॉच के आदेश दिये है। वर्तमान कार्यकारिणी और सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए इसे सत्य पर जीत बताया है। जिला मंत्री कपिल ने बताया की प्रदेश कार्यकारिणी की मनमानी और तानाशाही पर रोक लगाने पर पहला कदम है। जिले के सम्मानित सदस्यों के भावनाओं के अनुरूप ही महानिदेशक का स्थागन आदेश आया है।

## डीएम का आरटीओ ऑफिस पर छापा



▸▸ पुलिस अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में डीएम सूर्यपाल गंगवार ने मंगलवार को आरटीओ ऑफिस पर छापा मारा। इससे ऑफिस में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। डीएम के साथ आए अधिकारियों ने लोगों से पूछताछ की। आरटीओ ऑफिस में दलालों के सक्रिय रहने की सूचना के बाद टीम यहां पहुंची है। मौके पर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर, आरटीओ प्रशासन संजय तिवारी, एआरटीओ प्रशासन प्रदीप सिंह सहित कई अधिकारी भी मौजूद हैं।

इस दौरान वहां मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की गई है, लेकिन सही पाए जाने पर उन्हें छोड़ दिया गया। लखनऊ डीएम ने आरटीओ लखनऊ को हिदायत दी कि कार्यालय में आने वाले वाहनों की निगरानी की जाए। अगर कोई वाहन लगातार परिसर में आ रहा है तो उसकी डिटेल निकाल कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## चारबाग स्टेशन से इंटर-स्टेट स्मगलर गिरफ्तार

▸▸ 16 किलो अफीम लेकर अंबाला जा रहा था

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर 16 किलो अफीम पकड़ी गई है। आरपीएफक्राइम ब्रांच की टीम ने तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। वह अफीम के चूरे की खेप गंगा सतलज एक्सप्रेस से अंबाला लेकर जा रहा था। तस्कर संदीप राय (25) बिहार के सारण जिले का रहने वाला है। वह ट्रेन (13307) की एसी कोच एच-1 में 24 नंबर सीट पर था। गतिविधियां संदिग्ध लगने पर आरपीएफने चेक किया तो उसके पास नीले रंग का एक पिट्ठू बैग मिला। इसमें 4 प्लास्टिक के पैकेट थे, जिसमें अफीम पैक थी। आरपीएफ के मुताबिक, पकड़ी गई अफीम की बाजार कीमत 4 लाख से अधिक है। संदीप पटना से ट्रेन में चढ़ा था। उसकी योजना थी कि अंबाला कैंट पहुंचाने से पहले लोकल सप्लायर कोच में



आता। इस बैग को वह लेकर चला जाता। यहां से संदीप फिर वापस बिहार लौट जाता। हालांकि, यह चाल कामयाब नहीं हो पाई और आरपीएफ क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ गया। अधिकारियों ने बताया कि तस्कर का टिकट गया के रहने वाले दिलीप ने बुक की थी। कार्रवाई में पूर्वोत्तर रेलवे की आरपीएफक्राइम ब्रांच, उत्तर रेलवे की आरपीएफ क्राइम ब्रांच और आरपीएफ टीम के साथ में जीआरपी टीम मौजूद रही। 8 महीने पहले लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से अवैध अफीम के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया गया था। आरपीएफको महिला के पास से 30 लाख की अफीम मिली थी। अधिकारियों का कहना था कि आरोपी प्रमिला देवी गिरोह की सक्रिय सदस्य है। प्रमिला ने एसटीएफ को बताया कि वह झारखंड के हजारीबाग से माल उठाती है। इसे बरेली पहुंचाने के लिए एक खेप के 10 हजार रुपए मिलते हैं। इनका मुख्य सरगना झारखंड का रहने वाला ओमवीर है। ओमवीर कई राज्यों के तस्करों से संपर्क में रहता है। पंजाब, हरियाणा के साथ अन्य राज्यों में सप्लाई के लिए पूरा गैंग एक्टिव है। करीब दो महीने पहले लखनऊ के गोसाईगंज में अफीम पकड़ी गई थी। तब ट्रक में लकड़ियों के बीच छुपाकर ले जाई जा रही लाखों रुपए की अफीम बरामद की गई। पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया था। तस्करों के पास से एक ट्रैक्टर ट्रॉली, ट्रक, 17 बोरी (317.15 किग्रा) पोस्ता (अफीम के पौधे अवशेष) बरामद किया गया था।

## लखनऊ एयरपोर्ट की 10 फ्लाइट लेट

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मौसम खराब होने का असर मंगलवार को भी विमान सेवाओं पर रहा। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि जेद्दा से रात 12.05 बजे लखनऊ आने वाला सउदिया एयरलाइंस का विमान (वीएस 892) करीब 1 घंटा देरी से लखनऊ पहुंचा। वहीं मुंबई से रात 1.10 बजे लखनऊ आने वाला इंडिगो का विमान (6म 5264) 1 घंटे 10 मिनट देरी से पहुंच सका। जबकि दम्माम से सुबह 5.55 बजे लखनऊ आने वाला इंडिगो का विमान (6ई 98) करीब 2 घंटा देरी से लखनऊ पहुंचा दुबई से सुबह 10.50 बजे लखनऊ आने वाली फ्लाइट (एफजेड 433) आधा घंटा देरी से आने की संभावना है। इसी तरह लखनऊ से रात 2.05 बजे जेद्दा जाने वाला सउदिया विमान (एसवी 893) आधा घंटा देरी से रवाना हुआ। सुबह 7.45 बजे कोलकाता जाने वाला इंडिगो का विमान (6ई 505) आधा घंटा विलंब उड़ान भर सका। जबकि सुबह 10 बजे रियाद के लिए उड़ान भरने वाला फ्लायनास का विमान (ओवाई 334) करीब 4 घंटा 45 मिनट देरी से उड़ान भरने की संभावना है। दोपहर 11.35 बजे मुंबई जाने वाले अकासा एयर विमान (क्यूपी 1526) के 1.10 बजे उड़ान भरने की उम्मीद है। इसके अलावा दोपहर 1.45 बजे मुंबई जाने वाले अकासा एयर विमान (क्यूपी 1153) के करीब एक घंटा देरी से उड़ान भरने की संभावना है। जबकि शाम 5.30 बजे मुंबई जाने वाला अकासा एयर का विमान (क्यूपी 1525) एक घंटा देरी से उड़ान भर सकता है।

# सेना का फर्जी जवान गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** खुद को आर्मी मेडिकल कोर टीम का कैप्टन बताकर ठगी करने वाले युवक को लखनऊ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी धर्म छिपाकर महिलाओं को अपने जाल में फंसाता और उनका यौन शोषण करता।

इसके बाद जेवरात और नकदी ठग लेता था। पुलिस ने बताया कि उड़ीसा के बालेचर के रहने वाले हैदर अली बेग पुत्र सुल्तान वेग को गिरफ्तार किया गया। आरोपी फर्जी नाम हार्तिक बैंगलो पुत्र सीनू बैंगलोनित के नाम से फर्जी पेपर बनवा के लखनऊ में रह रहा था। आरोपी के पास से आर्मी मेडिकल कोर की बैज लगी वर्दी, चौम्पियन फोर्स की वर्दी के थ्री स्टार, थ्री स्टार फ्लैप, कमांडो की वर्दी के बैज, बैरट कैप, पी कैप चौम्पियन फोर्स, आधार कार्ड, स्टेटस आधार कार्ड, पैन कार्ड और फर्जी आर्मी कैंटीन का कार्ड बरामद



हुआ है। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने स्थानीय थाने पर लिखित शिकायत करते हुए बताया था कि उसके पति शराब पीने के आदि थे,और अक्सर मारपीट करता था, उसका पति से तलाक का मुकदमा चल रहा है। इसी बीच इंस्टाग्राम पर एक युवक हार्तिक बैंगलो से मुलाकात हुई, और दोनों में बातचीत शुरू हो गई कुछ समय बाद बात शादी तक आ गई। इसके बाद आरोपी हार्तिक घर आने लगा। महिला का कहना है कि आरोपी अपना धर्म छुपाकर हिंदू बताता था।

### शटर तोड़कर,ज्वेलरी शॉप से 3 लाख के गहने चोरी

**लखनऊ।** राजधानी में चोर ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर 2 किलो चांदी और 15 ग्राम सोने के जेवर चुरा ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें चोर करीब आधे घंटे तक चोरी करते नजर आ रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को कब्जे में लिया है। वहीं दुकान के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले हैं। मलिहाबाद के मिर्जापुर के रहने वाले युवराज वर्मा की माल रोड जेहटा चौराहा पर लक्ष्मी नारायण ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। युवराज ने बताया कि मंगलवार सुबह टहलने निकले एक व्यक्ति ने फोन करके बताया कि दुकान का शटर टूटा पड़ा है। उन्होंने बताया कि जानकारी मिलते ही दुकान पर पहुंचकर देखा तो शटर टूटा पड़ा था। चोर दो किलो चांदी और 15 ग्राम सोने के जेवर चुरा ले गए हैं। जेवर की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख है। घटना की जानकारी पुलिस को दी। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमें तीन चोर दुकान के अंदर सफेद कपड़े पहने हुए चोरी करते और एक दुकान के बाहर पहरे पर खड़ा दिखाई दे रहा है। चारों एक ही तरह के सफेद कपड़े और नकाब पहन रखा है। घटनास्थल से जेहटा चौकी महज 50 मीटर की दूरी पर है। पुलिस को चुनौती देते हुए नकाबपोश चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस चौकी के सामने ही इतनी बड़ी घटना हो गई। आखिर पुलिस क्या कर रही थी। चौकी पर प्रभारी सहित दो दरोगा तीन सिपाही तैनात हैं।

## अतिक्रमण से नाराज वकीलों ने किया हंगामा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी में सरोजनी नगर तहसील परिसर में मंगलवार को वकीलों ने हंगामा किया। संगठन अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह चौहान और महामंत्री राजेंद्र यादव के नेतृत्व में वकील परिसर में धरने पर बैठ गए। संगठन अध्यक्ष ने बताया कि तहसील परिसर से जल निकासी के लिए बनाए गए नाले को दबंग लोगों ने मिट्टी डालकर पाट दिया है। इस मामले में अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। इसको लेकर वकीलों ने काम बंद कर अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया है। संगठन अध्यक्ष ने बताया कि मामले को लेकर मंडलायुक्त को ज्ञापन दिया गया था। मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी और सरोजनी नगर एसडीएम को स्पष्ट निर्देश दिया था कि सार्वजनिक नाले पर किसी भी स्थिति में अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। वकीलों ने बताया कि इसके बाद तहसील दिवस में



जिलाधिकारी को मामले से अवगत कराया गया। जहां जिलाधिकारी ने मौके का मुआयना कर सरोजनी नगर एसडीएम को निर्देश दिया कि मामले में उचित कार्रवाई की जाए।वकीलों का आरोप है कि सरोजनी नगर एसडीएम की सांठ-गांठ से 5 जनवरी को नाला जेसीबी की मदद से पाट दिया गया। जब बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह ने एसडीएम को सूचना दी तो एसडीएम ने कोई कार्रवाई करने से मना कर दिया।वकीलों ने बताया कि धरने की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे एसडीएम ने 2 घंटे के अंदर जेसीबी मंगा कर पाटे गए नाले को खुलवाने का आश्वासन दिया। काफी समय बीतने के बाद भी अभी तक ना तो जेसीबी आई और ना ही नाले को खुलवाया गया । नाराज वकील मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश पर चले गए। उनका कहना है कि जब तक उक्त नाला नहीं खोला जाएगा। तब तक वह शांत नहीं बैठेंगे। इस मामले को लेकर सरोजनी नगर एसडीएम को पत्र देने के साथ ही तहसील के अन्य अधिकारियों को भी इसकी सूचना दे दी गई है। वकीलों को नाराज देख एसडीएम मौके पर पहुंचे। नाले का मुआयना किया और जल्द नाला खुलवाने की बात कह कर वहां से चले गए। फिलहाल इस मामले को लेकर सरोजनी नगर तहसील बार एसोसिएशन के वकीलों में काफी नाराजगी होने के साथ ही उनका धरना जारी है।

### सर्राफ के बेटे को कैंची मारने वाले सगे भाई गिरफ्तार

**लखनऊ।** मड़ियांव पुलिस ने 30 रुपये के विवाद में सर्राफ के बेटे को कैंची मार कर फरार हुए सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कैंची और एक उस्तरा मिला है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्र ने बताया कि मड़ियांव पुल शौचालय के पास से सीतापुर रामपुर कला निवासी चंद्रशेखर और रामनिवास उर्फ अनमोल को पकड़ा गया। आरोपियों ने शनिवार रात सर्राफ देवी सहाय के बेटे सोनू सोनी और पोते शिवम सोनी पर हमला किया था। देवी सहाय के बेटे संतोष सोनी ने डाई लगाने और दाढ़ी बनवाने के लिए 20 रुपये दिए थे। शाम के वक्त डाई लगाने के लिए कहने पर आरोपी टाल मटोल करने लगा और 30 रुपये मांगे। जिसे लेकर संतोष और अनमोल के बीच विवाद हुआ। झगड़े की सूचना पर सोनू और शिवम बात करने के लिए गए थे।

## युवक ने दांत से महिला की उंगली काटी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के तालकटोरा इलाके में शराब के नशे में एक युवक ने महिला की उंगली दांत से काट ली। बीच-बचाव करने आए परिवार के साथ भी गाली गलौज और मारपीट की। पुलिस ने आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया है। बादशाहखेड़ा आलमनगर की रहने वाली प्रीती पत्नी सत्तीदीन लोधी ने तालकटोरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम करीब 6 बजे वो अपने घर पर खाना बनाने की तैयारी कर रही थी। तभी अचानक से घर के बाहर से गाली गलौज का शोर सुनाई देने लगा। प्रीति बाहर निकलकर देखने गई तो घर के सामने रहने वाला रंजीत शराब पीकर उनके लड़के को गाली दे रहा था। प्रीति ने वजह पूछी तो उनके माता-पिता और



परिवार को भी गाली देने लगा। गाली देने से मना करने पर रंजीत ने डंडे व लात घूसे से हमला कर दिया। प्रीति ने खुद को बचाते हुए उसे पीछे हटाना चाह तो उसकी उंगली दांत से दबाकर काट ली। प्रीति के भाई व पति ने बीच बचाव कर बचाया। इसके बाद रंजीत के घर के अन्य लोग पत्नी व बहन आ गई और फिर से सबके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद पीड़ित ने मदद के लिए पुलिस को सूचना दी। मामले में इंस्पेक्टर तालकटोरा का कहना है कि आरोपी रंजीत का चालान करके जेल भेज दिया गया है।

# तहसील बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कमेटी ने ली शपथ



▸▸ वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णुगोपाल दीक्षित ने दिलाई नई कमेटी को शपथ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जलेसर/एटा।** मंगलवार को नव निर्वाचित तहसील बार एसोसिएशन की कमेटी द्वारा शपथ ग्रहण की गयी। तहसील सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णुगोपाल दीक्षित द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामनिवास यादव, उपाध्यक्ष सुनील दीक्षित,महासचिव गौरव सिंह जादौन सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्तागणो द्वारा अपने उद्बोधन में आगरा में उच्च न्यायालय प्रयागराज की खंडपीठ एवं जलेसर में मुंसिफ कोर्ट की मांग भी उठायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता रमेशपाल सिंह एवं संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णुगोपाल दीक्षित द्वारा किया गया। कार्यक्रम में-रामनिवास यादव, सुनील दीक्षित, गौरव सिंह जादौन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेश यादव, विनोद उपाध्याय, सुनील यादव, सुदीप पाठक, सुरेन्द्र पचौरी, प्रमोद पचौरी, रामप्रकाश सिंह,केपी सिंह, रामेश्वर सिंह यादव, वीकेन्द्र उपाध्याय, सुरेन्द्रदेव पाठक, अनिल यादव, विजय कुमार सिंह, द्विजेन्द्र यादव, दयाराम यादव, राहुल यादव,राधा एडवोकेट आगरा, रोहित पुंढीर,रमेश बाबू यादव, जितेन्द्र वार्ष्णेय एटा, जितेन्द्र सिंह आदि।

# विधायक व डीएम ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का किया शुभारंभ

▸▸ कलक्ट्रेट से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना, 31 जनवरी तक चलेगा सडक सुरक्षा माह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** विधायक मारहरा वीरेन्द्र सिंह लोधी एवं जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया। उन्होंने इस दौरान संयुक्त रूप से कलक्ट्रेट प्रांगण से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन आगामी 31 जनवरी 2025 तक लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करेगा। प्रचार वाहन द्वारा निर्धारित रूटों पर जाकर क्षेत्रीय जनसामान्य, व्यापार मण्डल, पुलिस विभाग के सहयोग से यातायात को सुचारू रखने एवं यातायात के नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया जाना है। जिलाधिकारी ने बताया कि




वर्तमान में ठण्ड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सड़क सुरक्षा माह मनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। इसी के तहत आज इस अभियान का शुभारंभ किया गया है। सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य है लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। दुपहिया वाहन चलाते समय हैलमेट, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट अवश्य लगाने एवं यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाए। सड़क पर स्टंट इत्यादि न करें, निर्धारित स्पीड में ही वाहन को चलाएं। स्वयं सुरक्षित चलें तथा अन्य लोगों को भी सुरक्षित चलने के लिए प्रेरित करें। विधायक मारहरा वीरेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि सडक सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत सरकार की मंशा है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी हो, जिससे लोगों की जान बचाई जा सके। इसलिए हम सभी को इस अभियान के तहत जनसहभागिता को शामिल करना है, जिससे कि इस अभियान को मुख्यमंत्री की मंशानुसार सफल बनाया जा सके। जिले में जो भी संस्थाएं कार्य कर रही है, वे भी इस माह में जुड़ें और लोगों को जीवन सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम का संचालन दयानन्द श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर वेद प्रिय आर्य, डिप्टी कलेक्टर राज कुमार मौर्य, एआरटीओ सत्येन्द्र कुमार, टीएसआई अनिल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात बदमाशों ने युवक को गोली मारी, रेफर

**लोकमित्र ब्यूरो**



**जलेसर/एटा।** खेतों पर निराश्रित पशुओ की देखभाल करने जा रहे एक युवक को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर घायल घायल कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों के अलावा कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस द्वारा घायल युवक को सीएचसी लाया गया। घायल की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक द्वारा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह लगभग साढ़े सात बजे कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत गांव गढ़ी रामलाल निवासी युवक दिनेश राजपूत पुत्र वीरेंद्र सिंह अपने खेतों पर निराश्रित पशुओं को देखने के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीछे से युवक को गोली मार दी गयी। जो युवक के कान व गाल को स्पर्श करते हुए निकल गयी। घटना की जानकारी मिलते ही आस पास के लोगो के साथ साथ परिजन भी मौके पर आ गये। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। घायल को तत्काल सीएचसी लाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद घायल को स्थिति गम्भीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार राघव ने बताया कि घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहाँ स्थिति गम्भीर होने पर घायल को मेडिकल कॉलेज को रेफर कर दिया गया है। घटना के सम्बंध में कोई तहरीर नही मिली है। जिससे घटना का अभियोग पंजीकृत नही हो सका है।

# फार्मर रजिस्ट्री को लेकर प्रशासन सख्त, सीएससी सेंटर सील

▸▸ तहसीलदार ने की कार्यवाही, निर्धारित स्थान पर नहीं चल रहा था सेंटर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** सरकार द्वारा ग्रामीण लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ स्थानीय स्तर मिले इसके लिए प्रत्येक पंचायत एवं नगर में वार्ड स्तर पर जनसेवा केन्द्र (कॉमन सर्विस सेंटर) स्थापित किए है, लेकिन यह जनसेवा केन्द्र अपने निर्धारित स्थानों पर संचालित न होकर नगर अलीगंज में संचालित हो रहे है।
वर्तमान में फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य जोर-शोर से चल रहा है, इस योजना के तहत किसान सम्मान निधि की जो किस्त आती है वह रजिस्ट्री होने के उपरान्त ही आ सकेगी। इसके लिए प्रशासन काफी सख्त रूख अख्त्यार किए हुए है। अलीगंज में सेंटर गांव में संचालित न होकर नगर में संचालित होने पर तहसीलदार संदीप सिंह ने इस सेंटर को सील कर कार्यवाही की है। केन्द्र की मोदी सरकार किसानों के



सम्मान में किसान सम्मान योजना का शुभारंभ किया था। इसके तहत प्रत्येक किसान को प्रतिवर्ष 8 हजार रूपए की किस्त भेजी जाती थी। पात्र कृषकों को लाभान्वित करने के लिए किसान फॉर्मर रजिस्ट्री करवाना अनिवार्य किया है। इसमें किसान केवाईसी तथा मान्य दस्तावेजों को अपलोड किया जाता है। योजना से कोई भी किसान न छूट सके इसके लिए प्रशासन द्वारा अथक प्रयास कर रजिस्ट्री करवा रहा है। योजना के क्रियान्वयन के लिए कॉमन सर्विस सेंटरों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई। तहसीलदार संदीप सिंह एव नायब तहसीलदार अरविन्द गौतम द्वारा जनसेवा केन्द्रों की जांच की गई।
इसमें पाया गया कि कई जनसेवा केन्द्र निर्धारित स्थान पर न बैठकर नगरीय इलाकों में बैठकर कार्य कर रहे है। अधिकारियों ने अलीगंज नगर के मैनपुरी रोड पर ग्राम फर्दपुरा के नाम से संचालित केन्द्र पर कार्यवाही की। ग्राम फर्दपुरा का सेंटर अलीगंज में संचालित पाए जाने पर सेटेलाइट जनसेवा केन्द्र को सील किया गया है। तहसीलदार ने कहा कि जो भी सेंटर निर्धारित स्थानों पर नहीं चल रहे है इस पर कार्यवाही की जाएगी।

# गुरू गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर कीर्तन समागम का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** भूड़ भारत नगर स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन सभा में गुरू गोविंद सिंह का 359 वां प्रकाश पर्व श्रद्धाभाव व हर्षोल्लास से मनाया गया। कीर्तन समागम में कीर्तन ने संगत को निहाल कर दिया। कीर्तन समागम में गुरुद्वारा की प्रबंध कमेटी का विस्तार भी किया गया। कीर्तन समागम में बीबी जसप्रीत कौर पटियाला वाली ने अपनी मधुर और भावपूर्ण वाणी से संगत को निहाल कर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत शबद-कीर्तन ने सभी को गुरु साहिब के चरणों में जोड़ने का अवसर प्रदान किया। सरदार सी जे सिंह व सरदार हरप्रीत सिंह ने गुरवाणी कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को गुरु की वाणी से जोड़ा। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार जोगिंदर सिंह व सचिव सरदार हरचरण सिंह ने संगत को गुरू गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व की बधाई दी। साथ ही सभाी से गुरु साहिब की शिक्षाओं को जीवन में धारण करने व उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा कमेटी का विस्तार करते हुए सरदार कुलदीप सिंह को सह.सचिव, सरदार यशमीत सिंह को प्रेस एवं पीआरओ प्रमुखए सोशल मीडिया प्रमुख व इवेंट मैनेजमेंट प्रमुख बनाया गया। जसबीर सिंह व चरनजीत सिंह को स्टोर प्रबंधकए बलजीत सिंह को लंगर प्रबंधक व पंजाबी भाषा विकास विभाग व अनिल कुमार को वित्त अधिकारी नियुक्त किया गया।

# सपा नोएडा महानगर संगठन की बैठक हुई

▸▸ बीएलए व पीडीए पंचायत को लेकर की गई चर्चा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** महानगर संगठन द्वारा नोएडा सेक्टर 71 शिव शक्ति अपार्टमेंट के सामुदायिक केंद्र में सपा नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने बैठक में संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने निष्क्रिय पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की भी बात कही, साथी साथ बी ल ए की नियुक्ति व प्रत्येक गांव सेक्टर में पी डी ए पंचायत के कार्यक्रम को आयोजित करने की बात कही।
प्रदेश सचिव सुनील चौधरी ने कहा कि सभी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एक जुट होकर काम करें और आगामी विधानसभा चुनाव में जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार रहे। पूर्व अध्यक्ष रेशपाल




अवाना ने कहा कि कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रत्येक सेक्टर व गांवों में करना होगा तभी संगठन और पार्टी मजबूत होगी। उपाध्यक्ष मोहम्मद नौशाद व मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है महंगाई व बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त हैं, जनता के उत्पीड़न व बढ़ते अपराधों की घटनाओं से जनता में त्राहि -त्राहि है। मंच का संचालन बिजेंद्र यादव व मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव ने किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता द्वारा अन्य राजनीतिक दलों से आए, गौरव चौधरी, मोहन सिंह व जावेद सैफी को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलवाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में संजय त्यागी, मोहम्मद तसलीम, नीतीश बसोया, बबलू चौहान, टीटू यादव, वीरपाल प्रधान, महकार तंवर,चिंटू त्यागी, योगेश भाटी, अमित भाटी, अंकित यादव, नितिन वाल्मीकि, नीरज चौटाला नूरुल हसन, लखन यादव, बबली शर्मा, अच्छे मियां ,कैलाश यादव, गौरव यादव, राकेश यादव ,मोहम्मद नसीम, विमला बिल्लू सैफी यतेंद्र राघव, मोहित यादव, देवेंद्र खारी,राजेश कुमार, अविनाश शर्मा, देव अवाना ,कन्हैया ,जयवीर यादव, विश्वास मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अलीगंज ब्लाक में किसान मेले का हुआ आयोजन

▸▸ किसानों को जैविक खाद सहित फ़सल उगाने के बताये तरीके

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगज/एटा।** अलीगंज ब्लाक में किसान में हुए किसान मेले में दी गई उर्वरकों के सही प्रयोग की जानकारी के बारे में किसानों को बताया गया आयोजित किसान मेले में उर्वरकों के सही प्रयोग के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। किसानों को कम लागत में अधिक उपज व छिड़काव करने के सही समय व उपयोग विधि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मेले में जगह जगह कृषि जागरूकता के तहत स्टाल लगाए गए थे किसानों ने स्टालो पर जाकर जानकारी ली। कार्यक्रम से मुख्य अतिथि डा अशोक रत्न शाक्य ब्लाक प्रमुख पति थे.ब्लाक परिसर में इफको द्वारा किसान गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में किसानों को कम लागत में अधिक उपज कैसे प्राप्त करें और उर्वरकों के प्रयोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। यूरिया की उपयोगिता के बारे में बताया कि इसके उपयोग से भूमि प्रदूषण, जल प्रदूषण व वायु प्रदूषण जैसे दुष्प्रभावों से बच सकते हैं, तथा उत्पादन में वृद्धि भी की जा सकती है। इफको कम्पनी के आशीष कुमार द्वारा द्वारा इफको नैनो यूरिया से होने वाले लाभ को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए समिति सचिवों व किसानों से आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने नैनो डीएपी जल विलय उर्वरकों, सागरिका आदि के संबंध में जानकारी दी। उपयोगिता लाभ व उपयोग विधि के बारे में बताया। वहीं किसानों को फार्मर रजिस्ट्री उत्पादन बढ़ाने को लेकर विशेष जानकारी दी. इस मोके पर वार्ताकार मोहर सिंह डा दिनेश मिश्रा संजय सिंह सहित तम्बाकू स्पेशल विकास गॉड डीपी सिंह अरुण कुमार सहित किसान भाई मौजूद रहे।

# भाजपा नोएडा महानगर की जिला कार्यकारिणी बैठक जिला कार्यालय सेक्टर 116 में संपन्न हुई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी की ये बैठक आगामी कार्यक्रम संविधान गौरव अभियान को ले कर आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गौतमबुद्ध नगर सांसद डॉक्टर महेश शर्मा मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता नोएडा के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता द्वारा की गई।
डॉक्टर महेश शर्मा ने इस बैठक में बताया कि भारत के संविधान को निर्मित हुए 75 वर्ष हो रहे हैं। इस अवसर पर संविधान के महत्वपूर्ण गौरव अभियान को एक उत्सव के रूप में हम सबको मनाना है। इस अभियान के तहत डॉ भीमराव अंबेडकर जी को सभी याद करेंगे और उनके द्वारा किए कार्यों की चर्चा भी करेंगे।
उन्होंने आगे बताया कि संविधान गौरव अभियान के लिए विभिन्न स्तर पर टोलियों का गठन हो रहा है, इसमें



प्रदेश, जिले और मंडल स्तर पर टोली बनाई जा रही है। टोलियों में एक संयोजक और 2 सह संयोजक रहेंगे। 1 से 9 जनवरी के बीच जिले में और मंडल पर हम सभी को बैठक करनी है जिसमें जिला स्तर पर 6 और 7 जनवरी एवं मंडल स्तर पर 9 जनवरी को बैठकों को आयोजित करनी है। इसमें सभी पदाधिकारी और मंडलों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।
इसके बाद 9 से 10 जनवरी के बीच मोर्चा को जिला स्तर पर बैठक करना है, जहां भाजपा की उपलब्धियां और बाबा साहब अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने की प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के लिए बैठक किए जाएंगे। इसके बाद 12 से 15 जनवरी के बीच प्रदेश स्तर की गोष्ठियों की रूपरेखा बनाई गई है, साथ ही 11 से 25 जनवरी में सभी जिला केंद्रों में अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा ÷हमारा संविधान - हमारा स्वाभिमान÷ पर गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। इसी के चलते विभिन्न स्कूल कॉलेज विश्वविद्यालय में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के विषय पर युवा मोर्चा क्विज निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी कराएगा। 20 से 25 जनवरी के बीच सभी बूथों एवं मंडलों पर पार्टी के कार्यकर्ता आमजन के साथ इकट्ठे होकर भारतीय संविधान के प्रस्ताव एवं नीतियों पर चर्चा करेंगे।
इसके साथ डॉक्टर महेश शर्मा ने हाल ही में हुए नए मंडल अध्यक्षों को भी सम्मानित किया जिसमें नवनियुक्त श्याम प्रसाद मुखर्जी से रामकिशन यादव, कृष्णा नगर मंडल से मनीष तिवारी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल से शशिधर उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेई मंडल से नीरज चौधरी, सैनिक विहार मंडल से प्रदीप चौहान मौजूद रहे।
उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों को आगामी कार्यक्रमों के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने भी संविधान गौरव अभियान को एक सफल कार्यक्रम बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।

# धोखाधड़ी करने वाले एजेंट व सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** देश में आजकल साइबर अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है सरकार तथा गैर सरकारी संस्थाएं लगातार विभिन्न तरीके से इस अपराध से बचने के लिए जागरूकता अभियान चला चला कर आम लोगों को जागरुक कर रहे हैं लेकिन इस अपराध में अब बढ़ चढ़कर बैंक कर्मी भी हिस्सा ले रहे हैं।
मास को-ऑपरेशन एनजीओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तौसीफ हाशमी ने बताया कि उनको सीमा नामक महिला ने बताया कि उन्होंने पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस शाखा घंटाघर गाजियाबाद से एक पॉलिसी एजेंट निशा वर्मा से कराई थी निशा वर्मा ने पॉलिसी करते वक्त बताया कि आपको हर वर्ष 29000 रुपए 7 साल तक जमा करने हैं मैं बताई गई शर्तो के अनुसार पैसे जमा करती रही कुछ दिन बाद निशा ने कहा कि अगर आपको जल्दी पैसे वापस चाहिए तो डबल किस्त जमा करनी शुरू कर दो जिसे मानते हुए मैंने मात्र 5 साल में ही ₹2,10,000 जमा कर दिए। जिसका मुझे लाभ मिलना चाहिए था लेकिन कोई लाभ नहीं मिला। 15 जुलाई 2024 को पीड़ित महिला अपनी पॉलिसी का भुगतान लेने के लिए शाखा में गई तो वहां पर तैनात कर्मचारी अरविंद ने कहा कि आपकी पॉलिसी में कोई जमा राशि नहीं है पीड़िता ने जब जमा राशि की रसीद दिखाएं तो उसे हेड ऑफिस नोएडा जाने के लिए कहा गया।
पीड़ित महिला हेड ऑफिस गई और वहां पर तैनात अंकिता मैडम से मिली अंकिता मैडम ने सब कागजात देखकर कहा कि आपकी तो दो और पॉलिसी चल रही है और उसी में आपकी रकम जमा हुई है पीड़िता ने कहा कि मुझे तो उक्त पॉलिसी की कोई जानकारी नहीं है यह कैसे हुई तो अंकिता मैडम ने पीड़िता को सारी डिटेल दी।

# किसान संगठन की बैठक में किसानों को सहयोग करने वालों को सम्मानित किया गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** किसान संघर्ष मोर्चा गौतम बुध नगर के संगठन अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान परिषद, किसान एकता संघ के सैकड़ो नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमेश भाटी पूर्व सचिव धीरेंद्र भाटी वर्तमान अध्यक्ष परमेंद्र भाटी एवं वर्तमान सचिव अजीत नागर का किसान आंदोलन में सहयोग करने के लिए पगड़ी बांधकर फूल मालाओं के साथ स्वागत किया- सुमित एडवोकेट पवन एडवोकेट विनोद एडवोकेट गजेंद्र खारी एडवोकेट, धर्मेंद्र यादव, धर्मेंद्र भाटी जुनपत, एडवोकेट, श्याम सिंह भाटी एडवोकेट, सुशील एडवोकेट एवं अन्य सहयोग करने वाले वकीलों का फूलमालाओं से स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम का संचालन बार सचिव अजीत नागर ने किया। उपस्थित अधिवक्ताओं एवं स्वागत



करने वाले किसानों को संबोधित करते हुए सोरन प्रधान ने कहा कि हम वकीलों का आभार प्रकट करते हैं वकीलों ने जेल जाने के दौरान किसानों की बेहिसाब मदद की और उनके आंदोलन को हड़ताल करके समर्थन दिया किसान हमेशा वकीलों के आभारी रहेंगे। बार के पूर्व अध्यक्ष उमेश भाटी ने कहा कि हम हमेशा किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं और आगे भी खड़े रहेंगे। बार के वर्तमान अध्यक्ष परमेंद्र भाटी ने संबोधित करते हुए कहा कि किसान आंदोलन पूरे जिले का आंदोलन है वकील भी किसानों के ही बच्चे हैं वर्तमान बार किसानों के साथ हर आंदोलन में हर मुसीबत में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। भारतीय किसान परिषद के सुखबीर खलीफा ने संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के आबादी, नए कानून एवं अन्य प्रकरणों पर सरकार और प्राधिकरण के साथ लगभग सहमति बन गई है 10 परसेंट के मुद्दे पर तीनों प्राधिकरण से प्रस्ताव पास होकर शासन के अनुमोदन के लिए लंबित है जिस पर लगातार संघर्ष जारी रहेगा। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि आंदोलन लगातार जारी रहा है लगातार जारी रहने लगातार

# महिला विरोधी रमेश बिधूड़ी के खिलाफ नरेंद्र मोदी कानूनी कार्रवाई करें

**लोकमित्र ब्यूरो**



**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी का कांग्रेस पार्टी की सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी को अशब्द कहने के विरोध में आज युथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आसिफ सैफी के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं कार्यकर्ताओं ने पुराने बस अड्डे चौराहे पर रमेश बिधूड़ी का पुतला दहन किया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता रमेश बिधूड़ी का पुतला जलाने वाले थे पुतला दहन स्थल पर तत्परता देखाते हुए पुलिस प्रशासन ने पुतला जलाने का विरोध किया और पुतला बड़ी मशक्कत के बाद युवाओं से छीन लिया।
युथ के जिला अध्यक्ष आसिफ सैफी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला विरोधी हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता आए दिन महिलाओं का अपमान करते हैं। उन्नाव के विधायक कुलदीप सेंगर से लेकर रमेश बिधूड़ी जैसे नेता भारतीय जनता पार्टी का चरित्र चित्रण करते हैं। रमेश बिधूड़ी ने हमारी नेता प्रियंका गांधी जी का अपमान कर अपनी पार्टी और अपना महिला विरोधी ऐजंडा साफ़ किया है।युथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आसिफ सैफी ने कहा कि रमेश बिधूड़ी को बीजेपी से निष्कासित नहीं किया गया तो दिल्ली में रमेश बिधूड़ी के आवास का घेराव करेंगे।

# उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में ग्राम प्रधानो को दिया गया प्रशिक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 23 जनवरी 2024 एवं 24 अक्टूबर 2024 के क्रम में मंगलवार जनपद एटा के विकास खण्ड शीतलपुर एवं विकास खण्ड सकीट के ग्राम प्रधानों को ई ग्राम स्वराज एवं पी एफ एम एस पोर्टल विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण' प्राचार्य डी पी आर सी महोदय अलीगढ़ मण्डल के दिशा निर्देशन में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र, एटा पर कराया गया।
प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी एवं प्रधानों के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के प्रतीक चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण किया गया।
ग्राम प्रधानों को निम्नलिखित बिन्दुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उ0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1947 की



धारा 15 के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्य। उ0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (छ) के प्राविधानुसार प्रधान को पद से हटाया जाना।
3. ग्राम प्रधान को स्वयं के आयकर रिटर्न्दाखिल करने की जानकारी। महिला ग्राम प्रधान को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के संबंध में जानकारी एवम उनमें नेतृत्व क्षमता एवम संचार कौशल के विकास के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गई। ई ग्राम स्वराज, पी एफ एम एस, जी पी डी पी, पी डी आई, स्थानीय विकास लक्ष्य एवं मेरी पंचायत व पंचायत निर्णय एप तथा पंचायत एवार्ड पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
प्रशिक्षण नाहर सिंह वरिष्ठ फैकल्टी डीपीआरसी एटा, अनुज कुमार जिला परियोजना प्रबन्धक एवं प्रशिक्षक प्रशांत, रोशन सिंह, राघवेंद्र एवं अरुण कुमार द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में प्रधानों के अलावा सहायक विकास अधिकारी पंचायत, शीतलपुर एवं नवनीत सकीट ब्लॉक कोर्डिनेटर मौके पर उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत परिवार मे मचा कोहराम

**पाटन उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के छाछीराई खेड़ा गांव निवासी हर्षित चौहान (22 की सोमवार की देर रात एक सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। हर्षित कर्ण छेदन संस्कार कार्यक्रम से अपनी नई बिना नंबर की मोटरसाइकिल (टीवीएस स्पोर्ट से घर लौट रहा था। बिहार-बक्सर मार्ग पर भटखेरवा गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।राहगीरों ने 108 पर सूचना दी । सूचना के करीब एक घण्टे बाद एम्बुलेंस व पी आर वी पहुंची । इस दौरान वहां से गुजर रहे वरिष्ठ पत्रकार यतींद्र नाथ मिश्र और समाजसेवी सूरज सिंह चौहान ने उसे देखा और एम्बुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर पहुंचाया।प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हर्षित की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया। वहां से उसे हैलट कानपुर भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हर्षित की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे ने आपातकालीन सेवाओं की लचर व्यवस्था को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं में सुधार की मांग की है।मृतक परिवार का अकेला वारिस था। जिसकी मृत्यु के परिवारीजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### पूछताछ के बाद सभासद को परिजनों के सुपुर्द किया

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत बालूघाट चौकी क्षेत्र के श्री नगर में बीते रविवार को फांसी से लटके मिले युवक के शव के मामले में दिवंगत के भाई ने एक सभासद समेत 8 लोगों पर हत्या कर शव फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाया था। जिस पर पुलिस सभासद को पूछताछ के लिए कोतवाली ले गई थी। पोस्टमार्टम में हैंगिंग से मौत होना पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने सभासद को लगभग 35 घंटे बाद सोमवार रात पौने नौ बजे उसे उसके परिजनों की सुपुर्दगी में सौंप दिया। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि जांच के दौरान यदि जरूरत पड़ी तो सभासद को फिर बुलाया जाएगा। श्री नगर निवासी 25 वर्षीय शुभम शुक्ला पुत्र बिंदाचरण ने अपने प्लाट के कमरे में पंखे से फांसी लगा के जान दे दी थी। बीते रविवार सुबह साढ़े आठ बजे दिवंगत के भाई सूरज शुक्ला ने शव पंखे से लटका देखा था । जिसके बाद आक्रोशित परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया, और एक घंटे तक शव पीएम के लिए नहीं जाने दिया था। जिसके बाद परिजनों ने सभासद समेत आठ पर हत्या का आरोप लगा कर तहरीर दी थी।

### महिला ने कूटरचित दस्तावेज के सहारे जमीन का किया बैनामा केस दर्ज

**बीघापुर,उन्नाव।** दलित महिला ने जाति बदलकर कूटरचित दस्तावेज के सहारे जालसाजी करते हुए भूमि का बैनामा कर दिया। कोर्ट के आदेश के बाद बारासगवर पुलिस ने केस दर्ज किया है। बारासगवर थाना क्षेत्र के गांव बरदहा निवासी निशा ने बताया कि प्रमिला देवी निवासी राजापुर पिपरहा ने बरदहा में स्थित खेत का आधा हिस्सा बरदहा निवासी अनीता को वर्ष 2020 में बेंच दिया था । निशा का आरोप है कि प्रमिला देवी अनुसूचित जाति की रैदास बिरादरी की है जबकि बैनामा में जाति छिपाकर कूटरचित दस्तावेज बना कर अपने को पिछड़े वर्ग के लोध बिरादरी दिखा कर किया था । बैनामे की दाखिल खारिज भी हो चुकी है ।उनका आरोप है कि कूटरचित दस्तावेज बनाने में गवाह राजेन्द्र कुमार निवासी राजापुर पिपरहा , देवी प्रसाद निवासी ग्राम बरदहा मजरा प्रभाखेड़ा व अनीता की सांठगांठ से किया गया है । निशा ने शिकायत कई बार पुलिस से लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। निशा ने एसीजेएम चतुर्थ कोर्ट में वाद दायर किया था। एसीजेएम के आदेश के बाद सोमवार को बारासगवर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है । थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर बीएनएस की। धारा 419 ,420 ,467 ,468 व 471 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### कटर से शटर का ताला काटकर चोरो ने पार किया पचास हजार का माल

**बाँगरमऊ, उन्नाव।** नगर की नौनिहालगंज बाजार में जनरल स्टोर की एक दूकान के शटर के ताले काटकर बीती रात चोर लगभग पचास हजार का माल पार कर ले गये। नगर के नौनिहाल गंज बाजार में सलमान की जनरल स्टोर की दूकान है।बीती रात किसी समय चोरों ने उनकी दूकान के ताले मशीन से काटकर दूकान मे रखे नोटो के माले पार कर दिये ।सुबह जब सलमान दूकान खोलने आया तब उसे घटना की जानकारी हुई। सलमान के मुताबिक चोरी गये मालों की कीमत लगभग पचास हजार रूपये है।दूकान मालिक ने पुलिस को तहरीर देकर चोरी का खुलासा किये जाने की मांग उठाई है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली पुलिस ने आज एक दुष्कर्म के आरोपी को ग्राम भुड्डा चौराहे से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर उसे अदालत भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भिखारीपुर पतासिया अंतर्गत मजरा गढ़ेवा निवासी अन्नू उर्फ अनुराग पुत्र लाला राम के विरुद्ध अरसा पूर्व दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। कोतवाली के उपनिरीक्षक वीरेंद्र विक्रम सिंह ने पुलिस के साथ आज सोमवार को खास मुखबिर की सूचना पर फरार चल रहे आरोपी अनुराग कुमार को बिल्हौर मार्ग स्थित ग्राम भुड्डा चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर उसे अदालत भेज दिया।

### नाबालिक को अगवा कर साउंड बक्से में बंद करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत बालूघाट चौकी क्षेत्र के शक्ति नगर मोहल्ले में रहने वाली एक नाबालिक किशोरी को सोमवार शाम जबरन अगवा कर उसे साउंड बक्से में बंद करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी किशोर को कब्जे में लिया है। कोतवाली क्षेत्र के शक्ति नगर मोहल्ले की निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी है, जिसमें उसने आरोप लगाया कि उसकी बेटी कुछ काम से घर से बाहर जा रही थी, तभी पहले से घात लगाकर खड़े एक किशोर ने उसे पकड़ लिया और जबरन एक साउंड सर्विस के कारखाने में ले गया। आरोप है कि युवक ने वहां किशोरी के साथ बदसुलूकी की और फिर उसे साउंड बक्से में कीलें ठोक कर बंद कर दिया। जब किशोरी के भाई को इस घटना का पता चला, तो वह तुरंत कारखाने पहुंचा और साउंड बक्से से अपनी बहन को बाहर निकाला। बेटी बेहोशी की हालत में थी। जिस पर वह उसे कंधे पर उठाकर पहुंचा और परिजनों को जानकारी दी। महिला ने घटना के बाद कोतवाली में तहरीर दी और आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने मामले की गंभीरता को समझते हुए बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आरोपी किशोर को कब्जे में ले लिया गया है।

### मनरेगा के कच्चे पक्के कार्य के करोड़ो बकाया होने से प्रधान परेशान

**रामनगर।** मनरेगा में एक माह से अधिक हुए कच्चे काम का पैसा नहीं आया है जिससे मजदूर परेशान है। पक्के कार्य का भी करोड़ो में बाकी है। ब्लॉक की उन ग्राम पंचायतो के मजदूर ज्यादा दिक्कत में है जंहा कच्चा कार्य ज्यादा हुआ है।मजदूरी का पैसा आए तो मजदूरों को राहत हो।प्रति दिन ग्राम प्रधान से पता लगाने पंहुचते है कि पैसा आया अथवा नही और निराश लौट आते है। बीते दो तीन महीने से पक्के कार्य का भी मनरेगा में पैसा नही आया है। दोनो तरफ से प्रधान परेशान है। मजदूर व फर्म वालो को सांत्वना देकर वापस करते है। मजदूरी और सामग्री का पैसा कंहा से दे। ऊपर से बीडीओ का कार्य करवाने के लिए दबाव भी रहता इसे भी उनको झेलना पड़ता। यह रामनगर ब्लॉक की समस्या नही है। सूरतगंज में भी यही हाल है। जो प्रधान अपने पास से मजदूरी दे दिए वे तो ठीक मगर जो नही दे पाए उनको ज्यादा दिक्कत रहती है ।इस कार्य में बीडीओ भी कोई मदद नहीं कर पाते क्यो कि पैसा मनरेगा सेल से आता है जंहा सरकार पैसा भेजती है।

# पुलिस के गुडवर्क से साबित हो रहा है अबैध तमंचा व स्मैक की बिक्री चरम पर

- आधा अधूरा गुडवर्क कर स्थानीय पुलिस अपनी अपनी कुर्सी बचाने के लिए आलाधिकारियों की लूट रही वाहवाही
- पुलिस गांजा स्मैक व तमंचा तो बरामद कर लेती है याकि पुलिस किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से मंगवाकर लोगों को जेल भेज रही

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गौरीगंज अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर लगातार अपराधियों व मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए धड़पकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा हैं स्थानीय पुलिस अबैध तमंचा गांजा व स्मैक के साथ अपराधी को पकड़ कर तमाम गुडवर्क करती तो है लेकिन यह जानकारी नहीं दे पाती कि अपराधी के पास यह सब सामान कहा से आ रहा है यही सबसे बड़ा कारण है कि पुलिस का आधा अधूरा गुड वर्क साबित कर रहा है।

जगदीशपुर कमरौली, भाले सुल्तान शहीद स्मारक व शुकुल बाजार सहित जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस हो या पुलिस चौकी के जिम्मेदार अधिकारी ही क्यों न हो इन सब के तमाम गुडवर्को में हमेशा एक खामियां देखी गई है।

जिसे शायद ही कोई पुलिस अधिकारी सामने रख पाता हो क्यों कि अब अधिकारियों से सवाल पूछना कितना खतरनाक हो गया है यह तो सभी जानते हैं पुलिस अमूमन अपराधियों को गिरफ्तार तो करती है और उनके पास से अवैध तमंचा कारतूस व स्मैक बरामद करने के बाद आरोपी को थाने के सामने खड़ा करके उसका फोटो सेशन करा देती है। लेकिन न तो पुलिस अपनी जानकारी में यह बता पाती है कि आखिरकार उक्त आरोपी के पास यह तमंचा कहां से आया? क्यों कि किसी न किसी अपराधी से ही उस व्यक्ति ने तमंचा खरीदा होगा या कि किसी तमंचे की फैक्ट्री से शायद पुलिस निष्पक्ष रुप से इस मामले की तहकीकात करती तो असलहे की फैक्ट्री और असलहा सप्लायर तक पहुंच सकती थी । लेकिन पुलिस इतनी जहमत क्यों उठाए उसे तो अपना गुडवर्क साबित कर अधिकारी की वाहवाही ही तो लूटनी है। पुलिस द्वारा हाल ही में किए गए विभिन्न अबैध तमंचा व स्मैक के गुडवर्क में खामियां नजर आई क्यों कि पुलिस गांजा स्मैक व तमंचा तो बरामद कर लेती है याकि पुलिस किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से मंगवाकर लोगों को जेल भेज रही है यह सब कुछ सभी अधिकारी जानते हुए भी अनजान बने रहते हैं परंतु इसका थोक सप्लायर कौन है और वह क्यों पुलिस की नजर से विलुप्त हो जाता है और पुलिस इन थोक सप्लायरो पर अपनी निगाहें डालना मुनासिब नहीं समझती है याकि इनसे साठगांठ कर मामले को दबा दिया जाता है अब मामला चाहे जो भी रहा हो लेकिन जब तक पुलिस इन सरगनाओं को सलाखों के पीछे नहीं भेज पाएगी तब तक छोटे मोटे अपराधियो को जेल भेजने का कोई सरोकार नहीं होगा। ये नही कहा जा सकता है कि इन अपराधियों को खुला छोड़ दिया जाए लेकिन इन सरगनाओं को भी सजा मिलनी चाहिए क्यों कि आज के दौर में बेरोजगार युवकों की कमी नहीं है और साथ ही साथ उनके अंदर अपराधिक प्रवत्ति भी बढ़ती जा रही है। इस लिए एक गया तो क्या हुआ दूसरा तैयार बैठा हुआ दिखाई देता है। यही कारण है कि इनका कारोबार भली-भांति फल फूल रहा है और इसका सबसे बड़ा कारण पुलिस का आधा अधूरा गुड वर्क ही दिखाई देता है और साबित कर रहा है कि क्षेत्र में अबैध तमंचा व मादक पदार्थों की बिक्री जोरो पर की जा रही है इस पर प्रतिबंध लगाना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। इस सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

## ऐडिओ पंचायत ने हाट बाजार की जर्जर दुकानों के मरम्मत के दिये निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**निन्दूरा, बाराबंकी।** ग्राम पंचायत घुघटेर में 12 वर्ष पूर्व बनी सरस हाट बाजार में बाजार न लगने के कारण जर्जर हो रही दुकानों को लेकर 11 दिन पूर्व समाधान दिवस में जिलाधिकारी से की गई शिकायत के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को बाजार चालू करने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी व नायक तहसीलदार निरीक्षण किया ग्राम प्रधान को निर्देशित किया की जर्जर बिल्डिंग की मरम्मत कार्य पूरा करके जल्द ही बाजार चालू कराई जाए।

विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत घुघटेर में कोतवाली के बगल में 12 वर्ष पूर्व बनाई गई सरस हाट बाजार में बाजार लगी नहीं लेकिन बिल्डिंग जर्जर हो गई 11 दिन पूर्व शनिवार को घुघटेर कोतवाली में समाधान दिवस में बंद पड़ी सरस हाट बाजार की जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से की गई शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देश पर बाजार चालू करने को लेकर मंगलवार को जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश व नायब तहसीलदार फतेहपुर एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह बजार का निरीक्षण किया ग्राम प्रधान को निर्देशित किया की जर्जर बाजार की दुकानों की मरम्मत कार्य पूरा करके जल्द ही बाजार चालू कराई जाए। ग्राम प्रधान हनुमान ने बताया वर्षों से बंद पड़ी बाजार अधिकारियों के निर्देश पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है जल्द ही बाजार सरस हाट में लगेगी और लोगों को सरकारी बाजार में दुकान लगाने से फुटपाथ से निजात मिलेगी इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश एडीओ पंचायत पंचायत अनिल कुमार सिंह पंचायत सचिव सौरव यादव जसीम खा आदि लोग मौजूद रहे।

### खलसा पुर से कन्दरवल तक की सड़क जगह जगह उखड़ी

**रामनगर।** खलसापुर होकर गौरा पुरवा होते कंदरवल खुर्द तक का सफर बड़ा खराब है। यह सड़क उखड़ कर कस्टदाई बनी है ।इसकी मरम्मत नहीं की जा रही है। विभाग उदासीन है।इस सड़क के जे ई भी ध्यान नहीं दे रहे ए ई की कौन कहे। तहसील रामनगर क्षेत्र की यह महत्व पूर्ण सड़क ग्रामीण इलाके को सूरतगंज ब्लॉक तक ले जाती है जो कन्दरवल तक करिह 5 किमी लम्बी है। यह सड़क सर्वाधिक रूप से गौरा पुरवा से कंदर वल तक दर्जनों जगह उखड़ चुकी है जिस पर चलना कठिन है। जरा सी चूक हुई कि मोटर सायकिल सवार गिर कर चोट खा जाता है।इस पर आवगमन बड़ा कठिन हो गया है। लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड तीन का यह मार्ग अफसरों की उदासीनता झेल रहा है। इस मार्ग के पैच भी उखड़ चुके हैं और कई जगह तो पूरी की पूरी सड़क उखड़ चुकी है।बताते है कि इसका रीनिवल दो साल पहले हुआ था मगर घटिया निर्माण से यह अभी से उखड़ गई । कंदर वल गाँव सपा जिलाध्यक्ष का पैत्रक गाँव है।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये स्व. हरदेव रावत



**लोक मित्र ब्यूरो**

**निन्दूरा, बाराबंकी।** कुर्सी विधानसभा के पूर्व विधयक स्वर्गीय हरदेव रावत की 18 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कुर्सी विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय हरदेव सिंह रावत की 18 वीं पुण्यतिथि मंगलवार को उनके पैतृक गांव सरसावा में समाधि स्थल पर मनाई गई एससी एसटी के अध्यक्ष बैजनाथ रावत समाधि स्थल पर पहुंचकर स्वर्गीय विधायक को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी इस मौके उनकी पत्नी कुसुम लता रावत पूर्व ब्लाक प्रमुख इंद्रपाल यादव समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सुरेश यादव पूर्व विधायक राजलक्ष्मी वर्मा लाला निहाल यादव राम सजीवन यादव आदि क्षेत्रीय कार्यकर्ता व ग्राम वासी मौजूद रहे।

## कड़ाके की ठण्ड मे प्रधान कुलदीप चौधरी ने बांटे गरीबों को कम्बल



**लोक मित्र संवाद**

**पाटन उन्नाव।** कड़ाके की पड़ रही ठण्ड मे विकलांग,निराश्रित, गरीब महिलाओं को ग्राम प्रधान पाटन द्वारा कंबल वितरण किया गया।कम्बल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। तहसील मुख्यालय पाटन कस्बा में गत वर्षो की भांति ग्राम प्रधान स्वेता पटेल व प्रधान प्रतिनिधि की माँ श्यामा देवी द्वारा हज़ारों निराश्रितों को कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए कम्बल का वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में निराश्रित लोगों व मातृ शक्तियों को चाय व भोजन कराया। प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप चौधरी ने कहा कि कड़ाके की ठण्ड से निजात दिलाने के लिए कम्बल वितरण किया है। हमने गरीबों की सेवा का संकल्प लिया है। आप सबकी सेवा सदैव करता रहूंगा। उन्होने ने कहा कि समाज सेवा से बढ़कर कोई धर्म व कार्य नही है । इस मौके पर अनूप श्रीवास्तव, महेश तिवारी, संतोष तिवारी, विमल श्रीवास्तव, गामा चौधरी, गंगा विष्णु चौधरी, अजय चौरसिया, मुन्ना पंडित, रमेश चंद्र तिवारी, आयुष अवस्थी व अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यकम का संचालन त्रिलोक चंद्र गुप्ता ने किया।

> दो पंचवर्षीय योजना से अनवरत समाज की सेवा में लगकर अपनी उदारता का परिचय दे रहे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप चौधरी ने समाज की सेवा का संकल्प लिया है और वह प्रधानी के साथ अपने इस गुरु तर दायित्व का उनके जीवन का एक हिस्सा बन चुका है जिसका वह निर्वहन कर रहे हैं वही ग्राम सभा की जनता उनकी प्रसंशा करती नही थक रही है।

## नींव खोदने के विवाद में भाई ने फावड़ा से हमला कर की हत्या

- बेटे ने दर्ज कराया चाचा के खिलाफ मुकदमा, एसपी बोले जल्दी ही गिरफ्तार होगा आरोपित

**लोक मित्र ब्यूरो**

**बाराबंकी।** सफदरगंज थाना के झलिहा में मंगलवार की सुबह करीब 11बजे नींव खोदने को लेकर दो सगे भाईयों में विवाद हो गया।आरोप है कि छोटे भाई परशुराम ने अपने बड़े भाई विशेषर पर फावड़ा से हमला कर दिया। इससे विशेषर की मौत हो गई।

एसपी दिनेश कुमार सिंह ने घटनास्थल का दौरा किया है।उनके अनुसार मृतक के शरीर पर जाहिरा चोट का निशान नहीं है।जमीन का बंटवारा दोनों भाईयों के बीच काफी पहले हो चुका था।अचानक यह विवाद हुआ और विशेषर की मौत हो गई।तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।आरोपित की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है।यहां के निवासी देशराज ने बताया कि उनके पिता विशेषर(60) व छोटे चाचा परशुराम(52)के बीच करीब 10 साल पहले घर व खेत की जमीन का बटवारा हो चुका है।पिछले प्रधानी के चुनाव में उनके पिता रंजीत वर्मा के पक्ष में थे जबकि परशुराम सुमन यादव के पक्ष में थे।चुनाव में सुमन यादव की जीत हुई और यह चुनावी रंजिश चलती रहीं।

बंट चुकी घर की जमीन के बीच दीवार निर्माण को लेकर विवाद चल रहा था।कई बार थाने तक मामला गया पर शिकायत का निपटारा नहीं हो पाया।इस बीच मंगलवार की सुबह नींव खोदने को लेकर परशुराम ने विशेषर के सिर पर फावड़ा से हमला कर दिया।इससे विशेषर गिर गए और उनके मुंह से खून आया और कुछ देर में ही उनकी मौत हो गई।

## आजाद की जयंती पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल उनके पैतृक गांव बदरका पहुंचे

**लोक मित्र ब्यूरो**



**उन्नाव।** अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 119 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय बदरका मेले में राज्यपाल हिमांचल प्रदेश शिव प्रताप शुक्ला द्वारा सांसद डा0 स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज की उपस्थिति में आजाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर सांसद राज्यसभा डा0 अशोक बाजपेयी की सांसद निधि से निर्मित शहीद चन्द्रशेखर आजाद जी के पैतृक गृह का जीर्णोद्वार का लोकार्पण/शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए राज्यपाल ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम के कालजयी पुरोधा शहीद-ए-वतन चन्द्रशेखर आजाद के 119वें जन्मदिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीद कभी स्वर्गीय नहीं होता है, शहीद लोगों के ह्दय में सदा के लिए जिन्दा रहता है। अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद का अदम्य साहस एवं उनका बलिदान आने वाली पीढियों को उत्साहित करने का काम करता रहेगा।

उन्होंने कहा कि शहीद आजाद ने स्वंत्रता के लिए तरस रही तस्वीर को मूर्त रूप एवं आकार देने का काम किया था। चन्द्रशेखर आजाद का साहस और धैर्य अदभूत था। उन्होंने कहा था कि मैं आजाद हूं और मैं आजाद ही रहूंगा।

इस दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम, आल्हा गायन, बच्चों के देशभक्ति गीत, मनमोहक नृत्य/नाटक, झांकियां, स्वागत गीत आदि की प्रस्तुतियां दी गयी इस अवसर पर आजाद को श्रृद्धान्जलि देते हुए सांसद, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती शकुन सिंह, विधायक आशुतोष शुक्ला एवं विधायक श्रीकान्त कटियार ने भी सरकार द्वारा किये जा रहे जन कल्याणकारी कार्यक्रमों से जन सामान्य को परिचित कराया कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, कार्यक्रम संयोजक राजेश शुक्ला, मेला समिति के पदाधिकारीगण सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि मौजूद रहे।

## सिल्ट सफाई, पुलिया निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

**लोक मित्र संवाद**



**बीघापुर,उन्नाव।** तहसील क्षेत्र में शारदा नहर में सिल्ट सफाई व नहर पर बने पुल तथा पुलियो के निर्माण में अधिशाषी अभियंता शारदा खंड उन्नाव, सहायक अभियंता चतुर्थ द्वारा किए गए।

भ्रष्टाचार को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के मंडलीय महासचिव ब्रजेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में किसानो ने मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव सिंचाई को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शुभम प्रताप सिंह को देकर मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव सिंचाई को दिए गए ज्ञापन में मंडलीय महासचिव ब्रजेंद्र प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि उन्नाव शारदा खंड के अधिशाषी अभियंता तथा सहायक अभियंता चतुर्थ द्वारा विभाग द्वारा आवंटित सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है नहरों के अनुरक्षण एवं सफाई में व्यापक स्तर पर धांधली की गई है नहरो की बिना सफाई किए हुई पैसों का दुरुपयोग कर लिया गया है। अधिशाषी अभियंता द्वारा विभाग की निविदाओं के अनुबंध में भी भारी हेराफेरी कर अपने चहेतों को कार्य देकर सरकारी धन दुरुपयोग व दोहन किया जा रहा है।

सहायक अभियंता केवल फोटो खिंचवाकर अपनी जिम्मेवारी की खाना पूर्ति करते है जबकि ए ई कभी भी क्षेत्र में नही आते हैं और न ही कार्यालय में बैठते हैं ।उनके द्वारा नहर का निरीक्षण भी नही किया जाता है उसके बावजूद भी डीजल व गाड़ी मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए निकाले गए है। नहर सफाई में बिना निविदा के ही करीबी लोगों को लाभ पहुंचाया गया है।

2022 से लेकर अब तक नहर पर बनी पुलिया एवं पुलों के निर्माण में भी भारी धांधली की गई है। अधिकृत फर्म को भुगतान न कर अपने लोगो को भुगतान किया गया है। मंडलीय महामंत्री ने कहा कि यदि मामले की जांच का दोषियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो भारतीय किसान यूनियन भानू गुट चुप नहीं बैठेगा।ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से

पवन शुक्ला ,शंभू सिंह, शुभम पटेल, कार्तिकेय दीक्षित, निर्भय सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला ,गुड़िया देवी, कमल चौधरी रहे।

## अश्लील वीडियो की धमकी देकर तीन वर्ष तक किया रेप

- युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज
- इसी दौरान दूसरे शहर में जाकर वह रहने लगा। शादी की बात करने पर जाति सूचक गाली देता रहा

**लोक मित्र ब्यूरो**

**सुबेहा, बाराबंकी।** जबरदस्ती दुष्कर्म करने के बाद दूसरे समुदाय का एक युवक अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर लगातार तीन वर्ष तक दलित युवती से रेप करता रहा।इस दौरान अनेकों बार शादी का झांसा देकर युवती का गृभपात भी कराया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ दलित उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना क्षेत्र के चौकी गांव निवासी युवक साजिद अली पुत्र बरकत अली ने तीन वर्ष पूर्व पड़ोसी गांव निवासी एक 20 वर्षीय दलित युवती के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि दुष्कर्म करने के दौरान उसने अश्लील वीडियो भी बना लिया। जिसके बाद अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार आए दिन दुष्कर्म करता रहा। जिसके चलते कई बार पीड़िता गृभवती हो गई। उसने शादी का झांसा देकर जबरदस्ती गृभपात भी कराया। इसी दौरान दूसरे शहर में जाकर वह रहने लगा। शादी की बात करने पर जाति सूचक गाली देता रहा। लगातार गाली गलौज से तंग आकर पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ सुबेहा पुलिस को तहरीर दिया है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# धनुष भंग लीला का मंचन सुन श्रोता हुए रोमांचित



लोकमित्र ब्यूरो

**निन्दूरा, बाराबंकी।** ग्राम पंचायत बसरा हनुमान मंदिर स्थित प्रांगण में एक दिवसीय धनुष भंग लीला का मंचन किया गया। इस दौरान लोगों ने जमकर भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुए विद्वता पूर्ण संवाद को सुन दर्शक रोमांचित हो उठे। विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र के ग्राम बसरा गांव में समस्त ग्राम वासियों द्वारा मंगलवार को हनुमान मंदिर स्थित प्रांगण में एक दिवसीय धनुष भंग लीला के मंचन में राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता का विवाह करने के लिए स्वयंवर का आयोजन किया, जिसमें आए कई देश के राजाओं के धनुष न उठा पाने से वह निराश हो गए और राजाओं से कहा तजहुं आसनिज निज गृह जाऊं लिखा न बिधि बैदेही विवाहू कहकर निराशा के भाव व्यक्त कर दिए। राजा जनक के शब्द सुन लक्ष्मण जी उत्तेजित हो जाते हैं, जिन्हें श्रीराम ने शांत करते हुए कहा कि लखन तुम शांत हो बैठो। विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्री राम ने धनुष का खंडन कर दिया। धनुष टूटने पर हुई घनघोर गर्जना सुन महिंद्रा चल पर तपस्या में लीन महर्षि परशुराम की तंद्रा भंग हो गई। श्री राम जी परशुराम को शांत करने का प्रयास करते हैं, लेकिन उनके शांत ना होने पर लक्ष्मण जी कहते हैं बहु धनुहीं तौरीं लरिकाई कबहु न अस रिस कीन्ह गोसाई। ऐहि धनु पर ममता केहि हेतू। लक्ष्मण के शब्द सुनकर परशुराम का क्रोध अधिक बढ़ जाता है और वह लक्ष्मण को मारने के लिए दौड़ते हैं।

# देश और समाज को आगे बढ़ाने में शिक्षक की अहम भूमिका होती है: राजनाथ

> माध्यमिक शिक्षक संघ का 57वे प्रदेश सम्मेलन में विभिन्न जिलों से शिक्षकों ने भाग लिया

अशोक अग्निहोत्री

**आगरा।** रक्षा मंत्री का मानना है कि देश और समाज को आगे बढ़ाने में शिक्षक की बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। वह यहां स्थानीय मुफीदे आम इंटर कालेज में आयोजित माध्यमिक शिक्षक संघ के 57 वें सम्मेलन में बोल रहे थे।

मुख्य अतिथि रक्षामंत्री मंत्री राजनाथ सिंह जी ने अपने संबोधन में कहा कि पांचवें वेतन आयोग को लागू कर मैंने शिक्षकों पर अहसान नहीं बल्कि अपना दायित्व निभाया,ये उनका वाजिब हक था, उनका अधिकार था उसे किया ही जाना चाहिए था। उन्होंने माध्यमिक शिक्षक संघ के संगठन तथा उसके यशस्वी नेतृत्व को याद करते हुए कहा कि विधान परिषद में विद्वान शिक्षक एमएलसी अपने तर्कों तथा तेवर से सदन का रुख बदल देते थे , ओपी शर्मा शिक्षक संघ के अदभुत योद्धा थे जो अपनी अंतिम सांस तक संगठन के लिए कार्य करते रहे। शिक्षक आगे आने वाली पीढ़ी को गढ़ता है वह बच्चों,नौजवानों को कौशल, संस्कार देता है उन्होंने उपस्थित शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षक की साख व विश्वसनीयता ही उसका आधार है भले ही निजी क्षति उठानी पड़े लेकिन उसे साख और विश्वसनीयता को बरकरार रखना है। उन्होंने कहा कि आज के तकनीकी युग में शिक्षकों की भूमिका में बदलाव आया है अब एक क्लिक में सभी सूचनाएं उपलब्ध हो जाती हैं लेकिन सूचना देने और शिक्षित करने में अंतर होता है यही अंतर शिक्षक की भूमिका को प्रासंगिक बनाता है, सूचना विकल्प दे सकती है लेकिन सही विकल्प क्या हो इसका ज्ञान शिक्षक ही दे सकता है अतः शिक्षक की भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण है।




रक्षामंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि शिक्षक को बच्चे का सर्वांगीढ़ विकास करना चाहिए, तन मन बुद्धि आत्मा चारों की ही भूख समाप्त करने पर आनंद और सुख प्राप्त होता है। उन्होंने शिक्षकों को ज्ञान विज्ञान में पारंगत बनने अपने संस्कारों, सांस्कृतिक विरासत, तय परंपराओं से स्वयं जुड़े रहने तथा विद्यालय के बच्चों को भी जोड़ने की बात कही। माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा मा.रक्षामंत्री महोदय के समक्ष रखी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आपकी सभी जायज मांगों पर विचार करेंगे, नकल अध्यादेश के निर्णय को याद करते हुए कहा कि मुझे बहुत भला बुरा कहा, यहां तक कि मैंने चुनाव में शिकस्त खाई लेकिन मैंने अपने प्रदेश के बच्चों के भविष्य से समझौता नहीं किया।

उन्होंने कहा कि आज देश तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत की अंतरराष्ट्रीय जगत में प्रतिष्ठा बढ़ी है कद ऊंचा हुआ है पहले विश्व मंच पर भारत की बात उतनी गंभीरता से नहीं सुनी जाती थी, आज जब भारत बोलता है तो दुनियां कान खोल कर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। आज मोदी जी के नेतृत्व में देश विश्व अर्थव्यवस्था में 11वें से पांचवें स्थान पर आगया दो से तीन वर्ष तीसरे नंबर पर देश खड़ा होगा, इसमें सरकार की नहीं हर नागरिक, समूह और आप सबकी भूमिका है। सम्मेलन में केन्द्रीय राज्यमंत्री एस.पी.सिह बघेल ने कहा कि वह भी शिक्षक रहे हैं । बच्चों के बेहतर भविष्य को बनने का असल जिम्मेदार शिक्षक ही होता है।

कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी सुरेश चंद्र त्रिपाठी , ध्रुव कुमार त्रिपाठी, जगवीर किशोर जैन, दिनेश शर्मा, मुकेश शर्मा, हेम सिंह पुंढीर सहित माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारीगण तथा शिक्षक मौजूद रहे।

# कानून व्यवस्था सुधारना पहली प्राथमिकताः अवधेश



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के हथोधा चौकी प्रभारी अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि क्षेत्र की कानून व्यवस्था सुधारना एवं मादक पदार्थ के तस्करी पर लगाम लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। श्री वर्मा मंगलवार को चौकी पर ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे उन्होंने उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं लोगों से क्षेत्र की समस्याओं के साथ-साथ कानून व्यवस्था पर भी जानकारी ली तथा कहा कि लोगों की सेवा एवं उनकी समस्याओं का निदान ही हमारा कर्तव्य है उन्होंने कोटवा सड़क में हो रही मादक पदार्थों की तस्करी का भी जिक्र करते हुए कहा कि तस्करों को कतई बक्सा नहीं जाएगा। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य बिन्नू जायसवाल, शैलेंद्र सिंह, रवि तिवारी, छोटू, जय सिंह, प्रेम नारायण यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# 2024-25 सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का किया जायेगा आयोजन

**अमेठी।** शासन के निर्देशानुसार जिला पर्यटन अधिकारी महेंद्र मिश्र ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा जनपद में उ0प्र0 पर्व हमारी संस्कृति-हमारी पहचान के तहत संस्कृति उत्सव 2024-25 मनाये जाने के अवसर पर शास्त्रीय एवं लोकगीत की पृष्ठभूमि में जनपद के सभी अंचलों में ऐसे कलाकारों की पहचान कर उनकी योग्यतानुसार मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रोत्साहित एवं समृद्ध करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन तथा विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने बताया संस्कृति उत्सव 2024-25 के तहत जारी समय सारिणी के अनुसार गॉव, पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के प्रतिभागी कलाकारों हेतु क्रमशः 07 जनवरी 2025 को तहसील मुख्यालय गौरीगंज व अमेठी एवं 08 जनवरी 2025 को तहसील मुख्यालय मुसाफिरखाना व तिलोई तथा 09 जनवरी 2025 को जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर गौरीगंज में जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

# धनगढ़ी में लायन्स क्लब के प्रतिनिधि मण्डल का हुआ भव्य स्वागत

> कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन ट्यूनिंग प्रोग्राम आर्येन्द्र पाल सिंह व लायन्स उपकार के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** अन्तर्राष्ट्रीय मैत्री विनिमय कार्यक्रम (क्लब ट्यूनिंग प्रोग्राम) के तहत लायन्स क्लब लखीमपुर उपकार का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल नेपाल के धनगढ़ी पहुंचा। सीमा पर लायन्स क्लब आफ धनगढ़ी ग्रीन सिटी के सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन ट्यूनिंग प्रोग्राम आर्येन्द्र पाल सिंह व लायन्स उपकार के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। धनगढ़ी के होटल सोराय, बिसालनगर के सभागार में यह भव्य कार्यक्रम भारत के राष्ट्र गान के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर लायन्स क्लब आफ धनगढ़ी ग्रीन सिटी ने




अपना 13वां चार्टर दिवस भी मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट 325 के निवर्तमान मल्टिपल चेयरमैन सी0बी0चंद व विशिष्ट अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट 321बी1 के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन ट्यूनिंग प्रोग्राम आर्येन्द्र पाल सिंह ने सहभागिता की। इस अवसर पर श्री सिंह ने अपने उद्बोधन में नेपाल और भारत के आत्मीय सम्बन्धों को उजागर किया तथा इस कार्यक्रम की सार्थकता को बताया। लायन्स उपकार द्वारा धनगढ़ी के ब्लाइंड केयर एसोसिएशन के सदस्यों को एक हरमोनियम भेंट किया। इस अवसर पर तीन सौ ब्लाइंड स्टिक धनगढ़ी के लायन्स क्लबों ने भेंट की। मैत्री विनिमय कार्यक्रम के तहत एक दूसरे को माल्यार्पण करके अंगवस्त्र व स्मृति प्रतीक भेंट किये गये।

लायन्स क्लब लखीमपुर उपकार व धनगढ़ी ग्रीन सिटी के मध्य में सातवीं बार कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत धनगढ़ी ग्रीन सिटी के तत्कालीन अध्यक्ष टेकराज पनेरू, क्कार्डीनेटर देवराज ओझा और लायन्स क्लब लखीमपुर उपकार के तत्कालीन अध्यक्ष आर्येन्द्र पाल सिंह के द्वारा की गई थी। यह सिलसिला आज भी बदस्तूर जारी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत, खान-पान व पर्यटन स्थलों को जानने व देखने का अवसर मिला है।

इस सातवें ट्यूनिंग प्रोग्राम में डिस्ट्रिक्ट 321बी1के मण्डलाध्यक्ष मुकेश जैन का सन्देश सभागार में सुनाया गया व उनकी मान्यता पिनें भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में लायन्स क्लब लखीमपुर उपकार के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, ट्यूनिंग क्कार्डिनेटर आर्येन्द्र पाल सिंह, कोषाध्यक्ष राजकुमार सक्सेना, शिशिर अवस्थी, राजशेखर, सौरभ वर्मा व पंकज अग्रवाल ने सहभागिता की। नेपाल से लायन्स क्लब धनगढ़ी ग्रीन सिटी के अध्यक्ष पदम बिक्रम सिंह, क्कार्डीनेटर देवराज ओझा, मनोज खड़का, रोशन श्रेष्ठ, सी0बी0चंद, जनक राज जोशी, डॉ0हेमराज पंत, कैलाश दहल, भरत खड़का, आनंद बहादुर शाह, गोबिंद खातिबाड़ा आदि अनेक सदस्यों ने सहभागिता की।

# महिला सांसदों, विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए आज कानपुर में योगी

> यूपी-उत्तराखंड के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सहित शामिल होंगी 56 से अधिक महिला विधायक

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** यहां बिठूर में आज मंगलवार से शुरू कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन द्वारा आयोजित यूपी-उत्तराखंड की महिला सांसदों व विधायकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करने के लिए आज 8 जनवरी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर आयेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां आज बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। वहीं इस आयोजन के समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी शामिल होंगी। प्रशिक्षण के इस आयोजन में एक साथ पहली बार 56 से अधिक महिला विधायक शहर आएंगी। इसको लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।



आज सबसे पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का संबोधन होगा। फिर उत्तराखंड के विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण का उद्बोधन होगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की इस आयोजन के तहत विधायकों व सांसदों का प्रतिनिधित्व, सदन की कार्यवाही में सहभागिता बढ़ाने और संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने में महिला सदस्यों की भूमिका पर मंथन होगा। साथ ही महिला विधायकों को सशक्तिकरण और विधानसभा से जुड़ी बारीकियों का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस आयोजन में इस बात पर भी मंथन होगा कि महिला सशक्तीकरण के लिए किन नई योजनाओं को बनाने की आवश्यकता है और किन योजनाओं को बढ़ावा दिया जाना है।

प्रशिक्षण के इस आयोजन में संविधान व कानून में महिलाओं के अधिकार, लैंगिक समानता, निर्णय लेने वाली संस्थाओं में पर्याप्त महिला प्रतिनिधित्व को बढ़ावा दिए जाने जैसी चर्चा का विषय भी शामिल है। इस आयोजन के लिए कड़े सुरक्षा के प्रबंध भी किए गए हैं।

# टीबी के खात्मे को 100 दिन जगह-जगह लगेंगे निक्षय शिविर

> टीबी रोगी खोज अभियान की सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने परखी हकीकत

> मुख्य चिकित्साधिकारी ने फरधान के अंबूपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किया निक्षय शिविर का शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय विशेष टीबी रोगी खोज अभियान चल रहा है। अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए ब्लॉकों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अभियान की हकीकत परखने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान

पर संचालित शिविर का शुभारंभ करते हुये अभियान के तहत हो रही



गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने अभियान के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई को दिया। सीएमओ ने बताया कि जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए 100 दिवसीय सघन टीबी रोगी खोज अभियान चलाया जा रहा है।

जानकारी मुताबिक 100 दिवसीय टीबी खोजी अभियान के अंतर्गत जिले की 1165 ग्राम पंचायत में निश्चय शिविर का आयोजन किया रहा है, यह आयोजन 24 मार्च तक चलेगा। जिसका शुभारंभ मंगलवार को सीएचसी फरधान के अंतर्गत अंबूपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा किया गया इस दौरान उनके साथ जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल गुप्ता सहित सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई भी मौजूद रहे।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी खोजी अभियान के अंतर्गत उच्च जोखिम वाले समूह के अंतर्गत टीबी के रोगियों की खोज की जाएगी। जिसके अंदर का 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धि जन व कुपोषित बच्चे, एचआईवी से ग्रसित मरीज, कम बीएमआई वाले व्यक्ति जिनका बीएमआई 18.5 से कम है। शुगर के मरीज व नशा करने वाले व्यक्ति आदि की पहचान कर उनकी जांच कराई जाएगी। वहीं आवासीय विद्यालय, कारागार, वृद्धा, आश्रम नारी निकेतन भी इस अभियान में शामिल किए गए हैं। यहां पर रहने वाले लोगों की भी स्क्रीनिंग की जाएगी। मलिन बस्ती ईंट भट्टे पर काम करने वाली युवतियों को भी चिन्हित कर स्क्रीनिंग की जाएगी।

सभी कार्य क्षेत्रों की आशा, आशा संगिनी अभियान में सहयोग करेगी। पुराने एवं नए टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों की भी स्क्रीनिंग कराई जाएगी। पहले दिन 7 जनवरी मंगलवार को 22 ग्राम पंचायतों में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया है वही सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने बताया कि फरधान सीएचसी क्षेत्र के 109 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसमे सीएचओ सभी गांवों में घर-घर जाकर टीबी, शुगर, हाईपरटेंशन के रोगियों की स्क्रीनिंग करेंगे व टीबी के रोगियों के बलगम की जांच व एक्स-रे करवाएंगे।

# पुलिस हिरासत में हुई युवक की मौत

> पुलिस हिरासत में हुई युवक की मौत के मामले में परिजनों से पुलिस ने मृतक का शव छीन कर जबरन कराया पंचायतनामा पुलिस पर लगा हत्या का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो


**निघासन-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस हिरासत में युवक की मौत का मामला आया सामने परिजनों ने पुलिस पर युवक की पिटाई करने का आरोप लगाया है।

मृतक युवक की पहचान रामचंद्र (36) के रूप में हुई है जो कि गांव के कुछ अन्य लोगों के साथ जलौनी की लकड़ी बीनने के लिए जंगल गया था जैसा की मझगई थाना क्षेत्र के हुलासी पुरवा गांव निवासी रामचंद्र पुत्र लालता प्रसाद जो कि गांव के कुछ लोगों के साथ दोपहर में गांव से करीब



फ़ाइल फ़ोटो,रामचंद्र

छह किलोमीटर दूर जंगल में जलौनी की लकड़ी बीनने गया था तभी निघासन कोतवाली और मझगई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अवैध शराब बनाने के आरोप में पकड़ लिया पुलिस ने उसे निघासन कोतवाली लेकर पहुंचने के बाद वहां उसकी बुरी तरह पिटाई की, जिसके बाद युवक की तबियत खराब हो गई पुलिस कर्मी उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जैसा की युवक की मौत की खबर रात को परिजनों को मिली और



जब वे अस्पताल पहुंचे तो वहां का माहौल गमगीन था।

मृतक के दो छोटे बेटे, अमर (5) और समर (3) और पत्नी पूनम का रो-रोकर बुरा हाल है परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने युवक की हत्या की है और उसकी पिटाई के कारण उसकी जान गई है मृतक के शव को पुलिस ने परिजनों से छीनकर एम्बुलेंस में रखकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की पत्नी पूनम व परिजनों ने पुलिस पर अवैध शराब बनाने के आरोप में पति को पकड़कर उसे बुरी तरह मारा-पीटा। जिससे उसकी मौत हो गई घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने मंगलवार दोपहर निघासन हाईवे जाम कर दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठी चार्ज कर रास्ता खुलवाया शव पहुंचने से पहले गांव में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई। पुलिस ने बम्हनपुर चौराहे की बीच सड़क पर गाड़ी खड़ी करके गांव जाने वाले रास्ते को ब्लाक कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों की पुलिस से नोकझोंक हुई। कुछ लोग ट्रैक्टर लेकर आगे बढ़े तो पुलिस ने कहा- दम है तो मुझपर गाड़ी चढ़ाओ।

# लेखपाल के निजी अजीर का एक नया कारनामा

> शपथपत्र के अनुसार करीब दो वर्ष पूर्व हुआ था लेन-देन

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** तहसील धौरहरा में तैनात बेलगाम लेखपालों द्वारा रोजाना नित नए नए कृत्य किए जा रहे हैं ऐसा लगता है कि विभागीय उच्चाधिकारियों का इन पर किसी प्रकार का अंकुश नही रहा।काफी समय से तहसील क्षेत्र में तैनात एक लेखपाल के मुंशी ने गरीब भूमि हीन से आवास का पट्टा देने के नाम पर 50 हजार रुपए दो बार में वसूल लिए।थक-हार कर भूमि हीन द्वारा उप जिलाधिकारी के नाम शपथपत्र देकर न्याय दिलाने शिकायत की है। प्राप्त विवरण के अनुसार सुनील कुमार पुत्र सूर्य प्रसाद निवासी खैरा पुरवा मजरा भूडा परगना व तहसील धौरहरा ने उप जिलाधिकारी धौरहरा के नाम 21.12.24 में शपथपत्र देकर बताया कि आवासीय पट्टा दिलाने के एवज में तत्कालीन लेखपाल रामेन्द्र अवस्थी के निजी अजीर सुरेश कुमार ने शपथी से मिलकर 3 ढिस्मिल आवासीय पट्टा रोड किनारे बनाने के वास्ते पहली बार 10 हजार व दूसरी बार 40 हजार रुपए वसूले है। काफी समय बीत जाने के बाद भी न तो पट्टा मिला और न पैसे वापस हुए।


शपथी के अनुसार वर्तमान समय में उपरोक्त लेखपाल व उनके अजीर दूसरे क्षेत्र में तैनात हैं। शपथपत्र पत्र के अनुसार गरीब भूमि हीन ने दोषी लोगों पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। इस प्रकरण में एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार ने कहा कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच करने व दोषी पर कार्रवाई करने की बात कही।

# प्लाईवुड फैक्ट्री मे हुआ दर्दनाक हादसा

> प्रीतम पुरवा रोड पर स्थित गणेश प्लाईवुड फैक्ट्री में एक दर्दनाक हादसा हो गया है जहां एक 15 वर्षीय नाबालिग युवक अंकुश, का आरा ब्लेड से हाथ कट गया युवक की हालत गंभीर बनी हुई हैं

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी निघासन नगर के प्रीतम पुरवा निवासी रामलखन के दो बेटे और चार बेटियां हैं। उनका बड़ा बेटा अंकुश, जो 15 वर्ष का है,वह प्रीतम पुरवा रोड पर स्थित गणेश प्लाईवुड फैक्ट्री में काम कर रहा था जो कि आज दिन में करीब 11 बजे, अंकुश,चाइना मशीन में लगें ब्लड की चपेट में आ गया जिससे बायां हाथ लगभग कट कर अलग हो होने की पोजीशन में आ गया। घटना के बाद फैक्ट्री के ठेकेदार



बाबू व मजदूरों ने तुरंत अंकुश को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,जहाँ डॉक्टरों ने उसका प्रथम इलाज शुरू किया अंकुश की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर जहाँ जिला अस्पताल पहुंच कर लखनऊ रेफर किया गया अंकुश को।

घटना के बाद उसके परिवार के लोगों में दहशत का माहौल है,इस हादसे के बाद फैक्ट्री मालिक और पुलिस को सूचित किया गया है। पुलिस व तहसील प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। और आगे की कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।अंकुश के परिवार के लोगों ने फैक्ट्री प्रबंधन से मुआवजे और अंकुश के इलाज के लिए मदद की मांग की है।युवक के पिता का भी एक हाथ खराब है जिससे वह कौई काम नहीं कर पाते हैं,नगर के एक विद्यालय में माली का काम करते हैं घर में कुल 8 सदस्य हैं जिनके पालन पोषण की जिम्मेदारी अंकुश व उनके पिता राम-लखन पर है। इससे पहले भी सोशल मीडिया के माध्यम से ह्वद्धद्ध न्यूज़ के द्वारा दिखाया गया था। की नाबालिक बच्चे प्लाईवुड में काम कर रहे हैं।पुलिस करतीं कार्यवाही तो नहीं होता हादसा पुलिस व तहसील प्रशासन के अनदेखा चलते नाबालिक युवक का फैक्ट्री में काम करते हैं। गया बच्चे का हाथ यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है। यह मुद्दा न केवल नाबालिक युवकों के भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक बड़ा खतरा है।पुलिस और तहसील की लापरवाही के कारण,नाबालिक युवकों को फैक्ट्री में काम करने का अवसर मिलता है।जो कि अवैध है। यह न केवल नाबालिक युवकों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह उनके भविष्य को भी प्रभावित करता है।

पुलिस और तहसील प्रशासन को अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना चाहिए और नाबालिक युवकों को फैक्ट्री में काम करने से रोकना चाहिए। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि फैक्ट्री में काम करने वाले सभी युवकों की उम्र 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए पर नाबालिकों को फैक्ट्री में कम दामों पर लगाकर काम करवाते रहते हैं। और उन्हें अपने बच्चों को फैक्ट्री में काम करने से रोकने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

# 50-55 वर्षों से रह रहे आबादी की भूमि पर अवैध कब्जा करने का ग्राम प्रधान पर लगाया गया आरोप

> पीड़ित का कहना सिंगाही निवासी ने फर्जी तरीके से बेलरायां ग्राम पंचायत की आबादी की भूमि को कैसे बेचा जिसके चलते न्यायालय में वाद विचाराधीन है

लोकमित्र ब्यूरो

**निघासन-खीरी।** बेलरायां स्टेशन रोड पर स्थित आबादी की भूमि पर पूर्वजों से रह रहे पीड़ित व्यक्तियों ने मोतीपुर ग्राम प्रधान के डी वर्मा पर जबरदस्ती भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगा रहे हैं। पीड़ित परिवार ने बताया बेलरायां स्टेशन रोड पर आबादी की भूमि पर झोपड़ी डालकर पूर्वजों से रहते आ रहे हैं। लेकिन अब मोतीपुर ग्राम प्रधान के डी वर्मा जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। आबादी की भूमि पर सिंगाही निवासी की कच्ची शराब की दुकान थी जिसके लिए सिंगाही निवासी ने फर्जी लिखापढ़ी करके दूसरी ग्राम पंचायत की आबादी की भूमि को बेंच दिया जिस पर हमारा था कब्जा। पीड़ित ने बताया। पीड़ित ने बताया सोमवार सुबह मोतीपुर ग्राम प्रधान सहित काफी संख्या में आकर हमारी आबादी की भूमि को जबरदस्ती कब्जा करने का गया असफल प्रयास किया गया। पीड़ित का कहना सिंगाही निवासी ने फर्जी तरीके से बेलरायां ग्राम पंचायत की आबादी की भूमि को कैसे बेचा जिसके चलते न्यायालय में वाद विचाराधीन है। मोतीपुर ग्राम प्रधान के डी वर्मा ने बताया हमने सिंगाही के संजीव जायसवाल व अन्य लोगों से खरीदा है जिसकी लिखा पढ़ी हमारे पास मौजूद है हमने पैसे दिया है जिसके चलते यह भूमि हमारी है।

संक्षिप्त खबरें

## राम मंदिर में कैमरा लगे चश्मे के साथ घुसा युवक, लेकिन सारी चालाकी रह गई धरी; एक गलती से धरा गया

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि परिसर में एक युवक कैमरे वाला चश्मा लगाकर प्रवेश कर गया। युवक परिसर में फोटो खींच रहा था। फोटो खींचते समय लाइट जलने पर परिसर में तैनात वाचर को उस पर संदेह हुआ उसने तत्काल युवक को पकड़ा तो पूरा मामला सामने आया।सुरक्षा एजेंसियां युवक से पूछताछ कर रही है। सोमवार दोपहर तीन बजे की है। बड़ोदरा निवासी जानी जयकुमार सोमवार को रामलला के दर्शन को आया था। वह राम जन्मभूमिपथ से सभी चेकिंग प्वाइंट को पार कर परिसर स्थित सिंहद्वार के आगे तक पहुंच गया। इस बीच युवक ने चश्मे से फोटो क्लिक करने की कोशिश की तो लाइट जली।सिंहद्वार के पास तैनात एक वाचर की नजर उस युवक पर पड़ी। वाचर को संदेह हुआ, उसने तुरंत युवक को रोककर चश्मे के बारे में जानकारी ली तो उसके होश उड़ गए। युवक ने कैमरे वाला चश्मा पहन रखा था। जिससे आसानी से फोटो क्लिक की जा सकती है। चश्मे के दोनों किनारों पर कैमरे लगे हुए थे। एक बटन भी है, जिसे दबाते ही फोटो कैप्चर हो जाती है। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि वाचर की सक्रियता से युवक को तत्काल हिरासत में ले लिया गया। उससे पूछताछ की जा रही है। अभी तक पूछताछ में उसका कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है। युवक बड़ोदरा का व्यापारी है। चश्मे की कीमत 50 हजार बताई जा रही है। एसएसएफ के वाचर अनुराग बाजपेयी को पुरस्कृत किया जाएगा।

## किसान चौपाल का हुआ आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या ।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की ओर से ओ. एन. एकेडमी, बारुन बाजार में किसान चौपाल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरीश श्रीवास्तव ने किसानों को संबोधित करते हुए खेतों की सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि खेतों के चारों ओर कागजी नींबू का बाड़ लगाकर न केवल बाहरी जीव-जंतुओं से फसलों की रक्षा की जा सकती है, बल्कि कागजी नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड के कारण धान, गेहूं और अन्य फसलों में कीड़े लगने की समस्या भी समाप्त हो जाती है।श्री श्रीवास्तव ने किसानों को आत्मनिर्भर बनने का संदेश देते हुए कहा कि किसान किसी का मोहताज नहीं है, बल्कि वह देश की रीढ़ है। उन्होंने किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की और भ्रष्टाचार का विरोध करने पर जोर दिया। साथ ही, किसी समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल का उपयोग करने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक धर्मपाल पांडेय और भाजपा युवा नेता विष्णु कौशल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अवधेश मिश्रा, आजाद पिंटू यादव, प्रदीप मिश्रा, सुधीर पांडेय, और राकेश विश्वकर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल किसानों के लिए जागरूकता का मंच बना, बल्कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## अवध विवि के प्रॉक्टोरियल टीम द्वारा चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में शीतकालीन अवकाश के बाद विभिन्न विभागों में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की चहल कदमी बढ़ी। आगंतुक छात्र वाहनों की पार्किंग के उपरांत ही परिसर में प्रवेश कर पायेंगे। परिसर की सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने टी प्वाइंट पर वैरिकेटिंग कर मोटर साइकिल से आने वाले छात्र-छात्राओं की सघन तलाशी कराई गई और उन्हें पार्किंग स्थल पर ही वाहनों को खड़ा करने का निर्देश दिया गया। इस तलाशी अभियान में मुख्य नियंता प्रो0 एसएस मिश्र के नेतृत्व में प्राक्टोरियल के टीम व सुरक्षा कर्मी प्रातः 10 बजे से मुस्तैद रहे। विद्यार्थियों के आईकार्ड को देखने के उपरांत प्रवेश दिया गया। इन विद्यार्थियों के वाहन को योग ध्यान केन्द्र में पार्किंग कराई गई। प्रो0 मिश्र ने बताया कि परिसर में पैदल आने वाले छात्र-छात्राओं के सुविधा के दृष्टिगत कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर लाइब्रेरी के सामने टी प्वाइंट के वैरिकेटिंग पर छात्र-छात्राओं के वाहन को पूर्णतः रोक लगा दी गई है। इसके लिए विभागों को पूर्व में ही सूचित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि परिसर को पूरी तरीके से सीसीटीवी कैमरे से आच्छादित कर दिया गया है। विद्यार्थियों द्वारा तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए देखे गए है। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसी के दृष्टिगत टी प्वाइंट पर वैरिकेटिंग पर वाहनों को रोक लगाई गई है। इससे परिसर के छात्र-छात्राओं को पैदल चलने में सुविधा होगी। इस चेकिंग अभियान में डॉ0 अंशुमान पाठक, डॉ0 त्रिलोकी यादव, डॉ0 अंकित मिश्रा, डॉ0 अंकित श्रीवास्तव, डॉ0 पंकज सिंह सहित सुरक्षा कर्मी तैनात रहे।

## कड़कड़ाती ठंड में कृषि मंत्री ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल, खिले चेहरे

**मिल्कीपुर- अयोध्या** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के अमानीगंज ब्लॉक अंतर्गत रायपुर गांव में मंगलवार को प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने 500 निराश्रितों, गरीबों को कंबल वितरित किया। मंत्री ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंच रहा है। कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह द्वारा किया गया था।अखिलेश यादव के आरोप उपचुनाव में वोट की लूट छुपाने के लिए संभल हिंसा कराई गई, पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अखिलेश यादव बेबुनियादी बात कर रहे हैं। और यह बात ऐसे व्यक्ति द्वारा कही जा रही है जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे और एक पार्टी के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि कोई बात कहने से पहले ठोस सबूत होने चाहिए और अनावश्यक बयानबाजी नहीं करनी चाहिए।सूर्य प्रताप शाही ने यह भी कहा कि इलेक्शन कमीशन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया है, कि मतपत्र ईवीएम में कैसे डाले जाते हैं और अदालतों ने इस मामले में क्या निर्णय दिए हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को अपनी हार स्वीकार करनी चाहिए, क्योंकि 9 सीटों में से 7 सीटें भारतीय जनता पार्टी ने जीती हैं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने बताया कि कंबल वितरण पिछले 10 वर्षो से किया जा रहा है, और ठंड को देखते हुए ग्राम सभा गड़ौली, मिश्ररौली, देवरा, मानूडीह रौतावां, रायपुर के 500 सौ जरूरतमंदों को कमल वितरित किया गया है, जिससे लोगों को ठंड से बचाया जा सके, वही कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खुशी से खिल गये। इस मौके पर प्रधान अखण्ड पाण्डेय, अजय सिंह, जयनरायन सिंह सहित क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान व अन्य लोग मौजूद रहे।

## सेमेस्टर परीक्षा में 137944 के सापेक्ष 5330 अनुपस्थित

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक विषम सेमेस्टर की तीन पालियों की परीक्षा में 137944 परीक्षार्थियों में से 5330 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में 90670, द्वितीय पाली में 25448, तृतीय पाली में 21826 के सापेक्ष क्रमशः 4323, 641 व 366 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि एनईपी बीए, बीएससी, बीकॉम विषम सेमेस्टर की तीन पालियों की परीक्षा में 137944 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 5330 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# आचार संहिता लगते ही सक्रिय हुआ प्रशासन, हटाए गए नेताओं के बैनर पोस्टर



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लगते ही प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया ।विधानसभा क्षेत्र के बाजारों व गांव मे तथा रोड के किनारे पर लगे राजनीतिक पार्टियों के बैनर व पोस्ट उतारे जाने लगे तहसीलदार मिल्कीपुर प्रदीप कुमार सिंह ने इनायत नगर, कुमारगंज, खण्डासा, हैरिंग्टनगंज, मिल्कीपुर नेताओं द्वारा लगाए गए होर्डिंग उतरवाए वहीं नगर पंचायत कुमारगंज में अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने कर्मचारियों के साथ तो वही कुमारगंज पुलिस भी थाना प्रभारी अमरजीत सिंह, खण्डासा थानाध्यक्ष संदीप सिंह, इनायत नगर थानाध्यक्ष देवेंद्र पाण्डेय पोस्टर उतरवाते दिखे ,अमानीगंज ब्लाक की एडीओ पंचायत सिद्धार्थ नाथ पांडेय सफाई कर्मियों के साथ गांव में घूम-घूम कर बैनर उतरवाया ।

## जिले के आंगनबाड़ी भी ,14 तक बंद, कार्यकर्ताओं को आना होगा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या ।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि वर्तमान में अधिक ठण्डक एंव शीतलहर के दृष्टिगत प्राथमिक विद्यालय एंव जूनियर हाईस्कूल के सभी शिक्षण संस्थान 14 जनवरी तक बन्द है। जनपद के अधिकांश आंगनबाड़ी केन्द्र प्राथमिक विद्यालयों में संचालित है और आंगनबाड़ी केन्द्र पर 03 से 06 वर्ष तक के बच्चे शालापूर्व शिक्षा हेतु उपस्थित होते है, जिनका ठण्ड से बचाव किया जाना आवश्यक है।उपरोक्त के दृष्टिगत आंगनबाड़ी केन्द्रो पर 04 जनवरी 2025 से 14 जनवरी 2025 तक 03 से 06 वर्ष के बच्चों का अवकाश घोषित किया जाता है। उक्त अवकाश अवधि में समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र खुला रहेगा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एंव सहायिकाओं द्वारा टेक होम राशन का वितरण, सामुदायिक गतिविधियों एवं अन्य शासकीय कार्यों का सम्पादन पूर्ववत किया जायेगा।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**गोसाईगंज-अयोध्या।**जिस टीम के खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा होगा,वही फ़ाइनल तक पहुंचेगा।क्रिकेट प्रतियोगिता का आरंभ एवं समापन करने के लिए समिति ने जिस तरह मुझको मान सम्मान दिया है इसके लिए मैं उनकी आभारी हूं । मैं आप लोगों को विश्वास दिलाती हूं कि इसके बाद जब भी आयोजन से जुड़े पदाधिकारी क्रिकेट टूर्नामेंट कराना चाहेंगे वह टूर्नामेंट इससे कही बेहतर एवं बड़ा होगा। उक्त बातें गोसाईगंज कस्बे के बलदेव इंटर कॉलेज के पीछे मैदान में तेलियागढ़ क्रिकेट क्लब (टी सी सी) द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम को ट्रॉफी एवं सील्ड देने के दौरान वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीताराम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्रीमती आरती जायसवाल ने कही। इससे पूर्व सभासद श्रीमती जायसवाल ने फाइनल टीम में पहुंची शहीद वारी तथा टी सी सी के बीच होने वाले मैच में शामिल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ कराया! मैच में अंपायर की भूमिका मो0 दानिस अंसारी तथा मो आजम एवं कॉमेंट्रेटर की भूमिका रेयान आबदी व कैफ नजफ़ी निभा रहे थे।प्रतियोगिता के आयोजक नगर पंचायत के पूर्व सभासद अमीरउल्लाह राईन के पुत्र मो0 सलमान राईन ने बताया कि टूर्नामेंट के अंतिम दिन टॉस जीत कर टी सी सी के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी कर 71 रन का लक्ष्य सहीदवारी की टीम को दिया जिसे सहीदवारी की टीम ने 6 ओवर में ही बड़े आसानी से हासिल कर लिया। मैच समापन पर सभासद ने उप विजेता टीम को नगद राशि एवं मेडल तथा जीतने वाली टीम में शामिल कप्तान मो अहद एवं उनकी टीम में शामिल खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार देकर उनका हौसला अफजाई कर उत्साह वर्धन किया।इस दौरान सभासद प्रति निधि दिनेश कुमार जायसवाल ÷पत्रकार÷, मो जुबेर अंसारी,डी 0 के0 जायसवाल, दानिस अंसारी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या ।**संयुक्त किसान मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन की राष्ट्रीय आवाहन पर भारतीय किसान यूनियन जनपद अयोध्या द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के समक्ष सिविल लाइन पुलिस चौकी के सामने धरना-प्रदर्शन करके महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र को सौपकर महामहिम राष्ट्रपति महोदय तक पहुंचाने की मांग किया गया।धरना कारियों को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि देश की सरकार ने किसानों से वायदा करके 13 माह का आंदोलन समाप्त करवाया था कि ष्2+ 50 के आधार पर सभी फसलों पर एमएसपी गारंटी कानून बनाकर फसलों को खरीदने की गारंटी दी जाएगी, वायदा करने के बाद भी सरकार ने एमएसपी गारंटी कानून नहीं बनाया और न ही किसान संगठनों से वार्ता करके समस्या का समाधान ही कराया सरकार ने किसानों से वायदा खिलाफी करके ठगने का कार्य किया है। जिसका जवाब आंदोलन से दिया जाएगा। गत दो माहों से चीनी मिल गन्ने की पेराई कर रही हैं परंतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना मूल्य का निर्धारण नहीं किया जा रहा है कृषि लागत काफी बढ़ गई है जिसके हिसाब से गन्ना मूल्य कम से कम □500 प्रति कुंतल घोषित होना चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार कृषि हेतु फ्री बिजली पूरी ईमानदारी से करें पंचायत को अभय राज ब्रह्मचारी, सूर्यनाथ वर्मा,शंकरपाल पांडे, रवि शंकर पांडे ,भोला सिंह टाइगर ,डॉक्टर आर0एस0 सरोज, भागीरथी वर्मा, विकास वर्मा, संतोष वर्मा, विवेक पटेल ,शिवराम शर्मा, गब्बर गोस्वामी ,तुलसीराम गोस्वामी, रामू चंद्र विश्वकर्मा, जगदीश यादव, राहुल वर्मा, जितेंद्र कुमार, लक्ष्मीकांत तिवारी, कृष्ण प्रसाद वर्मा, मीना देवी, जसमता देवी, उर्मिला निषाद, मस्तराम वर्मा, आदि लोगों ने संबोधित किया।

## एनटीपीसी टांडा में बालिका सशक्तिकरण मिशन अनुवर्ती कार्यशाला 2025 का शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या ।** एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के बालिका सशक्तीकरण मिशन के तहत एक सप्ताह की निःशुल्क कार्यशाला का शुभारंभ कर्मचारी विकास केन्द्र, एनटीपीसी टांडा में समारोहपूर्वक किया गया। समारोह का उद्घाटन परियोजना प्रमुख (टांडा) श्री जयदेव परिदा एवं गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर परियोजना के महाप्रबंधकगण, सभी विभागाध्यक्ष, बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला की बालिकायें एवं उनके अभिभावकगण एवं फेकेल्टी सदस्य उपस्थित रहे।
कार्यक्रम के आरम्भ में सी.एस.आर. अधिकारी सुश्री निष्ठा सिंह ने सभी का स्वागत किया एवं बालिका सशक्तीकरण अनुवर्ती कार्यशाला के बारे मे विस्तार से बताया।
कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख (टांडा) श्री जयदेव परिदा ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया और कहा कि एनटीपीसी टांडा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक वरदान स्वरुप है इसने विभिन्न क्षेत्रों में कई सामाजिक कल्याण कार्यो को कार्यान्वित किया है। उन्होंने बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला की सराहना की और कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि यह आसपास के वंचित परिवारों से आने वाली बालिकाओं के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है।
साथ ही कार्यक्रम में गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती परिदा ने बालिका सशक्तीकरण अनुवर्ती कार्यशाला में आई हुई बच्चियों से मजबूत रहने और अपनी रुचियों का पता लगाकर उन्हें निखारने के लिए प्रेरित किया। उन्होने यह भी कहा कि इस प्रकार यह लड़किया एक दिन अपने सपनों को साकार कर पाएंगी।इस अनुवर्ती कार्यशाला में आसपास के विद्यालयों में कक्षा छः में अध्ययनरत 10-12 आयु वर्ग की बालिकाओं का चयन उनके अभिभावकों की सहमति के उपरान्त प्रधानाध्यापकों के माध्यम से किया गया है। कार्यशाला में सम्मिलित बालिकाओं को अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञों द्वारा सामान्य हिंदी, अंग्रेजी, गणित के साथ ही योग, खेल, ड्राइंग, आत्मरक्षा आदि के बारे में सहज एवं सरल तरीके से जानकारी देकर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यशाला का समापन 13 जनवरी को समारोहपूर्वक किया जाएगा।

## पुष्पेन्द्र वाजपेई बने पुनः प्रदेश मंत्री कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या।**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत का 64 वा प्रान्त अधिवेशन सीतापुर में सम्पन्न हुआ जिसमें विभिन्न शैक्षणिक व सामाजिक विषयों पर विमर्श के साथ आगामी वर्ष की कार्यकारिणी घोषित की गई।
अधिवेशन में पुष्पेन्द्र वाजपेई ने पुनः प्रदेश मंत्री का कार्यभार संभाला। पुष्पेन्द्र वाजपेई ने विभिन्न शैक्षिक मुद्दों पर हुए आंदोलन का प्रभावी नेतृत्व किया गया है वह मूलतः सीतापुर के निवासी है इस अधिवेशन में पुष्पेन्द्र वाजपेई को नव सृजित विभाग अंबेडकरनगर व अयोध्या ग्रामीण के विभाग संगठनमंत्री की जिम्मेदारी भी दी गई है । प्रान्त मंत्री के अयोध्या जिले में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया । अमानीगंज में तहसील संयोजक मिल्कीपुर अमन पाण्डेय, नगर मंत्री अमन गुप्ता मिल्कीपुर में नगर मंत्री गौरव सिंह, भाजपा जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी , कुमारगंज में नगर मंत्री संजीव अग्रहरि , जिला सह संयोजक हर्षित कौशल , हिमांशु मौर्य व आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में प्रान्त एग्रिविजन सह संयोजक उज्ज्वल नायक के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया । स्वागत के पश्चात विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में आगामी कार्यक्रम के निमित्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रान्त मंत्री ने बताया कि अभाविप स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानते हुए 76 वर्ष की यात्रा के साथ आगे बढ़ रही है प्रान्त में राष्ट्रीय युवा दिवस पर सभी जिलों में भव्य कार्यक्रम के साथ 12 से 23 जनवरी तक युवा पखवाड़ा भी मनाया जाएगा। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नवीन दुबे ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में 12 से 23 जनवरी तक जिले 22 स्थानों पर 36 विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें खेल प्रतियोगिता, शोभा यात्रा, युवा मंच, संगोष्ठी सहित विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम होंगे।
इस प्रान्त अधिवेशन में प्रान्त स्न्नस प्रमुख ऋषभ गुप्ता, प्रान्त एग्रिविजन संयोजक ऋषभ मिश्र, सह संयोजक उज्ज्वल नायक, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य अमन पाण्डेय, पीयूष कुमार, स्निग्धा नाग, गौरव सिंह को घोषित किया गया , स्वागत कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत कर पदाधिकारियों द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

# अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए योगी सरकार ने खोला पिटारा

## 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के ठहरने का किया गया इंतजाम, करीब 1100 स्थायी व अस्थायी शौचालय बनाए गए

**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या ।** प्रयागराज महाकुम्भ के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सारी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। 10 हजार लोगों के ठहरने के इंतजाम के साथ ही उनकी मूलभूत सुविधाओं को ध्यान रखते हुए नगर निगम द्वारा जगह-जगह पेयजल, शौचालय व प्रकाश व्यवस्था के भी इंतजाम किए गए हैं। 24 घंटे साफ सफाई रहेगी, इसके लिए दो हजार से अधिक सफाईकर्मी तैनात रहेंगे। यह व्यवस्थाएं 12 जनवरी से 28 फरवरी तक रहेंगी।
महाकुम्भ के दौरान देश-विदेश के श्रद्धालु अयोध्या भी पहुंचेंगे। रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं, इसलिए यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि हो सकती है। इसे देखते हुए गत दिनों अयोध्या आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन को व्यापक इंतजाम के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि यहां पड़ने वाले प्रांतीय मेले में भी किसी श्रद्धालु को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस पर नगर निगम ने मास्टर प्लान तैयार किया। आश्रय स्थलों में 24 घंटे साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश तथा रात में अलाव की भी व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए अयोध्या के प्रमुख मठ, मंदिरों के महंत व प्रबंधन से भी आश्रय प्रदान करने की अपील की जा रही है।

### यहां होंगे 10 हजार लोगों के ठहरने के इंतजाम

स्थल का नाम-क्षमता
अयोध्या बस अड्डे के समीप आश्रय स्थल-3000
सभी रैन बसेरे-600
अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन-3000
निषाद राज गुह्य आश्रय गृह-700
राम कथा पार्क के निकट आश्रय गृह-500
सतरंगी पुल के नीचे रामघाट हॉल्ट-600
रायबरेली रोड पर कल्याण मंडप-300
अमानीगंज जलकल के सामने एमएलसीपी पार्किंग स्थल-350
कलेक्ट्रेट के पीछे एमएलसीपी पार्किंग स्थल-350
जोनल कार्यालय आशिफबाग़-300
साकेत सदन-300

### स्वच्छ दिखेगा अयोध्या धाम

अयोध्या धाम क्षेत्र में 24 घंटे सफाई के लिए 2277 कर्मी व 66 पर्यवेक्षकों को नियोजित किया गया है। इसके अलावा 5 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन, 4 लिटर पिकर, घाटों की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रेशर वाशर एवं स्क्रबर प्रेशर वाशर आदि संसाधनों को सम्मिलित किया गया है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में कूड़ा प्रबंधन व बेहतर साफ-सफाई के लिए 86 वाहनों की व्यवस्था करायी गयी है। प्रमुख कार्यक्रम स्थल रामपैड़ी, रामकथा पार्क व घाट सहित समस्त क्षेत्रों में उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालुओं के सम्भावित आगमन के दृष्टिगत अयोध्या धाम के सभी क्षेत्रों में सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों के अतिरिक्त प्रसाधन के लिए प्रमुख स्थलों पर केयर टेकर सहित 30 मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की गई है।

### कुल 1125 सीटों के शौचालय की व्यवस्था

अयोध्या धाम सम्पूर्ण मेला क्षेत्र समेत अन्य स्थानों में 40 स्थायी शौचालयों में उपलब्ध 487 सीटों के अतिरिक्त 38 स्थलों को चिह्नित कर 638 सीट के अस्थायी शौचालय की स्थापना कराई गई है। कुल 1125 सीटों के शौचालय की व्यवस्था की गई हैं। प्रत्येक 10 सीट पर एक कर्मी की ड्यूटी लगायी गयी है। वाह्य क्षेत्रों, पार्किंग होल्डिंग एरिया में 34 मोबाइल टॉयलेट (196 सीट) के माध्यम से शौचालय की व्यवस्था की गयी हैं। सभी शौचालयों पर हैंडवॉश, मिरर आदि की व्यवस्था की गयी है। अस्थायी शौचालयों के नियमित देखरेख के लिए एक केयरटेकर व समस्त मोबाइल टॉयलेट पर एक-एक कर्मी की ड्यूटी लगायी गयी है।

### मार्ग का नाम-विभाग-प्रकाश बिंदुओं की संख्या

1-मुख्य मार्ग-राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण-1575
2-धर्म पथ-लोक निर्माण विभाग-408
3-भक्ति पथ-लोक निर्माण विभाग-74
4-राम पथ-लोक निर्माण विभाग-1066
5- वार्ड/मोहल्ला-(नगर निगम डेको)-2800
6-वार्ड मोहल्ला-नगर निगम (स्ट्रीट लाइट)-2542
7-वार्ड/मोहल्ला-ईईएसएल-16512
8-मुख्य मार्ग-एयरपोर्ट-195
9-राम की पैड़ी-सरयू नहर खंड-102
10-राम की पैड़ी-राजकीय निर्माण निगम-311
11-राम की पैड़ी-यूपीनेडा-3250
नोट-कुल 28835 स्ट्रीट लाइट्स लगी हैं। इसके अतिरिक्त तुलसी घाट, सरयू स्नान घाट, विभिन्न अंडरपास आदि पर अतिरिक्त विशेष प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

यहां रख सकेंगे अपने जूता-चप्पल
1-राज सदन के समीप-10000 बैग
2-सरयू आरती स्थल के समीप-5000 बैग
3-बिड़ला धर्मशाला के सामने-10000 बैग

प्रवर्तन दल जुटेगा, सिंगल यूज पॉलीथिन के खिलाफ चलेगा अभियान
संपूर्ण मेला क्षेत्र में पॉलीथीन निषिद्ध क्षेत्र के साथ प्रवर्तन कार्य एवं जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। यहां आईईसी टीम द्वारा येलो, रेड स्पॉट्स एवं जीवीपी को निरंतर चिह्नित करने के साथ-साथ आम जनमानस से उसे साफ़ रखने के लिए जागरूक भी किया जायेगा। स्प्रिंकलर के माध्यम से निरंतर डस्ट कंट्रोल किया जाएगा। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में में निराश्रित गोवंशों को प्रतिबंधित किए जाने हेतु तीन टीमें गठित की गई हैं। नगर निगम के कर्मचारी रामपथ व धर्मपथ, भक्तिपथ मार्ग पर आवश्यकतानुसार जगहों पर छुट्टा जानवरों के रोकथाम का कार्य करेंगे। राज्य स्मार्ट सिटी के अंतर्गत पब्लिक एड्रेस सिस्टम व वेरिएबल मैसेजिंग सिस्टम के माध्यम से स्वच्छता, पॉलिथीन प्रतिबंध, अतिक्रमण, यातायात व्यवस्था के लिए जागरूक किया जायेगा।

मुख्य मार्ग व प्रवेश द्वारों पर सजावट
अयोध्या धाम के अनेक स्थलों पर म्यूरल आर्ट, फूलों व विद्युत सजावट भी रहेगी। अयोध्या धाम के समस्त प्रवेश द्वार व नगर के मुख्य चौराहे, सरयू घाट व अन्य घाटों के अलावा अन्य स्थानों पर भी सजावट की जाएगी।

### शीत लहर से बचाने को लगेंगे 50 गैस हीटर

मेले के दौरान नगर निगम 50 गैस हीटर के इंतजाम कर रहा है। अयोध्या धाम व कैंट के सार्वजनिक स्थलों पर 28, पार्किंग स्थल पर 12, रैन बसेरे में सात व आश्रय स्थल पर तीन गैस हीटर के इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही अलाव की भी व्यवस्था रहेगी।

### किसी भी श्रद्धालु को नहीं होगी तकलीफ- नगर आयुक्त

नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। किसी भी श्रद्धालु को कोई तकलीफ नहीं होगी। अयोध्या नगर निगम यहां आने वाले हर श्रद्धालुओं को महाकुम्भ जैसा आभास कराएगा।

### सरकार हर सुविधा देने को प्रतिबद्ध- महापौर

महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि योगी सरकार श्रद्धालुओं को हर सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। नगर निगम ने श्रद्धालुओं के लिए सारी व्यवस्थाएं कर रखी हैं।
जगह-जगह गैस हीटर, शौचालय के इंतजाम हैं। पेयजल के लिए भी नगर में 1100 से अधिक टैब लगे हुए हैं।

# गरीब ,बेसहारा, निराश्रित की मदद करना मुख्य उद्देश्य- हसीब खान

## सपा नेता ने उतरौला रेहरा , सादुल्लाह नगर, गैंडास बुजुर्ग में बांटे कंबल





**बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उतरौला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हसीब खान ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारों गरीबों को निशुल्क कंबल वितरित किया है। उतरौला विधानसभा के त्रिमोहानी चौराहा, रेहरा बाजार, सादुल्लाह नगर में स्कूल कंबल के साथ कैलेंडर देकर सम्मानित किया है।

सामाजिक कार्यों में सदैव आगे रहने वाले समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हसीब खान ने ठंडक एवं शीतलहरी से गरीबों को बचाव के लिए निशुल्क कंबल वितरित किया है। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उतरौला विधानसभा में 2 दिन चिन्हित स्थानों पर कैंप लगाकर कंबल वितरण किया गया। पहले दिन रेहरा बाजार ,सादुल्लाह नगर के विभिन्न स्थान पर कैंप लगाकर कंबल वितरित किया है। दूसरे दिन उतरौला मुख्यालय एवं गंडास बुजुर्ग ब्लॉक में गरीब ,असहाय निराश्रितों को भीषण ठंड से बचने के लिए कंबल वितरित किया है। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य विधानसभा क्षेत्र में कोई भी गरीब ठंड की चपेट में न आने पाए। इसके लिए कई वर्षों से ठंडक शुरू होते ही कंबल वितरित किया जाता है। कंबल वितरण के दौरान सपा नेता ने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करना ही मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि मैं उन प्रतिनिधियों की तरह नहीं हूं, जो जनता के सिर्फ वोट से मतलब रखते हैं। उन्होंने कहा कि उतरौला विधानसभा के जनमानस ने चुनाव के दौरान जो सम्मान ,स्नेह मत के रूप में दिया है ,उसे वह कभी भूल नहीं पाएंगे। भीतरघात के कारण विधानसभा में उनकी हार हुई है। जनता ने उन पर पूरा विश्वास जताया है। कुछ लोगों ने फर्जी अफवाह चुनाव के दौरान फैलाकर जनमानस को भ्रमित किया कि चुनाव जीतने के बाद हसीब खान क्षेत्र में नहीं रहेंगे, उनके इस भ्रम को दूर कर दिया गया है। चुनाव से लेकर अब तक क्षेत्र में ही डटकर क्षेत्र वासियों की निरंतर सहायता कर रहा हूं। कंबल वितरण के दौरान स्थानीय बुद्धिजीवी एवं कई सपा नेता शामिल रहे हैं। कंबल वितरण में हजारों की संख्या में गरीबों को सपा नेता ने अपने हाथों से ठंड से बचने के लिए कंबल दिए हैं।

# अमित शाह के खिलाफ केस करने के लिए याचिका दायर

**सुल्तानपुर।** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। 17 दिसंबर 2024 को संसद में, अमित शाह ने कहा कि ÷अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर एक फैशन हो गया है। अगर इतना नाम किसी भगवान का लिया जाए तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिलेगा। इस बयान के बाद पूरे भारत में अंबेडकर अनुयायियों में उबाल देखने को मिला। जगह-जगह धरना प्रदर्शन और ज्ञापन दिए गए। इसी क्रम में, सुल्तानपुर जनपद के थाना धम्मौर निवासी रामखेलावन ने एमपी-एमएलए कोर्ट में अमित शाह के खिलाफ याचिका दायर कर दी। रामखेलावन ने बताया कि ÷गृहमंत्री अमित शाह की इस टिप्पणी से मेरी भावनाएं आहत हुई हैं,
इसलिए मैंने उनके खिलाफ याचिका दायर की है।÷ इस याचिका की सुनवाई 15 जनवरी 2025 को निर्धारित की गई है। इस दौरान अधिवक्ता जयप्रकाश और झिनकूराम विश्वकर्मा भी मौजूद रहे।

# भारत को महान बनाने में संविधान की भूमिका का रहा विशेष महत्व- राहुल राज

## अटल भवन में संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया गया संकल्प



**बलरामपुर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से संविधान गौरव अभियान के तहत मंगलवार को तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा देश की आम जनता तक बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के संघर्ष, संविधान निर्माण एवं कांग्रेस के द्वारा किए गए उनके साथ छल कर पहुंचाने का काम करेगी। बाबा साहब के संविधान का ही फल है कि आज शीर्ष पायदान पर देश की एक आदिवासी महिला विराजमान है।

वहीं चाय बेचने वाला व्यक्ति देश का नेतृत्व कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि भारत को महान बनाने में संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज भी बाबा साहब के विचार समाज के बीच नहीं पहुंचे हैं। भाजपा बाबा साहब के लक्ष्य को देश के अंतिम पायदान तक पहुंचाने का काम इस अभियान के माध्यम से करेगी। संविधान निर्माण के समय ही सभी घटनाओं की जानकारी देश की जनता को होनी चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, रवि मिश्रा, विष्णुदेव गुप्ता, बिन्दू विश्वकर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता तिवारी, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष शिव कुमार बाल्मीकी, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष दुश्यंत चौधरी, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय, आदि मौजूद रहे हैं।

# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही

## छोटे मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई, रसूखदार अस्पतालों पर विभाग की चुप्पी

**सुल्तानपुर।** क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम की मिलीभगत से कई अस्पताल संचालित है वही टीम द्वारा जहां छोटे मेडिकल स्टोर को चिन्हित कर जांच की जा रही है वही क्षेत्र में रसूखदार संचालको के अस्पतालो पर विभाग चुप्पी साध रहा है। क्षेत्र के पारा में संचालित कई अस्पतालो पर विभाग की टीम ने जांच न करके उन्हे क्लीनचिट दे दी। क्षेत्र में ऐसे अस्पातालो की भरमार है यही क्षेत्र के बघौना बाजार में एक कमरे में संचालित फर्जी अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिना किसी रजिस्ट्रेशन और अनुभवहीन झोलाछाप डॉक्टरों के सहारे यहां बड़े-बड़े ऑपरेशन किए जा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत के कारण यह अस्पताल अब तक बेखौफ चल रहा है। हाल ही में समाचार पत्र में प्रकाशित खबर की संज्ञान में स्वास्थ्य विभाग ने छोटे मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी अभियान चलाया, लेकिन रसूखदार अस्पतालों को नजरअंदाज कर दिया। कई मेडिकल स्टोर संचालक जांच के बाद भी अपने स्टोर बंद करने को तैयार नहीं हैं।

### गंभीर लापरवाही से बढ़ रहा खतरा

झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा बड़े ऑपरेशन करना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि मरीजों की जान के लिए खतरा भी है। बीते वर्षों में ऐसे डॉक्टर कई गंभीर घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं।

### जनता की मांग: सख्त कार्रवाई हो

स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से अपील की है कि फर्जी अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह लापरवाही बड़ी घटनाओं का कारण बन सकती है।

# प्रधानपति पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का आरोप



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** आगामी त्रिस्तरी पंचायत चुनाव की तैयारी में प्रधान से लेकर जिला पंचायत तक राजनीति शुरू हो गई है इसका एक उदाहरण है विकासखंड भदैया का ग्राम बालमपुर जहां पर कुएं पर निर्माण का विवाद गहराता जा रहा है। मंगलवार को ग्राम निवासी पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा से न्याय की गुहार लगाई है, ग्रामवासियों का आरोप है कि गांव के प्रधान, प्रधानपति और उनके सहयोगी उनके घर के सामने जर्जर हो चुके निष्प्रयोज्य कुएं का निर्माण करवा रहे है। इस मामले में बीडीओ भदैया का साफ कहना है कुएं का निर्माण कराने के लिए बजट का कोई आवंटन नहीं किया गया है और न ही किसी प्रकार का प्रस्ताव पास हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामसभा में करीब 110 कुआं है लेकिन प्रधान की नजर पड़ी है मुस्लिम घर के सामने स्थित कुएं पर। अब प्रधान, प्रधानपति और उनके सहयोगी इसी कुएं का जीर्णोद्धार करवाने के लिए जी जान लगाए हुए है। बालमपुर के एक स्थानीय निवासी ने नाम न लिखें की शर्त पर बताया कि प्रधानपति राहुल गुप्ता पूर्व में भी हिंदू - मुस्लिम के आधार पर राजनीति करता चला आ रहा है। जिस मामले में थाना, पुलिस जो चुका है।

# दोमुंहा और पुरुषोत्तमपुर ने जीते अपने मैच

**सुलतानपुर।** मेला बाग बिकवाजीतपुर हनुमानगंज में आयोजित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें दिन का पहला मैच फार्मेसी दोमुंहा और गोपालपुर के बीच खेला गया। फॉर्मेसी दोमुंहा के कप्तान आलोक शुक्ला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवरों में 5 विकेट खोकर 160 रन बनाए जवाब में गोपालपुर की टीम 7 ओवर 2 बाल में 74 रन ही बना सकी मैंन ऑफद मैच रजत रहे जिन्होंने टीम के लिए 19 रन बनाकर दो विकेट झटके, दूसरा मैच धर्मदासपुर और पुरुषोत्तमपुर के बीच हुआ जिसमें पुरुषोत्तमपुर के कप्तान राजा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया टीम ने निर्धारित दस ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 97 रन बनाए, धर्मदासपुर की टीम आखिरी ओवर तक संघर्ष करते हुए 8 ओवर 5 बाल में 75 रन ही बना सकी, पुरुषोत्तमपुर ने मैच जीत लिया, मैंन ऑफ द मैच राजा रहे जिन्होने पुरुषोत्तमपुर टीम के लिए 31 रन बनाकर दो विकेट झटके,निर्णायक अनिल शर्मा और राज वर्मा रहे स्कोरर चौधरी आशुतोष वर्मा रहे कार्यक्रम के आयोजक जगन्नाथ वर्मा ने बताया कि दो लीग मैच खेल कर टीमें क्वार्टरफाइनल में प्रवेश करेंगी,अध्यक्ष मुनेंद्र मिश्रा ने बताया कि पंद्रह दिवसीय इस प्रतियोगिता में निकट जिलों के खिलाड़ी भी प्रतिभाग कर रहे है, सातवें दिन आज कुलदीप वर्मा एडवोकेट, योगेश तिवारी, विनय मिश्रा,डॉ सोहित दुबे, कोटेदार राम कुमार वर्मा,रोहित, प्रिंस, सौरभ चौरसिया, सर्वेश वर्मा, अमर बहादुर वर्मा, गोलू, अंश वर्मा, हर्षित सिंह, अभय, परशुराम , दीपू, देव उपस्थित रहे।

# कलयुगी बेटों ने की पिता की हत्या

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** रिश्तों को शर्मसार करते हुये कलयुगी बेटों ने जायदाद को लेकर वृद्ध पिता को हथौड़ी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। बेटों ने पिता पर लाठी-डंडे और हथौड़ी से हमला कर लहुलूहान कर दिया। घायल अवस्था में मोहल्लेवासियों ने वृद्ध को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां डाक्टर ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद बेटे मौके से फरार हो गए। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज विधिक कार्रवाई शुरू की है।

कोतवाली नगर क्षेत्र के हनीफ़ नगर निवासी अब्दुल हमीद (65) रोज की तरह मंगलवार सुबह घर से टहलने निकले थे। उन्हें ये नहीं पता था कि रास्ते में उनकी मौत उनका इंतजार कर रही है। जब वे चौराहे से घर के लिए लौटे तो घात लगाकर बैठे बेटों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे वृद्ध अब्दुल हमीद गिरकर तड़पने लगे। आस-पास के लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन तब तक आरोपी लड़के भाग निकले थे। लहुलूहान हालत में वृद्ध को लेकर मोहल्ले वाले अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव को मर्चयूरी में रखाया है। आरोपियों के चचेरे भाई मोहम्मद खुर्शीद ने बताया कि मुन्ना, डब्बल और बाबू ने अपने पिता को मारा है। मृतक अपने बेटे पप्पू के साथ रहते थे। उसने ये भी बताया कि बटवारे को लेकर पिता-पुत्रों में विवाद चल रहा था। अभी कुछ जमीन मृतक ने बेची थी आरोपी उसका पैसा चाह रहे थे।

इस मामले में सीओ सिटी प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि घटना स्थल पर जांच की गई है। जमीन विवाद में पुत्रों ने पिता की हत्या की है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# खुद को महंत बताने वाली भरत दास की याचिका हाई कोर्ट से खारिज

## हाईकोर्ट ने भी श्री महंत धर्मेंद्र दास को माना बंधुआ हसनपुर अखाड़े का महंत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** जिले के बंधुआकला स्थित बाबा सहज राम आश्रम से जुड़ी बड़ी खबर फिर मिल रही है। वर्षो से आश्रम में काबिज महंत भरतदास को प्रयागराज मेला प्राधिकरण (कुंभ मेला) से गत माह जोरदार झटका लगा था। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने मेले में भूमि आवंटन के लिए आवेदन पत्रों का निस्तारण करते हुए भरतदास का आवेदन निरस्त करते हुए श्री महंत धर्मेंद्र दास को बंधुआ का महंत मानते हुए उनके नाम भूमि का आवंटन किया है। मेला अधिकारी के उक्त आदेश के खिलाफ भरत दास ने हाई कोर्ट की शरण ली थी। जिसमें उन्होंने खुद को असली महंत बताते हुए मेला अधिकारी के आदेश को चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई करते हुए मंगलवार को न्यायमूर्ति ने भरत दास की याचिका तथ्यहीन करार करते हुए खारिज कर दी। अब भरत दास के खेमे में खलबली मच गई है। बताते चले कि कुंभ मेले में भूमि आवंटन के लिए मेला अधिकारी को बंधुआ कला आश्रम से दो आवेदन प्राप्त हुए थे। एक आवेदन भरतदास (जो इस समय जेल से पेरोल पर सशर्त बाहर है) तो दूसरा आवेदन श्री महंत धर्मेंद्र दास ने किया था। दोनों ने अपने अपने को बंधुआ आश्रम का महंत बताया था। दोनों तरफ से प्रस्तुत किए गए कागजातों का अवलोकन करते हुए प्रयागराज प्राधिकरण मेला प्रयागराज विजय किरण आनंद ने भरत दास का आवेदन निरस्त कर दिया था। उन्होंने 25 नवंबर 2024 को आदेश जारी कर श्री महंत धर्मेंद्र दास को बधुआँ आश्रम का महंत बताया और उनके नाम बंधुआ हसनपुर अखाड़े के लिए भूमि का आवंटन करते हुए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस बाबत आदेश पत्र मेला अधिकारी श्री आनंद ने अपर मेला अधिकारी, लिपिक एवं आवेदनकर्ताओं को भी आदेश की प्रतिलिपि प्रेषित किया था। उक्त आदेश के खिलाफ भरत दास ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। भरत दास की ओर से 11.12.2024 को हाई कोर्ट में दाखिल याचिका की सुनवाई कोर्ट नंबर 40 में मंगलवार यानी 7 जनवरी को हुई। डबल बेंच की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ व विपिन चंद्र दीक्षित ने प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों के तौर पर कागजातों का अवलोकन करते हुए भरत दास की याचिका खारिज कर दिया। श्री महंत धर्मेंद्र दास के पक्ष में पूर्व में किए गए मेला अधिकारी के आदेश को सही ठहराया।

# भीषण ठंडक को देखते हुए डीएम से मिले कस्तूरबा कार्मिक

## शीतलहरी एवं ठंडक के चलते स्कूलों को बंद करने की मांग



**बलरामपुर।** मंगलवार को शीतलहर एवं भीषण ठंड को देखते हुए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि मंडल में जिलाधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की है। प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित अधिकारियों को भीषण ठंड के चलते देवीपाटन मंडल के सभी जिले में स्कूल को बंद करने की बात कही है। शीतलहरी एवं बढ़ाते ठंडक को देखते हुए बलरामपुर जिले में भी कस्तूरबा विद्यालयों को बंद करने की अपील की है।

केजीबीवी शिक्षक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को जिलाधिकारी पवन कुमार अग्रवाल ,बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह से मुलाकात की है। प्रतिनिधिमंडल ने सभी को अवगत कराया है ,कि भीषण ठंड को देखते हुए श्रावस्ती बहराइच गोंडा सहित प्रदेश के अन्य जिलों में कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय बंद कर दिए गए हैं। ऐसे में जिले में भी बर्फीली हवाओं एवं ठंड से बचने के लिए अवकाश घोषित किया जाए। शिक्षक प्रतिनिधिमंडल में बढ़ते ठंड एवं शीतलहरी के हिसाब से स्कूलों में बेटियों को आपर्याप्त संसाधन होने की बात कही है । प्रतिनिधि मंडल ने अधिकारी को अवगत कराया है, कि तराई पहाड़ी क्षेत्रों में बने विद्यालय ठंड में सीलन ले रहे हैं । जिससे बेटियां और भी ठंड से प्रभावित हो रही है सामान्य मौसम हो जाने तक स्कूलों को बंद करने की मांग की है।

इस अवसर पर शिक्षक पर अपनी भी मंडल में अर्चना पांडे, दीपक यादव ,रिचा शुक्ला, अकील अहमद, परवीन फातमा ,रीना दुबे ,पूज्यता त्रिपाठी,रश्मि मंशा, घनश्याम लाल आदि शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रहे हैं।

# श्रीमद् भागवत आज के समय की मांग है



**जौनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) जौनपुर द्वारा सिद्धार्थ उपवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भक्ति और आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वातावरण देखने को मिला। भव्य संकीर्तन यात्रा के बाद कथा व्यास कमल लोचन प्रभु जी (अध्यक्ष, इस्कॉन मीरा रोड–मुंबई एवं वापी–गुजरात) ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं और भक्तियोग के महत्व पर प्रकाश डाला। कमल लोचन प्रभु जी ने कहा, यूक्रेन, इजरायल, बंगलादेश और संभल की घटनाएं और दुनिया भर में कई अन्य घटनाएं एक ईश्वरविहीन सभ्यता की रचनाएं हैं और समय की मांग है कि उनका प्रतिकार किया जाए क्योंकि यह प्रवृत्ति समग्र मानवता के लिए बहुत हानिकारक है। यह कोई दिलचस्पी का सवाल नहीं है कि श्रीमद् भागवत के पन्नों में वर्णित विषयों में किसी की रुचि हो या न हो, लेकिन फिर भी उन्हें एक पुरानी बीमारी के इलाज के लिए दवाओं की खुराक के रूप में निगलना होगा।

उन्होंने कहा कि समाज व्यवस्था में जिम्मेदार पदों पर आसीन सज्जनों, जैसे कि सभी प्रशासक, सभी व्यवसायी, सभी मिल मालिक, सभी उद्योगपति, सभी कृषक, सभी शिक्षाविद आदि से सादर अनुरोध है कि वे सामूहिक रूप से अथवा अलग-अलग अपनी शक्ति, धन, बुद्धि और वाणी द्वारा सम्पूर्ण विश्व में भगवान की भक्ति का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।उन्होंने आगे कहा विधायी कार्यवाहियाँ या राज्य का ऐसा ही कोई दबाव, गुमराह नागरिक के पतित हृदय को तब तक नहीं बदल सकता जब तक कि वह अपने स्वयं के दिव्य स्वभाव से जागृत न हो जाए। इसलिए व्यक्ति के भीतर सुप्त दिव्य स्वभाव को जागृत करना आवश्यक है, अन्यथा सभी बाह्य योग्यताएँ मृत शरीर की सजावट मात्र रह जाएँगी। रामबाण उपाय यह है कि ईश्वर से प्रेम करना सीखें। एक झूठे ईश्वर की रचना करना या कल्पना द्वारा एक झूठे ईश्वर बन जाना, ईश्वर से प्रेम करने और ईश्वर में रुचि रखने की तुलना में बहुत ही घटिया कार्य है। उन्होंने कहा कि भगवान के प्रति शुद्ध प्रेम स्वतः ही मनुष्य को सभी ऋषि गुणों से युक्त बना देता है, जबकि भगवान के प्रति ऐसे शुद्ध प्रेम के अभाव में, सभी सांसारिक गुण सर्प के सिर पर मणि के समान प्रतीत होंगे। ऐसी योग्यताएँ निश्चित रूप से माया नामक मायावी प्रकृति के हाथों में औजार बन जाएँगी। दूसरे दिन की शुरुआत हरि नाम संकीर्तन यात्रा से हुई, जिसमें इस्कॉन के भक्तों ने नगर की गलियों में भजन-कीर्तन करते हुए भगवान के नाम का प्रचार किया। संकीर्तन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। दूसरे दिन के यजमान नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष दिनेश टंडन और माया टंडन रहे।
संयोजक डा. क्षितिज शर्मा ने सभी भक्तजनों से अपील की है कि वे इस पवित्र कथा में सम्मिलित होकर भगवान श्रीकृष्ण की कृपा प्राप्त करें और अपने जीवन को आध्यात्मिकता से भरें।

# "पर ड्राप मोर क्राप"सिंचाई पद्धति से कम पानी में बढ़ रहा उत्पादन

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी डॉ0 सीमा सिंह राणा द्वारा अवगत कराया गया कि कृषक विजय बहादुर मौर्य ग्राम धर्मापुर विकास खंड धर्मापुर मिनी स्प्रिंकलर 01 हेक्टेयर क्षेत्रफल में उद्यान विभाग से अनुदान पर लगाया था, जिसमें मटर, लहसुन, पालक, सोया, मेंथी की खेती करता है। अभी मौजूदा समय में उसके पास मटर, लहसुन, सोया, पालक, मेंथी आदि सब्जी लगा है। कृषक विजय बहादुर मौर्य ने बताया कि मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति की वजह से खेती बहुत आसान हो गई है, खेती की लागत से लगभग 20 से 30 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। मिनी स्प्रिंकलर की सिंचाई करने से कीटाणु धुल जाते है, कम से कम दवा/खाद के छिड़काव की आवश्यकता होती है, इसी प्रकार प्रगतिशील किसान राजदेव यादव, ग्राम केशवपुर वि0ख0 सिरकोनी ने 01 हे0 में ड्रिप सिचाई पद्धति का प्रयोग करके खीरा की खेती में अच्छा मुनाफा कमा रहें है। कृषक द्वारा बताया गया है कि ड्रिप/मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति से पानी की बचत होती है, गुणवक्तायुक्त उत्पादन में वृद्धि प्राप्त होती है।

# वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति के सभापति महोदय की अध्यक्षता में सेवानिवृत्ति हुए कार्मिकों के पेंशन

## ग्रेच्युटी व अन्य देयकों के लंबित प्रकरणों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति के सभापति श्री पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता व समिति के सदस्य-माननीय सदस्य विधान परिषद श्री सलिल बिश्नोई, माननीय विधान परिषद सदस्य श्री उमेश द्विवेदी, माननीय विधान परिषद सदस्य श्री अरूण पाठक की उपस्थिति में नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में आयोजित की गयी। उक्त बैठक में माननीय विधान परिषद सदस्य श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक सहित अन्य समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम जिलाधिकारी महोदया द्वारा सभापति महोदय का पुष्प गुच्छ व ओ0डी0ओ0पी0 उत्पाद मूंज क्राफ्ट का मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मा0 सदस्यगण व मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा मा0 सदस्य विधान परिषद श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह का पुष्प गुच्छ व ओ0पी0ओ0पी0 उत्पाद मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति के अन्तर्गत जनवरी, 2019 से दिसम्बर, 2022 के मध्य विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्ति हुए कार्मिकों के पेंशन, ग्रेच्युटी व अन्य देयकों के लंबित प्रकरणों के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। उक्त समीक्षा बैठक में



संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित लंबित प्रकरणों के सम्बन्ध में बिंदुवार समिति को अवगत कराया गया। इस दौरान समिति के मा0 सभापति महोदय द्वारा अधिकांश विभागों के लंबित प्रकरण अवशेष न होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। अधिकांश विभागों के जो भी प्रकरण लंबित थे, वे सभी शासन स्तर से लंबित हैं। मा0 सभापति महोदय द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक व समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा छात्रों को सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि आपसी समन्वय बनाते हुए एकीकृत प्रयास कर अधिकांश छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ पहुंचायें। उन्होंने जिलाधिकारी महोदया को निर्देशित किया कि छात्रवृत्ति से सम्बन्धित सभी विभागों की एक बैठक अवश्य करें। इसी प्रकार मा0 सभापति महोदय द्वारा कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पी0डब्लू0डी0 विभाग सहित अन्य विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अपने-अपने विभाग की संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम जनमानस को लाभ पहुंचायें। उन्होंने कृषि विभाग के अन्तर्गत संचालित मिलेट्स कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्पादन कर रहे कृषकों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने वन विभाग द्वारा कराये गये वृक्षारोपण के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि रोपित किये गये पौधों का रखरखाव हेतु विशेष उपाय किये जायें। इसी प्रकार उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, राजस्व सहित माध्यमिक शिक्षा विभाग के प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरण जो न्यायालय के अधीन विचाराधीन हैं उनके कारणों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की तथा विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी महोदया ने मा0 सभापति महोदय सहित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति द्वारा सुझाये गये सभी दिशा निर्देशों का अनुपालन सम्बन्धित विभागों द्वारा ससमय सुनिश्चित कराया जायेगा। मा0 सभापति महोदय द्वारा कार्यक्रम के अन्त में सभी अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उन्होंने जिलाधिकारी महोदया की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि निश्चित ही आपके नेतृत्व में सभी लक्ष्य पूरे होंगे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) गौरव शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 चौधरी, मुख्य राजस्व अधिकारी बाबू राम, वरिष्ठ कोषाधिकारी अरविन्द सिंह, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, एआरटीओ(प्रशासन) नन्द कुमार, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ददन कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## संविधान गौरव अभियान चलाएगी भाजपा, आयोजित होंगी प्रतियोगिताएं



**बांदा।** भारत के संविधान को निर्मित हुए 75 वर्ष होने के उपलक्ष्य में भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर भाजपा संविधान गौरव अभियान चलाएगी। मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय के सभागार में संविधान गौरव अभियान को लेकर आयोजित इस अभियान की कार्ययोजना बताई गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय महामंत्री संतविलास शिवहरे ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभियान के तहत 11 से 25 जनवरी के बीच जिला केंद्र में अनुसूचित मोर्चा द्वारा हमारा संविधान - हमारा स्वाभिमान पर गोष्ठी आयोजित की जाएगी। 15 से 25 जनवरी तक स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय एवं सभी शिक्षण संस्थानों में हमारा संविधान- हमारा स्वाभिमान विषय पर क्विज, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसी तरह अभियान के तहत पार्टी 6 बृहद कार्यक्रम आयोजित करेगी। भाजपा कार्यकर्ता प्रतिबद्धता के साथ पार्टी कार्यक्रमों में लगतार प्रतिभाग करता है। इसी का परिणाम है कि भाजपा ने शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने हमेशा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर व भारतीय संविधान का अपमान किया है, वही लोग आज संविधान बचाओ का स्वांग रचते हुए देश की जनता को लगातार बरगलाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने अपेक्षित पदाधिकारियों का वृत्त लेते हुए कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जिसने बाबा साहब से जुड़े महत्वपूर्ण पांच स्थानों को पंच तीर्थ घोषित कर उनको ऐतिहासिक तथा दार्शनिक रूप से विकसित किया है। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री तथा अभियान के जिला संयोजक अखिलेश नाथ दीक्षित द्वारा किया गया। कार्यशाला में पूर्व विधायक राजकरण कबीर, बड़ोखर ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू, कमासिन ब्लाक प्रमुख रावेंद्र गर्ग, जसपुरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महेश निषाद, तिंदवारी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह,बबेरु चेयरमैन विवेकानन्द गुप्ता, अतर्रा चेयरमैन संगीता निराला, ओरन चेयरमैन प्रतिनिधि राजनारायण द्विवेदी, पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, जिला महामंत्री कल्लू सिंह राजपूत, जिला उपाध्याय ममता मिश्रा तथा सीताराम वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष संतू गुप्ता, मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी, जिला मंत्री डॉ. रागिनी शिवहरे,दिनेश यादव व राजर्षी शुक्ला, प्रद्युम्न नरेश आजाद, राजेश सेन, देशराज सिंह, विष्णु प्रताप सिंह,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वंदना गुप्ता, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रेमनारायण पटेल,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहित गुप्ता, अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री धनंजय चौधरी, सोशल मीडिया जिला संयोजक निखिल सक्सेना, आईटी जिला संयोजक दीपक राजपूत, धीरेन्द्र सिंह गौतम, मंडल अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, अनूप तिवारी, रामकृष्ण शुक्ला, रामबाबू त्रिपाठी, दीपक सिंह, रणजीत सिंह, सौरभ शिवहरे तथा ज्ञान प्रताप सिंह, संतोष राजपूत, राजीव शुक्ला, आशीष सिंह चंदेल, दीनदयाल द्विवेदी, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पाचंवें दिन भी कोहरे की आगोश में रहा आसमान



**बांदा।** लगातार पाचवें दिन मंगलवार को भी आसमान कोहरे की आगोश में रहा। कोहरे की धुंध और ठंडी हवाओं के झोंकों की वजह से लोग ठिठुर उठे। सुबह 10 बजे के बाद ही सडक पर आवागमन सुचारु रूप से हो सका। लोग किसी तरह आग जलाकर बदन सेंकते हुए ठंड से अपना बचाव करते हुए नजर आ रहे हैं। रेल यातायात के साथ ही सड़क यातायात भी कोहरे की धुंध के चलते प्रभावित हो रहा है।

केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक मंगलवार को 16.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रेकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक अभी एक-दो दिन और मौसम ठंडा रहने के आसार हैं। मंगलवार को सुबह जब लोगों की नींद खुली तो आसमान कोहरे की आगोश में था। नजदीक रखी चीज भी स्पष्ट रूप से नजर नहीं आ रही थी। कोहरे की धुंध हवाओं के झोंके साथ बढ़ती गई। सुबह के वक्त लोग वाहनों की लाइट जलाकर आवागमन करते नजर आए। कोहरे की धुंध के चलते और ठंडी हवाओं के झोंकों ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। कोहरे की धुंध का व्यापक असर रेल यातायात के साथ ही सड़क यातायात पर भी पड़ रहा है। एक्सप्रेस ट्रेनें निर्धारित समय से पांच घंटे की देरी से चल रही हैं। इसके साथ ही रोडवेज बसें, जो लंबी दूरी तय करती हैं, वह भी अपने निर्धारित समय से दो घंटे की देरी से चल रही हैं। हालात लगातार बदतर होते जा रहे हैं। रेलवे और रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि कोहरे की धुंध जब तक रहेगी, तब तक यातायात प्रभावित होता रहेगा। कोहरे की धुंध साफ होने के बाद ही हालात सामान्य होंगे। इधर, जबरदस्त ठंड से बचने के लिए लोग आग जलाकर बदन सेंकते नजर आए।

## मोहम्मद ओकाशा ने वेट लिफ्टिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया




**बांदा।** शहर के हुसैनगंज में संचालित ब्रदर्स जिम में वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिम संचालक शहंशाह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में कई प्रतियोगियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, इसमें गूलरनाका निवासी रोआब आलम के पुत्र मोहम्मद ओकाशा द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। अन्य कई अन्य प्रतियोगियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुन्नीलाल वर्मा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय व प्रशासनिक अधिकारी ने उत्साहवर्धन किया। जितेन्द्र कुमार ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल व उपहार दिये।

# मतदाता सूची के प्रकाशन पर जोड़वाए जाएं नाम

## समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई मासिक बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में मंगलवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान आगामी 27 जनवरी से पीडीए मासिक पंचायत का आयोजन किए जाने की बात कही गई। इसके साथ ही मतदाता सूची के प्रकाशन पर मतदाताओं के नाम जोड़वाए जाने की बात कही गई। जिला अध्यक्ष डॉ मधुसूदन कुशवाहा ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व सांसद विशंभर प्रसाद निषाद बबेरू से विधायक विशंभर सिंह यादव रहे। बैठक के प्रमुख बिंदु मतदाता सूची के प्रकाशन पर नाम जोड़ने, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश एवं जनपद में 27 जनवरी से पीडीए जन पंचायत चौपाल लगाना व 16 जनवरी से 21 जनवरी के मध्य प्रदेश सचिव समाजवादी नेता महेश कश्यप के जनपद बांदा आगमन के दौरान स्वागत व पीडीए चौपाल लगाने पर चर्चा हुई। विशंभर प्रसाद निषाद ने अपने भाषण में कहा कि वर्तमान बीजेपी सरकार बेईमानी और गुंडागर्दी पर उतारू है। समाजवादियों को पूरे प्रदेश में परेशान किया जा रहा है। पीडीए के लोगों का चुन चुन कर मतदाता सूची से नाम काटा जा रहा है। इसलिए हमें इनका डटकर मुकाबला करना है। बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने अपने भाषण में कहा कि बीजेपी के लोग इस समय बौखलाए हुए हैं, वो लोकसभा की हार को पचा नहीं पा रहे। वो सपा के कार्यकर्ता को किसी भी तरह परेशान करने में लगे हैं। लेकिन जनता अब उन्हें नकार चुकी है। उनकी असलियत समझ चुकी है। बैठक में ईशान सिंह लवी, इंद्रजीत यादव, अशोक सिंह गौर,ओमनारायण त्रिपाठी विदित, पुरुषोत्तम गुप्ता, रामराज पटेल आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला महासचिव एजाज खान ने किया। बैठक के अंत में जिला अध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा ने बैठक में आए हुए समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए कहा कि जिसने कभी न झुकना सीखा उसका नाम मुलायम है, हम सब ऐसे धरती पुत्र मुलायम सिंह के सिपाही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुमन दिवाकर, रजनी यादव, किरण यादव, वीरेंद्र गुप्ता (बाबू भैया), राजकुमार गुप्ता (राजू) ,शिवाकांत प्रजापति उमेश यादव विवेक बिंदु तिवारी, रामधनी रैकवार, करण सिंह पंकज, रोहित कुशवाहा, लालमन यादव, प्रमोद निषाद, कुदरत उल्ला खान, मुशीर अहमद, राजन कुशवाहा, शिवकरण पाल, अनमोल, वृंदावन वैश्य, नेतराम वर्मा, निलेश श्रीवास, अशोक श्रीवास सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों को एसपी ने स्टार लगाकर दी बधाई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** जिले में छह कम्प्यूटर ऑपरेटर विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी पद में शामिल हुए। पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक ने सभी को स्टार लगाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

पुलिस मुख्यालय द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए से कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी पद के लिए आयोजित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद के छह कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी पद में शामिल हुए। 7 जनवरी को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा पुलिस कार्यालय में सभी को स्टार लगाकर बधाई व शुभकामनाएं दी गई। विदित हो कि जनपद में नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए रजनीश वर्मा, रानू गुप्ता, ललित नारायण मिश्र, सौरभ कुमार, राकेश आर्या व महेन्द्र कुमार विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी पद में शामिल हुए।

## गणतंत्र दिवस के मद्देनजर अंतर्राज्यीय बैरियर पर की जा रही चेकिंग

### वाहनों की ली जा रही है तलाशी, कागजात किए जा रहे चेक करने बैरियरों




**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर यूपी और एमपी से लगे बैरियरों पर चेकिंग की जा रही है। इस दौरान वाहनों की सघन तलाशी के साथ ही कागजात भी चेक किए जा रहे हैं। ताकि आगामी दिनों में किसी भी प्रकार की समस्या का सामाना न करना पड़े। जनपद के पांच थानों मटौंध, गिरवां, नरैनी, फतेहगंज और कालिंजर सीमा से लगे बैरियरों पर चेकिंग का आदेश पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने दिया था। इसके मद्देनजर विशेष चेकिंग की जा रही है।

आगामी गणतंत्र दिवस समारोह एवं महाकुम्भ के दृष्टिगत श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर व पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह द्वारा जारी आदेशों-निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अन्तर्राज्यीय बैरियरों पर सघन चेकिंग की जा रही है। जनपद के पांच थाने मटौंध, गिरवां, नरैनी, फतेहगंज तथा कालिंजर मप्र की सीमा से लगे हुए हैं, इन क्षेत्रों में अन्तर्राज्यीय बैरियरों पर सघन चेकिंग की जा रही है। इसके साथ ही अन्तर्जनपदीय बैरियरों पर भी सघन चेकिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने मातहतों को निर्देशित किया है कि चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिये।

## आठ सीसीटीवी कैमरों से होगी नटबली मेले की निगरानी

### 14 व 15 जनवरी को आयोजित होने वाले मकर संक्रांति मेले की तैयारी बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** मकर संक्रान्ति के अवसर पर भूरागढ़ दुर्ग व नटबली बाबा मेला 14 व 15 जनवरी को मनाये जाने वाले महोत्सव की तैयारियों सम्बन्धी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मेले की तैयारियों को समय से पूरा किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृषित रखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर और उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि मेला स्थल का पूर्व से निरीक्षण कर लिया जाए। शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की व्यवस्था की जाए। बांदा-महोबा राजमार्ग पर वाहनों से लगने वाले जाम को नियंत्रित करने एवं राजमार्ग पर दुकानों, हथठेलों आदि को लगाये जाने पर प्रतिबन्ध आदि के बारे में यातायात प्रशासन व पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि मकर संक्रान्ति के अवसर पर केन नदी में माताओं, बहनों, श्रृद्धालुओं के स्नान स्थल पर केवल महिलाओं के स्नान उपरान्त कपड़े बदलने आदि के लिए पूर्व की भांति टेन्ट आदि की व्यवस्था केन घाटों पर नगर पालिका परिषद द्वारा की जाए। इसके अतिरिक्त नगर पालिका द्वारा नटबली महोत्सव में आठ सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था भी की जाए। भूरागढ़ दुर्ग स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में निर्मित शहीद स्मारक में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था, जिसमें आवश्यकता अनुसार महिला व पुरूष, पुलिस बल की तैनाती की जाए। केन नदी में स्नान के दौरान आकस्मिकता से निपटने के लिए गोताखोरों की तैनाती व सरकारी मोटर बोट आदि की व्यवस्था उप जिलाधिकारी सदर की ओर से की जाए। रेलवे पुल पर रेल गाडियों के आवागमन में हार्न एवं धीमी गति आदि की व्यवस्था के लिए मण्डलीय रेल प्रबन्धक को निर्देशित किया गया। मेले परिसर में नगर पलिका/नगर पंचायत द्वारा तैनात किये गये सफाई कर्मी अपने परिचय पत्र व निर्धारित यूनीफार्म पहनकर ही कार्य करें। उन्होंने मेला परिसर पर कूडे के उठान एवं मोबाइल ट्वायलेट की व्यवस्था के लिए अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि मेला परिसर, केन नदी पुल के आस-पास कोई स्टंट करते नजर आये तो ऐसे लोंगो के विरूद्ध पुलिस तत्काल कार्यवाही करे।

मेले में प्रकाश व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था के लिए अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, अधिशाषी अभियंता पावर कॉर्पोरेशन व खण्ड विकास अधिकारी बडोखर खुर्द को निर्देश दिये। मेले में माइक साउन्ड कुर्सी-मेज, फर्श तथा विभिन्न स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था तथा मेला क्षेत्र में पेयजल के लिए हैंडपंपों की आवश्यकता अनुसार मरम्मत व टैंकर व्यवस्था, शीतलहर से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मेला परिसर में व्यवस्था के लिए एनसीसी/स्काउट गाइड की उपलब्धता के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये गये। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर, ब्लॉक प्रमुख बड़ोखर खुर्द स्वर्ण सिंह सोनू , कैप्टन श्याम बाबू सिंह, सूबेदार मेजर दयाशंकर तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, हत्या का शक

**▸▸तिंदवारा गांव बर्थडे पार्टी में शामिल होने की बात कहकर घर से निकला था युवक**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** नगर कोतवाली क्षेत्र के केन पुल के पास युवक का शव रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा पाया गया। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। परिजनो का कहना है कि उसकी हत्या करने के बाद शव को फेक दिया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के क्योटरा मुक्ती धाम निवासी 30 वर्षीय इच्छा राम पुत्र रामकृपाल कचहरी गेट पर फोटो कापी की दुकान किए है। सोमवार की शाम करीब पांच बजे अपनी मां राजादेवी से तिंदवारा बर्थ डे पार्टी में जाने की बात कह कर गया था। रात करीब दस बजे उसने पत्नी गोमती से कहा था कि खाना बना कर रखना मै आ रहा हूं। काफी देर तक जव वह नही आया तो उसने फोन मिलाया। लेकिन फोन नही उठा स्विच आफ हो गया था। सुबह उसका शव रेलवे ट्रेक किनारे पड़ा पाया गया।

मृतक के बड़े भाई गोलू ने बताया कि इच्छाराम की किसी से कोई रंजिस नही थी। उसके साथ मार पीट की गई है। उसके पीठ पर चोट के निशान थे। उसका दाहिना हाथ, दाहिना पैर टूटा था। इसके अलावा भी अन्य जगह चोट के निशान थे। भाई गोलू का कहना है कि उसकी हत्या करने के बाद शव को रेलवे ट्रेक किनारे फेक दिया गया है। कोतवाली प्रभारी पंकज सिंह का कहना है कि उसकी ट्रेन से उतरते समय गिर कर मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गुंडों की गिरफ्तारी को लेकर जेडीयू नेत्री शालिनी सिंह पटेल ने पुलिस को दिया अल्टीमेटम




**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के पिपहरी गांव निवासी रमाकांत तिवारी अपने पुत्र के हमलावरों को गिरफ्तार किए जाने की मांग को लेकर कड़ाके की ठंड में क्रमिक अनशन कर रहे हैं। लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि दो दिन के अंदर हमलावरों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो संघर्ष किया जाएगा।

ग्राम पंचायत पिपरहरी में रमाकांत तिवारी के पुत्र पर चार माह पूर्व किए गए जानलेवा हमले का मामला फिर सुर्खियों में है। इस हमले में पीड़ित को मरणासन्न अवस्था में छोड़ दिया गया था। घटना के बाद मुकदमा तो दर्ज किया गया, लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। इसके उलट, पीड़ित परिवार पर लगातार मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के इस परिवार ने न्याय की गुहार लगाते हुए पिछले एक सप्ताह से अशोक स्तंभ तले कड़ाके की ठंड के बीच धरना दिया हुआ है। परिवार का आरोप है कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में लापरवाही बरत रहे हैं। धरने पर बैठे परिवार ने सीओ सदर पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने आरोपियों को बचाने की कोशिश की है। पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस जानबूझकर गिरफ्तारी में देरी कर रही है। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की नेत्री शालिनी सिंह पटेल ने इस मामले में पुलिस को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे व्यापक आंदोलन शुरू करेंगी। शालिनी सिंह पटेल ने धरने पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार को न्याय के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। यदि पुलिस ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई, तो जनता के साथ मिलकर हम सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। धरने पर बैठे परिवार का कहना है कि वे न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रखेंगे। परिवार ने सरकार और प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। इस घटना ने स्थानीय जनता का ध्यान खींचा है। बड़ी संख्या में लोग धरना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार का समर्थन कर रहे हैं।

## जनहानि को कैसे रोका जाए, इस पर दिया गया प्रशिक्षण

### आपदा जोखिम न्यूनीकरण व जल स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, जलवायु संबंधी दिया गया प्रशिक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण तथा जल स्वच्छता एवं स्वास्थ्य तथा जलवायु परिवर्तन के सम्बन्ध में महर्षि बामदेव सभागार में प्रशिक्षण सम्पन्न

बांदा। महर्षि वामदेव सभागार में मंगलवार को आपदा जोखिम न्यूनीकृत, जल, स्वच्छता, तथा जलवायु परिवर्तन का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। इसमें आपदा जोखिम न्यूनीकरण जल स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, तथा जलवायु परिवर्तन विषय पर प्रशिक्षित किया गया। शुभारंभ एडीएम राजेश कुमार अध्यक्षता में प्रशिक्षण का कार्यक्रम शुरू किया गया। इसमे अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व ने डूबने से हो रही मौतों, सर्पदंश से हो रही जनहानि को कैसे कम किया जाए इस पर चर्चा की।

साथ ही सब लोगों को प्रशिक्षण के बाद अपने विभाग और अन्य लोगों को भी जागरूक किया जाये इसके लिए भी प्रोत्साहित किया है। यूनीसेफ से आये घनश्याम मिश्रा, व अंकिता पल्हनी द्वारा दिया गया, प्रशिक्षण में जिला आपदा विशेषज्ञ प्रभाकर सिंह ने जनपद में बाढ़, सर्पदंश, वज्रपात की घटनाओं में



जनपद में घटित घटनाओं की समीक्षा की, आपदा, आपदा जोखिम न्यूनीकरण करण, प्रबंधन, एवं तैयारियों की समीक्षा, मास्टर ट्रूनर घनश्याम मिश्रा ने किया, तथा ग्लोबल वार्मिग, जलवायु परिवर्तन,कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन तथा मौसमी परिवर्तन से जनरेशन में प्रभावों की समीक्षा अंकिता पलानी द्वारा की गई।।

भारतीय समाज में कुपोषण के पसरते प्रभावों को न्यूनीकरण के लिए यूनीसेफ के आंकड़ों के आधार पर घनश्याम मिश्रा ने बताया। जनपद से वेद प्रकाश मौर्य मुख्य विकास विकास अधिकारी, रमा शंकर जिला विकास अधिकारी, विजय कुमार उप निदेशक कृषि विभाग, मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रभागीय बनाधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, जल संस्थान, जल निगम सोलहवीं शाखा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायतीराज अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता केननहर सिंचाई प्रखण्ड तृतीय, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बांदा सहित दो दर्जन जनपद के विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

## गंगा नदी में अधेड़ की लाश मिलने से हडकंप

### कल शाम को घर से निकला था मृतक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के लीलापुर गंगा नदी में एक अधेड़ की लाश मिलने से क्षेत्र में हडकंप मच गया। परिजनों का कहना हैं कि मृतक कल शाम से ही घर से निकला था। सरायइनायत थाना क्षेत्र के दक्षिणी कोटवा निवासी चन्द्रभान सिंह उम्र 48 वर्ष पुत्र स्व0 लाल प्रताप सिंह कल शाम को अपने घर से निकला आज उसकी लाश लीलापुर गंगा नदी में उतरती मिली। मौके पर पहुंची सरायइनायत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक नशे का आदी था कुछ साल पूर्व उसकी पत्नी की मौत हो चुकी हैं। सोमवार की शाम वह अपने घर से निकला हैं जिसकी लाश आज गंगा में उतरती मिली हैं। मृत्यु के सम्बन्ध में परिजनों ने किसी से दुश्मनी नहीं बता रहे हैं, पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु का कारण पता चल सकता हैं क्योंकि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं हैं।

## मकर संक्रांति तक 10 बजे खुलेंगे नौ से 12 तक के स्कूल

**प्रयागराज।** प्रदेश में अत्यधिक ठंड और शीतलहर के कारण मकर संक्रांति पर्व तक सभी बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नौ से 12 तक का समय सुबह 9ः30 से दोपहर 3ः30 बजे के स्थान पर सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को उक्त निर्देश का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा है। गौरतलब है कि जिलाधिकारी के आदेश पर कक्षा एक से आठ तक के स्कूल गुरुवार तक पहले से बंद हैं।

## खेलगांव पब्लिक स्कूल की संघर्षपूर्ण जीत

**प्रयागराज।** खेलगांव पब्लिक स्कूल ने मनीष देब-स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग में फिफ्थ पिलर क्लब पर दो विकेट की संघर्षपूर्ण की दर्ज की। खेलगांव पब्लिक स्कूल मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में फिफ्थ पिलर क्लब ने 35 ओवर में 8 विकेट पर 145 रन (आदित्य वर्मा 30, अनिल 24, श्लोक चतुर्वेदी 3/18, अभिनव सिंह 2/17, अरमान यादव 2/23) बनाए।

जवाब में खेलगांव पब्लिक स्कूल ने 34.3 ओवर में 8 विकेट पर 148 रन (हर्षित जी सहाय 24, जयेश केसरवानी 23, मोहम्मद तालिब 20, युवराज 3/21, आदित्य वर्मा 2/18) बना लिए। मैच में हितेश श्रीवास्तव व कमान उल्ला अंपायर एवं मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।

## बिजली चोरी में 22 लोगों पर मुकदमा

**प्रयागराज।** बिजली विभाग ने मंगलवार को जीटीबी नगर के ए ब्लॉक और करेली इलाके में बड़े स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान कुल 22 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया, जिनके खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसडीओ करेली राजवीर कटारिया ने बताया कि सुबह हुए चेकिंग अभियान में ए ब्लॉक, जीटीबी नगर में 13 व्यक्तियों को अवैध रूप से बिजली कनेक्शन का उपयोग करते हुए पाया गया। इन सभी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके बाद करेली के अकबरपुर क्षेत्र में अभियंता अभिनव कुमार मौर्य के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। यहां नौ लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया। इससे पूर्व सोमवार को भी जिले में 15 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था।

## कोहरे के कारण शास्त्री पुल पर भिड़ी दो ट्रके

**प्रयागराज।** दारागंज थाना क्षेत्र में शास्त्री पुल पर सोमवार की देर रात दो ट्रकों में टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से चालक फंस गया। अग्निशमन विभाग ने लगभग दो घंटे तक अथक प्रयास कर चालक को किसी तरह बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। घायल चालक अयोध्या जिले का निवासी है। दुर्घटना की वजह से पुल पर तकरीबन तीन घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।शास्त्री पुल पर सोमवार की रात कोहरे की वजह से ट्रक में पीछे से दूसरे ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में ट्रक का केबिन क्षतिग्रस्त होने से चालक राजू मौर्या फंस गया। घटना की जानकारी होते ही दारागंज व झुंसी थाने की पुलिस पहुंच गई। चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। सीएफओ डॉ. आरके पांडेय के निर्देश पर फायर ब्रिगेड के जवानों ने पहुंचकर केबिन को गैस कटर से काटकर चालक को बाहर निकला। सीएफओ डॉ आरके पांडेय ने बताया कि ट्रक चालक राजू मौर्या बीकापुर, प्रतापपुर जिला अयोध्या का निवासी है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, हादसे की वजह से पुल पर जाम की स्थिति बन गई। यातायात और सिविल पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने में मशक्कत करनी पड़ी।

## पौष पूर्णिमा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निश्चित हुआ मार्ग

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के माघ मास में पौष पूर्णिमा (13 जनवरी) से बड़ी संख्या में कल्पवासियों के आगमन को देखते हुए प्रशासन ने यातायात व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं। कल्पवासियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए विभिन्न मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

कानपुर, लखनऊ और प्रतापगढ़ क्षेत्र से आने वाले वाहन मलाक हरहर से तेलियरगंज, मजार चौराहा, सलोरी फ्लाईओवर होते हुए बघाड़ा और नागवासुकी मंदिर के रास्ते ओल्ड जीटी पांटून पुल नंबर 15 से सेक्टर 18 में प्रवेश करेंगे। वाराणसी और जौनपुर क्षेत्र से आने वाले वाहन अंदावा चौराहा से कटका तिराहा होते हुए ओल्ड जीटी मार्ग के जरिए सेक्टर 18 में प्रवेश करेंगे।कौशांबी तथा प्रयागराज क्षेत्र से आने वाले वाहन बालसन चौराहा से कमला नेहरू हॉस्पिटल, हासिमपुर फ्लाईओवर, बक्शी बांध और नागवासुकी मंदिर के रास्ते ओल्ड जीटी पांटून पुल नंबर 15 से प्रवेश करेंगे।इसी प्रकार मिर्जापुर, चित्रकूट और रीवा क्षेत्र से आने वाले वाहन बांगड़ धर्मशाला चौराहा से फ्लाईओवर, शास्त्री ब्रिज, न्यू जीटी रोड और कटका तिराहा के जरिए ओल्ड जीटी मार्ग से सेक्टर 18 में प्रवेश करेंगे। प्रशासन ने सभी कल्पवासियों से अनुरोध किया है कि वे वाहन केवल निर्दिष्ट स्थानों पर पार्क करें, ताकि अन्य श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। साथ ही, निर्धारित मार्गों का पालन कर मेला क्षेत्र में सुगम प्रवेश सुनिश्चित करें।

## मेला पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



**प्रयागराज।** महाकुम्भ-2025 पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण के कुशल निर्देशन पर महाकुम्भ को सकुशल एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराए जाने हेतु व आगामी स्नान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए बीती रात से सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारियों के द्वारा टीम बनाकर अपने-अपने क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, अतिक्रमणों, पाण्टून पुलों की सघन चेकिंग की गयी। पुलिस उप महानिरीक्षक के द्वारा सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि आगामी स्नान पर्व को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखेंगे एवं किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित नहीं होने देंगे।

# वक्फ की जमीन का दावा करने वाले मौलाना की मानसिक स्थिति ठीक नहीं- मुखिया महंत दुर्गादास

### अखिल भारतीय अखाडा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुखिया महंत दुर्गादास ने कुम्भ मेला क्षेत्र मे वक्फ बोर्ड की भूमि बताने वाले मौलाना को चेताया

**बढ़ता जा रहा मेला की जमीन को वक्फ की बताने पर संतों में आक्रोश**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ मेला क्षेत्र मे वक्फ बोर्ड की भूमि बताने वाले मौलाना कों अखिल भारतीय अखाडा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुखिया महंत दुर्गादास ने कहा की मौलाना जिस 55 बीघा जमीन को लेकर दावा कर रहे हैं वह जमीन ना कभी उनकी थी और ना होगी। क्योंकि आदि अनादि काल से महाकुंभ मेला उक्त भूमि पर लगता चला आ रहा है और आज मौलाना जमीन पर अपना हक जाता रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर मौलाना के पास उस भूमि के दस्तावेज हैं जो प्रमाणित कर सके की भूमि वक्फ बोर्ड की हैं तो हम भी मान लेंगे की भूमि वक्फ बोर्ड की हैं। उन्होंने कहा कि बिना किसी दस्तावेज़ के या बिना किसी प्रमाण के इस तरह की बातें करना उन्हें शोभा नहीं देता है।

उन्होंने कहा कि मौलाना को किसी भी तरह का बयान देने से पहले इन विषयों पर अच्छे से विचार कर लेना चाहिए नहीं तो उनके लिए सही नहीं होगा। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद माहौल को खराब करने वालों और ऐसी ओछी राजनीति करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेले कों 20 सेक्टरो में विभाजित किया गया है। जिनमे सुरक्षा व्यवस्थाओं को चाकचौबंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 13 अखाड़े के पास सबसे बड़ी फौज सनातन धर्म के नागा संन्यासियों की है जो सनातन की रक्षा के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि मौलाना का दिमाग सही काम नहीं कर रहा है उनकी मानसिक स्थिति सही तरह से काम नहीं कर रही है। उन्हें अपना इलाज कराना चाहिए नहीं तो हमारे 13 अखाडो में बड़े-बड़े संत महापुरुष मौजूद हैं जो उनका दिमाग सही कर देंगे।अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कुंभ मेला क्षेत्र और उसकी भूमि झूसी से दारागंज तक फैली है और मौलाना कहते हैं कि यह भूमि वक्फ बोर्ड की है। उन्होंने कहा कि मौलाना अपनी राजनीति कर अपने आप कों चमकाने के साथ मुस्लिम समाज के नेता बनना चाहते हैं, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री महंत दुर्गादास ने चेताते हुए कहा कि वो राजनीति न करें। हम साधु संत हैं हम तपोनिष्ट और धर्मनिष्ट हैं। इसलिए हम उनसे कहना चाहते हैं कि हमसे राजनीति न करें और कोई काम ऐसा ना करें जिससे विवाद की स्थिति पैदा हो और माहौल खराब हो ऐसा कोई प्रयास न करें ऐसा करने से कहीं ऐसा ना हो की कुंभ स्नान की जगह कोई दूसरा कुंभ हो जाए। क्योंकि संत शास्त्र और शस्त्र दोनों का ज्ञान भली-भांति जानते हैं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अखिल भारतीय अखाडा परिषद के13अखाड़ों के संत महापुरुषों के साथ महाकुम्भ कों दिव्य और भव्यता के साथ सम्पन्न कराएँगे।

उन्होंने कहा की महाकुंभ मेला हमारी भारतीय संस्कृति की अद्भुत पहचान है और सभी संत महापुरुषों के आशीर्वाद से यह महा कुंभ मेला सहकुशल संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि कुछ तथा कथित राजनेता अपनी ओछी राजनीति चमकाने के लिए महाकुंभ मेले में संत महापुरुषों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। या तो वह अपनी भाषा शैली पर संयम बरतें नहीं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के लिए हम स्वतंत्र हैं, और जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। महाकुंभ मेला करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र और पर्व भी है। ऐसे समय में इस तरह के आलोचनात्मक बयान देकर माहौल को खराब करने का प्रयास ना करें। क्योंकि साधु संत इस तरह के बयान बाजी को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस अवसर पर अखाड़े के सचिव श्री महंत राम रतन गिरी,आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी , मुखिया महंत दुर्गादास जी , महंत दिनेश गिरी, श्री महंत राधे गिरी, महंत राजगीरी, महंत ओमकार गिरी, महामंडलेश्वर साध्वी विशिष्वरानंद गिरी, स्वामी आदियोगी, महंत प्रकाशानंद आदि के साथ अनेक संत महापुरुष मौजूद रहे।

## सराय अकिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान का लगेगा शिविर

**सराय अकिल (कौशांबी)।** सराय अकिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। बता दे सराय अकिल कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जो 8 जनवरी बुधवार को सुबह 11ः00 बजे से दोपहर 3ः00 बजे तक आयोजित होगा इस शिविर के मुख्य अतिथि कौशांबी के जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी होंगे। उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजय कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे सीएचसी सराय अकिल के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। ब्लड स्टोरेज सुविधा से युक्त सीएचसी में यह कैंप जिले में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है डॉ. तिवारी ने आम नागरिकों से इस शिविर में भाग लेने और रक्तदान करके समाजसेवा में योगदान देने की अपील की शिविर में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे आइए, रक्तदान करें और जीवन बचाने में योगदान दें

## उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष का लायंस ने किया भव्य स्वागत



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष लायन बबीता सिंह चौहान के आज प्रयागराज प्रथम आगमन पर प्रयागराज के सर्किट हाउस में प्रयागराज के लायन बन्धुओं द्वारा भव्य स्वागत और अभिनन्दन किया गया। उनके द्वारा कुछ परियोजनाओं जैसे उच्च न्यायालय में मोबाइल चार्जिंग बोर्ड आदि के लोकार्पण हेतु तथा चाय एवं कम्बल वितरण में प्रयागराज के लायन बन्धुओं द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें उपमण्डलाध्यक्ष प्रथम लायन डा अर्पण धर दुबे एवम उपमण्डलाध्यक्ष द्वितीय लायन उदय चन्दानी, लायन हिमांशु गुप्ता, लायन अनिल जायसवाल, लायन उमेश चन्द्र कक्कड़, लायन सतीश टण्डन, लायन बाल कृष्ण पाण्डेय, लायन नितिन यशार्थ, लायन राकेश मोहन बाला जी, लायन अनिल टण्डन एवम समस्त रीज़न चेयरपर्सन तथा जोन चेयरपर्सन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बसपा जिलाध्यक्ष और उनके पुत्र पर मुकदमा हुआ दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** विगत जुलाई माह से सतत थाने से लेकर पुलिस आयुक्त प्रयागराज के यहां प्रार्थना पत्र दे देकर थक चुका पीड़ित गुलाब चन्द्र धैर्य जब मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने की सूचना खुफिया विभाग को दी तो पुलिस प्रशासन हरकत में आया और पीड़ित गुलाब चन्द्र धैर्य को रात्रि 04 बजे लखनऊ जाने से मना कर मंगलवार को थाना सिविल लाइन बुलाया। जहां बसपा जिलाध्यक्ष त्रिभुवन नाथ जैसल, उनके पुत्र अभिषेक जैसल और शैलेन्द्र मिश्र के विरुद्ध मुकदमा संख्या 012 सन 2025 अन्तर्गत धारा 316 (2) विश्वासघात और 351(2) जान से मारने की धमकी का मुकदमा सिविल लाइन थाने में पंजीकृत किया गया।

बता दें कि थाना मेजा के अन्तर्गत आने वाली ग्रामसभा दिघिया निवासी अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाला पीड़ित गुलाब चन्द्र धैर्य का वर्तमान बसपा जिलाध्यक्ष टीएन जैसल पर आरोप था कि वो अपने निजी उपयोग हेतु एक गाड़ी खरीदना चाहता था। जिसके लिए वह त्रिभुवन नाथ जैसल जो वर्तमान में बसपा के जिलाध्यक्ष है, पुरानी गाड़ियां खरीदने व बेचने और फाइनेंस कराने का काम करते है से मिला। त्रिभुवन नाथ जैसल ने गुलाब धैर्य को सिविल लाईन थाना अन्तर्गत स्थित अदानी पेट्रोल पम्प के सामने स्थित तुलसियानी ऑफिस बुलाया और काले रंग की एक फॉर्च्यूनर यूपी 65 बी डब्ल्यू 5454 गाड़ी दिखाई और गाड़ी के लिए 13, 20000/- तेरह लाख बीस हजार की कीमत तय हुई। दिनांक 09.05.2024 से 16 .05.2024 के बीच गुलाब धैर्य ने बसपा जिलाध्यक्ष टीएन जैसल की बातों पर विश्वास कर 124000/- एक लाख चौबीस हजार यूपीआई के माध्यम से शैलेंद्र मिश्रा मोबाइल नंबर 6394 59 2266 के खाते में ट्रांसफर कर दिया और रुपया 500000/- पांच लाख नगद त्रिभुवन नाथ जैसल को दे दिये। शेष राशि गाड़ी फाइनेंस करने के बाद गाड़ी सुपुर्द करने के समय देने की बात तय हुई। दिनांक 01.07.2024 को त्रिभुवन नाथ जैसल ने गुलाब धैर्य को प्रयागराज बुलाया और बताया कि पार्टी उपलब्ध नहीं है। जब 10.07.2024 को गुलाब धैर्य को ज्ञात हुआ कि त्रिभुवन नाथ जैसल फाड करके गाड़ी अपने पुत्र अभिषेक जैसल के नाम ट्रांसफर करा ली है तो गुलाब धैर्य जैसल को तुलसियानी ऑफिस बुलाकर अपनी ठगी के बारे में बात की तो जैसल ने स्वीकार किया और गुलाब धैर्य को कुल 6 24 000/- छ लाख चौबीस हजार रुपया जो लिया है उसे 15 दिनों के भीतर लौटाने का वादा किया। गुलाब धैर्य का आरोप है कि बसपा जिलाध्यक्ष टीएन जैसल काले रंग की जिस फार्च्यूनर से चलते है वो उनके नाम से फाइनेंस हुआ और जैसल ठगी और फाड करके अपने पुत्र अभिषेक के नाम ट्रान्सफर करा लिया है और गुलाब धैर्य को छ लाख चौबीस हजार देने का नाम ही नहीं ले रहा है। पैसा मांगने पर जैसल और उनका पुत्र जान से मारने की धमकी देता है।

मई से सतत थाने का चक्कर लगाते लगाते जब गुलाब धैर्य थक गए और बसपा जिलाध्यक्ष टीएन जैसल पर कार्यवाही होते न देखकर पीड़ित गुलाब धैर्य मंगलवार 07 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने जा रहा था तो सहायक पुलिस आयुक्त और थानाध्यक्ष ने गुलाब धैर्य से वार्ता कर लखनऊ जाने से रोका और बसपा जिला अध्यक्ष टी एन जैसल पर मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया और मंगलवार को मुकदमा दर्ज हुआ।

## भारत सनातन संस्कृति का केंद्र है- प्रो गिरीश चंद्र त्रिपाठी

### सामाजिक न्याय एवं क्रांति के प्रतीक हैं श्री कृष्ण- डॉ अनिरुद्ध महाराज




**प्रयागराज।** श्री दिव्य अध्यात्म राष्ट्र सेवा मिशन एवं दिव्य श्री राधा सखी मंडल प्रयागराज के द्वारा आयोजित मुंशी राम प्रसाद की बगिया मुट्ठीगंज में श्री मद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर प्रखर राष्ट्र चिंतक डॉक्टर अनिरुद्ध जी महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण सामाजिक न्याय एवं क्रांति के प्रतीक हैं। उन्होंने इंद्र का अहंकार तोड़कर न्याय की व्यवस्था की और पर्वतराज गिरिराज को उनका अधिकार दिया ।

इस अवसर कथा के मुख्य अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व वाइस चांसलर प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भागवत एवं रामायण संस्कारों का सृजन करता है इसलिए इसलिए भागवत रामायण की पूजा के साथ इसका अध्ययन करें। कहा कि भारत कोई भूखंड का हिस्सा नहीं है भारत सनातन संस्कृति का केंद्र बिंदु है इसलिए हमें मिलकर इसकी रक्षा करना चाहिए।

इस अवसर नंदोत्सव धूमधाम साथ मनाया गया और भगवान गिरिराज जी झांकी की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर पूर्व काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाइस चांसलर गिरीश चंद्र त्रिपाठी, जय शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकार नाथ त्रिपाठी, पूर्व पार्षद विजय वैश्य, राजेश सोनकर और दुर्गेश नंदिनी ने आरती किया। कथा का संचालन राजेश केसरवानी ने किया। कथा के मुख्य आरती में कुमार नारायण, राजेश केसरवानी, प्यारे लाल जायसवाल अभिलाष केसरवानी, कमलेश केशरवानी, सीता जायसवाल, उषा केसरवानी, कुसुम केसरवानी, प्रीति गुप्ता, शत्रुघ्न जायसवाल आदि सैकड़ो भक्तगण उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में हुई मासिक बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशांबी ।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव ने किया संचालन भैया लाल पाल ने किया कार्यक्रम में आने वाली 27 जनवरी से होने वाली सेक्टर वार पीडीए पंचायत पर विस्तृत चर्चा की गई तथा मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद जिन लोगों का नाम नहीं जुड़ा या किसी का नाम काट दिया गया है उसको बीएल ओ से मिलकर मतदाता सूची में नाम डलवाने पर चर्चा की गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुशल पटेल मानसिंह पटेल रोहित यादव विभा यादव अनुराधा यादव अरुण चौधरी आफताब शेख भारत सिंह लोधी चंदन यादव विजय तिवारी दरोगा महाराज उधो श्याम यादव इंद्रेश यादव अमित यादव तीरथ यादव लव कुश प्रधान मनोज यादव रणविजय निषाद जितेंद्र यादव राजू यादव मनोज यादव नवनीत यादव नाथन लोधी प्रमोद यादव शिव पासी विक्रम सिंह मानक प्रसाद संतोष केसरवानी राजेश्वर यादव वेद प्रकाश पाल राजेश जसवंत यादव विनय सिंह शैलेंद्र सिंह शैलेंद्र कुमार यादव आदि मौजूद रहे

## जिलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशांबी ।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने एएनसी रजिस्ट्रेशन की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को गर्भवती महिलाओं की एएनसी चेकअप पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दियें। उन्होंने नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि आशा एवं एएनएम के साथ नियमित रूप से बैठक कर टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की जाय तथा आशा एवं एएनएम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाय कि वे अपने बच्चों का टीका अवश्य लगवायें। उन्होंने सभी प्रभारी




चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि टीम के साथ गॉव-गॉव भ्रमण कर टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण अवश्य करवायें। इसके साथ ही उस गॉव की ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा से जरूर मिलें। जिलाधिकारी ने आर0बी0एस0के0 की टीम सरसवॉ,कड़ा, मूरतगंज एवं नेवादा द्वारा कार्यो में लापरवाही बरतते हुए पाए जाने पर वेतन रोकने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। इसके साथ ही बी0पी0एम0 कनैली द्वारा भी कार्यो में लापरवाही बरतते हुए पाए जाने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में तैनात आर0बी0एस0के0 टीम के आयुष चिकित्सक डॉ0 बीरेन्द्र कुमार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगातार अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संविदा समाप्त करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने सभी आर0बी0एस0के0 टीम को प्रत्येक ग्राम पंचायत मे घर-घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ0 भगवान का रूप होता है, किसी भी हॉल में मातृ मृत्यु न होने पाये, इसका अथक प्रयास ईमानदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रसूता को निर्धारित समयावधि 48 घण्टें तक अस्पताल में रोका जाय तथा लाभार्थियों को दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकत्रियों द्वारा गर्भवती महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा प्रसव सरकारी अस्पताल में कराये जाने के लिए जागरूक किया जाय। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम, पुनरीक्षित क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम आदि की भी विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार एवं सीएमएस सुनील कुमार शुक्ला, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।जिलाधिकारी ने 14 जनसेवा केंद्रों की आईडी निरस्त करने एवं 02 जनसेवा केंद्रों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने के दिए निर्देश

## कटिया मारो को आराम, आम उपभोक्ता हो रहे परेशान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जारी(प्रयागराज)।** क्षेत्र के उप केंद्र जारी और कौहट के कर्मचारियों की मिलीभगत से इलाके में अवैध कटिया मारी का काम जोरदार तरीके से किया जा रहा है। बताते हैं कि कटिया मारी इस स्थिति तक पहुंच चुकी है, कि बिजली और पंखा तो छोड़िए, लोग कटिया मारकर बड़ी-बड़ी मशीनें व मोटर भी चला रहे हैं । और प्रतिवर्ष शासन को लाखो रुपए का चूना लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सूचना के अनुसार क्षेत्र के जारी पावर हाउस के कई गांवों अतरसुइया भडिलवा, जारी गांव, हड़हा, डांडो, मैदा, चांदी, कूंड़ी, गौहानी, चामू असरवई , लोटाढ़ ,ललई, आदि गांवों में तो वहीं कौहट उपकेंद्र के कोटर रेंगा, चंद्रोदया, हरवारी ,पिपरहटा, गड़ेरिया, धंधुंआ,, पिपरांव, गोपालपुर, लोहरा ,कौहट, सहित कई अन्य गांवों में बिजली चोरी का काम बिना किसी डर के लगातार किया जा रहा है। कटिया मारी के लिए कटिया मार लोग पावर हाउस के कर्मचारियों को माहवारी भी देते हैं। इस बिजली चोरी और कटिया मारी से जहां एक और कटिया मारो की चांदी कट रही है, तो वही दूसरी ओर आम उपभोक्ता विद्युत कटौती से लेकर विद्युत विच्छेदन जैसी समस्या से जूझ रहे हैं। आम उपभोक्ता का बिल यदि समय से थोड़ा भी लेट हुआ तो विद्युत विभाग के कर्मचारी व अधिकारी उनका कनेक्शन काटने में थोड़ा भी देरी नहीं करते , जबकि वहीं कटिया मारों की बिजली कभी नहीं काटी जाती। इन गांव के आम उपभोक्ताओं का कहना है, कि जब कभी ऊपरी अधिकारी भी जांच के लिए गांव में आने वाले होते हैं, तो इन कटिया मारो को उनके आने की भनक पहले ही मिल जाती है। जिसके चलते कटिया मार मौके पर नहीं पकड़े जा रहे हैं ।